www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 12 सितंबर 2023 । वर्ष - 65 । अंक -148 । पृष्ठ -12 । मूल्य - 4.00 रु  प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



कृषि वैज्ञानिकों के साथ संवाद करेंगे धनखड़ पृष्ठ 2
■ उपचुनाव : विकल्प के उभरने के संकेत
■ अपनी पहली चुनावी लड़ाई में इंडिया अलायंस ने एनडीए पर बनाई बढ़त पृष्ठ 6
■ नाइजीरिया में नाव पलटने से 26 लोगों की मौत
■ मोरक्को में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,497 हुई पृष्ठ 7
कोलंबो में बरसे विराट और राहुल, भारत ने बनाये 356 पृष्ठ 8

सुप्रीम कोर्ट ने दिया अहम फैसला

# बाबुओं पर दर्ज भ्रष्टाचार के मामलों में संरक्षण नहीं

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। अब संयुक्त सचिव और उससे ऊपर के अफसरों पर भ्रष्टाचार का केस चल सकेगा और बाकायदा जांच हो सकेगी। इसके लिए उच्चाधिकारियों की अनुमति की जरूरत भी नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 11 सितंबर को यह आदेश दिया। कोर्ट के मुताबिक, यह ऑर्डर 11 सितंबर 2003 से मान्य होगा। जस्टिस संजय किशन कौल की पांच जजों की बेंच ने एकमत होकर ये फैसला सुनाया। शीर्ष कोर्ट ने अपने 2014 के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि तब दिल्ली स्पेशल पुलिस स्टेबलिशमेंट एक्ट 1946 के प्रावधान को रद्द कर दिया था। यह प्रावधान कुछ अफसरों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच से सुरक्षा (इम्यूनिटी) प्रदान करता है। अब आदेश पूर्व प्रभाव से लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2014 का फैसला 11 सितंबर 2003 से ही मान्य होगा। 11 सितंबर 2003 से ही डीपीएसई एक्ट में धारा 6(ए) जोड़ी गई थी। इस धारा के मुताबिक, किसी जांच के लिए केंद्र सरकार के अप्रूवल की जरूरत होगी। अब सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच को तय करना



■ संयुक्त सचिव स्तर के अफसरों पर केस चल सकेगा
■ कोर्ट बोला, इसके लिए अनुमति की भी जरूरत नहीं

था कि क्या किसी संयुक्त सचिव लेवल के सरकारी अधिकारी को कानून के किसी प्रावधान के तहत गिरफ्तारी से मिला संरक्षण तब भी कायम रहता है, अगर उसकी गिरफ्तारी के बाद आगे चलकर उस कानून को ही रद्द कर दिया गया हो। कोर्ट को तय करना था कि क्या दिल्ली पुलिस स्पेशल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के सेक्शन 6(1) के तहत संयुक्त सचिव लेवल के अधिकारी को मिला संरक्षण तब भी कायम रहता है, जिसकी गिरफ्तारी इस धारा के रद्द होने से पहले की है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा कि जो अधिकारी सेक्शन के रद्द होने से पहले गिरफ्तार किए गए थे, उनके खिलाफ केस चल सकता है।

### आवारा कुत्तों का वकील पर हमला, सुप्रीम कोर्ट चिंतित

सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सोमवार को आवारा कुत्तों के एक वकील और उससे पहले अन्य लोगों पर हुए हमले से संबंधित मामला उठा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिंह एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील कुणाल चटर्जी समेत पहले के कुछ अन्य मामलों पर भी चिंता व्यक्त की। शीर्ष अदालत के समक्ष यह मामला तब उठा जब मुख्य न्यायाधीश की नजर श्री चटर्जी के एक हाथ पर बंधी पट्टी लगी पड़ी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने श्री चटर्जी की ओर देखते हुए पूछा क्या हुआ? श्री चटर्जी ने जवाब दिया, पांच कुत्तों ने (मेरे उपर) हमला बोला दिया था।

मणिपुर हिंसा पर रिपोर्ट प्रकाशित करने का मामला

## ईजीआई के चार सदस्यों को 15 सितंबर तक राहत

उच्चतम न्यायालय ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ईजीआई) के चार सदस्यों को मणिपुर में हिंसक जातीय झड़पों संबंधित एक रिपोर्ट प्रकाशित करने के बाद उनके खिलाफ दर्ज दो प्राथमिकियों के मामले में किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर छह सितंबर को लगाई गई रोक की अवधि सोमवार को अगली सुनवाई 15 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने ईजीआई सदस्यों को राहत तो दी, लेकिन साथ ही स्पष्ट किया कि वह इस मामले में दर्ज प्राथमिकियों को रद्द करने के पक्ष में नहीं है। पीठ ने कहा कि वह इस विचार कर रही है कि इस मामले को सुनवाई के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय या मणिपुर उच्च न्यायालय को भेजा जाना चाहिए। ईजीआई ने अपनी रिपोर्ट में राज्य में इंटरनेट प्रतिबंध को मीडिया रिपोर्टों के लिए हानिकारक बताया था। कुछ मीडिया आउटलेट्स द्वारा एकतरफा रिपोर्टिंग की आलोचना की थी और दावा किया था कि ऐसे संकेत थे कि राज्य नेतृत्व 'पक्षपातपूर्ण' हो गया था। यह रिपोर्ट दो सितंबर को प्रकाशित की गई थी।

# अमित शाह आज दंतेवाड़ा से करेंगे परिवर्तन यात्रा की शुरुआत






**दंतेवाड़ा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। मांई दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा में लगभग दो दशक बाद भाजपा परिवर्तन यात्रा निकालने जा रही है। 2003 में भाजपा ने परिवर्तन का आगाज दंतेवाड़ा से किया था और इस बार 2023 में कल 12 सितंबर से यह यात्रा शुरू हो रही है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ यह यात्रा प्रारंभ होगी और इसका संदेश समूचे छत्तीसगढ़ में जाएगा।

परिवर्तन यात्रा को लेकर दंतेवाड़ा में भारी उत्साह है। पूरा शहर केसरियामय हो गया है। भाजपा के ध्वज और स्थानीय तथा राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेताओं के फ्लेक्स होर्डिंग्स से पूरा शहर सज गया है। विधानसभा चुनाव के ठीक पहले भाजपा की यह परिवर्तन यात्रा बस्तर से लेकर सरगुजा तक नये बदलाव का संकेत दे रही है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह लगभग एक घंटे के प्रवास पर दंतेवाड़ा पहुंचकर इस यात्रा को हरी झण्डी दिखायेंगे। परिवर्तन यात्रा का नेतृत्व भाजपा अध्यक्ष अरूण साव करेंगे। इसमें शामिल होने प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल दंतेवाड़ा पहुंच रहें हैं। इधर केन्द्रीय गृहमंत्री के प्रवास को लेकर दंतेवाड़ा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं। परिवर्तन यात्रा की ➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### परिवर्तन यात्रा के लिए रथ दंतेवाड़ा रवाना

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 12 सितंबर को दंतेवाड़ा से रथ यात्रा का शुभारंभ करेंगे। वहीं जशपुर से आरंभ होने वाली परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 15 सितंबर को करेंगे। दंतेवाड़ा से गीदम तक परिवर्तन यात्रा में भजपा नेता सफर करेंगे। रथ के साथ एलईडी स्क्रीन वाले प्रचार वाहन भी तैयार किए गए हैं। परिवर्तन यात्रा के दौरान भाजपा ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ जारी आरोप पत्र भी घुमाने का निर्णय लिया है यानी 108 पेज के आरोप पत्र का सारांश पत्रक लोगों को बांटा जाएगा। बीजेपी प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि इस परिवर्तन यात्रा के जरिए बीजेपी की योजनाओं को घर घर पहुंचाया जाएगा और कांग्रेस के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### घुसपैठ से निपटने को झौंके जा रहे हैं हजारों अतिरिक्त जवान

**जम्मू।** जैसे जैसे सर्दी नजदीक आ रही है, एलओसी से सटे राजौरी तथा पुंछ के दो जुड़वा जिले भारतीय सेना की चिंता का कारण बनते जा रहे हैं। पहली चिंता इन दोनां जिलों में एलओसी पार से पाक सेना द्वारा घुसपैठ के प्रयासों में लाई जा रही तेजी है तो दूसरा घुसने में कामयाब हो चुके आतंकियों से निपटने की। यही कारण था कि सेना ने इन दोनों जिलों में एलओसी और भीतरी इलाकों में अतिरिक्त जवानों की तैनाती आरंभ कर दी है। सेनाधिकारियों के बकौल, हजारों सैनिक रवाना किए जा रहे है जिनमें से कईयों को गुज्जर बक्करवाल समुदाय द्वारा सर्दियों में खाली कर दिए जाने वाले ढोकों पर कब्जे का टास्क दिया गया है।

### राजमुंदरी केंद्रीय कारागार भेजे गए चंद्रबाबू नायडू

**विजयवाड़ा।** तेलुगू देशम पार्टी के प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को सोमवार तड़के राजमुंदरी केंद्रीय कारागार जेल में भेज दिया गया। जेल अधिकारियों ने श्री नायडू को कैदी नंबर '7691' बनाया है। श्री नायडू को जेल के 'स्नेहा' ब्लॉक में रखा गया है। उन्हें जेल में एक निजी सहायक और पांच सुरक्षाकर्मी दिए गए हैं। श्री नायडू की पत्नी भुवनेश्वरी, पुत्र लोकेश और बहू ब्राह्मणी केंद्रीय जेल में उनसे मिले।

### डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित हुए जावेद अख्तर

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने लेखक, गीतकार और कवि जावेद अख्तर को लंदन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज की ओर से डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। लंदन में हुए इस समारोह में जावेद अख्तर के साथ उनकी पत्नी शबाना आजमी और पुत्र फरहान अख्तर भी मौजूद रहे।

### उन्नाव में बिजली गिरने से 150 भेड़ों की मौत

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं से जनजीवन खासा प्रभावित हुआ है। हसनगंज तहसील क्षेत्र में रविवार देर रात बिजली गिरने से 15 भेड़ों के मारे जाने की सूचना है वहीं बीघापुर तहसील क्षेत्र के एक अति प्राचीन मंदिर के आंशिक क्षतिग्रत होने की बात प्रकाश में आई है। मुडैरा गांव में बिजली गिरने से लगभग 14 भेड़ों की मौत हुई है।

# वन डे में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी जीत

विराट-राहुल के शतक व कुलदीप के पंजे से 228 रनों से हराया



एशिया कप सुपर 4 मुकाबला

**कोलंबो,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। भारत ने रिजर्व-डे के दिन 24.1 ओवर के बाद बल्लेबाजी की और विराट कोहली और केएल राहुल ने दमदार शतक जड़े। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान को 357 रन का टारगेट दिया। इसके जवाब में पाकिस्तान टीम 128 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम ने पाकिस्तान को सुपर-4 में 288 रन से हराया।

एशिया कप 2023 के सुपर-4 राउंड में भारत की भिड़ंत पाकिस्तान से हुई। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में रविवार को बारिश की वजह से मैच पूरा नहीं खेला जा सका था, जिसके बाद 1 सिंतबर को रिजर्व-डे पर मैच खेला गया। भारत ने रिजर्व-डे के दिन 24.1 ओवर के बाद बल्लेबाजी की और विराट कोहली और केएल राहुल ने दमदार शतक जड़े। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान को 357 रन का टारगेट दिया। इसके जवाब में पाकिस्तान टीम 128 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम ने पाकिस्तान को सुपर-4 में 288 रन से हराया। वनडे में पाकस्तान के खिलाफ सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारत ने इतिहास रच दिया। पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 96 रनों पर ही पांच विकेट गिर चुके थे। जिनमें कप्तान बाबर, मोहम्मद रिजवान, इमामउल हक, फकर जमान, आगा सलमान शामिल थे। पाक की ओर से फकर ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। कुलदीप यादव की फिरकी में पाकिस्तान के बल्लेबाज एक के बाद एक उलझते जा रहे हैं। कुलदीप यादव ने पारी में पांच विकेट झटके, बुमराह, हार्दिक व शार्दुल को 1-1 सफलता मिली। नसीम शाह व हारिस रउफ बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। शानदार शतक के लिए विराट कोहली को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने 94 गेंदों पर नाबाद 122 रनों की पारी खेली। वहीं केएल राहुल ने 106 गेंदों पर 111 रनों की पारी खेली।

( विस्तृत समाचार खेल पृष्ठ पर... )

# जम्मू-कश्मीर में 13,000 करोड़ का घोटाला : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में जल जीवन मिशन में 13,000 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है और जिस अधिकारी ने इस घोटाले का खुलासा किया उसे जूनियर स्तर के पद पर तैनाती कर दी गई और घोटालेबाजों को पदान्नति मिली है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घोटाले का खुलासा करने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अशोक परमार को दंडित कर जल शक्ति विभाग को प्रमुख सचिव से पदावनत कर एआरआई एवं प्रशिक्षण विभाग में भेजा गया है जबकि 30 वर्ष की सेवा के बाद उनका पद वित्तीय आयुक्त का होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हुए इस घोटाले को जी-20 सम्मेलन की आड़ में छिपाया जा रहा है। कमाल यह है कि जब अशोक परमार नाम का यह आईएएस अधिकारी गबन को सामने लाते हैं तो उनका एक साल में चार-पांच बार स्थानांतरण कर उपराज्यपाल उनको प्रताड़ित करते हैं लेकिन जो अधिकारी गबन करते हैं उनको प्रमोशन मिलता है। अनियमितताएं सबके सामने नहीं आए इसके लिए योजनाओं को बांट दिया जाता है और टेंडर से काम देने की परंपरा को अनदेखा किया जाता है।

छत्तीसगढ़ सरकार का महिला सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला

# बालिकाओं-महिलाओं से छेड़छाड़-दुष्कर्म के आरोपियों को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला किया है। बालिकाओं और महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि के आरोपियों को अब सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। इस संबंध में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आज आदेश जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बालिकाओं और महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि के आरोपियों को शासकीय नौकरी से प्रतिबंधित करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अस्मिता बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में जारी किया आदेश

सामान्य प्रशासन द्वारा सभी विभागों, राजस्व मण्डल के अध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों, कलेक्टरों को जारी निर्देश में कहा गया है कि शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु ऐसे अभ्यर्थी, जिनके विरूद्ध बालिकाओं एवं महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि से संबंधित नैतिक अधोपतन की श्रेणी में आने वाले अपराध जो कि भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 354, 376, 376क, 376ख, 376ग, 376घ, 509, 493, 496 एवं 498 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट), 2012 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज हों, उन्हें शासकीय सेवाओं एवं पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकरण के अंतिम निर्णय होने तक प्रतिबंधित किया जाये। राज्य सरकार द्वारा निर्देश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा गया है। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

वरिष्ठ वकील प्रशान्त भूषण का दावा

# पांच राज्यों के चुनाव को टालना चाहती है सरकार



**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत भूषण ने एक देश चुनाव को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर बड़ा हमला किया है। उनका दावा है कि सरकार पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को टालने के लिए ही एक देश एक चुनाव का जोर-शोर से प्रचार कर रही है। उल्लेखनीय हैकि 2024 के प्रस्तावित लोकसभा चुनाव से ठीक पहले इस साल के आखिर में पांच राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन हार की आशंका के मद्देनजर केंद्र सरकार एक देश चुनाव की बात करते हुए इन चुनावों को लोकसभा चुनाव तक टाल देना चाहती है। उन्होंने कहाकि सरकार इसका खूब प्रचार कर रही है। । लेकिन एक देश चुनाव को भारत जैसे संसदीय लोकतंत्र में लागू नहीं किया जा सकता है। क्योंकि मौजूदा संसदीय प्रणाली में बहुमत खोते ही सरकारें गिर जाती हैं और मध्यवाधि चुनाव के बाद नई सरकार बनती है। उन्होंने दावा किया कि एक देश एक चुनाव को लागू किया जाएगा तो ऐसी स्थिति बहुमत खोने पर शेष बचे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया जाएगा।

# कांग्रेस ने छत्तीसगढ चुनाव के लिए बनाई समितियां

## चरण दास महंत चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कोर कमेटी, प्रचार समिति, संचार समिति सहित कई समितियों का गठन किया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन समितियों के नामों का ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि कोर समिति का संयोजक प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा को बनया गया है जबकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, दीपक बैज, टीएस सिंह देव, चरन दास महंत, ताम्रध्वज साहू और शिव कुकार दहारिया को इसका सदस्य बनाया गया है। चुनाव प्रचार समिति का अध्यक्ष चरण दास महंत को बनाया गया है जबकि भूपेश बघेल, टीएस सिंह देव, ताम्रध्वज साहू, रवींद्र चौबे,



मोहम्मद अकबर, शिवकुमार दहारिया, कवासी लक्ष्मा, प्रेमसाही सिंह टेकाम, श्रीमती अनिला भेंडिया, जय सिंह अग्रवाल, गुरु रुद्र कुमार, मोहन मारकम, पमेश पटेल, संत कुमार नेताम, ज्यात्सना महंत, राजीव शुक्ला, रंजीत रंजन, फूलो देवी नेताम, केटीएस तुलसी, नंद कुमार साई, लोचन विश्वकर्मा सहित 74 लोगों को समिति का सदस्य बनाया गया है।

### रवींद्र चौबे को बनाया गया संचार समिति का अध्यक्ष

संचार समिति का अध्यक्ष रवींद्र चौबे को बनाया गया है जबकि राजेश तिवारी और विनोद वर्मा को इसका संयोजक और सुशील आनंद शुक्ला को समन्वयक बनाया गया है। सुश्री इंगरिट मैकलोड, आरपी सिंह, जयवर्द्धन बिस्सा, नीता लोधी सहित 15 लोग समिति में शामिल हैं। इसी तरह से प्रोटोकाल समिति में 25 सदस्य हैं और अमरजीत भगत को इसका अध्यख तथा शिव सिंह ठाकुर को संयोजक और अजय साहू को समन्वयक बनाया गया है।

# बायोमेट्रिक प्रणाली से धान खरीदी मुश्किल : भूपेश

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु) ।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है। छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने वाली है। जिसे लेकर केन्द्र सरकार ने धान खरीदी में बायोमेट्रिक प्रणाली को अनिवार्य कर दिया है। केन्द्र ने कहा है कि जिस राज्य में भी बायोमेट्रिक व्यवस्था नहीं की जाती तब उस स्थिति में वहां से चावल नहीं खरीदा जाएगा। जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अव्यवहारिक बताया है। उन्होंने इस मामले में निशाना साधते हुए कहा है कि भाजपा किसानों से दुश्मनी निकाल रही है। उन्होंने कहा कि यहां की भौगोलिक स्थिति बायोमेट्रिक के हिसाब से नहीं है क्योंकि दूरस्थ अंचलों में जंगलों में वहां बायोमेट्रिक खरीदी के दौरान सर्वर डाउन होने पर किसान परेशान हो जाएंगे। जिसे लेकर उन्होंने भारत सरकार को पत्र भी लिखा है कि ये व्यवस्था नहीं लागू नहीं की जानी चाहिए।



■ धमकी दे रहा केन्द्र, किसानों से दुश्मनी निकाल रही भाजपा

रिपोर्ट | राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों से खुलासा

# महाराष्ट्र, तमिलनाडु व मध्यप्रदेश में आत्महत्या की दर सबसे अधिक

**कोलकाता, 11 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में आत्महत्या के 5 प्रतिशत से अधिक मामले पांच प्रमुख राज्यों महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में दर्ज किए जाते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, 221 में देश में आत्महत्याएं के मामलों की कुल संख्या 1,64,33 थी।**

*एनसीआरबी रिपोर्ट ने अगस्त 2022 में इस चौंकाने वाले डेटा का खुलासा किया। सोलास नामक एक गैर-लाभकारी गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने यहां एक मीडिया सम्मेलन के दौरान भारत सरकार के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि आंकड़े चिंताजनक हैं, 2021 में देश में दर्ज की गई आत्महत्याओं में 7.2 प्रतिशत की चिंताजनक वृद्धि हुई है और कुल संख्या 1,64,033 मामलों तक पहुंच गई है। इन दुखद घटनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा मुख्य रूप से पांच राज्यों, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में दर्ज किया गया था।*

*रिपोर्ट में कहा गया है, कुल मिलाकर, सभी आत्महत्याओं के 50.4 प्रतिशत मामले देश के इन पांच राज्यों में दर्ज किए गए। नई दिल्ली स्थित*

आत्महत्याओं में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई

*एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, आत्महत्या कई कारकों से हो सकती है, जैसे किसी के पेशे या करियर से संबंधित मुद्दे, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक संघर्ष, मानसिक स्वास्थ्य विकार, शराब की लत, वित्तीय असफलताएं, क्रोनिक दर्द, और भी बहुत कुछ। सोलास संकटग्रस्त लोगों को परामर्श देकर आत्महत्या से निपटने का प्रयास कर रहा है। इसने कहा कि एनसीआरबी केवल पुलिस को रिपोर्ट किए गए मामलों से आत्महत्याओं के बारे में जानकारी इकट्ठा करता है। आत्महत्या के मामलों से निपटने के लिए काम कर रहे गैर सरकारी संगठनों और विशेषज्ञों का मानना है कि आत्महत्या के विचार वाले व्यक्ति अपने जीवन को समाप्त करने की इच्छा के बजाय अपने दर्द से राहत चाहते हैं।*

# देश

**उवाच** "देश में अनेक भाषाएं हैं और उनकी विशेषता बनी रहनी चाहिए। किसी क्षेत्र विशेष में ही कुछ दूरी पर भाषा बदल जाती है लेकिन इससे नए शब्दों के प्रयोग के चलते भाषा की समृद्धि ही होती है।

–राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, बिहार के राज्यपाल



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.0 | 25.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 29.0 |

# देश के संविधान को मिटाना चाहते हैं मोदी : लालू



**शिखर सम्मेलन के नाम पर मोदी ने केवल देश का पैसा बर्बाद किया है इससे देश को क्या फायदा हुआ है : लालू यादव**

**देवघर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। राजद सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने कहा है कि जी–20 शिखर सम्मेलन के नाम पर नरेंद्र मोदी ने केवल देश का पैसा बर्बाद किया है, इससे देश को क्या फायदा हुआ है। नरेंद्र मोदी देश के संविधान को तथा बाबा साहेब के नाम को मिटाना चाहते हैं। लालू यादव सोमवार को देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम और दुमका स्थित वासुकीनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। वह अपने पुराने लय में दिखे और हर मुद्दे पर खुलकर बोले। उन्होंने कहा कि हमने बाबा बैद्यनाथ और बासुकीनाथ से प्रार्थना की है कि देश में नफरत फैलाने वालों के खिलाफ हम सभी को ताकत दें ताकि उन्हें बचने को कोई रास्ता इन्हें नहीं मिले। भाजपा पर हमला बोलते हुए राजद सुप्रीमो ने कहा कि इन्होंने कर्नाटक में बजरंग बली को भी छला, लेकिन, उन्होंने ऐसा गदा मारा कि होश ठिकाने आ गया। लालू ने कहा कि हम सब पूजा–पाठ करने वाले लोग हैं। सबका दुख–सुख समझते हैं। सबसे बड़ा डॉक्टर तो बाबा बैद्यनाथ हैं। बाबा ने बुलाया तो हमने हाजिरी दे दी। कई और देवी–देवताओं का आशीर्वाद लेकर चुनाव के मैदान में कूदेंगे।

**■ राजद सुप्रीमो ने जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर केंद्र पर बोला हमला**

**देश के हालात ठीक नहीं हैं**

उन्होंने कहा कि देश के हालात ठीक नहीं हैं। लगातार महंगाई बढ़ रही है। चुनाव नजदीक आते ही नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को फिर से छलने का काम किया है, इनका जाना तय है। उपचुनाव में एनडीए की बुरी तरह पराजय हुई है। बिहार, बंगाल और झारखंड सभी जगह इन्हें हार मिली है। उनके दो दिवसीय दौरे में उनके साथ राबड़ी देवी भी थीं। दौरे के क्रम में उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की और झारखंड में पार्टी को मजबूत करने पर चर्चा की।

**इंडिया और भारत तो हम लोग ही हैं**

इंडिया बनाम भारत के नाम पर छिड़े विवाद पर लालू यादव ने कहा कि इंडिया और भारत तो हम लोग ही हैं। उन्हें देश की जनता चुनाव में बतायेगी कि हम इंडिया हैं या भारत। उन्होंने कहा कि गैस का दाम कम करना चुनावी हथकंडा है। यह देश की संपत्ति है, इसका श्रेय मोदी क्यों ले रहे हैं। आईएनडीआईए गठबंधन का दूल्हा कौन होगा? पत्रकारों के इस सवाल पर उन्होंने कहा कि 28 दलों को मिलाकर इंडिया गठबंधन बना है। इसी में से कोई एक इसका दूल्हा होगा। इंडिया की समन्वय समिति की बैठक दिल्ली में होने वाली है। इसमें तेजस्वी समेत अन्य नेता हिस्सा लेंगे। इस बैठक में आगे की रणनीति पर विचार होगा। दिल्ली की बैठक के बाद उम्मीदवारों के चयन का काम शुरू होगा। लालू ने कहा कि वे बिहार के विभिन्न इलाकों को भ्रमण करेंगे और देश की दयनीय हालत के लिए जिम्मेदार मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान जनता से करेंगे। देश के बेरोजगारों को, गरीबों को, बाबा साहेब के विचारों को, भारत के संविधान को तथा प्रजातंत्र को आंच नहीं आने देंगे।

## देश को विभाजित करने के लिए बुलाया विशेष सत्र : कांग्रेस



**मुंबई।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने सोमवार को दावा किया कि संसद का आगामी विशेष सत्र देश को बांटने और मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने के एजेंडे के साथ बुलाया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि 18–22 सितम्बर के सत्र के लिए अब तक कोई एजेंडा घोषित नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने विपक्ष और संसदीय मामलों की समिति सहित किसी से भी पूछे बिना यह सत्र बुलाया है। उन्होंने पूछा, कोविड–19 संकट, नोटबंदी, मणिपुर हिंसा के दौरान ऐसा कोई विशेष सत्र नहीं बुलाया गया, तो अब क्यों। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने सोमवार को दावा किया कि संसद का आगामी विशेष सत्र देश को बांटने और मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने के एजेंडे के साथ बुलाया गया है। पटोले ने यह भी आरोप लगाया कि सत्र का उद्देश्य देश को विभाजित करना और मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने और इसे केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने की मोदी सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मुंबई वैश्विक महत्व का शहर है, देश का वित्तीय केंद्र है, राज्य और राष्ट्र का गौरव है, और भाजपा पिछले नौ वर्षों से व्यवस्थित रूप से इसके महत्व को कम करके इस पर नजर गड़ाए हुए है। उन्होंने कहा यह लंबे समय से चल रहा हैज् ग्लोबल फाइनेंशियल सेंटर को गुजरात ले जाया गया, हीरा उद्योग को वहां स्थानांतरित कर दिया गया, एयर इंडिया मुख्यालय को भी हटा दिया गया है। अब, ऐसा कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र से मुंबई को अलग करने की बड़ी साजिश के तहत बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को स्थानांतरित करने की योजना है। पटोले ने यह भी तर्क दिया कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी)–कांग्रेस–राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की महा विकास अघाड़ी सरकार के शासन के दौरान यह सब संभव नहीं था, यही कारण था कि इसे केंद्र सरकार और तत्कालीन राज्यपाल की मदद से गिरा दिया गया था। उन्होंने कहा कि हालांकि, जब से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार सत्ता में आई है, मुंबई और महाराष्ट्र की कई बड़ी परियोजनाओं को गुजरात में हाइजैक कर लिया गया है।

## सेना की चिंता का कारण बने राजौरी व पुंछ जिले

**जम्मू,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। जैसे–जैसे सर्दी नजदीक आ रही है, एलओसी से सटे राजौरी तथा पुंछ के दो जुड़वा जिले भारतीय सेना की चिंता का कारण बनते जा रहे हैं। पहली चिंता इन दोनों जिलों में एलओसी पार से पाक सेना द्वारा घुसपैठ के प्रयासों में लाई जा रही तेजी है तो दूसरा घुसने में कामयाब हो चुके आतंकियों से निपटने की। यही कारण था कि सेना ने इन दोनों जिलों में एलओसी और भीतरी इलाकों में अतिरिक्त जवानों की तैनाती आरंभ कर दी है। सेनाधिकारियों के बकौल, हजारों सैनिक रवाना किए जा रहे है जिनमें से कइयों को गुज्जर बक्करवाल समुदाय द्वारा सर्दियों में खाली कर दिए जाने वाले ढोकों पर कब्जे का टास्क दिया गया है। जानकारी के लिए, सर्दियों की शुरूयात के साथ ही आतंकी अक्सर ऐसे शरणस्थलों पर कब्जा जमा लेते रहे हैं जिस कारण सेना व अन्य सुरक्षाबलों को कई बार इन दोनों जिलों में भयानक परिस्थितियों का सामना करना पड़ा था। कई बार ऐसे ढोकों को खाली करवाने की खातिर भीषण मुठभेड़ें भी हो चुकी हैं। इस बार की अतिरिक्त जवानों की तैनाती थोड़ी अलग तरह की भी है।

## कृषि वैज्ञानिकों के साथ संवाद करेंगे

### उपराष्ट्रपति का राजस्थान दौरा आज



**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार को राजस्थान के दौरे पर जाएंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को यहां बताया कि राजस्थान के दौरे पर धनखड़ के साथ उनकी पत्नी डॉक्टर सुदेश धनखड़ भी साथ होंगी। एक दिवसीय दौरे में उपराष्ट्रपति करौली, भरतपुर और धौलपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। करौली आगमन के बाद धनखड़ महावीर मंदिर में दर्शन करने जाएंगे। उसके बाद वह गुडला पहाड़ी पहुंचकर कर्नल बैंसला जयंती महोत्सव में भाग लेंगे। तत्पश्चात उपराष्ट्रपति भरतपुर के लिए रवाना होंगे और लक्ष्मण मंदिर जाएंगे तथा दर्शन एवं पूजा अर्चना करेंगे।

फिर वह भरतपुर बार एसोसिएशन के सदस्यों के साथ मुलाकात करेंगे। अपनी इस यात्रा के दौरान धनखड़ भरतपुर में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–सरसों अनुसंधान निदेशालय का भी दौरा करेंगे और संस्थान के कृषि वैज्ञानिकों के साथ संवाद करेंगे। वह सैनिक स्कूल के पूर्व छात्रों और सामुदायिक नेताओं से भी मुलाकात कर विमर्श करेंगे। इसके बाद उपराष्ट्रपति भरतपुर के यू.आई.टी. सभागार में एम.एस.जे. कॉलेज, आर.डी. गर्ल्स कॉलेज एवं श्री अग्रसेन महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे। उपराष्ट्रपति बाद में धौलपुर के लिए रवाना होंगे जहां मचकुंड मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना करेंगे और धौलपुर के राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, कैसरबाग में छात्रों- शिक्षकों को संबोधित करेंगे। इसके बाद धनखड़ धौलपुर बार एसोसिएशन के सदस्यों और सैनिक स्कूल के पूर्व सदस्यों के साथ संवाद करेंगे।

**■ करौली, भरतपुर व धौलपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में लेंगे भाग**

**सार संक्षेप**

### मोदी का मध्य प्रदेश दौरा 14 सितम्बर को

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 14 सितम्बर को मध्य प्रदेश की प्रस्तावित यात्रा के लिए 4 केबिनेट मंत्री 'मिनिस्टर इन वेटिंग' नामित किए गए हैं। गृह, जेल एवं संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा भोपाल विमानतल पर प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी करेंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह बीना हैलीपेड पर प्रधानमंत्री के आगमन पर स्वागत करेंगे। राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत प्रस्थान के समय मोदी को विदाई देंगे। प्रधानमंत्री मोदी की बीना में होने वाले मुख्य कार्यक्रम स्थल पर लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव अगवानी और विदाई करेंगे।

## अरुणाचल में नेचिफू सुरंग का उद्घाटन करेंगे राजनाथ



**ईटानगर,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अरुणाचल प्रदेश में बलिपारा–चारद्वार–तवांग मार्ग पर बने 500 मीटर लंबे नेचिपू सुरंग का बुधवार को लोकार्पण करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सिंह जम्मू के देवक पुल से 12 सितम्बर को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अरुणाचल प्रदेश के पिश्चिमी कमेंग जिला में नेचिपू सुरंग सहित 12 विशेष बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को देश को समर्पित करेंगे। उधर, प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा गौरवमयी अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी 12 सितम्बर को प बलिपारा–चारद्वार–तवांग मार्ग पर बने लंबे नेचिफू सुरंग का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि वास्तुकला की उत्कृष्ट कृति यह सुरंग सैनिकों के साथ–साथ नागरिकों की तीव्र आवाजाही की सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह सुरंग लगभग पांच किलोमीटर की दूरी कम करके घने कोहरे वाले क्षेत्र में यात्रा में आसानी और कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। सीमावर्ती बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी हूं, जो आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ावा दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सीमा सड़क संगठन ने हाल ही में 678 करोड़ की लागत से वास्तविक एलएसी से सटे क्षेत्रों में आठ सड़कें बनाई हैं। बीआरओ के एक ट्वीट में कहा गया, इन सड़कों सहित 90 परियोजनाएं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 सितम्बर को जम्मू के देवक ब्रिज से राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

### कमलनाथ ने मध्य प्रदेश सरकार पर बोला हमला

## भाजपा की सामूहिक विदाई का आया समय

**भोपाल,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले आरोप प्रत्यारोप से सियासी परा चढ़ा हुआ है। सोमवार को पूर्व सीएम और पीसीसी चीफ कमलनाथ ने बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा की सामूहिक विदाई का समय आ गया है। पीसीसी चीफ और पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि मप्र में जिस प्रकार भाजपा के वरिष्ठ नेतागण अपने साक्षात्कारों में उनकी अपनी ही पार्टी द्वारा अपनी अवहेलना, उपेक्षा और अपमान की सरेआम बात कर रहे हैं, उससे साबित हो गया है कि कांग्रेस के प्रति जन–समर्थन देखकर भाजपा पहले ही हताश हो चुकी है और दिखावटी चुनाव लड़ रही है, इसीलिए न उसके पास रणनीति है न सेनापति। इसीलिए न वो वरिष्ठों को महत्व दे रही है न कनिष्ठों को। कमलनाथ ने आगे कहा कि भाजपा दिल्ली से ही मप्र का चुनाव संचालित करके दिखा रही है कि उसे न तो मप्र के नेतृत्व पर विश्वास है, न नेताओं और संगठन पर। उन्होंने कहा कि दूर से राजतंत्र चलाए जाते हैं लोकतंत्र नहीं क्योंकि लोकतंत्र की दिशा नीचे से ऊपर की ओर होती है; न कि ऊपर से नीचे, लेकिन ये बात अलोकतांत्रिक भाजपा की समझ में नहीं आएगी। भाजपा की सामूहिक विदाई का समय आ गया है। वहीं नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने बड़ा आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखा है। इसमें भिंड एसपी मनीष खत्री पर भाजपा के इशारे पर थाना प्रभारियों की पदस्थापना करने का आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लिखे पत्र में भाजपा पर जातिवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है।




**कांग्रेस का जनसमर्थन देख भाजपा नेता हुए हताश : कमलनाथ**

### नरेला में मतदाता सूची में गड़बड़ी के लगाए आरोप

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस ने राजधानी भोपाल की नरेला विधानसभा की मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय जाकर शिकायत की। पार्टी नेता मनोज शुक्ला ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में गड़बड़ियों के बारे में उन्होंने हर बूथ पर जाकर छानबीन की है। इसके बाद उन्होंने ऐसी एक सूची बनाने का दावा करते हुए ये सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में अधिकारियों को सौंपी और गड़बड़ी वाले नामों को हटाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारी मतदाता सूचियों का सत्यापन नहीं कर रहे और सूचियों में गलत मतदाताओं के नाम दर्ज हैं जिससे विधानसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं हो सकें। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी इन्ही फर्जी वोटों से चुनाव जीत रही है।

## मेकेदातु परियोजना को केंद्र सरकार ने नहीं दी अनुमति : सिद्धारमैया



**■ तमिलनाडु पर अनावश्यक उपद्रव पैदा करने का लगाया आरोप**

**मैसूर,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कावेरी नदी पर मेकेदातु जलाशय के निर्माण को मंजूरी देने में देरी का आरोप लगाते हुए सोमवार को केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधा और पड़ोसी राज्य तमिलनाडु पर इस मुद्दे पर अनावश्यक उपद्रव पैदा करने का आरोप लगाया।

कर्नाटक मेकेदातु परियोजना को लागू करने के लिए दबाव बना रहा है और उसका कहना है कि बारिश के संकट के समय दोनों राज्यों के बीच कावेरी जल विवाद का यही एकमात्र समाधान है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने मेकेदातु परियोजना के लिए अनुमति नहीं दी है। तमिलनाडु के पास परियोजना का विरोध करने का कोई कारण नहीं है। यह हमारे क्षेत्र में है, तमिलनाडु को 177.25 टीएमसी जल आबंटित किया गया है और हमें सामान्य वर्षों में उन्हें इतना ही पानी छोड़ना पड़ता है। संकट के समय, मुश्किल वक्त के फार्मूले का पालन किया जाना चाहिए। सिद्धारमैया ने तमिलनाडु पर मेकेदातु परियोजना के संबंध में अनावश्यक रूप से उपद्रव पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि कर्नाटक द्वारा डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) प्रस्तुत करने के बावजूद अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें (केंद्र को) कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (अनुमति देने के लिए) से कहना होगा, क्योंकि यह भारत सरकार के अधीन आता है, लेकिन वे ऐसा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश नेताओं ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि वे इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करेंगे लेकिन वे यहां आते हैं और राजनीति करते हैं।

### मुंबई में डिवाइडर से कार टकराई, दो युवकों की मौत

**मुंबई।** सायन इलाके के पास सोमवार सुबह एक कार सड़क के डिवाइडर से टकरा गई और उसमें आग लग गई। इस दुखद दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई और अन्य तीन लोग घायल हो गए। पुलिस और बीएमसी के आपदा नियंत्रण प्रकोष्ठ ने यह जानकारी दी। घटना सुबह करीब 4.30 बजे हुई। सीएनजी गैस से चलने वाली कार हुंडई आई 20 जब सायन से दादर की ओर तेज रफ्तार से जा रही, उसी समय डॉ.बी.आर. अंबेडकर रोड पर वह एक डिवाइडर से टकरा गई।

## नीतीश ने जनता दरबार में सुनीं जसमस्याएं

**पटना,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डाक कर्मियों की मिलीभगत से डाकघर में जमा की गई राशि का गबन किए जाने की शिकायत पर कड़ा रुख इख्तियार करते हुए अधिकारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कुमार से सोमवार को यहां 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में सीतामढ़ी जिले से आये एक व्यक्ति ने गुहार लगाई कि उन्होंने अपनी बेटी के नाम पर डाकघर में 85 हजार रुपए जमा किए थे। जब वह राशि की निकासी करने गए तो वहां के कर्मचारियों ने बताया कि उनके खाते में एक भी पैसा नहीं है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री से किशनगंज जिले से आई एक महिला कहा कि उनके पति मदरसा बोर्ड में नौकरी करते थे, उनका निधन होने के बाद अब तक अनुकंपा पर नौकरी नहीं मिल पाई है।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई–400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई–400059
शाखा कार्यालय : स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर – 492 001

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड ("आईसीआईसीआई एचएफसी") से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह उनको सुपुर्द नहीं की जा सकी और अतएव एतद्द्वारा उनको को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | प्रकाश सोनी (कर्जदार), भास्कर सोनी (सह–कर्जदार), मैसर्स लक्ष्मी एंटरप्राइजेज (गारंटर), शिव मंदिर वार्ड, मानचित्र गली जगदलपुर, जगदलपुर, छत्तीसगढ़–494001/ एनएचजेएजी00001259016 | केएच नंबर 86/4, भू तल, सिद्धि विनायक, पीएच नंबर 117/53, मौजा बोरियाकला आरआईसी रायपुर सीजी, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001, चौहद्दी – उत्तर : प्लॉट नंबर 58, दक्षिण : प्लॉट नंबर 60, पूरब : प्लॉट नंबर 70, पश्चिम : रास्ता | 14–08–2023 रू. 4,29,169/– | 03–08–2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को उक्त बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

तिथि : 12–09–2023
स्थान : रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंजिल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता– 700020 सीआईएन नंबर: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राकेश भबूतमल जैन/ शीतल राकेश जैन/ नंबर बी 202 ओम कॉम्प्लेक्स, फाफाडीह, रायपुर गंज छत्तीसगढ़, रायपुर– 492009/ LBRPR00005306513/ LBBLI00003021200/ LBBLI00003021199 | गोल्ड मोहर को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, फ्लैट नंबर 403, चौथी मंजिल, 174 प्रिंसेस स्ट्रीट, सीटीएस नंबर 971, भुलेश्वर डिवीजन, मुंबई शहर का पंजीकरण जिला और उप जिला, महाराष्ट्र मुंबई– 400002 (क्षेत्रफल 260 वर्ग फुट) (24.32 वर्ग मीटर कारपेट एरिया)/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 07.09.2023 | 14/03/2023 रु. 46,62,762/- | रायपुर/ मुंबई |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : सितम्बर 12, 2023**
**स्थान : रायपुर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice**

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work:-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|
| 68/SE E/M/2023-24 (1 Call) System Tender No 146564 Registered contractor class in "D" & above For Form (C.G.) "A" (Percentage Rate Tender) | NIT SCHEDULE FOR PROVIDING GENERAL ELECTRIFICATION WORK TO SR/MOW/OW/DEPOSIT FOR RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER DKS(M) UNDER SUBDIVISION RAIPUR | Rs 45.04 Lacs |
| 69SE E/M/2023-24 (Call) System Tender No 146604 Registered contractor class in "D" & above For Form RAIPUR (C.G.) "A" (Percentage Rate Tender) | NIT SCHEDULE FOR OW/MOW/DEPOSIT/SR/AR AND ORDINARY MAINTENANCE OF MANA SECTION (KUSHABHAU THAKRE UNIVERSITY AND GOVT. ENGINEERING COLLEGE), | Rs 45.00 Lacs |
| 70/SE E/M/2023-24(I Call) System Tender No 146625 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender) | NIT SCHEDULE M.O.W.S.R/O.W/DEPOSIT WORK/ GENERAL E/F WORK IN SCIENCE COLLEGE & AYURVEDIC COLLEGE SECTION UNDER P.W.D. EM. WORKSHOP SUB DIVISION RAIPUR (C.G.) | Rs 52.00 Lacs |
| 71/SE E/M/2023-24 (Call) System Tender No 146636 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender) | NIT SCHEDULE M.O.W.S.R/O.W/DEPOSIT WORK GENERAL EF WORK IN KABIR NAGAR SECTION UNDER P.W.D. E/M. WORKSHOP SUB DIVISION RAIPUR (C.G.) | Rs 45.00 Lacs |
| 72 /SE E/M/2023-24 (1 Call) System Tender No 146638 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender) | NIT SCHEDULE M.O.W/S.R./O.W/DEPOSIT WORK/ GENERAL E/F WORK/UTILITY SHIFTING WORK IN HEERAPUR SECTION UNDER P.W.D. E/M WORKSHOP SUB DIVISION RAIPUR (C.G.) | Rs 60.00 Lacs |
| 74/SE E/M/2023-24 (Call) System Tender No 146745 Registered contractor class in "D" & above For Form"A" (Percentage Rate Tender) | NIT SCHEDULE FOR RENOVATION & ALTRATION OF GARDEN LIGHTS AT RAJBHAVAN PREMISES, RAIPUR (CG) | Rs 40.00 Lacs |
| 75/SE E/M/2023-24 (1 Call) System Tender No 146768 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender) | NIT SCHEDULE FOR OW/MOW/DEPOSITE/SR /ORDINARY MAINTENANCE AND GENERAL ELECTRIFICATION WORK FOR STREET LIGHT AT RAJENDRA NAGAR FLY OVER KUSHALPUR FLYOVER RAIPUR FLYOVER RING ROAD NUMBER-1 RAIPUR (CG) | Rs 40.00 Lacs |
| 765F. E/M/2023-24 (1 Call) System Tender No 146816 Registered contractor class in "D" & above For Form" A" (Percentage Rate Tender) | NIT SCHEDULE FOR PROVIDING GENERAL ELECTRIFICATION WORK TO SR/MOW/OW/ DEPOSIT IN GOVT RESIDENTIAL & NON RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER PWD B/R BDIVISION GARIYABAND (CG) | Rs 52.65 Lacs |
| 77/SE E/M/2023-24 (1 Call) System Tender No 146821 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender) | NIT SCHEDULE FOR PROVIDING GENERAL ELECTRIFICATION WORK TO SR/MOW/OW/ DEPOSIT IN GOVT RESIDENTIAL & NON RESIDENTIAL BUILDINGS AT DEFRENT BLOCKS, FINGESHWAR, GARIYABAND, RAJIM, CHURA & MAINPUR DEVBHOG UNDER PWD E/M SUBDIVISION GARIYABAND (C.G.) | Rs 58.60 Lacs |
| 78/SE E/M/2023-24 (Call) System Tender No 146835 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender) | NIT SCHEDULE FOR PROVIDING ZONAL E/F WORK ( O.W.,MOW,DEPOSIT, S.R. & ORDINARY REPAIR) TO GOVT. RB,NRB & RH BUILDINGS UNDER CIVIL SUB DIVISION -KURUD & NAGRI, DISTT.- DHAMTARI (C.G.) | Rs 35.00 Lacs |
| 79/SE E/M/2023-24 (I Call) System Tender No 146842- Registered contractor class in "D" & above For Form"A" (Percentage Rate Tender) | NIT SCHEDULE FOR PROVIDING ZONAL E/F WORK ( O.W.,MOW,DEPOSIT, S.R. & ORDINARY REPAIR) TO GOVT. RB,NRB & RH BUILDINGS UNDER CIVIL SUR DIVISION -DHAMTARI,DISTT.- DHAMTARL(C.G.) | Rs 28.00 Lacs |

Note:- date of bid submission 20-09-2023
The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

**G-05188**

**Superintending Engineer**
**P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)**

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

**बैंक मैनेजर-** कैश खत्म हो गया है कल आना।
**रामू-** लेकिन मुझे मेरे पैसे अभी चाहिए।
**मैनेजर-** देखिए आप गुस्सा मत करिए, शांति से बात कीजिए।
**रामू-** ठीक है बुलाओ शांति को, आज तो मैं उसी से बात करूंगा।

**संपादकीय**

## केन्द्र से धान-चावल सम्बन्धी सालाना विवाद

*छत्तीसगढ़ सरकार का केन्द्र से धान या चावल उपार्जन के मामले में मानों हर वर्ष का तयशुदा विवाद हो। कभी पूल में चावल की मात्रा को लेकर हो या कभी बोरों की आवश्यकता से कम की सप्लाई तो कभी केन्द्र की ओर से राज्य को राशि का भुगतान वक्त पर न होना या बिलकुल ही न होना। केन्द्र व राज्य सरकारें जब अलग-अलग सियासी पार्टियों की हों तो ऐसा अक्सर होता देखा गया है। धान छ्ग का प्रमुख कृषि उत्पाद है। यहां की अर्थव्यवस्था और विकास में चावल उत्पादन की बड़ी भूमिका होती है। इतना ही नहीं, बड़ी संख्या में लोग कृषि कर्म में लगे हुए हैं। उनकी भी आमदनी का सीधा सम्बन्ध धान उत्पादन से है।*

*चूंकि छ्ग सरकार की एक प्रमुख गतिविधि धान की खरीदी है, इस नाते यह भी कहा जा सकता है कि धान खरीदी का मामला छत्तीसगढ़ की ऐसी कमजोर रग होती है जिसे दबाकर उसे परेशान किया जा सकता है। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी सरकार इस काम में विशेष रूप से माहिर है। उसे पता है कि कौन से विषय पर किस राज्य को किस तरह से परेशान किया जा सकता है- अगर वह विरोधी दलों की हो। अलग-अलग राज्यों के मामलों में वह भिन्न-भिन्न तौर-तरीके अपनाती है। छ्ग के मामले में भी ऐसा है। ज़रूरी नहीं कि सारे मुद्दों पर राज्य सरकार गलत हो लेकिन केन्द्र के पास उपलब्ध ताकत का फायदा मोदी सरकार अक्सर उठाती दिखाई देती है। जब से राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी है, शायद ही कोई साल ऐसा गया हो, जब धान उपार्जन या फिर चावल के मामले में दोनों सरकारों के बीच टकराव न हुआ हो।*

*इस साल राज्य सरकार ने 1 नवम्बर से धान खरीदी प्रारम्भ करने का ऐलान कर दिया है जो 28 फरवरी, 224 तक जारी रहेगी। इस बार खरीदी बायोमेट्रिक सिस्टम से होगी। लक्ष्य 125 लाख टन धान क्रय करने का है। शनिवार को हुई कैबिनेट बैठक में जानकारी दी गयी कि पांच लाख किसानों ने अपना पंजीयन भी करा लिया है। पिछले वर्ष 24 लाख से ज्यादा पंजीकृत किसान थे, जिनमें से करीब ढाई लाख नये थे। यह इस बात का प्रतीक है कि राज्य में लोगों की कृषि मे रुचि बढ़ रही है। किसानों की मांग पर नये खरीद केन्द्र खोलने का फैसला भी छ्ग सरकार ने लिया है।*

*कैबिनेट ने यह भी ध्यान में लाया है कि राज्य को भारतीय खाद्य निगम से 225.3 करोड़ रुपये तथा नागरिक आपूर्ति निगम से 3.43 लाख रुपए चावल उपार्जन के लेने हैं। केन्द्र सरकार को चाहिये कि यह राशि तत्काल जारी करे। साथ ही एक ऐसी व्यवस्था बानाने की ज़रूरत है जिससे हर साल जो विवाद होते हैं, वे न उठें।*

# प्रदेश के निजी स्कूल 14 को रहेंगे बंद, 21 को प्रदर्शन

## शिक्षा विभाग ने स्कूलों का 250 करोड़ रोका

**रायपुर**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में 14 सितंबर को प्राइवेट स्कूल बंद रहेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के निजी स्कूलों का 250 करोड़ रुपए रोक दिया है, जिससे नाराज प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन आंदोलन की तैयारी में है। 14 सितंबर को प्रदेशभर के निजी स्कूल बंद रहेंगे। रायपुर में 21 सितंबर को जंगी प्रदर्शन की तैयारी है। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन पैसा बढ़ाने, समय पर पैसा जारी करने समेत आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सड़क पर उतरेगा।

यह राशि शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत पात्र बच्चों को पढ़ाने के बदले स्कूलों को विभाग को जारी करनी थी। प्रदेश के निजी स्कूल संचालकों का प्रतिनिधित्व करने वाले छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि विभाग ने वर्ष 2020-2021 और 2021-22 की राशि अब तक जारी नहीं की है। राशि नहीं मिलने से छोटे स्कूलों के संचालन में परेशानी हो रही है।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि आंदोलन के पहले चरण में 14 सितंबर को प्रदेश के सभी निजी स्कूलों को बंद रखा जाएगा। पहले चरण के प्रदर्शन के बाद ही स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी मांग को पूरी नहीं करेंगे, तो फिर सड़क की लड़ाई लड़ी जाएगी। आंदोलन के दूसरे चरण में 21 सितंबर को रायपुर में प्रदेश के सभी निजी स्कूल संचालक एकजुट होंगे और विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

**प्रदेश में 9 हजार से ज्यादा निजी स्कूल**

प्रदेश में 9 हजार से ज्यादा निजी स्कूल हैं। इन स्कूलों में निम्न तबके के लाखों बच्चे आरटीई के तहत पढ़ते हैं। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का वेरिफिकेशन करने के बाद पैसा जारी किया जाता है। कुछ स्कूलों ने पोर्टल में आवेदन नहीं किया, इसलिए पैसा नहीं दिया गया है। स्कूलों की मांग के बाद आवेदन पोर्टल खोलकर उनकी समस्या का समाधान किया जा रहा है।

**आरटीई की राशि के साथ इन मांगों को मनवाने भी आंदोलन**

पिछले 12 वर्षों से आरटीई की राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है। इसी वर्ष से वृद्धि की जाए।

स्कूल बसों की पात्रता अवधि छत्तीसगढ़ में 12 वर्ष है। पात्रता अवधि 15 वर्ष किया जाना चाहिए।

निजी स्कूलों में पढ़ने वाली बालिकाओं को भी सरस्वती साइकिल योजना का लाभ दिया जाए।

आरटीई की क्षतिपूर्ति राशि को स्कूलों को जल्द दिया जाए।

निजी स्कूलों के सभी खातों को पीएफएमएस के अंतर्गत पंजीकृत किया जाए।

गणवेश की राशि 540 रुपए से बढ़कर 2000 की जाए।

निजी स्कूल में अध्ययनरत एसी, एसटी, ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को मिलने वाले प्री मैट्रिक और पोस्ट मीट्रिक छात्रवृत्ति की राशि बढ़ाई जाए।

निजी स्कूलों के अध्यापकों को स्कूली शिक्षा में भर्ती पर बोनस अंक प्रदान किया जाए। जैसे आत्मानंद के शिक्षकों को किया जाता है।

**छोटे स्कूलों को परेशानी हो रही: अध्यक्ष राजीव गुप्ता**

छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि निजी स्कूलों को आरटीई की 250 करोड़ राशि नहीं मिली है। विभागीय अधिकारियों को आवेदन दिया, लेकिन वो निराकरण नहीं कर रहे हैं। पैसा समय पर नहीं मिलने से छोटे स्कूलों को परेशानी हो रही है। इसके अलावा लंबे समय से आरटीई की राशि बढ़ाने, क्लेम समय पर देने, निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को शासकीय योजनाओं का फायदा मिले, इसकी मांग कर रहे है। लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिल रहा। मांग पूरी कराने और प्रदर्शन किया जाएगा।

## शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए 11 निजी स्कूलों को नही मिली मान्यता

शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए 153 निजी स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन किया था। जिसमें से 11 स्कूलों को मान्यता नहीं मिली है। जिसमें रायपुर के 4 स्कूल, बिलासपुर के 2, राजनंदगांव के 1, कोंडागांव के 2 और कोरिया से 2 स्कूलों को मान्यता नहीं मिली है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव व्ही। के। गोयल ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए 153 निजी स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन किया था। जिसमें से 142 स्कूलों को त्रुटिपूर्ण करने के बाद मान्यता दे दी गई है। वहीं 11 स्कूलों को मापदंड में नहीं होने कारण को मान्यता नहीं दी गई है। इन स्कूलों में कहीं बच्चे अध्ययनरत होंगे तो उनको दूसरे स्कूल में शिफ्ट कराया जाएगा।

जिन स्कूलों को नहीं मिली मान्यता उनमें विवेकानंद एजुकेशन एकेडमी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नकटा आरंग, नवयुवक विद्यालय महादेव घाट रायपुर, ब्लेसिंग उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सड्डू रायपुर, द सनराइज़ पब्लिक हाई स्कूल न्यू चंगोराभाठा रायपुर, आनंद मार्ग ई.मि. हाई स्कूल दधीचिपारा कोनी बिल्हा, चिल्ड्रन वैली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजकिशोर नगर बिलासपुर, राजनांदगांव, बीपीएस पैरेंट्स प्राइड स्कूल डोंगरगांव, गायत्री शक्तिपीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंजोड़ा, संस्कार पब्लिक हाई स्कूल सुल्सुली, ज्ञान गंगा हाई स्कूल शिवपुर-चरचा और ज्ञानोदय हाई स्कूल बिश्रामपुर शामिल है।

**स्कूलों ने समय पर क्लेम नहीं किया: संचालक**

लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक डॉ. सुनील कुमार जैन ने बताया कि कुछ निजी स्कूल संचालकों का वर्ष 2020-21 और 2021-22 का पैसा रुका हुआ है। ये पैसा इसलिए रुका है, क्योंकि इन स्कूलों ने समय पर क्लेम नहीं किया और हमारा पोर्टल बंद हो गया। स्कूलों की मांग को देखते हुए पोर्टल दोबारा खोला गया है और स्कूलों को इसकी जानकारी दे दी है। स्कूल प्रबंधक आवेदन ऑनलाइन जमा करके क्लेम कर सकेंगे। निजी स्कूल एसोसिएशन की जो मांगें हैं, वो शासन स्तर का मामला है। शासन से जो निर्देश आएगा, उसका पालन किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ की खुशहाली और तरक्की के लिये भाजपा की परिवर्तन यात्रा : साव



**रायपुर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने आज परिवर्तन यात्रा को लेकर रायपुर मुख्यालय से वीडियो संदेश जारी किया है। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव 2023 के अचार सहिंता लागू होने के पूर्व प्रदेश स्तर पर 2 परिवर्तन यात्रा करने जा रही है।

जारी संदेश वीडियो में परिवर्तन को लेकर अरुण साव ने कहा की राज्य में कांग्रेस सरकार के कुशासन और भ्रष्टाचार के खिलाफ छत्तीसगढ़ की तरक्की और खुशहाली के लिये भारतीय जनता पार्टी परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। उन्होंने बताया कि पहली परिवर्तन यात्रा दंतेवाड़ा से निकलेगी। देश के गृहमंत्री अमित शाह पूजा अर्चना कर यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। दूसरी यात्रा को जशपुर से रवाना किया जाएगा। अरुण साव ने आह्वान करते हुए कहा कि आइए हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिये और छत्तीसगढ़ में सुशासन लाने के लिए, प्रदेशवासियों के भविष्य को संवारने के लिए इस अत्याचारी, अन्यायी भ्रष्टाचारी भूपेश सरकार को उखाड़ फेंके।

# 3 लेयर की सुरक्षा में रहेंगे 50 देशों के प्रतिनिधि 650 जवान, ड्रोन और डॉग स्क्वायड होंगे तैनात

**रायपुर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। नया रायपुर में 18 और 19 सितंबर को आयोजित होने वाली जी 20 की बैठक को लेकर अधिकारियों ने तैयारी पूरी कर ली है। नवा रायपुर के निजी होटल में आयोजित फाइनेंस ट्रैक पर फोर्थ फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप मीटिंग में 50 देशों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। प्रतिनिधियों को आयोजन के दौरान परेशानी ना हो और उनकी सुरक्षा में चूक ना हो, इसके लिए पुलिस के 650 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी मुस्तैद रहेंगे।



नया रायपुर में 18-19 को जी-20 की बैठक

बैठक की सुरक्षा में 12 एएसपी, 25 डीएसपी, 50 इंस्पेक्टर और 600 जवानों की ड्यूटी लगाई है। अतिथियों और उनकी सुरक्षा में आए कर्मियों को संवाद करने में परेशानी ना हो, इसलिए अंग्रेजी के अच्छे जानकारों को इस दल में शामिल किया गया है। ये सुरक्षाकर्मी पहले लेयर में रहेंगे। आवश्यकता पड़ने पर यह प्रतिनिधियों और उनके सुरक्षाकर्मियों से चर्चा करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

जी 20 आयोजन के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल में ड्रोन और खोजी कुत्तों को भी लगाया जा रहा है। इनकी मदद से संवेदनशील चीजों और आसपास के इलाकों में नजर रखी जाएगी। कार्यक्रम स्थल के आस पास संदिग्ध गतिविधियां दिखने पर कंट्रोल रुम में बैठे अधिकारी तत्काल प्वांइट में तैनात पुलिसकर्मियों को इसकी सूचना देंगे और जांच करके निराकरण करेंगे।

**रूट प्लान भी तैयारी**

नवा रायपुर के निजी होटल में कार्यक्रम का आयोजन होना है। इसलिए पुराने शहर में किसी तरह की यातायात व्यवस्था में बदलाव नहीं किया जाएगा, लेकिन दूसरे देशों से आए प्रतिनिधियों के मूवमेंट होने पर ही नवा रायपुर के कुछ मार्ग प्रभावित होंगे। उसके लिए प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल और आस पास के इलाके को सील कर दिया जाएगा। वहां से गुजरने वाले हर व्यक्ति को जांच के बाद ही कार्यक्रम स्थल में एंट्री दी जाएगी।

**तीन दिन पहले जवान होंगे तैनात**

रायपुर सिटी एएसपी अभिषेक माहेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम में आने वाले प्रतिनिधियों की सुरक्षा तीन लेयर में होगी। इसके लिए तीन दिन पहले ही जवानों को नवा रायपुर में प्वाइंट बनाकर पदस्थ कर दिया जाएगा। जवानों का नेतृत्व राजपत्रित अधिकारी करेंगे। रायपुर जिले में पदस्थ पुलिस कर्मियों के अलावा लाइन और दूसरे जिलों से भी जवानों को बुलाया जाएगा।

# कांग्रेस में 14 विधायकों, 2 मंत्रियों की टिकट खतरे में

**रायपुर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस में प्रत्याशी चयन को लेकर लगातार बैठकें चल रही है। जिसमें प्रत्याशी चयन को लेकर पैनल तैयार करने के लिए पार्टी नेताओं के बीच देर रात तक चर्चा चलती रही। बैठक में तय हो गया है कि मंत्रियों की टिकट नहीं काटी जाएगी। हालांकि सूत्रों के मुताबिक दो मंत्रियों को लेकर अब भी संशय की स्थिति है, वहीं 14 विधायकों की टिकट भी खतरे में है।

इस दौरान बस्तर और बिलासपुर संभाग की सीटों को लेकर पैनल तैयार करने की प्रक्रिया देर रात तक चली। इस दौरान विशेष तौर पर कांकेर, जगदलपुर, नारायणपुर, बिल्हा, तखतपुर और सरगुजा संभाग के सामरी की सीटों में प्रत्याशी चयन को लेकर चर्चा की गई स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन का जल्द ही फिर एक बार दौरा होने वाला है।

**पदाधिकारियों से भी की गई रायशुमारी**

संभागों की अलग-अलग विधानसभा सीटों को लेकर वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों से भी दावेदारों को लेकर फीडबैक लिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक संभागवार चर्चा के लिए कई पदाधिकारियों को सीधे सीएम हाउस बुलाया गया था। जानकारी के मुताबिक बस्तर और बिलासपुर संभाग की सीटों पर तैयार पैनल को लेकर नए सिरे से चर्चा की गई।

> ■ कांग्रेस प्रत्याशियों को लेकर नए सिरे से बना पैनल

स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में कई जगहों से सिंगल नामों का पैनल था, लेकिन दिल्ली की सर्वे रिपोर्ट और यहां की रिपोर्ट में काफी अंतर पाया गया। कहा जा रहा है कि 14 ऐसे विधायक जिनकी सर्वे रिपोर्ट खराब आई है, उनमें से कुछ के नामों के सिंगल पैनल ही थे। वहीं जिन दो मंत्रियों की टिकट काटने की बात सामने आ रही थी, उन्हें दूसरे सीटों में मैनेज करने की कवायद भी चल रही है।

स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन ने वरिष्ठ नेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। इसमें कहा गया है कि तैयार किए जा रहे नए पैनल के साथ किसी भी सीट में सिर्फ सत्ता-संगठन की गोपनीय रिपोर्ट और स्थानीय स्तर पर मिले फीडबैक को ही मद्देनजर रखा जाएगा।

**प्रियंका के दौरे को लेकर भी चर्चा हुई**

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी 21 सितम्बर को भिलाई में महिला सम्मेलन आयोजित महिला सम्मेलन में शामिल होने पहुंच रही है। बीती रात हुई बैठक में प्रियंका के दौरे को लेकर भी वरिष्ठ नेताओं के बीच चर्चा हुई और दौरे को लेकर मंत्रियों, विधायकों और पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की बात भी हुई।

# रायपुर रेलवे स्टेशन का कांग्रेस कल करेगी घेराव

**रायपुर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। लंबे समय से किसी न किसी बहाने बार-बार थोक में ट्रेनों को रद्द करने से परेशान यात्रियों को राहत दिलाने कांग्रेस ने रेलवे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस कमेटी ने 13 सितंबर को रायपुर रेलवे स्टेशन का घेराव करने का फैसला लिया है।




> ■ जनता के बीच पोस्टर-पंपलेट बांट कर मांगा समर्थन

शहर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम जनता के बीच पोस्टर, पंपलेट बांटकर रेलवे स्टेशन में होने वाले प्रदर्शन के लिए समर्थन मांगा। कांग्रेस कार्यकर्ता कोतवाली चौक, मालवीय रोड होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंचे। जहां केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आम जनों को रेलवे के खिलाफ किए जाने वाले प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया।

बिलासपुर रेलवे जोन मुख्यालय की ओर से जारी एक बयान में कांग्रेस के आरोपों को एक सिरे से खारिज करते हुए जानकारी दी गई कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ट्रेनों को लेकर एक आंकड़ा प्रसारित किया जा रहा है, जिसमें पिछले साढ़े तीन सालों में 67000 से भी अधिक ट्रेनों को रद करने की बात कही गई है। ये 67000 ट्रेनों को रद करने वाले आंकड़ो में से लगभग 95 प्रतिशत इसी कोरोनाकाल के दौरान का है, जब पूरे देश में यात्री ट्रेनों का संपूर्ण परिचालन बंद किया गया था।

रेल विकास कार्यों के दौरान रद्द ट्रेनों का प्रतिशत प्रतिदिन चलने वाली ट्रेनों का महज एक प्रतिशत से भी कम है। कोविड मामलों में आई कमी के बाद क्रमश: अब कोविड प्रोटोकाल के अनुसार सभी सावधानियां बरतते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सभी यात्री ट्रेनों का नियमित परिचालन किया जा रहा है। साथ ही कोरोनाकाल के दौरान बंद किए गए सभी ट्रेनों को शुरू कर दिया गया है। यात्री सुविधा के लिए लगातार विकास के काम कराए जा रहे है। आने वाले दिनों में यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलने लगेगी।

# धान खरीदी में अड़ंगा डाल रही केंद्र सरकार : भूपेश

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। धान खरीदी पर छत्तीसगढ़ में सियासत गरमाई हुई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर धान खरीदी में अड़ंगा लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार को छत्तीसगढ़ की भौगोलिक परिस्थितियों का ध्यान रखना चाहिए। हमने केंद्र सरकार को इस संबंध में पत्र लिखा है।

सीएम भूपेश बघेल ने कहा, केंद्र सरकार ने केंद्रीय पुल में चावल की लिमिट भी घटा दी है। पहले 86 लाख किया अब 61 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। केंद्र और भाजपा सरकार किसान विरोधी है, यह स्पष्ट दिख रहा है। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक को भारत सरकार ने अनिवार्य कर दिया है और कारण बताया गया है कि उत्तर प्रदेश में जो खरीदी की व्यवस्था है, वो सबसे बढ़िया है। सीएम ने कहा कि यूपी इलेक्शन के दौरान उन्होंने वहां की धान खरीदी व्यवस्था देखी और ठंड के दिनों में वहां किसान 1200 रु में धान बेच रहे थे। लेकिन कौन खरीदता है, कौन बेच रहा है पता नहीं चलता जबकि छत्तीसगढ़ के धान खरीदी की व्यवस्था सबसे बढ़िया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में किसानों के धान खरीदने के लिए उनको आधार कार्ड से लिंक किया गया है। पिछले साल 107 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की लेकिन ना बारदाने की कमी आई, ना ट्रांसपोर्टिंग में और ना ही धान के उठाव में कोई परेशानी आई। इसके बावजूद भी पता नहीं छत्तीसगढ़ सरकार के साथ केंद्र सरकार की कौन सी दुश्मनी



है? क्या दुर्भावना है कि चावल का कोट 86 लाख मीट्रिक टन से 61 लाख कर दिए हैं और बायोमेट्रिक व्यवस्था कर दी गई है उन्होंने कहा केन्द्र ने कहा कि अगर बायोमेट्रिक व्यवस्था नहीं होगी, तो केन्द्र छत्तीसगढ़ से चावल नहीं खरीदेगी। यह धमकी ठीक उसी तरह है, जब पहले कहा गया था कि अगर आप धान पर बोनस समर्थन मूल्य से 1 रु. भी ज्यादा दोगे तो आपका चावल नहीं खरीदेंगे। जबकि रमन सिंह के समय 2013 तक ऐसा हुआ ही नहीं, उन्होंने अच्छे से धान खरीदी की क्योंकि उस समय मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे लेकिन जब से डबल इंजन की सरकार आई तो सबसे पहले अपने बोनस बंद कर दिया। दूसरी बात ये कि धान खरीदी का जो रकबा 15 क्विंटल था, उसे रमन सरकार ने 10 क्विंटल कर दिया और हर साल आप रिकॉर्ड देख लीजिए 14-15, 16-17, 17-18। यह 55 से 59 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा धान खरीदी नहीं किए। जैसे हमारी सरकार आई अगले साल 80 लाख, 83 लाख फिर 92 लाख और 97 लाख मीट्रिक टन के बाद और पिछले साल 107 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया और अब इस साल 125 लाख टन का हमारा लक्ष्य है। तो कौन किस के साथ खड़ा है यह छत्तीसगढ़ की जनता देख रही है।

केन्द्र सरकार ने जब आदेश निकाला कि आप समर्थन मूल्य से 1 रु. से ज्यादा नहीं देंगे तभी राज्य सरकार को राजीव गांधी किस न्याय योजना लाना पड़ा और अभी फिर आदेश आ गया कि 86 लाख की जगह 61 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदेंगे और बायोमीट्रिक व्यवस्था होनी चाहिए। तो यह किसानों के साथ भेदभाव भी है और मैं सीधा कहूंगा भारतीय जनता पार्टी किसानों के साथ दुश्मनी निकाल रही है।

# हरतालिका तीज व्रत 18 को

## सुहागिने करेंगी भगवान शिव-पार्वती की आराधना

रायपुर, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतिया तिथि को हरतालिका तीज मनायी जाती है। इस दिन सभी सुहागनें 16 श्रृंगार करके भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं। हरतालिका तीज पर महिलाएं व्रत रखती हैं। पति की लंबी आयु और सौभाग्य की प्राप्ति के लिए हरतालिका तीज मनायी जाती है।

इस त्योहार के दौरान, महिलाएं एक साथ मिलकर पूजा करती हैं। कुछ जगहों पर पारंपरिक रंगमंच का आयोजन किया जाता है, जिसमें लोग पुरानी कथाओं को गाकर और अभिनय करके मनोरंजन करते हैं। मेहंदी लगाना भी इस दिन शुभ माना जाता है। तो आप भी अगर हरतालिका तीज का त्योहार मना रही हैं तो आपको बताते हैं पूजा का शुभ मुहूर्त और सही विधि

**हरतालिका तीज का शुभ मुहूर्त**

इस साल हरतालिका तीज की तिथि 17 सितंबर को सुबह 11:08 बजे से शुरु हो रही है और ये 18 सितंबर को दोपहर 12:39 बजे तक रहेगी। हिंदू धर्म में उदयातिथि के अनुसार ही व्रत और पूजा की जाती है। हरतालिका तीज का व्रत 18 सितंबर को रखा जाएगा। शुभ समय सुबह 06:07 बजे से शुरू होगा और 08:34 बजे तक रहेगा। आपको इस दौरान ही पूजा करनी है।



**हरतालिका तीज शुभ योग**

हरतालिका तीज के दिन इंद्र योग बन रहा है, जो पूरे दिन रहेगा इस विशेष दिन पर रवि योग का निर्माण हो रहा है, जो दोपहर 12 बजकर 08 मिनट से शुरू होगा और पूर्ण रात्रि तक रहेगा।

**हरतालिका तीज की पूजा विधि**

इस विशेष दिन पर सुहागिन महिलाएं सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि करें और नए या साफ वस्त्र धारण करें।

शुभ मुहुर्त में दीपक जलाकर व्रत का संकल्प लें और पूजा आरंभ करें।

पूजा से पहले भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की मिट्टी से बनी प्रतिमा स्थापित करें

विधि-विधान से पूजा करें, व्रत कथा का पाठ करें और अंत में आरती करें।

माता पार्वती की पूजा करते समय' ? उमायै नम:' मंत्र का जाप करें और भगवान शिव की पूजा करते समय' ? नम: शिवाय' मंत्र का निरंतर जाप करते रहें।

## नमनदीप का सीजी पीएससी में चयन

**खरोरा,** 11 सितंबर। महेंद्र सिंह छाबड़ा के पोते व कल्याण सिंह छाबड़ा के पुत्र नमनदीप सिंह छाबड़ा का चयन सिजी पीएससी मे हुआ और 34 वा रैंक हासिल किया और सहायक संचालक वित्त विभाग मे नौकरी पाई.नगर का नाम रौशन करने के लिए लोगो ने छाबड़ा परिवार को बधाई दी.

# स्कूली बच्चों के लिए खिलौना संग्राहालय

### पौसरी में पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने किया शुभारंभ

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में नई शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों को शिक्षा के साथ साथ उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए कई नवाचारी पहल भी किए जा रहे हैं। बलौदाबाजार जिले के ग्राम पौसरी में एक ऐसे ही नवाचारी पहल के तहत अनोखे खिलौना संग्रहालय तैयार किया गया है। पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने इस अनोखे खिलौना संग्रहालय का शुभारंभ किया। शिक्षको और बच्चों को शुभकामनाएं दी।



शासकीय प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका भारती वर्मा ने अध्यापन कार्य के साथ-साथ नवाचारी पहल करते हुए अपने स्कूल में खेल खिलौना संग्रहालय की स्थापना की है। इस खिलौना संग्रहालय ने रखे गए सभी खिलौने लकड़ी, मिट्टी, कागज़, गत्ते व घर के अनुपयोगी वस्तुओं से तैयार किए गए है। खिलौने न सिर्फ खेलने के लिए बल्कि बच्चों को उनके पुस्तक के पाठ को समझने में सहायता करते हैं। खास बात ये भी है कि सभी खिलौने शिक्षिका व बच्चों ने मिलकर अलग अलग समय पर शाला में ही खिलौना निर्माण कार्यशाला लगाकर तैयार किया है। संग्रहालय में छत्तीसगढ़ के पारम्परिक व स्थानीय खेलो व खिलौनों को संग्रहित व संरक्षित करने की पहल की गई है।

**समुदाय के सहयोग से स्थापित**

शिक्षिका भारती वर्मा ने बताया कि मन में विचार आया कि क्यों न छत्तीसगढ़ के सभी पारम्परिक व स्थानीय खेल खिलौनों को एक छत के निचे एकत्र कर बच्चों को उनसे अवगत कराया जाय ताकि बच्चें उन्हें जान सके और खेलों के महत्व को समझ सके। शाला की प्रधान पाठक पुष्पलता नायक के प्रेरणा से स्थानीय पर्व छेरछेरा के तर्ज पर मै घर-घर जाकर पुराने खिलौनों को इकठ्ठा करने का काम करने लगी। पुराने बुजुर्गो से स्थानीय व प्रचलित खेलों की जानकारी भी एकत्र की, जो आज के बच्चे नहीं खेलते है या अब मोबाइल के युग में प्रचलन में नहीं है।

**नई राष्ट्रीय शिक्षा के अनुरूप**

नई राष्ट्रीय शिक्षा 2020 में खेल आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया है ताकि बच्चे खेल खेल में आनंदमयी तरीके से पाठ की अवधारणाओं को सीख व समझ सके। खिलौने न सिर्फ बच्चों का मनोरंजन करते है बल्कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक,सामजिक व सामुदायिक भावना का भी विकास करते है। एनसीईआरटी के निर्देशों अनुरूप शाला में जादुई पिटारा का निर्माण भी किया गया है, जिसे कक्षा 1 व 2 के बच्चों को सिखाने के लिए उपयोग किया जाता है।

**खेल खिलौना संग्रहालय क्यों**

5 से 6 वर्षो के बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए नई शिक्षा नीति के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र शाला परिसर में है वहां बालवाड़ी विकसित की जा रही है। यहां 'जाबो बालवाड़ी बढ़ाबो शिक्षा के गाड़ी' थीम के साथ खेल-खेल में बच्चों के सीखने एवं समझने की क्षमता में विकास किया जाएगा। इसी उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए बच्चों के मानसिक और शैक्षणिक विकास के लिए एक संग्रहालय स्थापित किया गया है।

# मेहनत करने की आदत बनाए रखें : मुख्य सचिव

### मुख्य सचिव ने ग्रंथालय और युवोदय अकादमी की व्यवस्थाओं की सराहना



**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने रविवार की शाम को लाला जगदलपुरिया ग्रन्थालय का अवलोकन कर सभी अध्ययन करने वालों के लिए जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाई व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान उन्होंने अध्ययनरत प्रतिभागियों से उनके तैयारियों के सम्बंध में चर्चाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नव चयनित अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई भी दी। मुख्य सचिव ने कहा कि युवाओं से मिलने से एक उत्साह की अनुभूति होती है। उन्होंने ई-क्लास में पढ़ाई कर रहे बच्चों से संस्थान द्वारा दी सुविधाओं और उनके भविष्य के लक्ष्यों के सम्बन्ध में चर्चा किए।

जैन ने परिसर में स्थित युवोदय अकादमी में अध्ययनरत विद्यार्थियों से मुलाकात किए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत करने की आदत बनाये रखें। साथ ही जीवन में खेलकूद की गतिविधियों को शामिल कर कोई भी आउटडोर खेल एक घंटा खेले जिससे एकाग्रता बढ़ाने और समझ विकसित करने में सहायता मिलती है। ग्रुप डिस्कशन को बढ़ावा दें। मुख्य सचिव ने युवोदय अकादमी के शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। मुख्य सचिव ने बच्चों को भौतिकी के सवाल पूछे और उसे विस्तृत रूप से वर्णन भी किए। ज्ञात हो कि इस संस्था से इस वर्ष 44 बच्चों ने एनईईटी के लिए क्वालीफाई हुए हैं। इस अवसर पर कलेक्टर विजय दयाराम के. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे सहित संस्थान के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

# बलौदा बाजार से अरुणा बघेल प्रबल दावेदार



**कोहका-नेवरा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी से अरुणा बघेल विधायक के लिए संभावित प्रबल दावेदार है श्रीमती बघेल भाजपा के पूर्व जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रह चुकी है वी क्षेत्र के 7 से जिला पंचायत के सदस्य भी रह चुकी है। श्रीमती बघेल अपने कार्य के प्रति शासकीय कार्यालय में होला मंगवाती है जिला पंचायत सदस्य हेतु पांच वर्षो तक लगातार ग्रामीणों के संपर्क में रही है महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष रहते विभिन्न धरना प्रदर्शन का कार्य किया अपने तेज तर्रार स्वभाव के चलते तिल्दा क्षेत्र में पहचानी जाती है चाहे वो उद्योग के मामले हो अवैध शराब के खिलाफहो भारष्टाचार अधिकारी के खिलाफहो श्रीमती बघेल जनहित के लिए हमेशा तत्पर रहती है अगर इसे बलौदा बाजार से भाजपा टिकट देता है तो इसका जीत निश्चित है तिल्दा क्षेत्र में विकास की गंगा बहा देगी इसमें पार्टी को श्रीमती अरुणा बघेल को टिकिट देना सर्वपरी होगा। इसके पक्ष में पिछड़ा मोर्चा शहर अध्यक्ष शिव वर्मा ए भाजपा मंडल अध्यक्ष ईश्वर यदु ए किसान मोर्चा अध्यक्ष सहदेव वर्मा ए महिला मोर्चा अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ए पूर्व महिला अध्यक्ष देवकी बाघमार आदि भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अरुणा बघेल को टिकिट देने की मांग की।

# आबकारी विभाग में बिना तालाबंदी के लौटे भाजपाई



**महासमुंद,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा महिला मोर्चा महासमुंद द्वारा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू के नेतृत्व में सोमवार को भूपेश सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में तथा छत्तीसगढ़ में शराब बंदी तत्काल लागू करने की मांग को लेकर जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय में तालाबंदी करने पहुंचे किंतु पुलिस प्रशासन द्वारा बेरिकेड्स लगाए जाने के कारण डिप्टी कलेक्टर व आबकारी अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप लौटना पड़ा। ज्ञापन सौंपते हुए महिला मोर्चा की समस्त पदाधिकारियों व जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू ने कहा कि सरकार बनते ही प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी की बात कांग्रेस ने कही थी। लेकिन आज सरकार का कार्यकाल समाप्ति की ओर है, आज तक शराब बंदी पर विचार तक नहीं किया गया। इस अवसर पर मीना वर्मा, पार्वती साहू, शुभ्रा शर्मा, सुरेखा कंवर, मधु यादव, गिरिजा दास, भगवती करकसे, हेमकांति देवांगन, सुनीता साहू, हेमलता देवांगन, निर्मला कुमार, सारिका यादव, चुनेश्वरी साहू,सविता तारक, लक्ष्मी साहू, सीता डोंडेकर, डिगेश्वरी चन्द्राकर,डॉ विमल चोपड़ा, सतपाल सिंग पाली,प्रकाश शर्मा,एतराम साहू, मनीष शर्मा,रमेश साहू,झनक लाल साहू,राजू सिन्हा, देवीचंद राठी,नंदू जलक्षत्री,आकाश पांडे,अमन वर्मा,पवन साहू, मोहन साहू,जितेन्द्र साहू,जतिन रूपरेला,राकेश पटवा,अमित साहू, मानिक राम सोनवानी,भुवनेश्वर साहू,खुशाल ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वच्छता दीदियों के मानदेय में वृद्धि

### राज्य शासन द्वारा 79.76 करोड़ की स्वीकृति

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा अनुसार नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में मिशन क्लीन सिटी योजना अंतर्गत कार्यरत स्वच्छता दीदियों के माह सितम्बर 2023 से मानदेय वृद्धि अनुसार राज्य शासन ने आगामी एक वर्ष के लिए राशि की स्वीकृत जारी कर दी है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2023 को स्वच्छता दीदियों के मानदेय में वृद्धि की घोषणा की थी। राज्य शासन द्वारा स्वच्छता दीदियों के मानदेय में वृद्धि अनुसार 7200 रूपए के मान से 9232 मानव बल हेतु अगले एक वर्ष (01 अक्टूबर 2023 से 30 सितम्बर 2024 तक) के लिए मानदेय हेतु 79 करोड़ 76 लाख 44 हजार 800 रूपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा आज मंत्रालय से इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगरीय निकायों को अनिवार्य देयताओं को पूरा करने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के चुंगी क्षतिपूर्ति मद की शेष राशि के अग्रिम आहरण हेतु तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## दामिनी वर्मा ने एमबीबीएस में सफलता प्राप्त की



**बलौदाबाजार,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। सुहेला निवासी डॉ.यशवंत बघेल एवं शकुन वर्मा (व्याख्याता) की सुपुत्री कु.दामिनी वर्मा ने नीट परीक्षा में 567/720 अंक के साथ एम.बी.बी.एस.2023 में सफलता प्राप्त कर शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में दाखिला लिया है। उक्त छात्रा बचपन से ही मेधावी छात्रा के रूप में पहचानी जाती रही हैं। वह आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल ग्रासिम विहार अल्ट्राटेक रावन में दसवीं और बारहवीं में प्रतिभावान छात्रा रहीं हैं, तत्पश्चात शासकीय वेटरनरी कॉलेज अंजोरा दुर्ग में पढ़ाई करते हुए, नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी सफलता पर परिवारजन और गुरुजन तथा ईष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई देकर ईश्वर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## रसेडा में बिक रही है खुलेआम अवैध शराब

**बलौदाबाजार,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत रसेडा में अवैध शराब खुलेआम बेची जाती है। जिससे महिलाऐं व ग्रामवासी परेशान है। किराना दुकान, पान ठेला, चखना दुकान में शराब बेची जाती है जिससे आये दिन चोरी मारपीट हुल्लड़बाजी, गाली गलोज होती रहती है। ग्रामींणों ने बताया कि पुलिस प्रशासन एसपी आफिस, आबकारी विभाग, कलेक्टर, सिटी कोतवाली थाना इन सभी विभाग को शिकायत की जा चुकी है। ग्रामींणों ने बताया कि शिकायत करने पर आज तक कार्यवाही नही हुआ सिर्फखानपूर्ति की जाती है। जिससे शराब बेचने वाले कोचिया के हौसले बड रहा है। रसेडा के महिला समूह के सदस्य झूलबाई नेताम, पोरा नेताम, दुखनी नेताम, सुजान मरकाम व अन्य महिलाओं ने बताया कि सुबह छ: बजे से रात बारह बजे तक अवैध शराब बिकता है। जहां सभी प्रकार की अवैध शराब अधिक कीमत में बेची जाती है।

# कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने किया 31 शिक्षकों का सम्मान



**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती ''शिक्षक दिवस'' के अवसर पर आशीर्वाद भवन में 31 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान मुख्य अतिथि पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल एवं विशेष अतिथि डॉ. मनीषा शुक्ला सहायक संचालक उच्च शिक्षा विभाग की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष अरूण शुक्ल, उपाध्यक्ष राघवेन्द्र मिश्र, सचिव सुरेश मिश्र, श्रीमती निशा अवस्थी उपाध्यक्षा, सहसचिव रज्जन अग्निहोत्री, सहसचिव गौरव शुक्ल, कोषाध्यक्ष संतोष दुबे, संयोजक अतुल पाण्डेय एवं श्रीमती नीता अवस्थी के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों के नाम इस प्रकार है - श्रीमती प्रीति मिश्रा, श्रीमती सोनम त्रिवेदी श्रीमती रेखा शुक्ला, श्रीमती शिखा पाण्डेय, सुश्री अनुशा दुबे (प्राची), श्रीमती श्रेया दुबे, श्रीमती ज्योति मिश्रा, सुश्री जिज्ञासा त्रिवेदी, श्रीमती सविता तिवारी, श्रीमती मोनिका मिश्रा, डॉ. मनोज मिश्रा श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, अशोक कुमार मिश्र (बलौदा बाज़ार), श्रीमती रचना तिवारी, सुश्री साक्षी शुक्ला, डॉ. इला दीक्षित, श्रीमती ममता पाण्डेय(बलौदा बाज़ार), अमित कुमार अवस्थी (बलौदा बाज़ार), श्रीमती नीरजा त्रिवेदी, सुश्री श्रृष्टि दीक्षित, राम नरेश त्रिवेदी, अनिरूद्ध पाण्डेय, डॉ. राजीव तिवारी, श्रीमती रिचा पाठक, श्रीमती अमिता तिवारी, राहुल मिश्रा, श्रीमती सीमा मिश्रा, श्रीमती ममता अवस्थी, डॉ. स्नेहलता पाठक। इस अवसर पर अध्यक्ष अरुण शुक्ल, सचिव सुरेश मिश्र, कार्यकारिणी के सदस्यगण एवं समाज के महिला और पुरूष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव ने मिलेट कैफे का किया अवलोकन

### रागी से बनी डोसा, बड़ा व पिज्जा का उठाया लुत्फ की तारीफ



**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन अमिताभ जैन ने रविवार को जगदलपुर के दलपत सागर आइलैंड के समीप स्थित सेहत बाजार मिलेट कैफे का अवलोकन किया। वहीं उन्होंने बस्तर के पारंपरिक लघु धान्य फसल कोदो-कुटकी एवं रागी से बने व्यंजनों के बारे में जानकारी ली और रागी से निर्मित डोसा, बड़ा एवं पिज्जा का लुत्फ उठाया। उन्होंने इन व्यंजनों के स्वाद की बहुत तारीफ की। जैन ने मिलेट कैफे संचालन करने वाले मोम्स फूड के सदस्यों से रूबरू चर्चा करते हुए, उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर कलेक्टर विजय दयाराम के. ने जिले में मिलेट मिशन के अंतर्गत मिलेट फसलों की खेती सहित मिलेट उत्पादों के सम्बंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# एसडीएम ने अनशन में बैठे किसानों से कहा कल से किसानों के खाते में पहुंचेगा पैसा

**बागबाहरा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के रबी फसल के समय बेमौसम ओलावृष्टि और तूफान से 74 गांव के सैकड़ों एकड धान फसल बर्बाद होने से ब्यापक पैमाने पर आर्थिक नुकसान खेतिहर किसानों को हुआ था। फसलों से प्रभावित अन्नदाता किसानों को मुआवजा देने की मांग जनपद पंचायत अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर एवं किसान नेता हितेश चंद्राकर ने लंबे समय से करते रहे। बावजूद जिला प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। शासन-प्रशासन के बेरुखी के चलते जनपद अध्यक्ष स्मिता चन्द्राकर एवं जुझारु किसान नेता हितेश चंद्राकर के नेतृत्व में विगत 21 अगस्त को हजारों किसानों ने ब्लॉक मुख्यालय में आक्रोश जंगी रैली निकाल कर अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय का घेराव कर मुआवजा राशि देने की मांग किया गया था। किसानों के आन्दोलन के पश्चात राजस्व प्रशासन हरकत में आकर 15 दिवस में प्रभावित सभी किसानों को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि देने का आश्वासन देकर क्षेत्र के किसानों के आंदोलन को समाप्त कराया था। उसके बाद भी तय सीमा में किसानों को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि नहीं मिलने से जनपद अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर एंव किसान नेता हितेश चंद्राकर के नेतृत्व में क्षेत्र के हजारों किसानों ने आज 11 सितंबर सोमवार को वन विभाग कार्यालय के सामने मेन रोड में आमरण अनशन पर बैठे थे।

किसानों का अनशन सुबह दस बजे प्रारंभ हो गया था। किसानों की भीड को देखते हुए प्रशासन की ओर से राजस्व विभाग की टीम जिसमें तहसीलदार लीलाधर कंवर, बी.एस.साव एवं नायब तहसीलदार हरीशचन्द्र ध्रुव किसानों को वस्तुस्थिति की जानकारी देना चाहा।

# विधवा सास को दोनों बहुएं भरण-पोषण दें : आयोग

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य महिला आयोग में आज महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की गई।

दोनों पक्षों को सुना गया अनावेदक शासकीय सेवा ग्रेड 2 में कार्यरत है जो अवैध रूप से अन्य महिला को अपने साथ रखे हुए हैं। शासकीय सेवा में रहते हुये अपने पत्नी से बिना तलाक के अवैध रिश्ते को बढावा दे रहा है आवेदिका का कथन है कि तीनों बच्चों को पढ़ाई। -लिखाई एवं भरण-पोषण के लिए अनावेदक खर्च नहीं दे रहा है। अनावेदक ने 25 हजार रूपये अपने वेतन से आवेदिका के खाते में दिये जाने पर सहमति दी किंतु आवेदिका 30 हजार की मांग कर रही है। आयोग के द्वारा काउंसलर की नियुक्ति की गई। जो गुप्त सूचना दिये जाने पर निरीक्षण करे कि अनावेदक ने दूसरा विवाह किया है अथवा नहीं। आगामी सुनवाई में अनावेदक को अन्य महिला को भी आयोग में उपस्थित करने का आदेश दिया गया। ताकि प्रकरण का निराकरण किया जा सके।

अन्य प्रकरण में पिछली सुनवाई आयोग के द्वारा दिये गये निर्देश का पालन कर अनावेदक द्वारा आवेदिका को बेढ साल पुराना 10 माह का बकाया वेतन 85 हजार रू. का चेक प्रदान किया गया। आवेदिका की पूर्ण संतुष्टि के साथ प्रकरण नस्तीवाद किया गया। अन्य प्रकारण में दोनों पक्षों को सुना गया दोनों पक्षों ने अपने लिखित दस्तावेज आयोग में प्रस्तुत किया था। आयोग द्वारा यह समझाइश दिया गया कि दोनो पक्ष एक-दूसरे को लिखित रूप से कॉपी देंगे जिसकी सूचना देने के बाद पुन: सुनवाई किया जायेगा। अन्य प्रकरण में आवेदिका के तीन पुत्र एवं पुत्री थी। जिसमें से दो पुत्र का निधन हो गया है व आवेदिका के पति की मृत्यु भी हो चुकी है। दोनों पुत्र शासकीय नौकरी पर थे जिनके निधन के बाद उनके बहुओं को अनुकंपा नियुक्ति मिला है। जिसमे बढ़ी बहू को 25 हजार रू तथा छोटी बहू को

- **शासकीय कर्मचारी का अवैध रिश्ता जांच का दिया आदेश**
- **आवेदिका को एक मुश्त भरण-पोषण 5 लाख नगद दिलाया गया**

15 हजार रू मासिक वेतन मिलता है। आवेदिका ने बताया कि दोनों बहुओं द्वारा कोई भी भरण-पोषण नहीं दिया जाता। अनावेदक बहूओं द्वारा सम्पत्ति के मामले में हमेशा परेशान किया जाता है और झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दिया जाता है आयोग आवेदिका को घरेलू हिंसा का केस दर्ज कराने की बात कही और दोनों बहुओं से मरण-पोषण भी ले सकती है कहा। कृदजानों के लिए संरक्षण के तहत दोनों के खिलाफ न्यायालय में परिवाद भी दायर करने का सुझाव दिया गया।

अन्य प्रकारण में आयोग ने थाना धमतरी को पिछली सुनवाई में पत्र भेजा था जिसमें थाना धमतरी के सह उपनिरीक्षक द्वारा उपस्थित होकर मौखिक सूचना दिया गया कि अनावेदकगण आयोग में उपस्थिति से इंकार कर रहे है। आयोग ने थाना प्रभारी धमतरी को ए.एस.आई से पत्र भेजेगा जिसमें यह निर्देश दिया गया कि अनावेदकगणों के कब्जे से आवेदिका के समस्त जेवरातों और जेवरात से संबंधित दस्तावेजों को भी जब्त किया जायेगा और अनावेदकगणों के पास गहने गिरवी रखने के संबंध में कोई भी वैधानिक लाइसेंस होगा तो उसकी पुष्टि भी करेंगे एवं 1 माह के अंदर आयोग में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

आयोग ने टिप्पणी करते हुये कहा कि क्यों तो अनावेदकगण के विस्तद एफआईआर दर्ज किया जाये। अन्य प्रकरण में आयोग द्वारा अनावेदक एएसआई खरीरा से पूछा गया कि यदि कोई बाहरी व्यक्ति घर में घुस कर चोरी करेगा तो घर मालिक विरोध नहीं कर सकता क्या ? जिसके जवाब में अनावेदक ने कहना था कि ऐसे करने वाले पर अपराधिक कार्यवाही की जा सकती है। आयोग ने आवेदिका को निर्देशित किया कि वह एएसआई के खिलाफ एफ.आई.आर दर्ज करवा सकती है और अपनी जमीन पर पहले की तरह अपनी फसल ले सकती है। इस निर्देश के साथ प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

## निधन

### श्रीमती माया सोनी



**बागबाहरा,** 11 सितम्बर। स्टेशन रोड कोमाखान निवासी अजय कुमार सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती माया सोनी का आज 11 सितम्बर सोमवार की सुबह निधन हो गया। उनकी उम्र 35 वर्ष थी। वह बागबाहरा नगर के वरिष्ठ पत्रकार ललित सोनी की भतीजा बहु एवं राजेश बल्ला सोनी, राकेश सोनी, रोशन सोनी की भाई बहु एवं नीरज सोनी, भावेश सोनी, गौरव कुमार सोनी, अनुराग सोनी की भाभी थी। उनका अंतिम संस्कार आज 12 सितम्बर मंगलवार को कोमाखान के मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# दुनिया रंग-बिरंगी



**'लकी गाय' का फुल-एडिट वर्जन देख मेरे रोंगटे खड़े हो गए : स्वैगर शर्मा**

**मुंबई।** फैंटेसी ड्रामा 'लकी गाय' में मुख्य भूमिका निभा रहे एक्टर स्वैगर शर्मा ने शो की पटकथा लिखने का अपना अनुभव साझा किया और इसकी यूएसपी के बारे में बात की। लकी गाय परिवार, दोस्ती, प्यार और भाग्य का मिश्रण है। यह एक युवा लड़के की किस्मत और भावनाओं की यात्रा की कहानी बताती है, जहां एक लॉकेट प्राप्त करने के बाद उसका जीवन बदल जाता है। स्वैगर को एक कॉलेज छात्र लकी के किरदार में दिखाया गया है। अपने किरदार को लेकर स्वैगर ने कहा कि वास्तव में मैंने स्क्रिप्ट लिखी थी इसलिए इसे नए सिरे से पढ़ने का अनुभव नहीं था, लेकिन जब मैंने पहली बार फुल-एडिट वर्जन देखा, तो मेरे रोंगटे खड़े हो गए। हालांकि, मैंने इसे लिखा था, एडिट वर्जन देखने के बाद मैंने कुछ अच्छा और सार्थक बनाने के लिए अपनी पीठ थपथपाई।

## रोहित शेट्टी के साथ फिल्में करना चाहते हैं अब्दु रोजिक

**नई दिल्ली,** 10 सितम्बर (एजेंसियां)। स्टंट-आधारित रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' सीजन 13 में अतिथि के रूप में आए ताजिकिस्तानी गायक अब्दु रोजिक ने शो के मेजबान और फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी को शो का 'रॉकस्टार' कहा। 'खतरों के खिलाड़ी' में एक नायक के रूप में प्रवेश करने के बाद अब्दु ने शो में कई स्टंट किए। अब्दु ने फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी को बहुत अच्छे दिल वाला इंसान बताया। अब्दु ने साझा किया कि उन्होंने सभी प्रतियोगियों की मदद की। यह बहुत अच्छा और बेहतरीन शो है। मुझे अच्छा लगा कि वह 'खतरों के खिलाड़ी' कर रहे हैं, यह शो कोई नहीं कर सकता। वह एक रॉकस्टार हैं। वह खतरों का राजा है। 'केकेके' में शिव ठाकरे से मिलने पर अब्दु ने कहा कि मेरा सबसे अच्छा दोस्त शिव शो में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वह बहुत अच्छे स्टंट कर रहे हैं और मुझे बहुत मजा आया, हमने एक-दूसरे के साथ अलग-अलग शरारतें कीं।



'केकेके' की एक अन्य प्रतियोगी अर्चना गौतम भी अब्दु के साथ 'बिग बॉस 16' का हिस्सा थीं। उनके बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनसे मिलकर अच्छा लगा। शो में कोई एक-दूसरे से नहीं लड़ता, सब दोस्त हैं, एक-दूसरे की मदद कर रहे हैं। वह बहुत अच्छा कर रही है।

## जी-20 में शिल्प बाजार ने किया सबका ध्यानाकर्षित

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। मेघालय में जैविक रूप से उत्पादित एरी रिंदिया ने हाल ही में आयोजित जी-20 अन्तरराष्ट्रीय शिल्प बाजार में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मेहमानों का ध्यानाकर्षित किया।

- मेघालय में जैविक रूप से उत्पादित एरी रिंदिया ब्रांड
- अनूठा उत्पाद जलवायु कार्रवाई, महिला सशक्तिकरण और स्थायी आजीविका से संबंधित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेघालय के स्टॉल का दौरा किया और टीम के साथ बातचीत की तथा नैतिक रूप से प्राप्त किए गए राइंडिया में अपनी रुचि व्यक्त की जो जलवायु कार्रवाई, महिला सशक्तिकरण एवं स्थायी आजीविका के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के साथ मेल खाती है।



मेघालय के वस्त्र और सामुदायिक और ग्रामीण विकास विभाग (सी एंड आरडी) ने वस्त्र विभाग के ब्रांड 'रिंदिया' और वस्त्र और सामुदायिक और ग्रामीण विकास विभाग के 'जनजातीय बुनाई' के माध्यम से पर्यटन विभाग के मेघालयन युग के हस्तशिल्प के अलावा जी20 अंतरराष्ट्रीय शिल्प बाजार में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। मेघालय के वस्त्र और सी एंड आरडी आयुक्त और सचिव, फ्रेडरिक रॉय खारकोंगोर ने समन्वय उद्देश्यों के लिए वस्त्र और सी एंड आरडी टीमों का नेतृत्व किया और वस्त्र विभाग के अधिकारियों ने जी20 प्रदर्शनी में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। एक अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मेघालय की टीम के साथ बातचीत की और व्यवस्थित रूप से निर्मित और नैतिक रूप से प्राप्त किए गए मेघालय एरी रिंडिया में महत्वपूर्ण रुचि दिखाई। उन्होंने कहा कि यह अनूठा उत्पाद जलवायु कार्रवाई, महिला सशक्तिकरण और स्थायी आजीविका से संबंधित सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के साथ संरेखित है। इस सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों, अंतरराष्ट्रीय मीडिया को इस शिल्प बाजार का दौरा करने और स्थानीय रूप से प्राप्त किए गए उत्पादों को खरीदने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रदर्शनी का आयोजन जी-20 सचिवालय द्वारा वस्त्र मंत्रालय और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की सरकारों के समन्वय से किया गया। लगभग 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ-साथ खादी ग्रामोद्योग और उद्योग आयोग, ट्राइफेड, सरस आजीविका जैसी केंद्रीय एजेंसियों ने इस शिल्प बाजार में भाग लिया।

## टिनिटस से पीड़ित व्यक्ति का सफल इलाज

- टिनिटस रोग से पीड़ित नीदरलैंड का एक व्यक्ति
- मरीज के कान में रुक-रुक कर होने वाली ध्वनि

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। टिनिटस रोग से पीड़ित नीदरलैंड के एक व्यक्ति का दिल्ली के एक अस्पताल के डॉक्टरों ने इलाज किया। इस बीमारी का असर उनके दैनिक जीवन पर पड़ रहा था। टिनिटस कान में एक असामान्य ध्वनि पैदा करती है। यह मरीज के कान में रुक-रुक कर होने वाली ध्वनि है। यह कई तरह की हो सकती है।




अधेड़ उम्र का व्यक्ति पल्सेटाइल टिनिटस से पीड़ित था, जहां वह दो साल से अधिक समय से दिन-रात लगातार आ रही आवाजों से परेशान था। इससे वह बहुत चिड़चिड़ा हो गया था। इस बीमारी की वजह से उसका वजन कम हो गया और उसकी भूख भी कम हो गई थी। नियमित रूप से नींद की गोलियां लेने के बावजूद भी उन्हें नींद नहीं आती थी। मस्तिष्क के एमआरआई स्कैन से धमनियों द्वारा श्रवण तंत्रिका के अत्यधिक प्रभाव का पता चला। यह प्रभाव सामान्य आकार से दोगुने से भी अधिक था। हालांकि, इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है, लेकिन नई दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के डॉक्टरों ने माइक्रोवैस्कुलर न्यूरोसर्जरी का सुझाव दिया।

डॉ. प्रणव ने कहा कि मरीज के एमआरआई स्कैन से काफी जटिल शारीरिक रचना का पता चला था। श्रवण तंत्रिका में कई स्तरों पर बाधा थी। एक बिंदु पर, धमनियों में से एक द्वारा इसे कसकर दबाया जा रहा था। यह काफी चुनौतीपूर्ण और मांग वाली सर्जरी थी। अस्पताल में न्यूरोसर्जरी के वरिष्ठ सलाहकार कुमार ने एक बयान में कहा कि सर्जरी पूरी तरह से नई नहीं है लेकिन यह असाधारण रूप से चुनौतीपूर्ण थी। इसमें काफी जोखिम और विफलता का डर था। डॉक्टर ने कहा, सर्जरी के बाद मरीज को अपने टिनिटस में लगभग 90 प्रतिशत सुधार महसूस हो रहा है। कुमार ने कहा कि हमें खुशी है कि हमारे प्रयासों से मरीज के जीवन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।

## नए एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने की योजना बना रहा मेटा

**सैन फ्रांसिस्को,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। मेटा कथित तौर पर एक नए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल को प्रशिक्षित करने की योजना बना रहा है, जिसके ओपनएआई के लेटेस्ट चैटबॉट जीपीटी-4 जितना पावरफुल होने की संभावना है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, मेटा ज्यादा एनवीडिया एच100 एआई-ट्रेनिंग चिप्स खरीद रहा है और नए चैटबॉट को प्रशिक्षित करने के लिए अपने बुनियादी ढांचे में सुधार कर रहा है। कंपनी कथित तौर पर 2024 की शुरुआत में नए लार्ज लैंग्वेज मॉडल की ट्रेनिंग शुरू करने की योजना बना रही है।




मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग द्वारा कंपनियों और शोधकर्ताओं के लिए एआई टूल्स को शुरुआत में मुफ्त रखने की संभावना है। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि मेटा ने नए एआई मॉडल के निर्माण के लिए एक समूह को इकट्ठा किया है, जिसका लक्ष्य एआई टूल्स के निर्माण में तेजी लाना है जो ह्यूमन एक्सप्रेशन्स का अनुकरण कर सकते हैं।

- लेटेस्ट चैटबॉट जीपीटी-4 जितना पावरफुल होने की संभावना

कंपनी ने पिछले महीने नए कोड बनाने और मानव-लिखित कार्य को डीबग करने के लिए कोड लामा नामक अपना एआई टूल लॉन्च किया था। लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) कोड जनरेट करने और डिस्कस करने के लिए टेक्स्ट प्रॉम्प्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। मेटा ने एक बयान में कहा था, 'कोडिंग टास्क पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध एलएलएम के लिए कोड लामा स्टेट-ऑफ-द-आर्ट है। इसमें डेवलपर्स के लिए वर्कफ़्लो को फास्टर और ज्यादा कुशल बनाने और कोड सीख रहे लोगों के लिए एंट्री की बाधा को कम करने की क्षमता है।

कोड लामा में प्रोग्रामर्स को ज्यादा मजबूत, अच्छी तरह से प्रलेखित सॉफ़्टवेयर लिखने में मदद करने के लिए उत्पादकता और शैक्षिक उपकरण के रूप में उपयोग करने की क्षमता है। कोड लामा, लामा 2 का एक कोड-स्पेशलाइज्ड वर्जन है जिसे लामा 2 को उसके कोड-स्पेसिफिक डेटासेट पर आगे प्रशिक्षण देकर, उसी डेटासेट से लंबे समय तक अधिक डेटा का नमूना लेकर बनाया गया था।

इस साल फरवरी में, जुकरबर्ग ने घोषणा की थी कि कंपनी एक नई 'टॉप-लेवल' प्रोडक्ट टीम बना रही है जो जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर फोकस्ड करेगी।

## जलवायु परिवर्तन के विरोध में भारतीय मूल के व्यक्ति ने यूएस ओपन में स्टेडियम के फर्श पर चिपकाए पैर

**न्यूयॉर्क,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। जलवायु परिवर्तन के विरोध में भारतीय मूल के एक शख्स ने यूएस ओपन में स्टेडियम के फर्श पर अपने पैर चिपका दिए। शख्स ने कहा कि यह अन्य तरीकों की तरह लोगों तक सीधे संदेश पहुंचाने का एक प्रभावी तरीका था। सात सितम्बर को सयाक मुखोपाध्याय को अमेरिकी कोको गौफ और चेक कैरोलिना मुचोवा के बीच यूएस ओपन टेनिस मैच में लगभग 50 मिनट तक बाधा डालने के बाद आर्थर ऐश स्टेडियम में गिरफ्तार किया गया था। वह और ग्रुप एक्सटिंक्शन रिबेलियन एनवाईसी के दो अन्य लोग 'जीवाश्म ईंधन समाप्त करो' के नारे लगाते चिल्लाते हुए खड़े हो गए। इससे पहले कि उन्होंने अपने जूते उतार दिए और अपने पैरों को फर्श से चिपका लिया। इससे पुलिस के लिए उन्हें हटाना मुश्किल हो गया। उन्होंने न्यूयॉर्क पोस्ट को



बताया कि जलवायु परिवर्तन आंदोलन ने कानून कार्रवाई, प्रदर्शन और बैंकों को अवरुद्ध करने तक सब कुछ करने की कोशिश की है, लेकिन उनमें से कोई भी इतना प्रभावी नहीं रहा।

गॉफ़, जिन्होंने उस गेम में मुचोवा को हराया और यूएस ओपन जीता, ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह इस हरकत पर 'बहुत क्रोधित' नहीं हो सकतीं क्योंकि 'यह शांतिपूर्ण तरीके से किया गया था।'

न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के अनुसार, मुखोपाध्याय पर अतिक्रमण का आरोप लगाया गया था। उन्हें अदालत में पेश होने का नोटिस देकर रिहा कर दिया गया। एक्स सोशल मीडिया पर एक्सटिंक्शन रिबेलियन एनवाईसी पोस्ट के अनुसार, 50 वर्षीय मुखोपाध्याय 25 साल पहले अपने कोलकाता से न्यूयॉर्क चले गए थे।

इसमें उनके हवाले से कहा गया है कि वह भारत में लोगों के साथ हो रहे जलवायु अन्याय से भयभीत हैं, जिन्हें विकसित देशों द्वारा उत्पादित उत्सर्जन के कारण होने वाले जलवायु परिवर्तन की कीमत चुकानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसी चीज है, जिसके बारे में मैं लगातार सोचता रहता हूं क्योंकि मैं वहां बड़ा हुआ हूं और मैं इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हूं कि वहां संसाधन खपत और ऊर्जा खपत का स्तर कितना कम है।

## देव आनंद की 100वीं जयंती को खास बनाएगा फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन

**मुंबई,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड के महान अभिनेता-फिल्मकार देव आनंद की 100वीं जयंती को फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन खास बनाएगा।



26 सितम्बर को देव आनंद की 100वीं जयंती है। उनके जन्मदिन को खास बनाने के लिए फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन ने 'देव आनंदञ्च100 - फॉरएवर यंग' नामक एक अनोखे उत्सव की अनाउंसमेंट की है। एनएफडीसी-एनएफएआई (नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया- नेशनल फिल्म आर्काइव ऑफ इंडिया) और पीवीआर आईनॉक्स के सहयोग से दो दिवसीय समारोह 23 और 24 सितम्बर को 30 शहरों और 55 सिनेमाघरों में आयोजित किया जाएगा।

फिल्म निर्माता और एक्टिविस्ट शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर की ओर से शोकेस के लिए देव आनंद की चार फिल्मों का कलेक्शन तैयार किया गया है, जिसमें सीआईडी (1956), गाइड (1965), ज्वेल थीफ (1967) और जॉनी मेरा नाम (1970) जैसी फिल्म शामिल है। मुंबई, अहमदाबाद, हैदराबाद, तिरुवनंतपुरम, चेन्नई, बेंगलुरु, लखनऊ, कोलकाता, गुवाहाटी, इंदौर, जयपुर, नागपुर, नई दिल्ली, ग्वालियर, राउरकेला, कोच्चि और मोहाली जैसे शहरों के दर्शकों को इन फिल्मों को देखने का अवसर मिलेगा। देव आनंद की फिल्मों को एनएफसीडीसी-एनएफएआई की ओर से बड़े स्क्रीन के लिए 4के रिज़ॉल्यूशन में बदला गया है।

## दिनेश कार्तिक ने की 'जवान' की समीक्षा

### शाहरुख ने कहा कि एक फिनिशर के रूप में हमेशा आपकी जरूरत है



**मुंबई,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने भी 'जवान' फिल्म की तारीफ की है। उनकी समीक्षा पर बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें 'फिल्म प्रेमी' कहा है। दिनेश शाहरुख की आईपीएल टीम 'कोलकाता नाइट राइडर्स' का हिस्सा थे। उन्होंने फ्रेंचाइजी के दूसरे सबसे सफल कप्तान के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त किया। हाल ही में क्रिकेटर ने एक्स पर शाहरुख की हाल ही में रिलीज हुई एक्शन एंटरटेनर 'जवान' की व्यापक समीक्षा पोस्ट की। उन्होंने फिल्म की भव्यता के बारे में बात की। दिनेश ने एक लंबे नोट में लिखा कि मुझे यकीन है कि जवान अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन जाएगी। एसआरके को इतने सारे अवतारों में लाने के लिए एटली डीआईआर का क्या अद्भुत प्रयास है, मेरे पसंदीदा विक्रम राठौड़ की शैली में शाहरुख का करिश्मा पहले कभी किसी ने नहीं देखा।

उन्होंने लिखा कि मुझे याद है जब 2018 में मैंने केकेआर के साथ शुरुआत की थी, तभी एटली ने एसआरके के साथ बातचीत शुरू की थी और वास्तव में वह चेन्नई में सीएसके बनाम केकेआर मैच के लिए आए थे। इसमें 5 साल लग गए, इतनी चर्चाएं हुईं, कई छोटी-छोटी स्क्रिप्ट में बदलाव हुए और इस दौरान बहुत कुछ हुआ है। इतनी अच्छी तरह से सामने लाना और हर फ्रेम को इतना मजेदार बनाना इंतजार के लायक था। फिल्म की टीम की प्रशंसा करते हुए दिनेश ने कहा, वेंकी मैसूर सर को बधाई, मैं उनके लिए बहुत खुश हूं। उन्होंने पृष्ठभूमि में अथक परिश्रम किया है और इतनी बड़ी हिट पाना उनके लिए काफी हद तक योग्य है। पूरी जवान टीम को बहुत-बहुत बधाई।

स्टार कास्ट के बारे में बात करते हुए, दिनेश ने कहा कि नयनतारा और विजय सेतु आप लोग पैन-इंडियन स्टार हैं। आप सभी को हर दृश्य में खुद को संभाले हुए और अपना कौशल दिखाते हुए देखकर बहुत अच्छा लगा।

## कश्मीर में मनाया गया मखदूम साहब का वार्षिक उर्स

**श्रीनगर,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। सूफी संत, सुल्तान-उल-आरीफीन हजरत शेख हमजा मखदूम साहिब (आरए) के वार्षिक उर्स के अवसर पर सोमवार को श्रीनगर में मखदूम साहिब दरगाह पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को नौहट्टा और रैनावारी गुरुद्वारा की ओर से दरगाह की ओर जाते देखा गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने श्रद्धालुओं के लिए विस्तृत व्यवस्था की थी। मखदूम साहब और सुल्तान-उल-आरिफ़ीन के नाम से प्रसिद्ध सूफी संत श्रीनगर के सबसे सम्मानित संत हैं और उनके अनुयायी, मुस्लिम और गैर-मुस्लिम, लगभग 500 वर्षों से इस दरगाह पर आते रहे हैं। जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी के अध्यक्ष एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला और उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने महबूबुल आलम, सुल्तान उल अरीफीन शेख हमजा मकदूमी (आरए) के वार्षिक उर्स पर लोगों को बधाई दी। फारूक ने कहा कि सूफी रहस्यवाद में कश्मीर के योगदान और बेजोड़ आध्यात्मिक प्रतिष्ठा वाले हजरत सुल्तान उल अरीफीन जैसे महान विद्वानों ने समय-समय पर इसका पोषण किया। ये महापुरुष महान भक्ति, निःस्वार्थता और तपस्या करने वाले लोग थे। अपनी पार्टी के अध्यक्ष सैयद मोहम्मद अल्ताफ बुखारी ने सोमवार को वार्षिक उर्स के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। बुखारी ने अपने संदेश में कहा कि हजरत सुल्तान-उल-अरिफीन के वार्षिक उर्स के शुभ अवसर पर, मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों, विशेषकर सूफी संत के अनुयाइयों को शुभकामनाएं देता हूं, जो सदियों से कश्मीरियों के दिलों में बसे हुए हैं।

## पितृपक्ष में 'मोक्षस्थली' गया आने वाले तीर्थयात्री पिएंगे गंगाजल




**गया,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। पितृपक्ष में मोक्षस्थली के रूप में चर्चित बिहार के गया में अपने पूर्वजों की मृतात्मा की शांति के लिए पिंडदान करने आने वाले तीर्थयात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए जिला प्रशासन दिन-रात काम कर रहा है। इस साल पिंडदान करने गया आने वाले तीर्थयात्रियों को पीने के लिए गंगाजल भी मिलेगा। इसके लिए विभिन्न पिंडवेदियों के समीप प्याऊ की व्यवस्था की गई है। पहले से ही गंगा जल आपूर्ति योजना के तहत यहां के घरों में पीने के लिए गंगाजल आपूर्ति की जा रही है। गंगा जलापूर्ति योजना के माध्यम से ही तीर्थयात्रियों को गंगाजल उपलब्ध कराया जाएगा।

- पूर्वजों की मृतात्मा की शांति के लिए पिंडदान करने आने वाले तीर्थयात्री
- पिंडदान करने गया आने वाले तीर्थयात्रियों को गंगाजल मिलेगा

गया के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने बताया कि सीता कुंड और देवघाट पर तीन अलग-अलग प्याऊ बनाए गए हैं जिसमें सभी में सात या उससे अधिक नल लगाए गए हैं, जिससे तीर्थयात्रियों को पेयजल के रूप में गंगाजल आपूर्ति की जाएगी। इसके अलावा विष्णुपद मंदिर के सटे बाहर में भी प्याऊ का निर्माण करवाया जाता है, जहां गंगा का पानी चालू करवा दिया गया है, यहां 10 से अधिक नल लगाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा कई अन्य पिंडवेदियों के पास और तीर्थयात्रियों के रहने वाले स्थलों पर भी ऐसी व्यवस्था की जा रही है। डॉ. त्यागराजन ने बताया कि गांधी मैदान में जहां तीर्थयात्रियों के रहने के लिए टेंट सिटी बनाई जा रही है, वहां भी पाइप लाइन के जरिए गंगाजलापूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां धार्मिक कर्मकांड के लिए लोग पहुंचेंगे और ऐसे में पवित्र गंगाजल पीने के लिए मिलेगा तो उन्हें और खुशी होगी। उन्होंने दावा किया कि गंगा जल की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गया पहुंचकर पितृपक्ष की तैयारियों का जायजा लिया था और अधिकारियों को कई निर्देश दिए थे। इस वर्ष पितृपक्ष मेला 28 सितम्बर से शुरू होकर 14 अक्टूबर तक चलेगा। इन 15 दिनों में देश-विदेश के लाखों तीर्थयात्री अपने पूर्वजों की मृतात्मा की शांति और मोक्ष के लिए यहां पिंडदान करने आते हैं।

## रिकार्ड तोड़ गर्मी और सूखे ने सेब की उम्मीदों का सूखा दिया

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। दशकों बाद कश्मीर फिर से रिकार्ड तोड़ गर्मी और भीषण सूखे की मार को सहन करने को मजबूर है। नतीजा सामने है। कश्मीर के किसान लंबे समय से शुष्क मौसम की स्थिति के कारण चिंतित हैं, उनका कहना है कि इससे सेब की गुणवत्ता में गिरावट आई है।

दरअसल कश्मीर में अगस्त से न्यूनतम वर्षा के साथ शुष्क मौसम की स्थिति देखी जा रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मानकीकृत वर्षा सूचकांक (एसपीआई) से संबंधित आंकड़ों के अनुसार, कश्मीर क्षेत्र का लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्र (10 में से 8 जिले) 3 अगस्त से 30 अगस्त के बीच मध्यम से अत्यधिक शुष्कता से प्रभावित हुआ है। हालांकि मौसम विभाग ने अब अगले 10 दिनों तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है। ऐसे में लंबे समय तक सूखे रहने से सेब



की गुणवत्ता पर असर पड़ा है, जिससे किसानों का दावा है कि इससे बागवानी क्षेत्र को भारी नुकसान हो सकता है। उत्तरी कश्मीर के सोपोर के किसान सज्जाद अहमद मीर का कहना था कि अगस्त और सितम्बर सेब की फसल के लिए दो महत्वपूर्ण महीने हैं। इन दो महीनों के दौरान, नियमित बारिश से फलों को आकार और रंग प्राप्त करने में मदद मिलती है। मीर कहते थे कि दुर्भाग्य से, हम पिछले एक महीने से सूखे का दौर देख रहे है। जबकि उच्च घनत्व वाली सेब की किस्म बाजारों में आ गई है, उत्पादकों का दावा है कि पारंपरिक किस्मों को कटाई से पहले नियमित बारिश की आवश्यकता होती है। जबकि बारामुल्ला के उत्पादक फैयाज अहमद खान का कहना था कि लगभग 80 प्रतिशत किसान सेब की फसल की पारंपरिक किस्में उगाते हैं। उत्तर से लेकर दक्षिण कश्मीर तक, सेब की गुणवत्ता अभी तक अच्छी नहीं है। जबकि पुलवामा के सेब उत्पादक मोहम्मद शफी भट के भी विचार कुछ इसी तरह के थे जिसका कहना था कि वर्षा की कमी के बाद, उत्पादक अब अपने बगीचों की सिंचाई का प्रबंधन कर रहे हैं। लेकिन इतना पर्याप्त नहीं है। यहां तक कि हमारे बगीचों की सिंचाई के लिए नहरों और झरनों में भी प्रचुर पानी नहीं है। स्थिति ऐसी है कि पत्तियां मुरझा रही हैं, और सेब का आकार सामान्य से छोटा है। और नार्थ कश्मीर फ्रूट ग्रोअर एसोसिएशन के अध्यक्ष फैयाज अहमद मलिक कहते थे कि लंबे समय तक मोसम शुष्क रहने से सेब की कटाई में भी देरी हो सकती है। उनके बकौल, अभी, बहुत कम मात्रा में सेब फल मंडियों तक पहुंच रहा है। हम पहले ही ओलावृष्टि के कारण भारी नुकसान देख चुके हैं और अब यह सूखा हमारी फसल को और नुकसान पहुंचा रहा है। अगर सूखा जारी रहा तो संभावना है कि सेब पेड़ों से गिर सकते हैं।

- लगभग 80 प्रतिशत किसान सेब की फसल की उगाते हैं पारंपरिक किस्में

मलिक कहते थे कि उन्होंने सरकार से निम्न श्रेणी के सेब की खरीद के लिए बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) लागू करने की मांग की है। अभी तक सरकार ने योजना लागू नहीं की है। यदि इसे लागू किया जाता है, तो यह हमारे उत्पादकों के घाटे को सीमित कर सकता है। प्रासंगिक रूप से, बागवानी कश्मीर की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है और घाटी की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, 10,000 करोड़ रुपए का सेब उद्योग है, जो क्षेत्र में लगभग 3.5 मिलियन लोगों को आजीविका प्रदान करता है। और यह याद रखने योग्य तथ्य है कि जम्मू-कश्मीर के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में बागवानी का योगदान आठ प्रतिशत है।

देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार 12 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# मीडिया से बचते मोदी

एक ओर तो रविवार को सम्पन्न हुए जी-20 सम्मेलन में उभरे अनेक अंतरराष्ट्रीय मसलों के बारे में खबरें आ रही हैं, तो वहीं ये पहलू भी सामने आया है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को मीडिया से बात करने की इजाजत नहीं दी थी। शिखर सम्मेलन के पहले तथा मोदी-बाइडेन मुलाकात के बाद प्रेस अमेरिकी राष्ट्रपति से बात करना चाहता था, लेकिन उन्हें ऐसा करने नहीं दिया गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने वियतनाम पहुंचकर यह जानकारी दी जिसे लेकर कांग्रेस के महासचिव जयराम नरेश ने तंज कसते हुए आरोप लगाया है कि 'पीएम मोदी बाइडेन से कह रहे हैं कि न प्रेस कांफ्रेंस करूंगा, न करने दूंगा।' (प्रेस कांफ्रेंस नहीं करेंगे और न ही आपको करने देंगे)। अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष ने जो कुछ वियतनाम में कहा उसके मुताबिक उन्होंने (बाइडेन ने) मोदी से मानवाधिकारों के सम्मान और एक मजबूत समृद्ध देश के निर्माण में नागरिक संस्थाओं और स्वतंत्र प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के महत्व को उठाया था।

यह अपने आप में बड़ा विरोधाभास है कि एक ओर तो बाइडेन स्वतंत्र प्रेस की भूमिका याद दिला रहे हैं और स्वयं मोदी उतनी ही तेजी से उनकी सीख को दरकिनार करते हुए मीडिया से न स्वयं बात करते हैं और न ही अपने मेहमान को बात करने दे रहे हैं। पहली बात तो यह है कि एक राष्ट्रपति को दूसरे सम्प्रभु मुल्क के राष्ट्राध्यक्ष से यह कहने की आखिर ज़रूरत ही क्यों पड़ी कि वे मानवाधिकारों का सम्मान करें और नागरिक संस्थाओं व स्वतंत्र मीडिया की भूमिका को समझें। क्या अपने देश को हर घड़ी 'लोकतंत्र की जननी' बतलाने वाले राष्ट्रप्रमुख से इस बात की उम्मीद नहीं की जानी चाहिये कि वे इन तथ्यों को पहले से जानें? फिर, एक अन्य राष्ट्राध्यक्ष को क्या यह सीख दी जाने की आवश्यकता इसलिये पड़ गई क्योंकि उसे इस बात का इल्म है कि मेजबान देश में ऐसा नहीं हो रहा है? यानी घर आया मेहमान जानता है कि आप मानवाधिकार का सम्मान नहीं करते, यह देश नागरिक संस्थाओं की भूमिका से अनभिज्ञ है और यहां मीडिया आज़ाद नहीं है।

सम्भव है कि भारत का विदेश मंत्रालय इस बात का कोई जवाबी बयान जारी करे या फिर यह भी हो सकता है कि वियतनाम दौरे के समापन अवसर बाइडेन जब मीडिया को विस्तार से सम्बोधित करें तो इस बाबत और भी खुलासा करें। अमेरिका का विदेश मंत्रालय भी वाशिंगटन से ऐसा कर सकता है। जो भी हो, बाइडेन का यह बयान भारत के लिये शर्मिंदगी लेकर आया है। वह इसलिये कि यहां होते मानवाधिकारों के हनन, नागरिक संस्थाओं व मीडिया की आज़ादी को लेकर गम्भीर स्थिति बन गई है। अधिक कष्टप्रद तो यह है कि जो कुछ भी बाइडेन ने कहा, उसका प्रमाण मोदी स्वयं और तत्काल दे रहे हैं। कदाचित अमेरिकी राष्ट्रपति ने जो कुछ कहा उसका आधार उन तक पहुंचती भारत की इस आशय की खबरें हो सकती हैं। इसके अलावा जून में मोदी जब अमेरिका गये थे तब भी उनसे बार-बार निवेदन किया गया था कि बाइडेन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद वे साझा प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करें। मीडिया ही नहीं, सभी तरह के मंचों पर सवालों से भागने वाले मोदी इससे मुकरते रहे। एक बड़े दबाव के अंतर्गत मोदी इसके लिये राजी तो हो गये परन्तु केवल दो सवाल लेने के लिये तैयार हुए थे। उनसे भारत में होते अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न और देश में धार्मिक आजादी पर होने वाले हमलों से सम्बन्धित प्रश्न किये गये थे। यह भी पूछा गया था कि वे इससे निपटने के लिये क्या उपाय कर रहे हैं। सवालों का तार्किक व सिलसिलेवार उत्तर देने की बजाय प्रधानमंत्री ने उसी गोलमाल ढंग से बात की जिसके लिये वे जाने जाते हैं। इसके साथ ही उनकी भारतीय जनता पार्टी तथा मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों की ट्रोल आर्मी ने सवाल करने वाली मुस्लिम मीडियाकर्मी पर आलोचना की इस कदर बौछारें की कि बाइडेन प्रशासन तक को उसके बचाव में उतरना पड़ा था।

मोदी की पिछली यात्रा जब हुई थी, उसके पहले मणिपुर में साम्प्रदायिक हिंसा के मामले सामने आने लगे थे, धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में भारत की रैंकिंग काफी नीचे जा चुकी थी जिसके सम्बन्ध में कई रिपोर्टें मिल रही थीं तथा हिंडनबर्ग रिपोर्ट ने बतला दिया था कि मोदी के प्रश्रय से गौतम अदानी दुनिया का दूसरा सबसे अमीर व्यक्ति बना है। इन तमाम विषयों पर उनसे अमेरिकी मीडिया बात करना चाहता था लेकिन जिन मोदी साहब ने खुद के देश में 2014 यानी पीएम की कुर्सी सम्भालने के बाद से कभी प्रेस कांफ्रेंस नहीं की है वे अमेरिका में प्रेस कांफ्रेंस करने के लिये कैसे आसानी से तैयार हो सकते थे जबकि यहां मीडिया का बड़ा हिस्सा सरकार समर्थक है। 2021 में तो खुद बाइडेन एक तरह से व्यंग्य स्वरूप कह चुके थे कि 'अमेरिकी मीडिया की तुलना में भारतीय मीडिया का व्यवहार काफी अच्छा है' (स्वाभाविकत: मोदी ने इस पर रजामंदी दिखलाई थी)। कुल जमा यह देश के लिये शर्मनाक स्थिति है कि मीडिया से उनके बचने की चर्चा देश के बाहर उस व्यक्ति के द्वारा की जाये जिसकी आवाभगत में आपने पलक पांवड़े बिछाये थे तथा राजशाही को मात देने वाली आवभगत की थी। मोदी की मीडिया से बचने की हरकतें न सिर्फ भारतीय लोकतंत्र के लिये बेचैनी पैदा करने वाली हैं, बल्कि यह एक चुनी हुई सरकार द्वारा किया जाने वाला गैरजिम्मेदाराना रवैया है। मोदी को चाहिये कि वे मीडिया से वार्ताएं करें क्योंकि लोकतंत्र का अनिवार्य तत्व संवाद ही है।

# उपचुनाव : विकल्प के उभरने के संकेत

जी-20 के अनुपातहीन तमाशे की चकाचौंध से मोदीराज ने जिन बहुत सी अप्रिय सच्चाइयों को एक हद तक कामयाबी के साथ छुपाया है, उनमें एक सच्चाई प्रधानमंत्री मोदी और उनके नेतृत्व में चल रही संघ-भाजपा की जोड़ी के घटते जन-समर्थन की है। इसी सच्चाई का एक और सबूत, जी-20 के शुरू होने से ऐन पहले आए, छ: अलग-अलग राज्यों में हुए सात विधानसभाई सीटों के उपचुनाव के रूप में सामने आया है। बेशक, सभी जानते हैं कि आम तौर पर उपचुनावों में और खासतौर पर विधानसभाई उपचुनावों में, सत्ताधारी दलों के लिए अनुकूल स्थिति रहती है और इसलिए उप-चुनावों के नतीजों में बहुत ज्यादा अर्थ नहीं पढ़ा जाना चाहिए। फिर भी, देश के छ: अलग-अलग राज्यों में एक साथ हुए उपचुनावों के संकेतों को, महज स्थानीय मामला मानकर अनदेखा करना किसी भी तरह से तार्किक नहीं होगा। इन नतीजों के वृहत्तर संकेतों को पढ़ने से तब इंकार करना तो और बेतुका होगा, जब ये चुनाव देश के पैमाने पर बढ़ते तथा तीखे होते हुए राजनीतिक ध्रुवीकरण के संदर्भ में हो रहे थे, जिसकी अभिव्यक्ति विपक्षी मंच इंडिया के गठन के रूप में हो रही है।

इंडिया की मुंबई बैठक में, जो हाल के विधानसभाई उप-चुनावों से ठीक पहले, 31 अगस्त तथा 1 सितंबर को हुई थी, 28 राजनीतिक पार्टियों ने हिस्सा लिया था। बेशक, इस बैठक में आने वाले लोकसभा चुनाव में ही ''मिलकर लड़ने'' का संकल्प लिया गया था और वह भी जहां तक बन पड़े एकजुट होने का ही निश्चय किया गया था और अगले चंद महीनों में होने जा रहे चार राज्यों के महत्वपूर्ण विधानसभाई चुनावों तक की चर्चा नहीं की गई थी, तब विधानसभाई उपचुनावों के लिए औपचारिक रूप से एकजुट होने का तो सवाल ही कहां उठता है। इसके बावजूद, विधानसभाई चुनावों या उपचुनावों की चर्चा नहीं होना या आम चुनाव में भी ''जहां तक बन पड़े...एकजुट होने'' की ही बात करना भी, सत्ताधारी मोदी निजाम की ज्यादा से ज्यादा उजागर होती सांप्रदायिक तानाशाही के खिलाफ, विपक्ष के ज्यादा से ज्यादा एकजुट होने के प्रवाह को नकारता नहीं है बल्कि उसकी जटिलताओं को पहचान कर, उनके बीच से अधिकतम एकता हासिल करने के प्रयास की, यथार्थवादिता को ही दिखाता है। इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि छ: राज्यों में नतीजों ही नहीं, जमीन पर राजनीतिक कतारबंदियों की सारी भिन्नता के बावजूद, इन उपचुनावों के नतीजों से एक वृहत्तर हैडलाइन, जी-20 के शोर के नीचे मीडिया में बहुत तक दब जाने के बावजूद, ''इंडिया 4, एनडीए 3'' यानी इंडिया के भारी पड़ने की ही बनी है। दूसरी ओर एनडीए के लिए सबसे अनुकूल हैडलाइन भी इसका दावा करने से आगे नहीं जा सकी है कि, 'एनडीए ने अपना स्कोर बनाए रखा' यानी मुकाबला बराबरी पर छूटा! कहने की जरूरत नहीं है कि यह भी मोदीराज के लिए इंडिया की उपस्थिति से गंभीर चुनौती आने को तो दिखाता ही है, जबकि अभी तक इंडिया की तीन बैठकें ही हुई हैं और जनता के मुद्दों पर जन अभियान का सिलसिला तो अभी शुरू भी नहीं हुआ है।

सभी जानते हैं कि इन उप-चुनावों में उत्तर प्रदेश, झारखंड, बंगाल तथा केरल की एक-एक सीट यानी कुल चार सीटें भाजपा-विरोधी पार्टियों के खाते में गई हैं, जबकि त्रिपुरा की दो और उत्तराखंड की एक सीट भाजपा ने अपनी झोली में डाल ली है, हालांकि त्रिपुरा में उसने जिस खुल्लमखुल्ला धांधली से इन सीटों पर कब्जा किया है, इसकी हम जरा बाद में चर्चा करेंगे। यह अलग से कहने की जरूरत नहीं है कि सभी सात सीटों पर, भाजपा या उसके सहयोगी दल के उम्मीदवार मैदान में थे और उनकी तमाम कोशिशों के बावजूद, इस उपचुनाव में नतीजा वाकई 4 बनाम 3 का रहा है। फिर भी 'एनडीए ने अपना स्कोर बनाए रखा' की हैडलाइन का इस सीमित अर्थ में कुछ औचित्य माना जा सकता है कि उपचुनाव से पहले, इन सात में से तीन सीटों पर ही भाजपा का कब्जा था, जबकि चार सीटों पर भाजपा-विरोधी दलों का कब्जा था और उपचुनाव के बाद भी स्कोर जस का तस रहा है! वैसे यह भी अर्द्ध-सत्य ही है क्योंकि उत्तर प्रदेश की घोसी सीट का विधायक, दलबदल करा के भाजपा के अपनी झोली में डाल लेने से ही, उस सीट पर उपचुनाव हो रहा था।



राजेन्द्र शर्मा

> इन उपचुनावों के नतीजों के वृहत्तर संकेतों को समझने के लिए, इस तीन के तीन और चार के चार के स्कोर का अर्थ सीमित ही है। जाहिर है कि इसका पहला कारण तो यही है कि भाजपा का तीन की तीन सीटें रहने का आंकड़ा भी धांधली से बना आंकड़ा है यानी जनमत को नहीं दिखाता है। त्रिपुरा की दोनों सीटों पर, सत्ताधारी भाजपा ने, पुलिस समेत समूची सरकारी मशीनरी की मदद से और चुनाव आयोग के आंखें मूंदने के सहारे, इतनी भारी धांधली की थी।

जैसा कि हमने पीछे कहा, इन उपचुनावों के नतीजों के वृहत्तर संकेतों को समझने के लिए, इस तीन के तीन और चार के चार के स्कोर का अर्थ सीमित ही है। जाहिर है कि इसका पहला कारण तो यही है कि भाजपा का तीन की तीन सीटें रहने का आंकड़ा भी धांधली से बना आंकड़ा है यानी जनमत को नहीं दिखाता है। त्रिपुरा की दोनों सीटों पर, सत्ताधारी भाजपा ने, पुलिस समेत समूची सरकारी मशीनरी की मदद से और चुनाव आयोग के आंखें मूंदने के सहारे, इतनी भारी धांधली की थी कि भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी, सीपीआई (एम) को दोनों सीटों पर चुनाव निरस्त करने की मांग करनी पड़ी थी और चुनाव आयोग द्वारा सुनवाई ही नहीं किए जाने पर, उसे मतगणना के बहिष्कार का भी ऐलान करना पड़ा था। मतदान के पहले और मतदान के दिन, सत्ताधारी दल के पालतू गुंडों के आतंक, हिंसा तथा अपने प्रतिस्पर्द्धियों के कार्यकर्ताओं व पोलिंग एजेंटों पर हमलों की भीषणता का अंदाजा, एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि बॉक्सानगर में सीपीआई (एम) के सिर्फ 16 और धनपुर में 19 पोलिंग एजेंट ही, अपने मतदान केंद्रों तक पहुंच पाए थे और जल्द ही उन्हें भी मार-पीट कर तथा डरा-धमकाकर मतदान केंद्र छोड़ने पर मजबूर कर दिया गया। वोट की इस खुली लूट के बाद, भाजपा ने खुद को बॉक्सानगर विधानसभाई क्षेत्र में कुल 89 फीसद वोट लेकर विजयी घोषित करा लिया, जबकि इसी फरवरी में हुए विधानसभाई चुनाव में इस सीट पर भाजपा को सीपीआई (एम) उम्मीदवार ने ठीक-ठाक अंतर से हराया था। दूसरी विधानसभाई सीट, धनपुर पर हालांकि भाजपा की ओर से लड़ते हुए केंद्रीय मंत्री, प्रतिमा भौमिक ने फरवरी के चुनाव में जीत हासिल कर ली थी और बाद में उनके इस्तीफा देने के बाद ही यह सीट खाली हुई थी, इस सीट पर भाजपा का 71 फीसद वोट लेकर जीतना भी, अब तक के चुनावों के इतिहास में अभूतपूर्व है। ये नतीजे, बड़े पैमाने पर धांधली का ही संकेत करते हैं। और त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा के चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली और वोट की लूट का यह पहला मामला भी नहीं है। वास्तव में 2018 के आरंभ में भाजपा के इस राज्य में सत्ता में आने के बाद से, हरेक चुनाव में यही कहानी दोहराई जाती रही है। इस फरवरी में हुआ विधानसभाई चुनाव में जरूर, तब चुनाव आयोग की सख्ती की वजह से, इस धांधली तथा लूट पर एक हद तक अंकुश लगा था और इसके नतीजे में भाजपा का गठजोड़ साधारण बहुमत के आंकड़े से नीचे फिसलते-फिसलते बचा था। सत्तारूढ़ भाजपा ने इसका बदला, चुनाव नतीजे आने के फौरन बाद, विपक्ष तथा खासतौर पर सीपीआई (एम) के खिलाफ हिंसा व आतंक की भयावह मुहिम से लिया था और अब उप-चुनाव में उसी का विस्तार देखने को मिला। विडंबना यह है कि सत्ता के सहारे, विपक्षी कम्युनिस्टों को कुचलने के लिए हिंसा, आतंक तथा दमन और खुली चुनाव धांधली का यह खेल, भाजपा ने बंगाल के ममता राज से सीखा लगता है।

शेष पांच विधानसभाई सीटों में से केरल की पुथपल्ली सीट पर, जो परंपरागत रूप से कांग्रेस के नेतृत्व वाले मोर्चे यूडीएफ के पूर्व-मुख्यमंत्री, ओमन चांडी की परंपरागत सीट रही थी और उनके निधन से खाली हुई थी, उनके बेटे ने यूडीएफ की ओर से सबसे बढ़कर सहानुभूति के वोट के बल पर प्रभावशाली जीत दर्ज कराई है, जबकि राज्य में उसके प्रतिद्वंद्वी, सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले, एलडीएफ का उम्मीदवार मुकाबले में रहा है। यहां भाजपा वास्तविक मुकाबले से बाहर ही थी और उसका उम्मीदवार बहुत पीछे तीसरे नंबर पर रहा है, जहां वह अपनी जमानत भी जब्त करा बैठा। इसके विपरीत, प. बंगाल में धूपघुड़ी के उपचुनाव में, तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज कराई है, जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस सीट पर जीत हासिल की थी। यहां भाजपा अगर संतोष हासिल कर सकती है तो इसी बात का कि इससे पहले हुए सागरदीघी के उपचुनाव के विपरीत, यह चुनाव भाजपा के उत्तरी बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के लिए मुख्य चेलेंजर के बने रहने को दिखाता है। सागरदीघी उपचुनाव में वाम मोर्चा समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार ने, तृणमूल कांग्रेस से सीट छीन ली थी और भाजपा काफी दूर तीसरे स्थान पर खिसक गई थी।

शेष तीन सीटों का चुनाव व्यावहारिक माने में विपक्षी गठबंधन इंडिया और सत्ताधारी गठजोड़ एनडीए के बीच रहा था। इनमें से उत्तराखंड में, सत्तारूढ़ भाजपा ढाई हजार से कम वोट के अंतर से बागेश्वर सीट पर, अपने दिवंगत मंत्री की पत्नी को उम्मीदवार बनाकर, सबसे बढ़कर सहानुभूति के वोट और प्रशासन के दुरुपयोग के सहारे, किसी तरह से सीट बचाने में कामयाब रही। दूसरी ओर, उसे मुख्य चुनौती दे रहे कांग्रेस उम्मीदवार को, लगभग सारा भाजपा-विरोधी वोट मिला। समाजवादी पार्टी समेत अन्य पार्टियां कुछ सौ वोट तक ही सिमट गईं। इसकी उल्टी तस्वीर झारखंड में देखने को मिली, जहां डुमरी सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार ने, भाजपा-समर्थित आजसू उम्मीदवार को 17,513 हजार से ज्यादा वोट से करारी शिकस्त दी। झामुमो उम्मीदवार को समूचे विपक्ष का समर्थन हासिल था और सहानुभूति का लाभ भी मिला।

बहरहाल, इस चक्र में सबसे दिलचस्प और मानीखेज नतीजा, उत्तर प्रदेश में घोसी सीट का रहा। यह सीट, पिछले विधानसभाई चुनाव में प्रभावशाली अंतर से समाजवादी पार्टी के निशान पर जीते, दारासिंह चौहान के दलबदल कर भाजपा में शामिल हो जाने पर, विधानसभा से इस्तीफा देने से खाली हुई थी। भाजपा ने चुनाव के बाद मंत्री बनाने की मंशा जताने के साथ, दारासिंह चौहान को अपने निशान पर चुनाव में उतारा था और मुख्यमंत्री योगी समेत, अनेक मंत्रियों, सांसदों, विधायकों को चुनाव प्रचार में उतारकर, एक प्रकार से अपनी पूरी ताकत चौहान को जिताने के लिए लगा दी थी। ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभसपा) और संजय निषाद के नेतृत्व में निषाद पार्टी को अपने पाले में कर के भाजपा, अपने परंपरागत वोट के साथ राजभर व निषाद जैसे पिछड़े समुदायों का वोट जोड़ने और दूसरी ओर अल्पसंख्यक मतदाताओं को आतंकित करने के सहारे, अपनी जीत पक्की मानकर चल रही थी। लेकिन, समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की, 42,759 वोट से जीत ने दिखा दिया कि मोदी-योगी के डबल इंजन राज की पकड़ से, उत्तर प्रदेश का जन-मानस, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की उसकी सारी तिकड़मों के बावजूद, तेजी से फिसलता जा रहा है। याद रहे कि यह सिलसिला 2019 के आम चुनाव से ही जारी है, जिसका 2022 के चुनाव में भाजपा के फिर से सत्ता में आने के बावजूद, समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन की सीटों व वोट में उल्लेखनीय बढ़ोतरी के रूप में काफी असर दिखाई दिया था। साफ है कि विपक्षी एकता की तमाम सीमाओं के बावजूद, जनता इंडिया के गिर्द विकल्प गढ़ने की ओर बढ़ रही है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# अपनी पहली चुनावी लड़ाई में इंडिया अलायंस ने एनडीए पर बनाई बढ़त

■ डॉ. ज्ञान पाठक

28 विपक्षी राजनीतिक दलों के नवगठित इंडिया गठबंधन और भाजपा के नेतृत्व वाले 39 राजनीतिक दलों के नवीनीकृत एनडीए ने अभी-अभी अपनी पहली चुनावी लड़ाई का फल चखा है। जिन छह राज्यों में उपचुनाव हुए उनमें से 4 में इंडिया गठबंधन मजबूत होकर उभरा है, सात में से 4 सीटें जीतीं, और 4 में से 3 क्षेत्रों में भाजपा और एनडीए पर बढ़त हासिल की है।

सितंबर 2023 विधानसभा उपचुनाव 7 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए हुए- पूर्वी क्षेत्र में झारखंड में डुमरी और पश्चिम बंगाल में धूपगुड़ी, पूर्वोत्तर क्षेत्र में त्रिपुरा में बॉक्सानगर और धनपुर, उत्तर प्रदेश में घोसी और उत्तरी क्षेत्र में उत्तराखंड में बागेश्वर, और दक्षिणी क्षेत्र केरल में पुथुप्पल्ली। इंडिया गठबंधन ने जो 4 सीटें जीतीं, वे धूपगुड़ी, डुमरी, घोसी और पुथुपल्ली थीं, जबकि एनडीए ने जो 3 सीटें जीतीं, वे बॉक्सानगर, धनपुर और बागेश्वर थीं।

परिणाम का एक और महत्वपूर्ण पहलू भी उल्लेखनीय है - इंडिया गठबंधन द्वारा जीती गई सभी 4 सीटें उसके विभिन्न घटकों द्वारा जीती गईं- जैसे कि टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में धूपगुड़ी में जीत हासिल की, जेएमएम ने झारखंड में डुमरी में, सपा ने उत्तर प्रदेश में घोसी में, और केरल में कांग्रेस ने पुथुपल्ली में। यह स्पष्ट रूप से अधिकांश सीटों पर इंडिया गठबंधन सहयोगियों के बीच बेहतर सीट बंटवारे की व्यवस्था का संकेत देता है।

> राज्य ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की राजनीतिक संभावना को स्पष्ट रूप से कमजोर कर दिया है। सितंबर 2023 के उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि इंडिया गठबंधन पहले से ही प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के खिलाफ एक मजबूत राजनीतिक ताकत बनकर उभरा है, जबकि भाजपा की डगर नीचे की ओर फिसलन भरी नजर आ रही है।

उत्तर प्रदेश और झारखंड में सीट बंटवारे की व्यवस्था की सफलता और इसके परिणामस्वरूप उपचुनाव में उत्साहजनक नतीजों से अब इंडिया गठबंधन के सहयोगियों को पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा से मुकाबला करने के लिए देश भर में सीट बंटवारे के लिए प्रेरित होना चाहिए। उपचुनावों के नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि इंडिया गठबंधन सहयोगी न केवल सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देने में सक्षम हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने में भी सक्षम हैं।

इसके विपरीत, एनडीए द्वारा जीती गई सभी 3 सीटें वास्तव में भाजपा द्वारा जीती गईं, जो कि अपने गठबंधन सहयोगियों के प्रति भाजपा नेतृत्व के बड़े भइये रवैये को दर्शाता है, जो पहले तो उनके साथ पर्याप्त संख्या में सीटें साझा नहीं कर सकता है और दूसरी बात यह है कि गैर-भाजपा एनडीए सहयोगी हालांकि संख्या में इंडिया गठबंधन सहयोगियों से ज्यादा हैं, चुनावी दृष्टि से महत्वहीन साबित हुए हैं। कुल मिलाकर भाजपा अपने ही दम पर है।

त्रिपुरा और उत्तराखंड में उच्च सांप्रदायिक ध्रुवीकरण सर्वविदित है, जिससे भाजपा को क्रमश: 2 और 1 सीटें जीतने में फायदा हुआ। पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश और केरल में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण काम नहीं आया। यह स्थिति भाजपा के लिए काफी चिंताजनक है और इंडिया गठबंधन के लिए उत्साहवर्धक। प्रधानमंत्री मोदी के तथाकथित करिश्मे को घटते हुए और आरएसएस-भाजपा कबीले के हिंदुत्व प्रचार के कमजोर होना को- सभी बड़े राज्यों में देखा गया है। यह भाजपा नेतृत्व के लिए एक अतिरिक्त चिंता का विषय है, खासकर पश्चिम बंगाल, झारखंड और उत्तर प्रदेश के संबंध में, जहां कुल मिलाकर 136 लोकसभा सीटें हैं। केरल लोकसभा में 20 सीटें भेजता है और भाजपा को वहां हासिल करने के लिए कुछ भी नहीं है। त्रिपुरा और उत्तराखंड लोकसभा में केवल 2 और 5 सांसद भेजते हैं। जाहिर है, लोकसभा चुनाव 2024 में तीसरे कार्यकाल के लिए प्रयासरत प्रधानमंत्री मोदी के लिए इन उपचुनावों में हार का विशेष महत्व है।

प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश से काफी उम्मीदें लगाये बैठे हैं, जहां भाजपा ने 2019 के चुनाव में क्रमश: 18 और 62 लोकसभा सीटें जीती थीं। उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि इंडिया गठबंधन अभी भी इतना मजबूत है कि उसे आसानी से हराया नहीं जा सकता। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में अपना दबदबा कायम कर लिया है और प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ठोस अभियानों के बावजूद उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में सपा मजबूत और विजयी हुई है।

टीएमसी नेता निर्मलचंद्र रॉय ने धूपगुड़ी में भाजपा की तापसी रॉय को 4309 वोटों के अंतर से हराया, डुमरी में जेएमएम की बेबी देवी ने आजसू पार्टी की यशोदा देवी को 17,153 वोटों के अंतर से हराया, और सपा के सुधाकर सिंह ने दारा सिंह चौहान को 42,759 वोटोंअंतर से हराकर घोसी सीट जीती। जीत का अंतर बताता है कि भाजपा ने झारखंड और उत्तर प्रदेश में अपनी जमीन काफी हद तक खो दी है, जिससे इंडिया गठबंधन को फायदा हो रहा है। जहां तक पश्चिम बंगाल का सवाल है, भाजपा को टीएमसी ने स्पष्ट रूप से मात दे दी है।

उत्तर प्रदेश के नतीजे सपा और इंडिया गठबंधन के लिए काफी उत्साहवर्धक हैं। विधानसभा चुनाव 2022 में सपा को 1,08,430 वोट मिले थे जबकि भाजपा को 86,214 वोट मिले थे। सपा के वोट बढ़कर 1,24,427 हो गये जबकि भाजपा के वोट घटकर 81,668 रह गये। यह केंद्र और राज्य में भाजपा नेतृत्व के लिए बेचैन करने वाला है, जो एक ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा की बढ़ती अलोकप्रियता और दूसरी ओर सपा और उसके नेता अखिलेश यादव की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत देता है।

झारखंड में, विधानसभा चुनाव 2019 में71,128 वोटों के मुकाबले झामुमो को वर्तमान उपचुनाव में 1,00,317 वोट मिले। हालांकि, 2019 में प्राप्त 36,840 वोटों के मुकाबले, आजसू पार्टी 83,164 वोट हासिल करने में सफल रही, शायद इसलिए कि उसे भाजपा के समर्थन से लाभ मिला। भाजपा ने 2019 में इस सीट पर चुनाव लड़ा था और उसे 36,013 वोट मिले थे। कहने की जरूरत नहीं है कि एनडीए का वोट शेयर ज्यादा नहीं बढ़ सका, जबकि जेएमएम और इस तरह इंडिया गठबंधन ने भारी बढ़त हासिल की है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा को झटका लगा है, क्योंकि भाजपा ने यह सीट विधानसभा चुनाव 2021 में टीएमसी के 1,00,333 के मुकाबले 1,04,688 वोट हासिल कर जीत ली थी। उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि दोनों पार्टियां अपनी जमीन खो रही हैं- भाजपा को केवल 93,304 वोट और टीएमसी को केवल 97,613 वोट मिले। टीएमसी के मुकाबले भाजपा तेजी से अपनी जमीन खो रही है। इसका एक कारण यह हो सकता है कि इंडिया गठबंधन में शामिल सीपीआई (एम) ने इस सीट पर अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। राज्य ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की राजनीतिक संभावना को स्पष्ट रूप से कमजोर कर दिया है।

सितंबर 2023 के उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि इंडिया गठबंधन पहले से ही प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के खिलाफ एक मजबूत राजनीतिक ताकत बनकर उभरा है, जबकि भाजपा की डगर नीचे की ओर फिसलन भरी नजर आ रही है।

## पावन प्रसंग

# आध्यात्मिक मार्ग है-योग

योग विद्या भारतभूमि की अमूल्य विरासत है। प्राचीनकाल से लेकर अब तक इस देवभूमि पर तपस्वियों, ऋषियों, योगियों, साधकों ने अपने साधना-तप पुरुषार्थ से योग की पुनीत परंपराओं को जाग्रत व पुष्ट बनाए रखा है। इसी धरा ने समूचे विश्व के समक्ष आत्मानुसंधान की प्रणाली के रूप में इस जीवन विज्ञान का अनावश्यक किया है। भारतीय जीवन-सिद्धांतों में योग का मार्ग शाश्वत और सनातन है। इस पर चलने वालों के लिए यह साधना-पथ सदैव ही परम कल्याणकारी रहा है। जिन्होंने इसके मर्म एवं महत्व को जाना समझा है, उन्हेंने इसके मर्म एवं महत्व को जाना समझा है, उन्होंने योग मार्ग पर चलकर तपकर साधक, सिद्ध और योगी के रूप में विश्व मानवता के जीवन-पथ को आदिकाल से प्रकाशित एवं गतिमान बनाए रखने का कार्य किया है।

विगत कुछ दशकों में योग को लेकर भारत ही नहीं, अपितु समूचे विश्व में एक नई क्रांति और जाग्रति का वातावरण बना है। शिक्षा, चिकित्सा और समाज कल्याण से जुड़े संस्था- संस्थानों में प्राथमिकता से योग के शिक्षण प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार, शोध-साधना आदि के कार्य संचालित किए जा रहे हैं। योग को लेकर अनेक स्वतंत्र संस्थान व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग के विस्तार को गति दे रहे हैं। 21वीं सदी में योग के प्रति उत्तरोत्तर बढ़ते आकर्षण और रुचि को देखते हुए यदि इसे योगक्रांति की सदी कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अब योग केवल साधना मार्ग वालों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि चिकित्सा, कॅरियर, व्यवसाय, प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सौंदर्य आदि अनेक क्षेत्रों में इसका विस्तार स्पष्टता से देखा जा सकता है।

जीवन-विद्या की सर्वोत्कृष्ट प्रणाली के रूप में प्राचीनकाल से चली आ रही योगविद्या का आधुनिक युग में इतना बहुआयामी विस्तार और विकास अत्यन्त गर्व की अनुभूति कराने वाला है, लेकिन योग के ऐसे आधुनिक विस्तार के साथ इस पुनीत प्राचीन परंपरा में कुछ विसंगतियां भी दिखाई देने लगी है, जो हम सभी के लिए चिंता और चिंतन का विषय है। यह सर्वप्रत्यक्ष है कि हमारी आधुनिक सभ्यता पर किस तरह भोगवाद की प्रवृत्ति हावी है। व्यक्ति स्वयं को केंद्र में रखकर संसार की हरेक चीज को सुख-संसाधन और उपभोग की वस्तु बनाने पर आतुर है। ऐसी प्रवृत्ति से ग्रस्त समाज में एक बहुत बड़ा वर्ग है, जो योग को भी व्यावसायिकता का एक नया क्षेत्र समझता है।

योग की शिक्षा,डिग्री, प्रमाणपत्र, उपाधि आदि प्रदान करने वाले संस्थानों की भी उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हो रही है। स्वास्थ्य, चिकित्सा और कॅरियर को लेकर भारी संख्या में युवाओं का इस ओर आकर्षण बढ़ा है। समय की मांग की दृष्टि से यह अच्छा प्रयास है लेकिन चिंता की बात यह है कि योग की इस आधुनिक शिक्षा प्रक्रिया में इस चैतन्य विज्ञान का जीवन के साथ अंतर्संबंध एवं मूल उद्देश्य कहीं खोता सा नजर आ रहा है।

आदिकाल से इसका शिक्षण-प्रशिक्षण व मूल्यांकन का कार्य ऋषि स्तर के तपस्वियों, अनुशासित योगियों, शिष्यों, साधकों अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित कसौटियों में भी कहीं कोई छूट का प्रावधान नहीं रखा गया है। इसलिए आचार्य की योग्यता और शिक्षार्थी की पात्रता, दोनों योग के उद्देश्य पूर्ति की आवश्यक और अनिवार्य शर्तें हैं। यहां इस चिंतन की आवश्यकता है कि योग की शास्त्रीय अवधारणाओं, विचारों, सिद्धांतों की जानकारी अथवा योग क्रियाओं के कुछ बाह्य पक्ष की कुशलता प्राप्त करा देने मात्र से योग लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता और न ही कोई सार्थकता सिद्ध होती है, लेकिन वर्तमान में योग शिक्षा की यही सच्चाई पहचान बनते जा रही है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# पंजाब में नशे के खिलाफ सख्त हो सरकार

नशा नाश करता है।पंजाब में इन दिनों नशे का कारोबार फलफूल रहा है। सरकार और पुलिस की ढुलमुल नीतियों के कारण पंजाब में नशे कारोबारियों के हौसले बुलंद है। पंजाब में नशे का कारोबार शबाब पर है। लेकिन सरकार और पुलिस इस तरफ ध्यान नही दे रहे है। इस तरह नशे का कारोबार चलता रहा तो नवयुवा बर्बाद हो जाएंगे।पंजाब के किसान विश्व का पेट भरने के सक्षम है। नशे में फंसे किसानों के लिए बडी आफत है। नशे को खत्म करने के लिए अमृतसर में एक नौजवान सड़क पर उतर कर सरकार को जागृत करने की मुहिम छेड़ दी है। अमृतसर में चौक चौराहे पर बैनर तले नशे के खिलाफ आवाज उठा रहा है। लेकिन सरकार को कोई लेना देना नही है।अमृतसर में वन मैन शो प्रदर्शन शुरू हो गया है। इस मुहिम से सरकार नशे के कारोबारियों को पकड़ कर सजा कर सके। लिहाजा,उस युवक ने ठान ली है कि जब तक नशे के कारोबारियों को सलाखों के पीछे नही धकेल देता हूँ। सुकून से बैठ नही सकता हूं। नशा के कारोबारियों को रोकने के लिए पंजाब में री हैबीटेशन सेंटर खोंलने की आवश्यकता है। नशा से कई पीढियां बर्बाद होती है। सरकार को सख्त रवैया अपनाना होगा। पूर्व मंत्री मजीठिया ने आप विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि आप नेता और नशे कारोबारियों में सांठगांठ है। पंजाब में नशे के खिलाफ ऐंटी ड्रग्स कमेटियां भी एक्टिव हो गई है। गांवो में मुहिम तेज कर दी है। सरकार की उदासीनता को दूर करने के लिए ये कमिटियां आग में घी का काम कर रही है। नशे के कारोबारियों पर भी शिंकजा कसा जा रहा है। पंजाब में नशे की रोकथाम नही की गई तो वो दिन दूर नही ,जब घर घर नशेड़ी मिलने शुरू हो जाएंगे। सरकार इस तरफ ध्यान देकर नशे कारोबारियों की धरपकड़ कर उनकी जगह बताई जाए।

**कांतिलाल मांडोत सूरत**

## रूस में किशोर ने चार वयस्कों को किया घायल

**मास्को।** रूस के दक्षिणी रोस्तोव क्षेत्र में स्कूल में प्रवेश करने का प्रयास करने के दौरान एक किशोर (15) ने चाकू से चार वयस्कों को घायल कर दिया। गवर्नर वासिली गोलूबेव ने सोमवार को यह जानकारी दी। श्री गोलूबेव ने टेलीग्राम पर लिखा, स्थानीय समयानुसार सोमवार तड़के 07:50 बजे नेक्लिनोव्स्की जिले के क्रास्नी डेसेंट गांव के स्कूल में प्रवेश करने का प्रयास करते समय चाकू से लैस और चेहरे को नकाब से ढके एक किशोर ने चार वयस्कों को घायल कर दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।



# नाइजीरिया में नाव पलटने से 26 लोगों की मौत

**अबुजा,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। नाइजीरिया में मध्य नाइजर प्रांत के मोकवा क्षेत्र में नाव पलटने से 26 लोगों की मौत हो गयी जबकि लगभग 44 लोग अभी भी लापता हैं।



- 44 लोग अभी हैं लापता
- 100 से अधिक थे सवार

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग आठ बजे मोकवा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के गबाजीबो वार्ड में जब्बा और कैंजी बांधों के बीच हुई। नाइजर प्रांत की आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनएसईएमए) के प्रवक्ता इब्राहिम हुसैनी ने बताया कि नाव पर 100 से अधिक लोग सवार थे जो नाइजर नदी (पुरानी गबाजिबो) के दूसरी ओर अपने खेतों की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि एजेंसी घटना स्थल पर खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए मोकवा स्थानीय सरकारी अधिकारियों और स्थानीय गोताखोरों के साथ मिलकर काम कर रही है।

## पाकिस्तान में बस पलटने से छह लोगों की मौत, 57 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में रविवार को एक बस के पलट जाने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 57 अन्य घायल हो गए। बचाव सेवा ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने मीडिया को बताया कि यह दुर्घटना शेखूपुरा जिले में एक मोटरवे इंटरचेंज के पास हुई। बस तेज गति और ओवरलोडिंग के कारण पलट गई थी। पुलिस और बचावकर्मी सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। बचाव सेवा ने कहा कि गंभीर रूप से घायल 37 लोगों को बाद में इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। बस में ईसाई तीर्थयात्री सवार थे जो एक धार्मिक सभा में शामिल होने जा रहे थे।

## ब्राजील में उष्णकटिबंधीय चक्रवात से 44 लोगों की मौत

**साओ पाउलो।** दक्षिणी ब्राजील में पिछले हफ्ते आए एक अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय चक्रवात के बाद कुल 44 लोगों की मौत हो गयी और 46 अन्य लापता हो गए। नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। चक्रवात के कारण अर्जेंटीना और उरुग्वे की सीमा से लगे रियो ग्रांडे डो सुल राज्य के लगभग 60 शहरों और पड़ोसी राज्य सांता कैटरीना के कुछ क्षेत्रों में सोमवार से मूसलाधार बारिश, बाढ़, 110 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की हवाएं चली और भूस्खलन शुरू हो गया। एजेंसी ने कहा कि एक को छोड़कर सभी मौतें रियो ग्रांडे डो सुल में हुईं, जहां 224 लोग घायल हो गए और 14,000 से अधिक लोगों को निकाला गया। सबसे बुरी तरह प्रभावित शहर म्यूकम है जहां 16 लोगों की मौत हुई और रोका सेल्स में 10 लोगों की मौत हुई। ब्राज़ील के उपराष्ट्रपति गेराल्डो एल्कमिन ने शुक्रवार को चक्रवात से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति को लगभग 160 अमेरिकी डॉलर का मुआवजा देने की सरकार की योजना की घोषणा करने के बाद रविवार को इस क्षेत्र का दौरा किया।

## मोरक्को में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,497 हुई

**रबात,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। मोरक्को में शुक्रवार की रात आये विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,497 हो गयी है, जबकि 2476 अन्य घायल हैं। मोरक्को के गृह मंत्रालय के हवाले से हेसप्रेस समाचारपत्र ने यह जानकारी दी। इससे की पहले रिपोर्टों में मरने वालों की संख्या 2122 और घायलों की संख्या 2421 बताई गई थी। इसको लेकर मोरक्को में शनिवार से तीन दिन का राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी। मोरक्को के किंग मोहम्मद चतुर्थ ने विनाशकारी आपदा पर बैठक बुलाई और राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी। शाही कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार राष्ट्रीय शोक के दौरान सभी सार्वजनिक स्थलों पर झंडे आधे झुके रहेंगे। भारत, अमेरिका, अरब लीग, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, फिलिस्तीन, सऊदी अरब, कतर,



ट्यूनीशिया, अल्जीरिया, लेबनान, लीबिया ,ईरान, तुर्किये, इज़राइल, फ्रांस, जापान और जर्मनी तथा अन्य देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने मोरक्को को सहायता की पेशकश की है।

## मोरक्को में भूकंप के बाद बचावकर्मी रेस्क्यू में जुटे

**अमीजमिज (मोरक्को)।** मोरक्को में 6.8 तीव्रता के भूकंप के बाद बचावकर्मी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गए हैं। शुक्रवार रात शहर मराकेश में आए तेज भूकंप से 2,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को बचावकर्मियों को एटलस माउंटेन क्षेत्र के सबसे अधिक प्रभावित इलाकों तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा, क्योंकि वहां तक जाने वाली सड़कें गिरे हुए पत्थरों के कारण अवरुद्ध हो गई थीं। स्थानीय निवासियों को आश्रय देने के लिए अस्थायी तंबू लगाए गए।

## बांग्लादेश, फ्रांस ने दो समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**ढाका,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश और फ्रांस ने बुनियादी ढांचे और उपग्रह सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए। यूनाइटेड न्यूज ऑफ बंगलादेश (यूएनबी) की रिपोर्ट के अनुसार ढाका में बंगलादेशी प्रधान मंत्री शेख हसीना और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉं की उपस्थिति में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए। इस कार्यक्रम में बंगलादेश के आर्थिक संबंध प्रभाग और फ्रांस विकास एजेंसी के बीच शहरी प्रशासन तथा बुनियादी ढांचे कार्यक्रम में सुधार पर एक क्रेडिट सुविधा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा बंगबंधु-2 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट सिस्टम से संबंधित बंगलादेश सैटेलाइट कंपनी लिमिटेड और फ्रांस के एयरबस डिफेंस एंड स्पेस एसएएस के बीच सहयोग के आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इससे पहले, सुश्री हसीना और श्री मैक्रॉं ने दोनों देशों के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों को तलाशने के लिए बातचीत की। बंगलादेश का दौरा करने वाले पहले फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रोन नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद भारत से रविवार शाम ढाका पहुंचे।

## मालदीव के राष्ट्रपति-चुनाव के पर्यवेक्षण के लिए भारत का तीन सदस्यीय दल माले में

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। मालदीव में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव पर निगरानी के लिए विदेशी पर्यवेक्षक के तौर पर भारत के निर्वाचन आयोग का तीन सदस्यों का एक दल माले गया हुआ है। इसका नेतृत्व निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल कर रहे हैं। यह दल मालदीव के निर्वाचन आयोग के न्योते पर वहां गया है।

- निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल कर रहे हैं नेतृत्व

मालदीव में राष्ट्रपति का चुनाव जनता सीधे करती है। भारत के निर्वाचन आयोग की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय दल ने माले और उसके आसपास 22 मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने वहां मतदाताओं की पहचान, रजिस्ट्रेशन और मतदान प्रक्रिया और मतदाता बूथ की व्यवस्था आदि के विषय में जानकारी ली है। इस तीन सदस्यीय पर्यवेक्षक दल में उप आयुक्त अजय भादू और आयोग के प्रधान सचिव प्रमोद शर्मा भी शामिल हैं। मालदीव में राष्ट्रपति पद के लिए नौ सितंबर को पहले चरण का मतदान कराया गया । चुनाव में आठ उम्मीदवार है। अंतिम चरण का



मतदान 30 सितंबर जो होगा जिसमें पहले चरण में सबसे ज्यादा वोट पाने वाले शीर्षस्थ दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। अंतिमत दौर का विजेता पांच वर्षों के लिए राष्ट्रपति का पद संभालेगा। वहां के कानून के तहत विजेता को पचास प्रतिशत से ज्यादा मत मिलने चाहिए। मालदीव के चुनाव के पर्यवेक्षण कार्यक्रम में भारत के अलावा अन्य देशों और संगठनों के अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने भी भाग लिया। पहले चरण के मतदान में मतों की गिनती नौ सितंबर को ही की गयी जिसमें किसी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से अधिक मत नहीं मिला। राष्ट्रपति के चुनाव के लिए योग्य मतदाताओं की संख्या 2,82,395 (पुरुष मतदाता 1,44,199 और महिला 1,38,196) है। इसके लिए 574 मतदान केंद्र (मतपेटियां) रखे गए हैं और एक मतपेटी के लिए पंजीकृत मतदाताओं की अधिकतम संख्या 850 है।

## सोमालिया में सेना की कार्रवाई में 20 से आतंकवादी ढेर

**मोगादिशू,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्वी अफ्रीकी देश सोमालिया के अवधीगल जिले में सोमाली राष्ट्रीय सैन्य बल गोर्गोर की कार्रवाई में 20 से अधिक अल-शबाब आतंकवादी मारे गये। सूचना, संस्कृति और पर्यटन के उपमंत्री अब्दिरहमान यूसुफ अल-अदला ने राष्ट्रीय समाचार एजेंसी को बताया कि रविवार तड़के सैनिकों ने सैन्य अड्डे पर अल-शबाब आतंकवादियों के हमले को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा, हमारे एसएनए बलों ने अल-शबाब आतंकवादियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की, जिन्होंने रविवार सुबह लोअर शबेले क्षेत्र में अवधीगले जिले में एक सैन्य अड्डे पर हमला करने का प्रयास किया। 20 से अधिक आतंकवादी मारे गए और उनके पास से हथियार भी बरामद किए।



अधिकारी की ओर से सैनिकों के हताहत की कोई पुष्टि नहीं की गयी है लेकिन अल-शबाब आतंकवादियों ने नवीनतम हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि उनके लड़ाकों के साथ मुठभेड़ में कमांडरों सहित 59 सैनिक मारे गये।

## नाइजर में घाना सेनेगल की सेनाएं सतर्क

**अक्कारा,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीकी देश घाना और सेनेगल के सैन्य बल पश्चिम अफ्रीकी देशों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) मिशन के तत्वावधान में नाइजर में हालिया तख्तापलट के बाद देश में संवैधानिक व्यवस्था बहाल करने के लिए संभावित हस्तक्षेप करने के वास्ते सतर्क हैं। वैसे, यह स्पष्ट नहीं है कि घाना के पास अपनी आर्थिक अस्थिरता के कारण हस्तक्षेप को वित्तपोषित करने के लिए पर्याप्त संसाधन होंगे या नहीं। जुलाई में, नाइजर सैन्य बलों ने राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम की सरकार को उखाड़ फेकनें और होमलैंड की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय परिषद के गठन की घोषणा की।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**अमित शाह आज...**

शुरूआत से लेकर सभा और यहां से परिवर्तन यात्रा के रवाना होने तक चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा जवान तैनात रहेंगे। पूरे कार्यक्रम में लगभग 2 हजार जवानों की सुरक्षा रहेगी, जिसमें सीआरपीएफ, डीआरजी, बस्तर बटालियन, कोबरा के जवान शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक गृहमंत्री श्री शाह लगभग 2 बजकर 5 मिनट पर दंतेश्वरी मंदिर पहुंचेंगे। यहां पूजा-अर्चना के बाद हाई स्कूल सभा स्थल पर वे मौजूद होंगे। करीब 3 बजे तक यहां सभा होगी और यहीं से वे परिवर्तन यात्रा को हरी झण्डी दिखायेंगे। इसके बाद सर्किट हाउस पहुंचेंगे और हेलीपैड के लिए रवाना होंगे। हेलीकाप्टर से जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहीं से लगभग 4 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगे।

केन्द्रीय गृहमंत्री की सुरक्षा की विशेष टीम सीपीटी दिल्ली से दंतेवाड़ा पहुंच चुकी है। इसमें 18 लोग शामिल हैं। केन्द्रीय मंत्री श्री शाह तीन स्तरीय सुरक्षा में रहेंगे। दंतेवाड़ा से परिवर्तन यात्रा जब जगदलपुर की ओर रवाना होगी तो 50 जवानों की अलग टीम यात्रा के साथ सुरक्षा के लिए मौजूद रहेगी। इसके साथ ही रास्ते भर रोड ओपनिंग पार्टी और अन्य सुरक्षा जवानों की टीम भी रहेगी। माना जा रहा है यह परिवर्तन यात्रा इस चुनावी माहौल में भाजपा के लिए फायदेमंद रहेगी। मांई दंतेश्वरी की धरा से परिवर्तन यात्रा की शुरूआत कर भाजपा पूरे प्रदेश में नया संदेश रही है, साथ ही आदिवासी बहुल इस इलाके से माहौल बनाकर सत्ता की राह आसान बनाने की कोशिश भी हो रही है।

**बालिकाओं-महिलाओं से...**

जारी निर्देश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के नियम 6 के उप-नियम (4) में निम्नानुसार प्रावधान है कि कोई भी उम्मीदवार जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का दोष सिद्ध ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा। परन्तु जहां तक किसी उम्मीदवार के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों तो उसकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जायेगा।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम के लिए प्रशासनिक, व्यावहारिक और विधिक कई स्तरों पर तत्परता से काम किया है। प्रदेश के 547 थानों, चौकियों में महिला सेल की स्थापना की गई है, ताकि पीड़ित महिलाएं नि:संकोच अपनी रिपोर्ट दर्ज करा सकें। जिला स्तर पर प्रत्येक जिले में महिला प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। प्रत्येक जिला मुख्यालय में घरेलू हिंसा एवं महिला उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम हेतु महिला परामर्श केन्द्र की स्थापना की गई है। राज्य के 04 बड़े जिले बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग तथा सरगुजा में महिला थाना स्थापित किया गया है। राज्य के 6 जिले रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, रायगढ तथा जांजगीर-चांपा में महिला विरुद्ध अपराध अनुसंधान ईकाई की स्थापना की गई है।

राज्य सरकार के पुलिस विभाग द्वारा महिला सुरक्षा हेतु अभिव्यक्ति ऐप भी लॉन्च किया गया है, जिसके एक लाख 85 हजार से अधिक पंजीकृत यूजर्स हैं। महिला सुरक्षा और अपराधों को नियंत्रण करने के उद्देश्य से सार्वजनिक स्थानों को चिन्हाकिंत कर संवेदनशील स्थानों में सीसीटीव्ही कैमरा लगाये गए हैं। कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन शोषण को रोके जाने के संबंध में प्रत्येक ईकाई में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया है। बालिकाओं और युवतियों को सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूल-कॉलेज एवं संवेदनशील स्थानों पर महिला पुलिस पेट्रोलिंग टीम द्वारा लगातार गश्त किया रहा है। इसके साथ ही विशेषज्ञ अथवा प्रशिक्षित महिला पुलिस अधिकारियों के माध्यम से महिलाओं के विरूद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान भी संचालित किया जा रहा है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

- बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 12 सितम्बर, 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 13

### राशिफल

मेष - भावनाओं का अतिरेक आपके मन को संवेदनशील बना देगा, इसलिए किसी की वाणी और व्यवहार से आपको जल्द बुरा महसूस होगा। माता की अस्वस्थता के कारण आपको चिंता होगी। आपके सम्मान को ठेस पहुंचेगी।

वृषभ - आपकी चिंताएं कम होंगी। इस कारण स्फूर्ति और उत्साह बना रहेगा। आज अधिक कल्पनाशील बनेंगे। अपनी कला और सृजनशक्ति को लोगों तक लाने के लिए समय अनुकूल है। पारिवारिक सदस्यों पर आपका ध्यान अधिक रहेगा।

मिथुन - आज आपको काम में निश्चित रूप से सफलता मिलेगी, परंतु इसमें विलंब हो सकता है। प्रयत्न जारी रखें। आपकी आर्थिक योजनाओं में थोड़े विघ्न आएंगे लेकिन बाद में सारे काम आसानी से बन जाएंगे।

कर्क - आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आपका आज का दिन मित्रों और स्नेहियों के साथ मौज-मस्ती में गुजरेगा। आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे।

सिंह - किसी बात की चिंता आपको लगी रहेगी। इसका असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। स्वभाव में गुस्से के कारण किसी से विवाद हो सकता है। कानूनी मामलों में सावधान रहना पड़ेगा।

कन्या - आपकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से आपको लाभ होगा। व्यापार और नौकरी करने वाले लोगों को आर्थिक लाभ हो सकेगा। अधिकारी आपसे खुश रहेंगे इसलिए आपकी पदोन्नति हो सकती है।

तुला - आज भाग्य आपके साथ होने से आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। आपका मान सम्मान बढ़ेगा। अधिकारियों की तरफ से प्रोत्साहन मिलने में आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

वृश्चिक - आज शारीरिक थकान और आलस्य महसूस होगी, इस कारण काम करने में उत्साह नहीं होगा। आपके काम में उच्च अधिकारियों का व्यवहार नकारात्मक रहने से आप निराशा अनुभव करेंगे।

धनु - कुछ खराब प्रसंग, बीमारी या उग्र स्वभाव के कारण आप मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। आपको क्रोध पर नियंत्रण में रखने की सलाह दी जाती हैं। अवैध प्रवृत्ति तथा नए संबंध के कारण आपकी परेशानी बढ़ सकती है।

मकर - आज आप दैनिक कामों को किनारे रखकर मनोरंजन तथा लोगों से मिलने-जुलने में समय व्यतीत करेंगे। आप मनोनुकूल भोजन और प्रवास से खुशी महसूस करेंगे। आपको आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

कुंभ - आज आप अपने काम में सफलता प्राप्त करेंगे। लोग आपके काम की सराहना करेंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ आपके संबंध अधिक मजबूत बनेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी का अनुभव होगा।

मीन - आपकी सृजनशक्ति में वृद्धि होने के कारण आप कला और साहित्य में रुचि लेंगे। आप अत्यधिक भावनाशील बनेंगे और स्नेहीजनों के साथ सम्बंध प्रगाढ़ बनेंगे। काफी मस्ती के मूड़ में रहेंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1873-पहला टाइपराइटर ग्राहकों को बेचा गया।
1912-प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और लोकसभा के प्रभावशाली सदस्य फ़िरोज़ गाँधी का जन्म।
1928-फ्लोरिडा में भीषण तूफान से 6000 लोगों की मौत।
1944-अमेरिकी सेना ने पहली बार जर्मनी में प्रवेश किया।
1948-पाकिस्तान के नेता मोहम्मद अली जिन्ना का निधन।
1959-तत्कालीन सोवियत संघ का रॉकेट 'लूना 2' चांद पर पहुंचा।
1966-भारतीय तैराक मिहिर सेन ने डार्डानेलेस जलडमरूमध्य को तैर कर पार किया।
1971-जयकिशन प्रसिद्ध संगीतकार (शंकर जयकिशन) का निधन।
1983-प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता, गायक, पत्रकार तथा लेखक रंजन का निधन।
1987-इथोपिया में संविधान को अंगीकार किया गया।
1991-अंतरिक्ष शटल एसटीएस 48 (डिस्कवरी 14) का प्रक्षेपण।
1997-43.5 करोड़ मील लम्बी यात्रा के उपरांत 'मार्स ग्लोबल सर्वेयर' यान मंगल की कक्षा में पहुँचा।
1998-कुआलालंपुर में 16वें राष्ट्रमंडल खेलों का शुभारम्भ।
2000-न्यूयार्क में अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मेलन प्रारंभ, उत्तर-पश्चिम अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्ग से लिए एक महत्त्वपूर्ण समझौते पर भारत, ईरान एवं रूस के बीच समझौता।
2001-अमेरिका ने आतंकवाद के ख़िलाफ़ जंग का ऐलान किया।
2002-नेपाल में माओवादियों ने संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा।

## सुडोकू 6314


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 8 | 2 | | | 4 |
| 8 | | | 6 | 5 | | 7 | 9 | |
| | | | | | | | | 3 |
| | 8 | | | | | | | |
| | 4 | 1 | 7 | | 9 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 3 | |
| 9 | | | | | | | | |
| | 7 | 4 | | 9 | 8 | | | 6 |
| 6 | | | 4 | 2 | | 1 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6314



**बायें से दायें:-**

१. नथुना
३. संग्रह करना, एकत्र करना
५. मुक्ति, तारण
६. समय सूचक
७. वांछित वस्तु के अभाव में बेचैन होना
९. सिद्ध करना, पूजा, उपासना
१०. निष्कासित करना, बाहर करना
१२. नौकर
१३. सूचित, चेतावनी (उर्दू)
१४. कदापि (उर्दू)
१६. गीत, गाना (उर्दू)
१८. शुद्ध और दमकता सोना
२०. सशस्त्र
२१. अपमिश्रित,
२३. महिमामंडित

**ऊपर से नीचे:-**

१. नाटककार
२. फूलों का बगीचा
३. व्यवहृत करना
४. अमीर, धनी
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)
१०. झरना
११. लच्छेदार बातें करने वाला, झूठा (उर्दू)
१२. स्वास्थ्य (उर्दू)
१३. आनंद, खुशी
१४. सदैव साथ रहने वाला (उर्दू)
१५. श्रीकृष्ण
१७. कमल
१८. घड़े से उत्पन्न
२०. झुका हुआ
२२. कसक

### वर्ग पहेली-6313

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्र | वं | २ च | ना | | | 3 भि | त्ति | ४ चि | त्र |
| भा | | टु | | ५ आ | कां | क्षा | | ते | |
| ६ वि | षै | ला | | म | | ७ ट | क | रा | ८ व |
| त | | ल | | ९ द | र्श | न | | | च |
| | १० आ | स | ११ व | नी | | | १२ प्र | धा | न |
| | द | | स | | १३ ब | ढ़ि | या | | ब |
| १४ नि | र | १५ स | न | | धि | | १६ स | १७ मृ | द्ध |
| रं | | ह | | १८ स | र | १९ स | | णा | |
| २० कु | मु | द | | ब | | २१ ब | द | ल | २२ ना |
| श | | २३ य | क | ब | य | क | | | श |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### जापान में भालू के हमले रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे

**टोक्यो,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इस साल अप्रैल से जुलाई तक पूरे जापान में रिकॉर्ड संख्या में भालू के हमले हुए। सार्वजनिक प्रसारक एनएचके ने जापान के पर्यावरण मंत्रालय का हवाला देते हुए बताया कि देशभर में चोटों के 53 मामले दर्ज किए गए, जिनमें इवाते प्रीफेक्चर में 15, अकिता प्रीफेक्चर में नौ और फुकुशिमा प्रीफेक्चर में सात मामले शामिल हैं, जो वित्तीय वर्ष 2007 में रिकॉर्ड शुरू होने के बाद से एक रिकॉर्ड ऊंचाई है। इसमें कहा गया है कि मई में होक्काइडो के होरोकनाई टाउन में भालू के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस शरद ऋतु में भोजन की तलाश में तोहोकू क्षेत्र के आवासीय इलाकों में अधिक भालू दिखाई देने की संभावना है, क्योंकि भालू के आहार में शामिल बलूत के फल इस क्षेत्र में उनके प्राकृतिक आवास में दुर्लभ हैं। मंत्रालय के अधिकारियों ने लोगों से शांत रहने और दूर से भालू का सामना होने पर चुपचाप चले जाने का आह्वान किया, साथ ही लोगों को सलाह दी कि जब वे धीरे-धीरे दूर जा रहे हों तो भालू को देखते रहें और जब पास में भालू दिखे तो भागें नहीं।

# खेल जगत

## इशान किशन ऐसे खिलाड़ी हैं जो टीम का माहौल अच्छा बनाए रखते हैं : रैना

**नई दिल्ली,** 11 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने आईपीएल के दौरान गुजरात लायंस में इशान किशन के साथ बिताए समय को याद किया और बताया कि कैसे विकेटकीपर-बल्लेबाज टीम में सौहार्द और टीम भावना लेकर आए। रैना ने जियोसिनेमा से कहा, मैंने हमेशा कहा है कि इशान किशन को ओपनिंग करनी होगी क्योंकि वह एक मजबूत चरित्र है जो टीम का माहौल अच्छा बनाए रखता है। उन दिनों भी उन्होंने बहुत मेहनत की। चूंकि वह रांची से हैं, इसलिए उन्होंने एमएस धोनी से बात की और वहां हर कोई धोनी जैसा बनना चाहता है। इसके अलावा, जिस तरह से इशान ने झारखंड के लिए योगदान दिया, उसके कारण धोनी ने मुझे उसकी विकेटकीपिंग प्रगति का निरीक्षण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा, तो, मैंने फिंच से कहा कि अगर ड्वेन स्मिथ और ब्रेंडन मैकुलम नहीं खेल रहे हैं, तो इशान किशन को ओपनिंग करनी चाहिए।



# कोलंबो में बरसे विराट और राहुल, भारत ने बनाये 356

**कोलंबो** 11 सितंबर (एजेंसियां)। विराट कोहली (122 नाबाद) और केएल राहुल (111) नाबाद के बीच 233 रनों की नाबाद साझीदारी की बदौलत भारत ने एशिया कप सुपर फोर चरण के वर्षा बाधित मुकाबले में चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ निर्धारित 50 ओवरों में 356 रनो का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान को जीत के लिये 7.12 रन प्रति ओवर की गति से 357 रन बनाने हैं।



आर प्रेमदासा स्टेडियम पर सोमवार को विराट और राहुल पूरी लय में दिखायी दिये। दोनो बल्लेबाजों ने पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ते हुये मैदान के चारों ओर रनों की बरसात कर दी। विराट ने पारी के 48वें ओवर की दूसरी गेंद पर विश्व के सबसे बढ़िया पेस अटैक को मामूली साबित करते हुये शाहीद शाह अफरीदी की गेंद को पुल करते हुये दो रन लिये और इसी के साथ कोहली के 13000 रन पूरे कर लिये। इसके अगली ही गेंद में विराट ने कवर प्वाइंट में खेल कर सिंगल चुराया और वन डे करियर का अपना 47वां शतक पूरा किया।

इस शतक के साथ विराट दुनिया में सर्वाधिक वन डे शतकों के मामले में सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे बल्लेबाज बन चुके है। सचिन ने अपने वनडे करियर में 49 शतक जड़े है। इस रिकार्ड को तोड़ने में विराट अब सिर्फ दो शतक पीछे हैं। विराट ने अपनी नाबाद शतकीय पारी में मात्र 94 गेंद खेल कर नौ चौके और तीन छक्के लगाये। उधर करीब छह महीने के लंबे अंतराल के बाद वन डे टीम में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर जगह बनाने में सफल हुये कर्नाटक के केएल राहुल ने आज अपनी फिटनेस का भरपूर मुजाहिरा पेश किया। उन्होने विराट का भरपूर साथ निभाते हुये रन गति को तेज बनाये रखा। उन्होने 47वें ओवर में नसीम शाह की गेंद पर दो रन लेकर करियर का पांचवा शतक पूरा किया।

पाकिस्तान के स्टार गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी सबसे खर्चीले गेंदबाज साबित हुये जिन्होने अपने दस ओवर के स्पेल में 79 रन लुटाये और शुभमन गिल (58) का विकेट हासिल किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (56) का विकेट स्पिनर शादाब खान के खाते में गया। भारत ने रविवार को दो विकेट पर 147 रन बनाये थे कि बारिश के कारण आगे के मैच को रिजर्व डे यानी सोमवार को खेले जाने का निर्णय अंपायरों ने लिया था। आज भी वर्षा के कारण मैच भारतीय समयानुसार शाम चार बज कर 40 मिनट पर शुरू हो सका। विराट और राहुल की जोड़ी ने आज के खेल की शुरूआत सधे हुये तरीके से की और मुकाबले के आगे बढ़ने के साथ ही दोनो ने गियर बदलते हुये पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण पर प्रहार करने शुरू कर दिये।

पीठ दर्द के कारण हारिस रउफ की गैर मौजूदगी का दोनो बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया और पार्ट टाइम गेदबाजों को निशाना बनाते हुये अपने पांव क्रीज पर जमाये रखे।

### चोटिल हारिस रउफ दूसरे दिन गेंदबाजी के लिए नहीं उतरे

एशिया कप सुपर फ़ोर चरण मुकाबले में भारत के खिलाफ पहले दिन रविवार को पेट पर हल्की चोट लगने के कारण पाकिस्तानी तेज़ गेंदबाज़ हारिस रउफ़ सोमवार को रिजर्व डे में गेंदबाज़ी करने के लिये नहीं उतरे। हारिस की एमआरआई स्कैन कराई गई जिसकी रिपोर्ट सामान्य थी लेकिन सोमवार को भी दर्द महसूस कर रहे थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ले एक बयान जारी कर कहा रऊफ़ की चोट कितनी गंभीर है यह स्पष्ट नहीं है। उन्हे एहतियातन एमआरआई के लिए ले जाया गया था, जिसमें परिणाम सामान्य हैं। वह टीम के मेडिकल पैनल की निगरानी में हैं। रउफ की गैर मौजूदगी में पाकिस्तान शाहीन शाह अफ़रीदी, नसीम शाह और फ़हीम अशरफ के रूप में तीन तेज गेंदबाज़ी विकल्प के साथ मैच में उतरा। इसके अलावा फिरकी गेंदबाज शादाब ख़ान के साथ आगा सलमान और इफ्तिख़ार अहमद पार्ट टाइम गेंदबाज़ के तौर पर मैदान पर रहे। पहले दिन रउफ़ ने कुल पांच ओवर की गेंदबाज़ी करते हुए सिर्फ़ 27 रन ख़र्च किए थे। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की आतिशी ओपनिंग साझेदारी पर रउफ़ ने लगाम लगाने का पूरा प्रयास किया था।

## फोकस एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने व पेरिस ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन पर : सोनिका



- अपने पहले एशियाई खेलों में खेलने को लेकर बेहद रोमांचित हूं
- टीम की साथी खिलाड़ियों के सामने मां के हाथ भारतीय जर्सी पाना वाकई बेहद खास

**नई दिल्ली,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। सोनिका टांडी का जन्म हिसार में हुआ। हॉकी का ककहरा भी सोनिका ने हिसार में सीखा और यहीं खेल कर उन्होंने पहले भारत की जूनियर टीम की कप्तानी की और फिर 2016 में सीनियर टीम में जगह बनाने के बाद बतौर मिडफील्डर अपनी जगह पक्की बनाई। बहुत कम लोग शायद इस बात से वाकिफ होंगे सोनिका मूलत- राजस्थान के चुरू जिले की राजगढ़ तहसील सादूलपुर के गालड़ की हैं। 26 बरस की सोनिका फिलहाल आयकर विभाग में कार्यरत है। सोनिका अब इस महीने के आखिर में हांगजू(चीन) में पहली बार भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए एशियाई खेलों, 2023 में खेलेंगी।

भारतीय महिला और पुरुष हॉकी टीमों के हांगजू(चीन) एशियाई खेलों के लिए रवाना होने से पहले हॉकी इंडिया ने सुनहरा सफर नाम से खास विदाई समारोह आयोजित किया और सभी खिलाडि़यों के माता पिता सहित परिवारजनों को भी आमंत्रित किया औ इसी समारोह में सोनिका को उनकी मां ने उन्हें भारत की जर्सी भेंट की। सोनिका कहती हैं, अपनी टीम की सभी साथी खिलाडि़यों के सामने अपनी मां के हाथ भारतीय जर्सी पाना वाकई बेहद खास था। मंच पर इन कुछ मिनट ने भारतीय टीम में स्थान पाने तक के संघर्ष की यादों को ताजा कर दिया। मेरी मां मेरी इस संघर्ष यात्रा का हिस्सा रहीं और उन्होंने हर अहम मोड़ पर मेरा साथ निभाया। मैं अपने पहले एशियाई खेलों में खेलने को लेकर बेहद रोमांचित हूं। हमारा पूरा फोकस एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने और 2024 के पेरिस ओलंपिक 2024 में अच्छे प्रदर्शन करने पर है। मैंने भारत के लिए अपने अब इस मुकाम तक पहुंचनेके लिए बहुत मेहनत की है। मैं राष्ट्रमंडल खेलों जैसे टूर्नामेंट में भारतीय महिला हॉकी टीम के कांसे के रूप में अच्छे नतीजे में अपना योगदान करने में कामयाब रही। हमारी टीम को एशियाई खेलों में बढिया़ प्रदर्शन का विश्वास है। 2020 में अपनी जेहनी मजबूत बेहतर करने के लिए सोनिका को राष्ट्रीय शिविर छोड़ कर जाना पड़ा। सोनिका बताती हैं, कोरोना के चलते लगा लॉकडाउन मेरे लिए जेहनी और निजी तौर पर बहुत मुश्किल दौर था। मैं बहुत खुश हूं कि हमारे टीम प्रबंधन ने मेरे जेहनी तौर पर मजबूत रहने के संघर्ष को बहुत जल्द पहचान लिया था और उन्होंने मुझे इसके लिए पेशेवर मदद मुहैया कराई। में हॉकी इंडिया और अपनी टीम की साथियों की आभारी हूं कि उन्होंने मेरे ब्रेक लेने की इजाजत दी। सोनिका ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मजबूत कर 2021-22 में एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग से भारतीय हॉकी टीम में वापसी की और इसके बाद बर्मिंघम 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय महिला हॉकी टीम को कांसे के साथ पहला एफआईएच नेशंस कप 2022 जिताने में अहम भूमिका निभाई।

## दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नॉर्टजे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे से बाहर



**जोहान्सबर्ग,** 11 सितंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले दक्षिण अफ्रीका को करारा झटका लगा है जब उनके स्टार तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्टजे पीठ की चोट के कारण मुकाबले से बाहर हो गए हैं। मौजूदा वनडे सीरीज के दूसरे मैच में प्रोटियाज टीम की ऑस्ट्रेलिया से 123 रन से हार के दौरान नॉर्टजे को पीठ के निचले हिस्से में ऐंठन का सामना करना पड़ा और पांच ओवर फेंकने के बाद उन्होंने मैदान छोड़ दिया। वह बाद में दक्षिण अफ्रीका के लिए बल्लेबाजी करने के लिए लौटे लेकिन उन्हें आगे चिकित्सीय जांच की जरूरत होगी। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार 29 वर्षीय खिलाड़ी का सोमवार को जोहान्सबर्ग में स्कैन कराया जाएगा ताकि बीमारी की सीमा का पता लगाया जा सके। चोट के कारण वह 12 सितंबर को तीसरे वनडे में भाग नहीं ले पाएंगे। दक्षिण अफ्रीका की निगाह स्कैन के नतीजों पर होगी क्योंकि आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप शुरू होने में एक महीने से भी कम समय बचा है और टूर्नामेंट में प्रोटियाज का पहला मैच श्रीलंका के खिलाफ 7 अक्टूबर को दिल्ली में होगा। दक्षिण अफ्रीका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज में 0-2 से पीछे चल रही है और सीरीज को बरकरार रखने के लिए उसे अगला मैच जीतना होगा।

## एन से-यंग और विक्टर एक्सेलसन ने चाइना ओपन में एकल खिताब जीते

**चांगझाऊ ( चीन ),** 11 सितंबर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरियाई स्टार एन से-यंग ने रविवार को यहां बैडमिंटन चाइना ओपन में जापान की अकाने यामागुची को हराकर महिला एकल का खिताब जीता, जबकि दुनिया के नंबर 1 डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ने चीन के लू गुआंगजू पर काबू पाकर पुरुष एकल का स्वर्ण पदक जीता।

नव-विजेता विश्व चैंपियन एन ने पहले गेम में दूसरी वरीयता प्राप्त यामागुची पर 21-10 से दबदबा बनाया और दूसरे गेम में 21-19 से जीत हासिल की और केवल 38 मिनट में मैच समाप्त कर दिया।

इस प्रकार, एन ने इस सीज़न में अपना नौवां खिताब सुरक्षित कर लिया है। अगर कोई कहे कि अब मेरा सर्वोत्तम समय है, तो मुझे थोड़ा दुख होगा, एन ने कहा। 21 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मैं अभी बहुत छोटी हूं, अभी भी मेरे पास और चीजें करने के लिए काफी समय है। मैं इसे अपने अच्छे फॉर्म और अच्छे खेल के दौर के रूप में वर्णित करना पसंद करती हूं।



शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, लू के खिलाफ, जिन्होंने पहले राउंड में साथी देशवासियों ली शिफेंग और शी युकी को आश्चर्यचकित किया था, एक्सेलसन ने 49 मिनट में 21-16, 21-19 से जीत के साथ अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।

डेनिश स्टार ने कहा, मैं दूसरे गेम में आश्चर्यचकित था क्योंकि लू ने आक्रमण में बहुत अच्छा खेला। हालांकि, मुझे खुशी है कि मेरी रक्षा भी बेहतर हो रही थी। उन्होंने कहा, आज बहुत भीड़ है और बेशक, वे चीनी खिलाड़ी का समर्थन करते हैं, लेकिन मैं आभारी हूं कि कई लोग मेरा भी समर्थन कर रहे हैं। पुरुष युगल फाइनल में, चीन के लियांग वेइकेंग और वांग चांग ने चौथी वरीयता प्राप्त मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक को 21-12, 21-14 से हराया। महिला युगल फाइनल के लिए, दुनिया की नंबर 1 जोड़ी चेन किंगचेन और चीन की जिया यिफ़ान ने बाक हा-ना और ली सो-ही की दक्षिण कोरियाई टीम पर 21-11, 21-17 से जीत हासिल की।

जिया ने टिप्पणी की, हमने कई खिताब जीते हैं। मेरा मानना है कि सभी पेशेवर एथलीटों में जीतने की तीव्र इच्छा होती है। इससे पहले रविवार को, दक्षिण कोरिया के सियो सेउंग-जे और चाई यू-जंग ने फ्रांसीसी जोड़ी थॉम गिक्वेल और डेल्फ़िन डेलरू को 21-19, 21-12 से हराकर मिश्रित युगल खिताब हासिल किया।

## खिलाड़ी के रूप में मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य विश्व कप जीतना है : शुभमन गिल

**नई दिल्ली,** 11 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर फोर मैच में 52 गेंदों में 58 रन बनाने वाले भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि इस समय उनका सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य घरेलू मैदान पर आगामी 2023 पुरुष वनडे विश्व कप जीतना है। गिल ने दस चौके लगाकर एक शानदार आक्रमण शुरू किया, जिनमें से छह शाहीन शाह अफरीदी के खिलाफ थे, उन्होंने सिर्फ 37 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और कप्तान रोहित शर्मा (56) के साथ 121 रनों की शुरुआती साझेदारी की, इससे पहले कि बारिश ने मैच को रिजर्व दिन धकेल दिया। भारत सोमवार को रिजर्व डे पर 24.1 ओवर में 147/2 से आगे शुरुआत करेगा। गिल के हवाले से कहा गया, एक खिलाड़ी के रूप में मेरे लिए इस समय सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य विश्व कप



2023 जीतना है। मुझे याद है कि जब भारत ने 2011 में विश्व कप जीता था तब मैं युवा था। मानसिकता तेजी से विकेट को पढ़ने और स्थिति तक पहुंचने की है। यह बात डिज़्नी+हॉटस्टार ने कही है, जो चल रहे एशिया कप को मोबाइल पर मुफ़्त स्ट्रीम कर रहा है। गिल को न्यूजीलैंड में भारत के 2018 पुरुष अंडर19 विश्व कप के विजयी अभियान में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। इस साल वनडे क्रिकेट में दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 68.07 की अविश्वसनीय औसत से 885 रन बनाए हैं। उनका मानना है कि विभिन्न प्रारूपों के अनुरूप ढलने में मानसिकता की बहुत बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा, एक बल्लेबाज के रूप में, जल्दी से स्थिति तक पहुंचना और गति को समझना महत्वपूर्ण है। तो योजना और खेल सब उसी पर आधारित हैं। मानसिकता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि व्यक्ति को मानसिक रूप से स्विच करना होता है, जैसे वनडे मानसिकता से टी20 मानसिकता में। जितनी तेजी से आप स्विच करते हैं, उतनी ही तेजी से आपका शरीर अनुकूलन करता है; इस प्रकार, मेरा मानना है कि मानसिक रूप से बदलाव करने में सक्षम होना महत्वपूर्ण है।

## लियाम लिविंगस्टोन की मैच वीनिंग पारी को साइमन डूल ने सराहा

**साउथम्प्टन,** 11 सितंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डूल न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में इंग्लैंड टीम की जीत में उसके हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन की नाबाद 95 रन की पारी से खुश हैं। विश्व कप से पहले वनडे टीम में लिविंगस्टोन की जगह को लेकर चर्चा चल रही थी। लेकिन इस बीच लिविंगस्टोन ने वनडे सीरीज के शुरुआती मैच में 40 गेंदों में 52 रनों की पारी के बाद दूसरे मैच में 78 गेंदों में नाबाद 95 रन का करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया, जिससे उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी मिला। साइमन डूल ने कहा, लियाम लिविंगस्टोन की पारी बिल्कुल शानदार थी और यह ऐसी चीज नहीं है जिसे हम अक्सर उसके साथ जोड़ते हैं। उसने स्थिति का



खूबसूरती से आकलन किया। वह जरूरत पड़ने पर सिंगल लेने में सक्षम था। मुझे लगा कि वह स्मार्ट क्रिकेट खेल रहा था। उन्होंने आगे कहा, मैं कई बार लिविंगस्टोन की आलोचना करता रहा हूं, न केवल प्रतिक्रिया दे रहा हूं। उसके पास अपार शक्ति है। अपनी पारी के दौरान वो बस खुद को थोड़ा समय दें। मैं वास्तव में इस पारी के दौरान उनसे काफी प्रभावित हुआ।

लिविंगस्टोन तब क्रीज पर आये जब इंग्लैंड बारिश से हुई देरी के कारण 34 ओवर के खेल में 55/5 के स्कोर पर भारी संकट में था। उन्होंने परिस्थितियों से तालमेल बिठाने के लिए खुद को कुछ समय दिया, जिसके बाद उन्होंने तूफानी प्रयास में नौ चौके और एक छक्का लगाया। श्रीलंका के महान खिलाड़ी कुमार संगकारा को लगता है कि अगर समय दिया जाए तो लिविंगस्टोन इस तरह की शानदार आक्रामक पारियां खेल सकते हैं, जो उन्हें भारत में विश्व कप के दौरान अच्छी स्थिति में रख सकती है। चार मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के साथ, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अंतिम दो एकदिवसीय मैच बुधवार को ओवल में और शुक्रवार को लॉर्ड्स में होंगे।

## जोकोविच भाग्यशाली हैं कि उन्हें नडाल और फेडरर जैसे प्रतिद्वंद्वी मिले : गोरान इवानिसेविच

**न्यूयॉर्क,** 11 सितंबर (एजेंसियां)। रिकॉर्ड 24वीं ग्रैंड स्लैम जीत के बाद, नोवाक जोकोविच के कोच गोरान इवानिसेविच ने कहा है कि सर्बियाई महान खिलाड़ी भाग्यशाली रहे हैं कि उन्हें अपने पूरे करियर में चुनौती देने के लिए रोजर फेडरर और राफेल नडाल जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी मिले। जोकोविच ने रविवार रात दानिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में 6-3, 7-6(5), 6-3 से हराकर अपना चौथा यूएस ओपन खिताब जीता और इतिहास रचा। वह ओपन युग में 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले पहले व्यक्ति बन गए। इसके साथ ही जोकोविच ने मार्गरेट कोर्ट के सर्वाधिक ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। टेनिस के %बिग थ्री% ने पिछले दो दशकों से पुरुष एकल में अपना दबदबा बनाए रखा है और उनके बीच कुल मिलाकर 66 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। हालाँकि, जोकोविच रिटायर हो चुके फेडरर (20) से चार मेजर आगे और नडाल (22) से दो मेजर आगे हैं, जिनके अगले साल रिटायर होने की उम्मीद है।

वह एक प्रतिभाशाली व्यक्ति है। वह एक तरह का है। इस दुनिया में खेल के लिहाज से उसके जैसे बहुत से लोग नहीं हैं। यह खेल इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। हम टेनिस के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। हम आम तौर पर खेल के बारे में बात कर रहे हैं। वह एक विजेता है। वह एक ऐसा व्यक्ति है जो आत्म-प्रेरित है। वह भाग्यशाली था कि राफा नडाल और रोजर फेडरर जैसे लोग उसके सामने आए, इसलिए उन्होंने एक-दूसरे को पछाड़ा, लेकिन वह एक जन्मजात विजेता है। उसके लिए, जब आप उसे बताते हैं वह कुछ नहीं कर सकता, यह और भी बुरा है। फिर वह आपको दिखाएगा कि वह यह कर सकता है।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में इवानिसेविच ने कहा, कोई बहाना नहीं है। वह हमेशा रास्ता ढूंढने की कोशिश करते हैं कि कैसे जीतें, कैसे लड़ें, तब भी जब वह ठीक महसूस नहीं कर रहे हों, घायल हों, घायल न हों। चार वर्षों में इवानिसेविच टीम जोकोविच का हिस्सा रहे हैं, सर्बियाई खिलाड़ी ने इस दौरान आठ ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। इसमें जोकोविच का 2021 और 2023 में प्रत्येक में तीन मेजर खिताब



जीतना शामिल है, जब वह क्रमश: 34 और 36 वर्ष के हो गए।

इवानिसेविच ने आगे कहा कि वह जोकोविच की 30 की उम्र के बाद भी लगातार स्लैम जीतना जारी रखने की क्षमता से आश्चर्यचकित नहीं हैं, उन्होंने कहा कि 36 वर्षीय सर्ब हमेशा कुछ और चाहता है।

वह सिर्फ आनंद ले रहा है, उसे चुनौतियाँ पसंद हैं। जैसे आप मुझसे पूछते हैं 25, हाँ, अगर वह 25 जीतता है, तो वह सोचता है, अगर मैं 25 जीतता हूँ, तो 26 क्यों नहीं? यह हमेशा एक और, कुछ और होता है। वह देखभाल कर रहा है उसका शरीर, वह हर चीज का ख्याल रख रहा है, हर एक विवरण को सही, तैयार होना चाहिए। वह कोर्ट पर कभी खुश नहीं होता। मुझे नहीं पता कि यह अच्छा है या बुरा, हमारे लिए अच्छा नहीं है।

इवानिसेविच ने कहा, आम तौर पर, वह बस उसे प्रेरित करता है और वह और अधिक चाहता है। यही कारण है कि वह कोर्ट पर, अभ्यास पर सब कुछ सही करना चाहता है और यही कारण है कि उसे अविश्वसनीय परिणाम मिलते हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या जोकोविच अगले साल 25वें मेजर जीतने पर अपने करियर को अलविदा कह देंगे, 51 वर्षीय ने मजाक में कहा कि उनके शिष्य की 2028 ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने की योजना है। उन्होंने हंसते हुए कहा, यह सवाल आपको उनसे तब पूछना है जब वह बहुत जल्द आएंगे। मुझे ऐसा नहीं लगता। नहीं, नहीं, वह लॉस एंजेलिस में ओलंपिक खेल खेलने की योजना बना रहे हैं। यह कब है, 2028? उन्होंने कहा, आप जानते हैं कि उसके दिमाग में क्या चल रहा है। कुछ हासिल करने के लिए 24 घंटे का समय लगता है। इसलिए मुझे ऐसा नहीं लगता।

## सार संक्षेप

### विश्व कप क्वालीफायर में बोलीविया के खिलाफ मेसी के खेलने पर सस्पेंस

**ब्यूनस आयर्स।** एल्बीसेलेस्टे के मैनेजर लियोनल स्कालोनी ने बताया कि लियोनल मेसी ला पाज़ में बोलीविया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना की टीम के साथ यात्रा करेंगे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को शुरुआती दक्षिण अमेरिकी जोन क्वालीफायर में अर्जेंटीना की इक्वाडोर पर 1-0 की घरेलू जीत के बाद देर रात मेसी ने रविवार को अपने साथियों से अलग प्रशिक्षण लिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मेसी को किसी भी चोट से मुक्त कर दिया है लेकिन स्कालोनी उनके कार्यभार से चिंतित हैं। मेसी ने पिछले 48 दिनों में 12 मैच खेले हैं, जुलाई के मध्य में मुफ्त ट्रांसफर पर इंटर मियामी में शामिल होने के बाद लगातार मैच खेले हैं। स्कोलोनी ने कहा, वह यात्रा करने जा रहे हैं। आज उन्होंने [मुख्य टीम से] अलग प्रशिक्षण लिया। खेल में अभी भी दो दिन बाकी हैं। हम कल या मंगलवार को निर्णय लेंगे। समुद्र तल से 3,600 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित ला पाज़ के हर्नांडो साइल्स स्टेडियम की दुर्लभ हवा को देखते हुए मंगलवार को बोलीविया के खिलाफ मुकाबला विशेष रूप से तनावपूर्ण होगा। मेसी और डिफेंडर क्रिस्टियन रोमेरो के संभावित टीम से बाहर करने के अलावा, स्कोलोनी ने कहा कि वह अर्जेंटीना की शुरुआती लाइनअप में कुछ बदलाव करेंगे। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि उस ऊंचाई पर खेलना कितना मुश्किल है, लेकिन टीम मूल रूप से वैसी ही होगी जैसी इक्वाडोर के खिलाफ थी।

### बेंगलुरु बंद के बीच अनिल कुंबले को बस से करना पड़ा सफर

बेंगलुरु। बेंगलुरु में निजी ट्रांसपोर्टरों के विरोध के कारण ऐप-आधारित कैब न मिलने पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले को सोमवार को यहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से घर वापस जाने के लिए बीएमटीसी बस की सवारी करनी पड़ी। कुंबले ने बेंगलुरु बंद के बीच एक तस्वीर के साथ एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, बीएमटीसी बस से आज हवाईअड्डे से घर वापस आ रहा हूं। कर्नाटक प्राइवेट ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन राज्य सरकार की शक्ति योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है।

### सुडोकू 6314 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 6 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 |
| 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 5 | 8 | 3 |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 | 2 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 1 | 7 | 4 | 5 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 |

# मुख्यमंत्री ने नगरी-सिहावा के मुकुंदपुर में राम वन गमन पर्यटन परिपथ के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

**धमतरी,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नगरी-सिहावा के मुकुंदपुर में आयोजित समारोह में राम वन गमन पर्यटन परिपथ के तहत भगवान श्रीराम की भव्य मूर्ति और विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।



■ 9.61 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

नगरी के मुकुंदपुर में 8 करोड़ 29 लाख रूपए की लागत से भगवान श्रीराम जी की प्रतिमा, श्री राम वाटिका, दीप स्तंभ, एलइडी ब्राडिंग, सप्तऋषि की मूर्तियां, प्रवेश द्वार, 01 कॉटेज, पार्किंग, एप्रोच रोड, पर्यटक सूचना केन्द्र, कलवर्ट निर्माण, कॉटेज निर्माण, लॉन डव्हलपमेंट, सीसीटीवी, यज्ञशाला, जनसुविधा केन्द्र, ड्रेन, विद्युतीकरण, ओव्हरहेड वॉटर टैंक, स्टेयर्स, सीढ़ी निर्माण, मॉडयूलर शॉपं, सप्तऋषि स्थल का विकास, साइनेजेस, गजीबो, बाउण्ड्रीवॉल, साइट डव्हलपमेंट, गार्ड रूम का निर्माण किया गया है। वही श्रृंगी ऋषि आश्रम सिहावा में करटेन वॉल (म्यूरल के साथ), प्रवेश द्वार, रेलिंग एवं शेड निर्माण, गजिबो, सौदर्यीकरण, विद्युतीकरण, यज्ञशाला (पहाड़ी पर), इंटरनल प्लम्बिंग, श्रृंगी ऋषि आश्रम में स्थित हनुमान मंदिर का सौंदर्यीकरण, पाथवे का विकास, जनसुविधा केन्द्र सहित विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, सिहावा विधायक और मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डॉ लक्ष्मी ध्रुव, उपाध्यक्ष राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की उपाध्यक्ष सुश्री राजकुमारी दीवान, जितेंद्र शुक्ला, प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड, कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी, पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री का हेलीपैड पर गर्मजोशी से स्वागत



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज धमतरी जिले में रामायण महोत्सव और राम वनगमन पर्यटन परिपथ अंतर्गत निर्मित भगवान श्रीराम की भव्य मूर्ति का अनावरण और अधोसंरचना निर्माण कार्यों के लोकार्पण हेतु नगरी-सिहावा के मुकुंदपुर हैलीपेड पहुँचे। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के गृह एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू साथ आए। हेलीपैड पर सिहावा विधायक और मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डॉ लक्ष्मी ध्रुव,महापौर नगर पालिक निगम, धमतरी विजय देवांगन, अध्यक्ष दिव्यांग जन सलाहकार बोर्ड मोहन लालवानी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत निशु चंद्राकर, शरद लोहना, आईजी आरिफ शेख, कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी, पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने गुलदस्ता भेंटकर मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री बघेल आज रामायण महोत्सव और राम वनगमन पर्यटन परिपथ अंतर्गत निर्मित भगवान श्रीराम की भव्य मूर्ति का अनावरण और अधोसंरचना निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगें।

# राजीव स्मृति वन में मनाया गया वन शहीद दिवस

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीद वन अधिकारियों तथा कर्मचारियों की स्मृति में 11 सितम्बर को वन शहीद दिवस मनाया जाता है। इस तारतम्य में आज राजीव स्मृति वन (ऊर्जा पार्क) रायपुर में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा श्रद्धांजलि सभा का अयोजन किया गया।



■ वन मंत्री अकबर ने वन शहीद स्मारक में पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

इस अवसर पर वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर, प्रमुख सचिव वन विभाग मनोज पिंगुवा तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव सहित वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने शहीद वन कर्मियों का सम्मान करते हुए वन शहीद स्मारक में पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही वन शहीदों को सैल्यूट करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उल्लेखनीय है राजीव स्मृति वन रायपुर स्थित वन शहीद स्मारक में अंकित नाम में उप वनक्षेत्रपाल स्व. के. डी. साहिल, वनपाल स्व. मोतीलाल कुशवाह, वनपाल स्व. मधुसुदन पाटिल, उपवनक्षेत्रपाल स्व. वीरेन्द्र कुमार तिवारी, वनरक्षक स्व. जगदीश चंद्र मरकाम, परियोजना अधिकारी स्व. अशोक कुमार आचार्य, वनपाल स्व. मार्क ताण्डी, वनरक्षक स्व. शिव कुमार कौशिक, वनपाल स्व. मेहत्तर सिंह डनसेना, स्व. बुधराम भगत, वनपाल स्व. व्ही. पी. शास्त्री, वनपाल स्व. अंगनपल्ली पांडू, स्व. वीरेन्द्र कुमार सिन्हा, वनरक्षक स्व. रामजी राम जयसवाल, वनरक्षक स्व. के.पी. गौतम, वनरक्षक स्व. शम्भूनाथ सिंह, वनरक्षक स्व. रामजी वर्मा, वनपाल स्व. मनेश्वर यादव, वनरक्षक स्व. चुन्नी लाल साहू, वनरक्षक स्व. सुरेश कुमार राव, वनरक्षक स्व. सुखदेव राम नेताम, वनरक्षक स्व. जगदीश राम कुमेटी, वनरक्षक स्व. देशभक्त दास मांगरे, वनरक्षक स्व. विजय कुमार साहू, वनरक्षक स्व. रामेश्वर पांडे, वनपाल स्व. गणपति, वनरक्षक स्व. बलीराम टंडन, वनरक्षक स्व. मदन सिंह परिहार, उपवनक्षेत्रपाल स्व. अशरफी लाल श्रीवास्तव, वनक्षेत्रपाल स्व. दौलत राम दलेर, वनक्षेत्रपाल स्व. रथराम पटेल शामिल है।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक संजय ओझा, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एम.टी. नंदी, शेट्टी पनावर, अरूण पाण्डेय, सुनील मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओ.पी. यादव तथा श्रीमती संगीता गुप्ता, श्रीमती शालिनी रैना, अमरनाथ प्रसाद, एस.पी. पैकरा और राजू आगासिमणि, राम अवतार दुबे, अलोक तिवारी सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# 10 लाख के गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले की पुलिस ने अवैध तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बीते दिन अवैध गांजा तस्करी करते चक्रधर नगर पुलिस ने एक युवक को वाहन समेत गिरफ्तार किया है। जिसकी जानकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एस. महादेवा ने पत्रकार वार्ता के दौरान देते हुए बताया कि जिले में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारी में जिला पुलिस बल द्वारा सभी होटल, ढाबा, लाज में रूकने वालों की सघन जांच तथा सभी चेकपॉइंट्स, बैरियर में कड़ी नाकेबंदी की गई है। वहीं, बदमाशों के अवैधानिक गतिविधियों पर निगाह रखने मुखबिरों को सक्रिय कर निगरानी रखी जा रही है। जिस दौरान चक्रधरनगर पुलिस को गांजा तस्करी को विफल करने में बड़ी सफलता हाथ लगी है।



पुलिस टीम के हाथ कार में गांजा तस्करी कर रहे आरोपी के कब्जे से 1 चिंटल, 05 किलों गांजा बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक उड़ीसा पासिंग होंडा कार में उड़ीसा से रायगढ़ की ओर गांजा लेकर आ रहा है। निरीक्षक प्रशांत राव ने बिना समय गंवाए ग्राम नवापाली में नाकेबंदी कर गांजा तस्कर का इंतजार करने लगे।

# नौकरी गंवाने के बाद ठगी करने लगी महिला, पुरुष मित्र के साथ गिरफ्तार

**जगदलपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। बस्तर जिले में स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर 16 युवकों से 27 लाख 61 हजार रुपए की ठगी हुई है। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग की पूर्व महिला संविदा कर्मचारी ने एक अन्य कर्मचारी के साथ मिलकर ठगी की है। 16 लोगों से पैसे लेकर लैब टेक्नीशियन, स्टाफ नर्स, प्यून और वार्ड बॉय के पद पर भर्ती का फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिया है। अब शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला जगदलपुर सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, जिले के रहने वाले भोलाराम कश्यप ने खुद के साथ हुए फ्रॉड की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसने पुलिस को बताया कि, किरण कश्यप नाम की एक महिला से साल 2021 में अक्टूबर महीने में उसकी पहचान हुई थी। महिला खुद को स्वास्थ्य विभाग की कर्मचारी बताई थी। उसने भरोसा दिलाया था कि डिमरापाल के मेडिकल कॉलेज में वार्ड बॉय के पद पर नौकरी लगवा दूंगी। लेकिन, इसके लिए डेढ़ लाख लगेंगे। जिसकी बातों में भोलाराम आ गया और इसने डेढ़ लाख रुपए भी दे दिए।

इसके अलावा उसी इलाके के अन्य 15 लोगों ने भी प्यून, लैब टेक्नीशियन और नर्स की नौकरी पाने के लिए इसे पैसे दिए। महिला ने सभी 16 लोगों से 27 लाख 61 हजार रुपए ले लिए थे। काम न होने पाने पर पैसे वापस करने की बात कही थी। फिर डिमरापाल मेडिकल कॉलेज के एक अन्य कर्मचारी टीकम जोशी के साथ मिलकर अलग-अलग पदों पर भर्तियां निकाली। जिसके कुछ दिन बाद फर्जी नियुक्ति पत्र बनाया।

**NECC**

| 12.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.00 | 85 | 165 |
| चिल्हर | 6.00 | 100 | 190 |

डिलीवरी 515 सैकड़ा

दर्जन अंडा 70 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

एक 88 साल के बुजुर्ग को फोन आया...
सर, हम बैंक से बोल रहे हैं, म्युचुअल फंड ले लो, सात साल में भाव डबल हो जाएंगे...!
बुजुर्ग ने जवाब दिया: बेटा, मैं उम्र के उस मोड़ पर हूं कि केले भी कच्चे नहीं खरीदता...!!!

संपादकीय

## बड़े शहरों में सावधान रहें महिलाएं

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के राजेन्द्र नगर की रहने वाली रूपल ओगरे की मुम्बई में हुई हत्या उन सैकड़ों महिलाओं के लिये एक सबक की तरह है जो अपने घरों से दूर रहकर महानगरों में अकेली या कुछ साथियों के साथ रहती हैं। रूपल भी एक ऐसी ही युवती थी जो मुम्बई में एक एयरलाइन में एयर होस्टेस का काम करती थी। मंगलवार को वह अपने फ्लैट में अकेली थी। उसके साथ रहने वाली जा चुकी थी तथा उसकी बहन जो उससे मिलने आई थी, वह भी लौट गई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने पाया कि उस इमारत का हाऊस कीपर विक्रम अटवाल उस दौरान उसके फ्लैट में गया था। पूछताछ करने पर उसने कुबूल किया कि सफाई के नाम पर रूपल ने उससे डांट-डपट की थी। इससे नाराज होकर उसने तेज हथियार से उसकी हत्या कर दी। वैसे विक्रम ने अंधेरी पुलिस स्टेशन में शुक्रवार की सुबह अपनी पैंट के कपड़े से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह अलग कहानी है।

बहरहाल, इस वारदात से उन लड़कियों व महिलाओं को कई तरह के सबक मिलते हैं। सबसे पहली बात है सावधानी। बाहरी आदमी से संवाद करने के लिये ज़रूरी नहीं कि उसे अंदर तक आने दिया जाये। सबसे अच्छा तो यही है कि अनावश्यक विवादों में पड़े ही नहीं। सफाई के बाबत या कोई भी शिकायत हो तो सोसायटी के पदाधिकारियों से मिलना चाहिये। साफ-सफाई, हाऊस कीपिंग, पार्किंग आदि को लेकर बाहरी लोगों से उलझना बेकार है। बहुत सी बातों को नज़रंदाज किया जाना चाहिये। इसका यह मतलब कतई नहीं है कि अपनी आवश्यकताओं एवं शिकायतों को लेकर चुप रहा जाये।

महानगर में महिलाओं को तरक्की के जितने अवसर मिलते हैं, दुश्वारियां भी उतनी ही अधिक हैं। महिलाओं के मामले में मुम्बई अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित है और वहां महिला उत्पीड़न भी कम है। उस शहर में उन्हें अन्य महानगरों के मुकाबले ज्यादा स्वतंत्रता है। इसके बावजूद अनहोनी कहीं भी और कभी भी हो सकती है। बेशक महिलाएं अपने जीवन को अपनी मर्जी के अनुसार व्यतीत करें लेकिन यह नहीं भूलना चाहिये कि समाज में अभी भी आपराधिक तत्वों का बोलबाला है। लोगों से सम्बन्ध बनाकर रखें क्योंकि अकेले रहते में उन्हें स्थानीय लोगों की मदद और कई बार सहारे की ज़रूरत पड़ती है। महानगरों या बड़े शहरों में अकेलापन ज्यादा महसूस होता है। वे लोगों से घुले-मिलें परन्तु बहुत सावधानी बरतनी चाहिये। छोटे शहरों, कस्बों या गांवों से निकली लड़कियां अपेक्षाकृत भोली-भाली होती हैं। अक्सर वे बाहरी लोगों के बहकावे में आ जाती हैं। कई बार प्रेम सम्बन्धों या लिव इन में रहने वाली महिलाओं को अपने पार्टनर के हाथों भी ऐसे ही प्रताड़ित होने या मारे जाने की खबरें आती हैं। इसलिये सतर्कता बेहद ज़रूरी है।

## तुरेनार और टाहकापाल में स्थापित बीज प्रक्रिया केन्द्र बंद, लाखों रुपए की हुई बरबादी



**जगदलपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। शहीद गुण्डाधूर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुम्हरावण्ड द्वारा बीआरजीएफ मद से ग्राम तुरेनार और टाहकापाल में लाखों रूपए खर्च कर बीज प्रक्रिया केन्द्र का स्थापना किया गया था, लेकिन दोनों केन्द्र दशकभर पहले ही बंद हो चुका है। दरअसल बीज प्रक्रिया केन्द्र को संचालन करने किसानों की समिति गठित करना था, लेकिन गठन नहीं हो पाया। इसके बाद कृषि महाविद्यालय केन्द्र के संचालन को लेकर दोबारा पहल नहीं किया और दशकभर से केन्द्र में ताला लगा हुआ है, जिसके कारण किसानों को बीज प्रक्रिया केन्द्र का लाभ नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के किसानों को प्रमाणित बीज उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से करीब डेढ़ दशक पहले 2010-11 में जगदलपुर ब्लॉक के ग्राम तुरेनार और तोकापाल ब्लॉक के ग्राम टाहकापाल में बीज प्रक्रिया केन्द्र स्थापित किया गया था। इन केन्द्रों में भवन निर्माण करने के साथ ही उपकरण भी लगायी थी, जो आज जंग खा रही है। टाहकापाल के केन्द्र को करीब चार साल पहले शुरू करने प्रयास किया गया था, लेकिन बाद में कुछ वैज्ञानिकों के तबादला होने के बाद बंद ही हो गया। वर्तमान में इन बंद केन्द्रों को फिर से शुरू करने की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है।

**प्रमाणित बीज से किसानों को मिलता लाभ**

वर्तमान में किसान हाईब्रिड और प्रमाणित बीज का ही उपयोग करना पसंद करते हैं, क्योंकि प्रमाणित बीज से किसानों को लाभ मिलता है। एक तो बोआई करने के बाद सभी बीज अंकुरित होता है और फसल की पैदावार भी अच्छी होती है। ऐसे में यदि बीज प्रक्रिया केन्द्र संचालित होता तो निश्चित ही क्षेत्र के किसानों को आसानी से प्रमाणित बीज मिलता।

## ऑक्सीजन जोन जीर्णोद्धार के बाद भी सिद्ध हो रहा अनुपयोगी



**जगदलपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। करीब डेढ़ दशक बाद वन विभाग ने टेकामेटा स्थित ऑक्सीजन जोन का लाखों रूपए खर्च कर जीर्णोद्धार किया गया। ऑक्सीजन जोन में पाथवे व पैगोड़ा आदि का निर्माण करवाया है, जिससे कि इस मार्ग पर आवागमन करने वाले लोग यहां कुछ समय व्यतीत कर सकेंगे, लेकिन यहां ताला लटका हुआ है और लोगों को खुलने का इंतजार है। कुल मिलाकर यहां ताला लगे होने के कारण पाथवे व पैगोड़ा अनुपयोगी साबित हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि वन विभाग द्वारा चित्रकोट मार्ग पर ग्राम टेकामेटा में 2007 में 36.216 हेक्टेयर में बनवाए गए ऑक्सीजन जोन में ऑक्सीजन देने वाले नीम, पीपल व बरगद समेत अन्य पौधे लगावाए गए थे, उस समय टेकामेटा का ऑक्सीजन जोन को देश का पहला ऑक्सीजन जोन होने की बात कही गई थी। ऑक्सीजन जोन का लोकार्पण तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के हाथों तामझाम के साथ किया गया था, लेकिन बाद में यह बदहाल होता गया।

**गलत जगह बना तालाब:** ऑक्सीजन जोन के भीतर लोगों को नौकायन करवाने के उद्देश्य से तालाब का निर्माण किया गया है, लेकिन यहां कभी पानी ही नहीं रहता। लोगों का कहना है कि विभाग ने बिना किसी योजना के यहां तालाब निर्माण किया है। यदि तालाब का निर्माण सही जगह पर किया गया होता तो निश्चित ही लाभ मिलता।

## भ्रष्ट भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकने हम सबका संकल्प, दंतेवाड़ा से यात्रा का आगाज : साव



**जगदलपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कुशासन और भ्रष्टाचार के खिलाफ छत्तीसगढ़ की तरक्की और खुशहाली के लिये भारतीय जनता पार्टी परिवर्तन यात्रा निकाल रही है।

उन्होंने कहा कि पहली परिवर्तन यात्रा कल 12 सितम्बर दंतेवाड़ा से निकलेगी। देश के गृहमंत्री अमित शाह पूजा अर्चना कर यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। दूसरी यात्रा को 16 सितम्बर को जशपुर से रवाना किया जाएगा। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव 2023 के आचार संहिता लागू होने के पूर्व प्रदेश स्तर पर दो परिवर्तन यात्रा करने जा रही है। श्री साव ने आह्वान करते हुए कहा कि हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिये और छत्तीसगढ़ में सुशासन लाने के लिए, प्रदेशवासियों के भविष्य को संवारने के लिए इस अत्याचारी, अन्यायी भ्रष्टाचारी भूपेश सरकार को उखाड़ फेंके। जनता का विश्वास व आशीर्वाद भाजपा के साथ है।

## दंतेवाड़ा से शुरू हो रही परिवर्तन यात्रा में शामिल होने भाजपा के दिग्गज नेता पहुंचे जगदलपुर



**जगदलपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा से आरंभ हो रही परिवर्तन यात्रा में शामिल होने भाजपा प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश माथुर, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल विशेष विमान से आज शाम जगदलपुर पहुंचे। माँ दंतेश्वरी एयरपोर्ट में भाजपा के स्थानीय नेताओं ने वरिष्ठों का आत्मीय स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी के परिवर्तन यात्रा से बस्तर संभाग का चुनावी माहौल काफी गर्म हो गया है। एक और जहां भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए जी जान से जुटे हैं वहीं दूसरी ओर कांग्रेस इसे लेकर दबाव में नजर आ रही है। यही कारण है कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं मंत्री, सांसद विधायक सभी इस यात्रा की आलोचना करने में जुटे हुए हैं। एक और कांग्रेस जहां इसे केवल जुमला बता रही है वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी इस परिवर्तन यात्रा के सहारे छत्तीसगढ़ प्रदेश में सत्ता हासिल करने का प्रयास कर रही है। गृह मंत्री अमित शाह के बार-बार छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर भी कांग्रेसियों में भारी खलबली नजर आ रही है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पहले ही भारतीय जनता पार्टी 21 विधानसभाओं में अपने प्रत्याशियों की नाम की घोषणा कर चुकी है वहीं कांग्रेस अब तक एक भी सूची जारी नहीं कर पाई है।

## बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत कंपनी लगाएगी स्मार्ट मीटर



**जगदलपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा बरसात बाद स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू करने जा रही है, जिससे एक तो बिजली चोरी रूकेगी और उपभोक्ता मनमानी बिजली की खपत नहीं कर पाएंगे। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ता बिजली की जितनी खपत करेंगे, उतनी ही बिल आएगा। वर्तमान में बिजली की चोरी हो रही है और ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता एवरेज बिजली बिल आने के कारण मनमानी बिजली की खपत करते हैं। प्रीपेड मीटर लगाने की तैयारी कम्पनी मुख्यालय स्तर पर शुरू हो चुका है।

उल्लेखनीय है कि विद्युत कम्पनी बिजली चोरी रोकने के साथ उपभोक्ताओं को बिजली बिल भुगतान करने में आसानी हो, इसके लिए डिजीटल सुविधा उपलब्ध करवाया जा रहा है। पिछले साल ही मोर बिजली एप लागू किया गया, जिसके तहत उपभोक्ता आसानी से सभी तरह की जानकारी ले रहे हैं। अब डिजीटल स्मार्ट मीटर में नयी तकनीक का उपयोग किया गया है। इसके पहले तक कई बार मीटर को अपडेट किया गया, अब डिजीटल का चलन बढ़ने से फिर एक बार मीटर को बदला जा रहा है।

**पहले चरण में ट्रासफॉर्मरों में लगेगा-** स्मार्ट मीटर लगाने का काम तीन चरण में पूरा होगा। पहले चरण में ट्रासफॉर्मरों में मीटर में लगाए जाएंगे। दूसरे चरण में घरेलू उपभोक्ता और तीसरे चरण में कामर्शियल उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाएंगे। विद्युत कम्पनी के अधिकारियों का कहना है कि टेण्डर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद शहरी क्षेत्र में पहले स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्र में काम शुरू होगा।

**स्मार्ट मीटर से बिल की शिकायत होगी दूर-** स्मार्ट मीटर की रिचार्ज उपभोक्ता घर बैठे मोबाइल से कर सकेंगे और विभाग के पास यह शिकायत कभी नहीं आएगी कि इस महीने ज्यादा बिजली बिल आया। उपभोक्ता जितना रिचार्ज करवाएंगे, उतनी ही बिजली जलेगी। इससे उपभोक्ता ज्यादा बिजली खर्च करने से बचेंगे, क्योंकि नुकसान उपभोक्ताओं का ही होगा। विद्युत कम्पनी के ईई, एनके पोयाम ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया चल रही है। टेण्डर की प्रक्रिया के बाद सबसे पहले शहरी क्षेत्र में लगेगा। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्र में लगाया जाएगा। स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी रूकने के साथ ही उपभोक्ता घर बैठे मोबाइल से बिजली मीटर रिचार्ज करा सकेंगे।

## नयापारा आसना और ढोढरेपाल में 5 जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गए



**जगदलपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि नयापारा आसना एवं ढोढरेपाल जगंल क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों के द्वारा जुआ खेल रहे है, सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में कार्यवाही के लिए अलग-अलग टीम तैयार कर, दर्शित स्थल पर छापामार कार्यवाही किया गया। कार्यवाही के दौरान 5 जुआरी जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये जिनके फड़ एवं पास से 50000/-रूपये नगद एवं ताश के पत्ते, सट्टा पर्ची बरामद किया गया। आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में छ0ग0 जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) एवं धारा 6(क) के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, अनुसंधान में लिया जाकर आरोपियो को गिरफ्तार किया गया।

## कांग्रेस ने बस्तर के हालात बदल दिए, भाजपा की परिवर्तन यात्रा जुमला है : दीपक बैज



**जगदलपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद दीपक बैज के नेतृत्व में आयोजित संयुक्त पत्र वार्ता में कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा शुभारंभ अवसर पर दंतेवाड़ा पहुंच रहे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए आठ सवाल दागे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, एआईसीसी सचिव सांसद सप्तगिरि शंकर उल्का, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, आदिवासी विकास मंत्री मोहन मरकाम, विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम, जगदलपुर विधायक संसदीय सचिव रेखचंद जैन, विधायक लखेश्वर बघेल, चंदन कश्यप, शिशुपाल सोरी, विक्रम शाह मण्डावी, देवती कर्मा, राजमन बेंजाम, अनूप नाग, सावित्री मण्डावी, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ए आर निषाद, क्रेडा अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार, जगदलपुर महापौर सफीरा साहू, नगर निगम सभापति कविता साहू, ग्रामीण जिला अध्यक्ष बलराम मौर्य, शहर अध्यक्ष सुनील मौर्य ने पत्र वार्ता में भाजपा की परिवर्तन यात्रा के औचित्य पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने बस्तर के हालात में परिवर्तन कर दिया है। भाजपा ने 15 साल में छत्तीसगढ़ के लिए कुछ नहीं किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्य किया। जगह-जगह छत्तीसगढ़ महतारी के प्रतिमा स्थापित किया, अब भाजपा भी छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर रही है। एआईसीसी सचिव सप्तगिरि शंकर उल्का ने कहा कि पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि अच्छे दिन आएंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जुमलेबाजी की सरकार है। प्रदेश कांग्रेस सरकार ने जमीन स्तर पर आम जनता की सुविधा के लिए अनेक योजनाएं चलाकर कार्य किया है।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने अमित शाह से किए 8 सवाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद दीपक बैज ने कहा कि हमारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सवाल है कि 2013 में झीरम में जहां हमारे नेता शहीद हुए थे, क्या वे वहां नमन करके परिवर्तन यात्रा निकालेंगे ? भाजपा की परिवर्तन यात्रा कांग्रेस परिवर्तन यात्रा की नकल है इसे बस्तर की जनता अच्छी तरह से जानती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सवाल किया कि मोदी सरकार ने 2006 के वन अधिकार अधिनियम में संशोधन क्यों किया ? भारतमाला परियोजना रोड को जगदलपुर से क्यों नहीं जोड़ा जा रहा ? 15 साल में भाजपा की सरकार के समय बस्तर के मासूम आदिवासियों को छोटी-छोटी धाराओं में वर्षों तक जेल की सलाखों में बंद रखा गया। उनकी जमीनों को कौड़ियों के दाम लूटने का षड्यंत्र रचा गया। जल जल जंगल जमीन पर आदिवासियों के नैसर्गिक अधिकारों का हनन किया गया। 15 सालों तक साढ़े पांच लाख से अधिक वन अधिकार पट्टों को लंबित रखा गया। क्या अमित शाह बस्तर की जनता से माफ़ी मांगेंगे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2017-18 में दल्ली राजहरा रेल मार्ग के निर्माण का उद्घाटन स्वयं देश के प्रधानमंत्री ने भानुप्रतापपुर से किया था और मंच से आश्वस्त किया था कि 2021 में यह बनकर तैयार हो जाएगा प्रधानमंत्री का आश्वासन छलावा निकला। अमित शाह बताएं कि यह रेल मार्ग योजना कब पूरी होगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अमित शाह एक बार फिर से बस्तर आ रहे हैं। इसके पहले भी बस्तर आए थे। बस्तर की जनता उनसे जानना चाहती है कि 15 सालों तक छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार के दौरान बस्तर के आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों को बंधक बनाकर क्यों रखा गया था। उन्होंने कहा कि आरक्षण विधेयक कब तक लंबित रहेगा ?नगरनार प्लांट क्यों बेच रहे हैं। नंदराज पहाड़ की लीज केंद्र सरकार रद्द क्यों नहीं कर रही। एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर में क्यों नहीं आ रहा। गौपालन न केवल हमारी धार्मिक आस्था से बल्कि अर्थव्यवस्था से भी जुड़ा है। पत्रकार वार्ता में उपस्थित आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने भारतीय जनता पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि यह आदिवासी विरोधी पार्टी है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने आदिवासी दिवस , पोला ,तीजा त्योहारों को महत्व देते हुए छुट्टी घोषित किया, सिरहा गुनिया, गायता सरपंच पटेल जैसे सामाजिक संरचना के अंगों को सम्मानित किया। गांव-गांव में देव गुड़ियों ,घोटूल केंद्रों का जीर्णोधार जैसे छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यवस्था को मजबूत किया ताकि छत्तीसगढ़िया आत्म स्वाभिमान के साथ अपना जीवन यापन करें लेकिन भाजपा की सरकार में 15 वर्ष के शासनकाल में ऐसा कोई भी कार्य नहीं किया। आदिवासी >> शेष पृष्ठ 9 पर>

## इस्कॉन ने धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी महोत्सव



**जगदलपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। अंतर्राष्टीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन), जगदलपुर ने परम पूज्य सिद्धार्थ स्वामी महाराज जी के मार्गदर्शन में सिरहासार भवन में बड़ी धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम के बारे में बताते हुए इस्कॉन के प्रतिनिधि श्री वेद व्यास प्रभु जी ने बताया कि च्चआज दिन की शुरुआत प्रतिदिन की तरह ब्रह्ममुहुर्त में मंगल आरती से किया गया। सुबह 10 बजे से सिरहासार भवन में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे । हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे के सुमधुर भजन के मध्य बच्चों के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगोली, ड्राइंग्स, कलरिंग, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के साथ किया गया। शाम को कीर्तन एवं नृत्य के साथ भगवान श्री कृष्ण, राधारानी, चैतन्य महाप्रभु एवं नित्यानंद महाप्रभु का अभिषेक पंचगव्य, दूध, दही, घी, शहद, गुड़ एवं विभिन्न फलों के रस एवं फुलों से किया गया। मध्य रात्रि तक चले कार्यक्रम में भगवान के अभिषेक, श्री कृष्ण कथा एवं आरती के साथ समस्त भक्तों को प्रसाद वितरित किए गए।

इस्कॉन जगदलपुर से जुड़े भक्त ललित जोशी प्रभु जी ने बताया कि च्चपिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस्कॉन द्वारा सिरहासार भवन में बड़ी धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम किया गया है। इस वर्ष इस्कॉन द्वारा संचालित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने काफी अधिक संख्या में बढ़चढ़ कर भाग लिया और इस्कॉन से जुड़े हमारे सभी साथियों ने हमारे आदरणीय श्री तमाल कृष्ण प्रभु, श्री वेद व्यास प्रभु एवं श्री पांचजन्यधारी दास प्रभु जी के मार्गदर्शन बड़े उत्साह के साथ जन्माष्टमी महोत्सव को सुचारू रूप से संपन्न करने में सहयोग दिया।ज्ज उन्होंने ने आगे बताया कि च्चशहर के कई गणमान्य व्यक्ति श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल हुए एवं भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलदेव, माता सुभद्रा एवं श्री सुदर्शन का आशीर्वाद प्राप्त किया।ज्ज एक नन्हें भक्त ने बताया कि च्चउन्होंने एवं उनके अन्य मित्रों ने कलरिंग एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया और सुमधुर कीर्तन में जमकर नाचते हुए मित्रों के साथ ऊधम मचाया और कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भरपूर आनंद उठाया।ज्ज इस्कॉन एक अंतर्राष्टीय संघ है जिसकी स्थापना श्रील भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद ने की है जिससे भगवान श्री कृष्ण की प्रेमपूर्ण भक्ति एवं संदेश का प्रचार प्रसार करते हुए संपूर्ण विश्व में शांति एवं भाईचारा फैलाया जा सके। जगदलपुर में इस्कॉन, भंगाराम चौक के समीप स्थित अपने आश्रम से पिछले कुछ वर्षों में भगवान श्री कृष्ण के संदेश द्वारा लोगों में कृष्ण भावनामृत का प्रचार प्रसार कर रही है जिससे लोग जीवन के परम् उद्देश्य को समझकर सात्विक एवं आनंदमय जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस्कॉन जगदलपुर द्वारा संचालित युथ प्रोग्राम्स एवं नगर संकीर्तन से शहर के युवा वर्ग धीरे-धीरे अपने जीवन के नकारात्मकता से दूर हो कर नशीले पदार्थों के सेवन और विभिन्न व्यसनों से मुक्त हो रहे हैं एवं एक सकारात्मक एवं सफल जीवन जीने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

## मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सेहत बाजार मिलेट कैफे का किया अवलोकन



**जगदलपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन अमिताभ जैन ने रविवार की शाम को जगदलपुर के दलपत सागर आइलैंड के समीप स्थित सेहत बाजार मिलेट कैफे का अवलोकन कर बस्तर के पारंपरिक लघु धान्य फसल कोदो-कुटकी एवं रागी से बने व्यंजनों के बारे में जानकारी ली और रागी से तैयार डोसा, बड़ा एवं रागी पिज्जा का स्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने इन व्यंजनों के स्वाद की तारीफ की और मिलेट कैफे संचालन करने वाले मोम्स फूड के सदस्यों से रूबरू चर्चा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर कलेक्टर विजय दयाराम के. ने जिले में मिलेट मिशन के अंतर्गत मिलेट फसलों की खेती सहित मिलेट उत्पादों के सम्बंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया, साथ ही मिलेट कैफे के माध्यम से आम लोगों को पौष्टिक तत्वों से भरपूर विभिन्न व्यंजनों की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# बस्तर से प्रदेश तक जाएगा परिवर्तन का संदेश : नबीन



- छत्तीसगढ़ में खिलेगा भाजपा का कमल
- भाजपा प्रदेश सह प्रभारी ने जताई उम्मीद
- भूपेश सरकार की वादा खिलाफी से जनता त्रस्त

**दंतेवाड़ा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन ने परिवर्तन यात्रा शुभारंभ सभा स्थल के निरीक्षण दौरान पत्रकारों के सवालो का जवाब देते हुए कहा कि माँ दंतेश्वरी के आशीर्वाद से दंतेवाड़ा से ही भाजपा की पहली परिवर्तन यात्रा की शुरुआत हो रही है। यह परिवर्तन की आवाज रायपुर और पूरे छत्तीसगढ़ तक जाएगी।

श्री नबीन ने कहा कि जिस प्रकार भूपेश बघेल की सरकार ने छत्तीसगढ़ में वादाखिलाफी की है, जिस प्रकार से प्रदेश में अराजकता की स्थिति बनी हुई है, भ्रष्टाचार चरम पर है, उससे पूरी तरह से सरकार के खिलाफ आक्रोश जनता में है।

भाजपा प्रदेश सह प्रभारी श्री नबीन ने कहा कि परिवर्तन यात्रा का शंखनाद केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह माँ दंतेश्वरी की पवित्र भूमि से करेंगे। हमारा मानना है कि माता दंतेश्वरी का हमें जो आशीर्वाद मिलेगा, निश्चित ही बस्तर से लेकर कर सरगुजा तक परिवर्तन की यह आवाज बुलंद होगी और परिवर्तन के रूप में 2023 में फिर से भारतीय जनता पार्टी का कमल छत्तीसगढ़ में खिलेगा। श्री नबीन ने कहा कि 2018 में जो परिस्थितियाँ थी, वह 2023 में पूरी तरह से बदल चुकी है। कांग्रेस ने झूठे वादे किए, वादाखिलाफी की, बड़े-बड़े ऐसे वादे किए जिनको जमीन पर कहीं पर स्थान नहीं मिल पाया और 36 के 36 वादे पूरे नहीं किए।

यह छत्तीसगढ़ को जो छलने का काम प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने किया है, उससे आज पूरी तरह से जनता का विश्वास भाजपा की ओर बढ़ा है। 15 वर्षों तक प्रदेश में भाजपा की सरकार रही, तब भाजपा ने विकास भी किया, जनता को सुरक्षा भी दी और एक अच्छा शासन भी दिया। इस दौरान भाजपा संगठन संभाग प्रभारी संतोष पांडे, शिवरतन शर्मा, महेश गागड़ा एवं जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी सहित भाजपा पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक



**नारायणपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक के पूर्व छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर, उद्योग मंत्री एवं नारायणपुर के प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा के मुख्य आतिथ्य एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष, बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल की अध्यक्षता तथा बस्तर सांसद दीपक बैज, नारायणपुर विधायक चंदन कश्यप के विशिष्ट आतिथ्य में आज जिला प्रशासन की अभिनव योजनाओं के तहत जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को डीएमएफ फंड से नाश्ता दिये जाने की महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ प्रात: 10 बजे किया जाएगा। इस योजना से प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ रहे जिले के 1× हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। इसके पश्चात परीयना दिव्यांग आवासीय विद्यालय का शुभारंभ प्रात: 10=15 बजे गरांजी, नारायणपुर में किया जाएगा इस विद्यालय में नारायणपुर जिले के ×5 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को प्रवेश देने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें 15 छात्र एवं 20 छात्राएं शामिल हैं, जिनका चयन किया गया है। इसके पश्चात प्रात:10=×0 बजे हमर लैब का शुभारंभ स्व.बद्रीनाथ बघेल जिला चिकित्सालय नारायणपुर में किया जाएगा। अंत में प्रात: 10=45 बजे वीरांगना रमौतिन माड़िया शासकीय आदर्श महिला महाविद्यालय नारायणपुर में च्च वीरांगना रमौतिन माड़िया की प्रतिभा का अनावरण किया जाएगा। इन सभी आयोजनों में विशेष अतिथि के रूप में नारायणपुर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती श्यामबती रजनू नेताम, उपाध्यक्ष श्री देवनाथ उसेंडी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मांझी, उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, नारायणपुर जनपद अध्यक्ष पंडीराम वड्डे, ओरछा जनपद अध्यक्ष श्रीमती मालती नुरेटी की उपस्थित रहेंगी। नारायणपुर जिला प्रशासन द्वारा इस सभी आयोजनों में गरिमामय उपस्थिति की अपील की गई है।

# मड़ानार के बच्चों ने किए सामूहिक सेतुबंध योगासन का प्रदर्शन



**कोण्डागांव,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ योग आयोग गठन से लेकर अब तक छत्तीसगढ़ में योग के प्रचार प्रसार कर लोगों को योग से जोड़ने का कार्य कर रही है। इसी तारतम्य में 10 सितंबर को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज कराने के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल इंडोर स्टेडियम रायपुर में कार्यक्रम आयोजित है, जिसके सफलता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए आज बस्ता रहित दिवस के अवसर पर शिक्षक शिवचरण साहू के नेतृत्व में मड़ानार के 200 बच्चों ने एक साथ सामूहिक रूप से सेतुबंध योगासन और जुंबा नृत्य का प्रदर्शन किया।

प्रधान अध्यापक पी.एल.नाग ने कहा योग हमारे जीवन के लिए आवश्यक है और हम इसे अपने जीवन शैली में शामिल करें। शिक्षिका आरती बेर, रंजीता तिग्गा, ललिता समरथ द्वारा सेतुबंध आसन योगाभ्यास कराकर एवं योग की जानकारी देते हुए कहा कि योग लोगों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता एवं जागरूकता पैदा कर रहा है और लोग योग के माध्यम से न केवल अपने रोगों को मिटा सकते हैं बल्कि रोगों से बच सकते हैं।

# एसपी ने राज्य स्तर पर चयनित बच्चों को दिया खेल सामग्री



**कोण्डागांव,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। जगदलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय गतका प्रतियोगिता में विगत दिनों कोंडागांव जिले से 42 बच्चों का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया है। जिसके लिए पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार द्वारा सिक्ख मार्शल आर्ट के प्रशिक्षक शिवचरण साहू को साधुवाद दिया। बच्चों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य स्तर हेतु चयनित बच्चों को राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए विजयी बच्चों को गतका खेल सामग्री 20 नग सूटी, 4 सेट फरी, 4 सेट सोल्डर गार्ड, 4 सेट हेड गार्ड, 4 सेट चेस्ट गार्ड कोंडागांव एसपी अक्षय कुमार द्वारा प्रदान किया गया। कोंडागांव जिला के ये सभी बच्चे 14 से 17 सितंबर को कसडोल में राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बस्तर संभाग से शामिल होंगे। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक मनीष राजपूत, गतकाज रोहित नाग, खिलेंद्र बघेल, कु. अनीता चीनो, अंजली ठाकुर, कामेश्वरी, दिलेश्वरी और उनके कोच शिवचरण साहू ने खेल सामग्री के मिलने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए खिलाड़ी बच्चों की ओर से पुलिस अधीक्षक के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डीएमएफ अतिथि शिक्षकों ने सरकार से मांगा जॉब गारंटी



**जगदलपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। स्थानीय पत्रकार भवन में सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान डीएमएफ अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष गोपाल सरकार ने पत्रकारों को बताया कि 2014-15 से बस्तर संभाग के दुर्गम बिहार क्षेत्र में शिक्षक के रूप में कार्य करते हुए अपनी सेवाएं दे रहे हैं। स्थानीय बोली भाषा और योग्यता के आधार पर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी। कई वर्षों से बंद स्कूलों को शुरू कर क्षेत्रीय बोलियों में बच्चों को पढ़ाते हैं। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हम शिक्षकों के लिए सरकार के पास कोई योजना नहीं है हमारा रोजगार भी स्थाई नहीं है। वर्षों से बस्तर में 2500 की संख्या में शिक्षक अपनी सेवाएं दे रहे हैं इनमें से 650 शिक्षक अपनी सेवाओं से वंचित हो चुके हैं। नए शिक्षकों की नियुक्ति से हमें भी सेवा से वंचित करने का खतरा बढ़ गया है। हमें भी जो विद्यमितांत थे उन्हें अतिथि शिक्षक के रूप में जिस तरह से सेवा सुरक्षा की गारंटी दी गई है हमें भी प्रदान की जाए। हमें सेवा से वंचित न किया जाए क्योंकि हम काफी कम मानदेय 5 से 12 हजार रुपए प्रति माह में भी सेवाएं दे रहे हैं और बच्चों को पढ़ा रहे हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान डीएफ अतिथि शिक्षक संघ के शांतिलाल कुमेटी, सार्थक यादव, मनीष यादव एवं अन्य उपस्थित थे।

# वन विभाग ने राष्ट्रीय वन शहीद दिवस मनाया



**जगदलपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। वन वृत्त कार्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय वन शहीद दिवस मनाया गया। इस दौरान वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों को याद करते हुए श्रद्धाजंलि दी गई और शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वन शहीदों को नमन करते हुए 2 मिनट मौन रखा गया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय वन शहीद दिवस यह दिन देशभर में तैनात उन कर्मचारियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने भारत में वन्यजीवों, जंगलों और जंगलों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इस दिन वन रक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों के बलिदान को याद करने के लिए मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में निदेशक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, उपमंडलाधिकारी बस्तर, चित्रकूट परिक्षेत्र अधिकारी, परिक्षेत्र सहायक, वनपाल, वनरक्षक, कार्यालयीन कर्मचारी, प्रशिक्षु वनपाल एवं शाहिद कर्मचारी के पारिवारिक सदस्य शामिल हुए।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय में एक दिवसीय शतरंज कार्यशाला आयोजित

**कोण्डागांव,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोण्डागांव के तत्वाधान में जिले में सभी आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शतरंज खेल के एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 09 सितंबर को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामकोटपारा में आयोजित किया गया था। इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न स्कूलों के 200 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

# मेहनत करने की आदत बनाए रखें : अमिताभ जैन

## अध्ययनरत प्रतिभागियों से उनके तैयारियों के संबंध में चर्चा कर दी शुभकामनाएं



**जगदलपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने रविवार की शाम को लाला जगदलपुरिया ग्रन्थालय का अवलोकन कर सभी अध्ययन करने वालों के लिए जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाई व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान उन्होंने अध्ययनरत प्रतिभागियों से उनके तैयारियों के सम्बंध में चर्चा कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नव चयनित अधिकारियों से भी मुलाकात कर उन्हें बधाई भी दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि युवाओं से मिलने से एक उत्साह की अनुभूति होती है। उन्होंने ई-क्लास में पढ़ाई कर रहे बच्चों से संस्थान द्वारा दी सुविधाओं और उनके भविष्य के लक्ष्यों के सम्बन्ध में चर्चा किए।

इसके उपरांत परिसर में स्थित युवोदय अकादमी में अध्ययनरत विद्यार्थियों से मुलाकात किए। श्री जैन ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत करने की आदत बनाये रखें। साथ ही जीवन में खेलकूद की गतिविधियों को शामिल कर कोई भी आउटडोर खेल एक घंटा खेले जिससे एकाग्रता बढ़ाने और समझ विकसित करने में सहायता मिलती है। साथ ही ग्रुप डिस्कशन को बढ़ावा दें। मुख्य सचिव ने युवोदय अकादमी के शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। मुख्य सचिव ने बच्चों को भौतिकी के सवाल पूछे और उसे विस्तृत रूप से वर्णन भी किए। ज्ञात हो कि इस संस्था से इस वर्ष 44 बच्चों ने एनईईटी के लिए क्वालीफाई हुए हैं। इस अवसर पर कलेक्टर विजय दयाराम के., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे सहित संस्थान के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

# पनका/पनिका जाति को संपूर्ण छग में अजजा में बहाली के लिए चल रही तैयारी जोर शोर से



**कोण्डागांव,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। पनका/पनिका जाति को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जन जाति में बहाली हेतु कलेक्टर जिला कोण्डागांव के माध्यम से प्रधान मंत्री भारत सरकार एवं मुख्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। गौरतलब है कि सन् 1971 के पूर्व अविभाजित मध्यप्रदेश में पूरे प्रदेश में पनका/पनिका जाति, अनुसूचित जन जाति में अधिसूचित थी। 17 दिसम्बर 1971 में प्रकाशित अधिसूचना में इस जाति को केवल दत्तिया, टीकमगढ़, छत्तरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, सीधी तथा शहडोल जिलों के लिए ही अनुसूचित जन जाति घोषित की गयी। समाज की मांग यह है कि पूर्व की भाँति छत्तीसगढ़ राज्य के सम्पूर्ण जिलों में पनका/पनिका जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जावे। इस आशय हेतु ज्ञापन सौंपने के समय प्रदेश उपाध्यक्ष छ.ग.मानिकपुरी पनका/पनिका समाज के जिला कोण्डागांव गोकूल दास मानिकपुरी, नगर अध्यक्ष राजु दास, ब्लॉक अध्यक्ष वकील दास कोण्डागांव, ब्लॉक अध्यक्ष संयासी कस माकड़ी, बडेराजपुर से जीवन दास, पिताम्बर दास रामेश्वर दास, केला दास, रवि दास, कृष्णा दास, बिहारी दास, अन्य सामाजिक जन भारी संख्या में उपस्थित थे।

# विभिन्न पदों हेतु वॉक इन इंटरव्यू 21 को

**कोण्डागांव,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार समावेशी शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शिक्षा-प्रशिक्षण में सहयोग हेतु स्पीच थैरेपिस्ट, स्पेशल एजुकेटर एवं हेल्पर-आया-अटेन्डेन्ट की नियुक्ति आस्थायी रूप से की जानी है। इस हेतु वॉक इन इंटरव्यू 21 सितम्बर 2023 को कार्यालय जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा कोण्डागांव कक्ष क्रमांक-94 में आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा कोण्डागांव के सूचना पटल एवं जिले की वेब साइट पद पर जाकर विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन कर सकते हैं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### कांग्रेस ने बस्तर के हालात...

विकास मंत्री मोहन मरकाम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने वन भूमि अधिकार पट्टा योजना पर भी रोक लगाने के साथ आदिवासियों को अनेक अधिकारों से वंचित करने का कार्य कर रही है। कोयला, लोहा, तांबा सोना एवं अन्य खनिजों को अडानी को सौंपने का कार्य कर रही है। नगरनार इस्पात संयंत्र को निजी हाथों में देने के बजाय छत्तीसगढ़ सरकार ने संचालित करने की मांग की थी लेकिन ऐसे नियम लगाए की प्रदेश सरकार नगरनार संयंत्र को नहीं ले सकती। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से स्टालिन के द्वारा सनातन धर्म पर दिए गए बयान के संबंध में पूछे जाने पर कुछ भी कहने से इनकार किया। वन अधिकार पट्टा वितरित किए जाने के चलते जंगलों के नुकसान होने के सवाल पर सप्तगिरी उल्का ने कहा कि हमारी सरकार आने पर प्रभावशील कानून बनाएगी।

# चोरी के आरोपी को केशकाल पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कोण्डागांव,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। चोरी के आरोपी को केशकाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया है कि प्राथमिक शाला ओडकापारा की अध्यापिका श्रीमती सरिता शोरी रोज की भाति 09 सितम्बर 2023 की सुबह 07.30 बजे स्कूल का गेट खोलकर अंदर गयी तो स्कूल के रसोई कमरे तथा बगल में स्टोर रूम का भी ताला टुटा हुआ दिखा। दोनों कमरों के अंदर जाकर देखने पर कमरे के अंदर का सामान बिखरा पड़ा था, कमरे में रखे 03 नग थाली, 03 ढक्कन, 01 प्लेट, 01 स्टील गंजी, 01 कुकर, 03 चम्मच, 04 नग सिलिंग पंखा, 04 किलो चावल, 05 नग प्लास्टिक बाल्टी, आलू 15 किलो, दाल 03 किलो को 09 सितम्बर के दरम्यानी रात में कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना केषकाल में अप.क्र.76/2023 धारा 457, 380 भा.दं.वि.पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। एस.पी. वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन एवं एडि.एस.पी. दौलतराम पोर्ते के मार्गदर्शन व एस.डी.ओ.पी.केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में अज्ञात चोर को पकड़ने हेतु थाना प्रभारी केशकाल को निर्देशित किया गया। मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपी संजील कुमार यादव पिता स्व.चुन्नूलाल यादव जाति राउत 32 वर्ष निवासी मस्जिदगली केषकाल को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपी संजील कुमार यादव के मेमोरण्डम कथन के आधार पर चोरी किए गये उपरोक्त मारूका को आरोपी के घर से बरामद किया गया। कानूनी कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, न्यायालय के द्वारा आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद साहू, सउनि निहार रंजन मंडल, प्र.आर. ईश्वर नेताम, महेश्वरी शाडिल्य, आरक्षक मनोहर निषाद, महिला आरक्षक उर्मिला मरकाम का विशेष योगदान रहा।

# गोलावंड में अंदकुरी गांडा समाज का जिला स्तरीय नवाखाई मिलन समारोह होगा



**कोण्डागांव,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। अंदकुरी गांडा समाज का जिला स्तरीय नवाखाई मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन ग्राम गोलावंड में किया जाएगा। 10 सितंबर रविवार को जिला स्तरीय बैठक रखकर अंदकुरी गांडा समाज समन्वय समिति जिला इकाई जिला कोंडागांव के द्वारा मंडल गोलावंड में नवाखाई उपरांत सगा जोहर का कार्यक्रम 1 अक्टूबर को मानने का निर्णय लिया गया। जहां पर पुराने रीति अनुसार देवी देवताओं का सेवा पूजा करने के साथ समाज के बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं, कर्मचारी प्रकोष्ठ सभी इकट्ठा होकर बड़ी आत्मीयता के साथ सगा जोहर भेंट कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

इस बैठक में प्रांतीय सचिव अनिल कोर्राम, जिला अध्यक्ष करन कोर्राम, जिला सचिव बुधमन कुलदीप, राजेश मरकाम, युवा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद मंडावी कोंडागांव, ब्लॉक अध्यक्ष हन्नूराम बघेल मर्दापाल एव प्रांतीय कार्यकारणी सदस्य, जिला कार्यकारणी सदस्य, सातों ब्लॉक के अध्यक्ष वरिष्ठ प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ के साथ 275 सामाजिक पदाधिकारी के उपस्थित रहे।

# छात्रों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**दंतेवाड़ा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत अधिकाधिक मतदाताओं को मतदान में सहभागिता निभाने के लिए अब स्कूली छात्र-छात्राएं जुटे हुए है। इस दिशा में खंड स्तर पर स्कूली बच्चों के रैली निकालकर निबंध प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला एवं चित्रकला आदि के माध्यम से मतदान करने प्रोत्साहित किया जा रहा है।



▌कलेक्ट्रेट परिसर में आम जनों को किया जा रहा जागरूक
▌मतदान प्रतिशत बढ़ाने जन जागृति

इसी कड़ी में कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय गीदम के स्कूली छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान का संदेश दिया। इस दौरान इन स्कूली बच्चों ने संदेशपरक नारे के माध्यम से मतदाताओं को मतदान में हिस्सा लेने प्रेरित किया। इसके पश्चात स्कूली छात्र-छात्राओ शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा युवाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने का आग्रह किया। इस मौके पर शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्राएं मौजूद थे।

ज्ञात हो कि आगामी निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार के निर्देशन में जिले के सभी विकासखंड में स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से जागरुक किया जा रहा है। इसके साथ ही कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता केन्द्र बनाया गया है। मतदाता जागरूकता के तहत ईव्हीएम एवं वीवीपैट के प्रति आए जनता में जागरूकता के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित एवं आमजन को वोट डालने का महत्व बताया जा रहा है। इसके अलावा मतदाता जागरूकता केंद्र में मतदाताओं को वोट देने की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है।

## प्रदेश की खुशहाली के लिए परिवर्तन यात्रा : साव

### छत्तीसगढ़ियां भाई-बहनों का संवारेंगे भविष्य



**दंतेवाड़ा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने आज परिवर्तन यात्रा को लेकर वीडियो संदेश जारी किया है। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव 2023 के अचार सहिंता लागू होने के पूर्व प्रदेश स्तर पर 2 परिवर्तन यात्रा करने जा रही है।

जारी संदेश में परिवर्तन यात्रा को लेकर अरुण साव ने कहा कि राज्य में कांग्रेस सरकार के कुशासन और भ्रष्टाचार के खिलाफ छत्तीसगढ़ की तरक्की और खुशहाली के लिये भारतीय जनता पार्टी परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। उन्होंने बताया कि पहली परिवर्तन यात्रा दंतेवाड़ा से निकलेगी। देश के गृहमंत्री अमित शाह पूजा अर्चना कर यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। दूसरी यात्रा को जशपुर से रवाना किया जाएगा। श्री साव ने आह्वान करते हुए कहा कि आइए हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिये और छत्तीसगढ़ में सुशासन लाने के लिए, प्रदेशवासियों के भविष्य को संवारने के लिए इस अत्याचारी, अन्यायी भ्रष्टाचारी भूपेश सरकार को उखाड़ फेंके।

## सेजस दहिकोंगा में चलाया गया मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान

### 600 छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों ने अभियान में लिया भाग



**कोण्डागांव,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रेमप्रकाश शर्मा के निर्देशानुसार एवं संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर के मार्गदर्शन में कोण्डागांव जिले में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दहीकोंगा मे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस संबंध में कार्यक्रम संयोजक टी.ऐंकट राव ने बताया कि संस्था में अध्यनरत लगभग 600 से अधिक छात्र-छात्राओं ने ग्रामवासियों के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें सभी ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसके तहत हस्ताक्षर अभियान के एक विशाल कैनवास पर सभी ने अपना-अपना हस्ताक्षर कर अपने घर परिवार, गांव, मोहल्ले में आने वाले चुनावों मे शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में अध्यनरत विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना एवं भारत स्काउट गाइड इकाई दहीकोंगा के छात्र छात्राओं के साथ एक विशाल रैली का आयोजन कर लोकतंत्र का यह आधार वोट ना हो कोई बेकार, 18 वर्ष की उम्र कर ली पार मिला वोट का अब अधिकार, युवा हो तुम देश की शान जागो उठो करो मतदान, वोट डालने चलो साथी लोकतंत्र के बनो बाराती जैसे अनेकों नारों के साथ ग्राम के पारा, मोहल्ले भ्रमण कर ग्रामवासियों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य त्रिनाथ प्रसाद जोशी सहित स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास का आयोजन



**कोण्डागांव** 11 सितम्बर (देषबन्धु)। एक शिक्षित समाज राष्ट्र के सुनहरे भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है। जिला कलेक्टर दीपक सोनी के आदेशानुसार अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितंबर को नव भारत सक्षरता कार्यक्रम उल्लास अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी के मार्गदर्शन में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मड़ानार में पढ़ेंगे पढ़ाएंगे और शिक्षा की ज्योति को घर-घर पहुंचाने के संकल्प को साकार करते हुए बच्चों ने मानव श्रृंखला से साक्षर भारत का लोगो तैयार कर कहानी पुस्तक पठन करते हुए जन समुदाय तक शिक्षा के महत्व को पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख पी.एल.नाग, शिक्षिका आरती बेर, रंजीता तिग्गा, ललिता समरथ उपस्थित रहीं। शिक्षक शिवचरण साहू द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

## भिक्खु संघ ने बाबा साहेब अंबेडकर व बौद्ध धम्म का किया प्रचार-प्रसार

### बाबा साहब सेवा संस्था व बौद्ध समाज ने किया स्वागत



**कोण्डागांव** 11 सितम्बर (देषबन्धु)। भिक्खु संघ ने कोण्डागांव नगर में बाबा साहेब अंबेडकर एवं बौद्ध धम्म का प्रचार प्रसार किया और इस दौरान बाबा साहब सेवा संस्था व बौद्ध समाज कोण्डागांव द्वारा उनका स्वागत किया गया।

धम्म प्रचार-प्रसार हेतु छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में भिक्खु धम्म तप राजनांदगांव एवं भिक्खु ज्ञान बोधी जगदलपुर, नागपुर से भिक्खु नाथापुरणों जगदलपुर से धम्मधर बस्तर संभाग में जिला-जिला भ्रमण कर रहे हैं। इसी कड़ी में भिक्खु संघ का कोंडागांव जिले में 8 सितम्बर 2023 को बुद्ध विहार (मंगल भवन) कोण्डागांव में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों का प्रचार प्रसार किया गया है। धम्मदेशना कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसमें बाबा साहब सेवा संस्था से पी.पी.गोंडाने, मंगला गोंडाने, देवानंद चैरे, दीपमाला चैरे, विधा गनवीर, तिष्याताई चैरे, तथ्याशील चैरे, संदीप वासनिकर, सिद्धार्थ महाजन, प्रमोद भारती, मंगउ देवांगन, मुकेश मारकंडेय और समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## उड़ानक्रीड़ा व युवा विकास संस्थान छग ने पद्मश्री अजय मंडावी से सौजन्य भेंट किया



**कोण्डागांव,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। पद्म श्री से सम्मानित अजय मंडावी से उड़ान क्रीड़ा एवं युवा विकास संस्थान छत्तीसगढ़ एवं संस्थापक भारतलाल मंडावी, प्रदेश अध्यक्ष संजय उईके, अनिल कुमार मंडावी कोंडागांव जिला अध्यक्ष, एथलीट कोच कांकेर बंसीलाल नेताम, बिसलाल नेताम जिला उपाध्यक्ष एवं बालसिंग मंडावी एवं सदस्यगण मयंक आदि ने सौजन्य भेंट किया। इस दौरान रन फार बस्तर 10 किमी मैराथन के संबंध में चर्चा करने के साथ ही योजना भी तैयार किया गया।

## देशी महुआ शराब बेचते एक गिरफ्तार

**भानुप्रतापपुर,** 11 सितंबर। कोरर पुलिस को मुखबिर से सचूना मिला कि ग्राम हरनपुरी निवासी दरबार गोटा अपने घर के सामने सफेद प्लास्टिक जरकीन में देशी महुआ शराब को बिक्री करने के लिये ग्राहको का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर आरोपी के कब्जे से लगभग साढ़े चार लीटर देशी महुआ शराब मिला जिसे जप्त कर पुलिस ने कब्जा में लिया। आरोपी दरबार गोटा के विरुद्ध अपराध धारा 34(1)ख) आबकारी एक्ट का मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

## पंडाल, टेंट, साउंड सिस्टम व्यवस्था के लिए कोटेशन 26 तक

**कोण्डागांव** 11 सितम्बर (देषबन्धु)। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार वर्ष 2023-24 में 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। जिसमें टेंट, पंडाल, साउंड सिस्टम इत्यादि की व्यवस्था के लिए आयटमों के दर निर्धारण इच्छुक योग्य पूर्व अनुभवधारी एवं अर्हताधारी टेंट हाऊस प्रतिष्ठानों से आयटमवार दर प्रस्तुत करने हेतु कोटेशन 26 सितम्बर 2023 को दोपहर 3 बजे तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव में जमा किये जा सकते हैं। कोटेशन हेतु प्रपत्र 26 सितम्बर तक कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते हैं। जिसे 26 सितम्बर को सायं 05 बजे कोटेशन प्रतिभागियों के समक्ष खोला जायेगा। इस संबंध में नियम एवं शर्तों की अधिक जानकारी हेतु कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा 15 को

**कोण्डागांव,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला पंचायत कोण्डागांव में सामान्य सभा का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में 15 सितम्बर 2023 को जिला पंचायत कोण्डागांव के सभा कक्ष में आयोजित किया गया है। इस सभा में वन मण्डलों, जिला शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग, उद्यानिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहकारिता विभाग, आबकारी विभाग, खाद्य विभाग, खनिज विभाग, आदिवासी विकास विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, महिला बाल विकास विभाग, मत्स्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग एवं जिला पंचायत के विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं की विस्तृत रूप से चर्चा की जायेगी।

## 240 दिन से अधिक हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का नहीं ले रहे सुध

**कोण्डागांव,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला नारायणपुर तहसील छोटे डोंगर के अन्तर्गत मढ़ोनार एवं होड़नार बीच सड़क के किनारे 12 जनवरी 2023 से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करते हुए, 240 दिन से अधिक का समय बित चुका है। आदिवासी जनता एवं एससी/एसटी, ओबीसी जनता 2 सूत्रीय मांग को लेकर केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के खिलाफ लामबंद होकर आंदोलन में डटी हुई नजर आ रही है। लेकिन आज तक शासन-प्रषासन का कोई भी प्रतिनिधि आंदोलनकारियों से चर्चा के लिए आंदोलन स्थल पर नहीं पहुंचा है।



**शासन-प्रशासन के प्रतिनिधिगण**

मढ़ोनार में आनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के जन आंदोलन में बैठे लोगों की दो मांग में से पहला है- राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा ग्राम पंचायत मढ़ोनार में बिना ग्राम सभा के नवीन कैम्प खोलने के प्रस्ताव को रद्द किया जाए। दूसरा है राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा छोटेडोंगर से तोयामेटा तक सड़क चैड़ीकरण कार्य जारी है, उसे रद्द किया जाए। मांग को पुरी करने के बजाए केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा भारत का संविधान द्वारा लागू पांचवीं अनुसुचित एवं पेसा कानून, वन अधिकार अधिनियम (मान्यता) कानून का उल्लघंन करते हुए बस्तर संभाग में बी.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ.एवं आई.टी.बी.पी.कैम्पों को स्थापित किया गया है। बस्तर संभाग के 07 जिले में अलग-अलग जगह पर शहरी एवं जंगली क्षेत्र में राज्य एवं केन्द्र सरकार के प्रायोजित हिंसा के कारण सरकार के सैनिक जवानों ने गस्त के नाम पर भोले-भाले आदिवासी जनता एवं गाँव में बसे एससी, एसटी, ओबीसी जनता को फर्जी नक्सली मामले में फंसाकर जेल में भेज रही एवं ड्रोन हमले व हवाई हमले फायरिंग कर रही है। हाल ही में 05 सितम्बर 2023 को बस्तर संभाग में सुकमा के ताड़मेटला में दो आदिवासी युवकों को फर्जी नक्सली मुठभेड़ में हत्या कर शव को पुलिस जवानों ने लकड़ी में पेट्रोल डालकर शव को जलया गया। आदिवासी अधिकार बचाओ मंच-बेचा बंग्लापारा/कड़ियामेटा जन आंदोलन एवं आमदई खदान खनन प्रभावित क्षेत्र मढ़ोनार जन आंदोलन से जुडे और अनिष्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारियों ने उपरोक्त जानकारी देते हुए केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के कृत्यों की घोर निंदा किया है।

## बाबा साहब सेवा संस्था के तत्वाधान में मनाया जाएगा संभाग स्तरीय संविधान दिवस



**कोण्डागांव,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर संभाग स्तरीय संविधान दिवस मनाने का निर्णय मूल निवासी समाज कोंडागांव द्वारा लिया गया है। बाबा साहब सेवा संस्था कोंडागांव के तत्वाधान में एसटी, एससी, ओबीसी, माइनॉरिटी के नेतृत्व में 10 सितम्बर को बैठक आयोजित की गई, जिसमें 26 नवंबर संविधान दिवस मनाने के संबंध में चर्चा की गई। चर्चा उपरांत बस्तर संभाग स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक के दौरान हुए चर्चा में समाज प्रमुखों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक में सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष बंगाराम सोढ़ी, गोंडवाना समाज समन्वयक समिति कोंडागांव जिला अध्यक्ष बुधसिंह नेताम, सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक अध्यक्ष पनकु नेताम, बाबा साहब सेवा संस्था कोण्डागांव के संरक्षक पंचू सागर, अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, सचिव रमेश पोयाम, मंगउ देवांगन, पुष्कर सिंह मांडवी, देवानंद चैरे, लभा सिंह नाग (हलबा समाज), कमलू कोर्राम, मोहन सोना मसीह समाज, पंचम निषाद (निषाद समाज), बाल कुंवर प्रधान(कलार समाज), त्रिनाथ दीवान, रामपवन पांडे, रामनाथ पांडे, मनमोहन नाग (उत्कल समाज), कमलेश साहू (साहू समाज), पी.पी.गोंडाने, पी. एल.ठावरे (बौद्ध समाज), संदीप वासनीकर, विशाल बंजारे, सूरज मातलाम, सिद्धार्थ महाजन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुसूचित जाति जनजाति परिसंघ छत्तीसगढ़ एवं अन्य समाज प्रमुख उपस्थित रहे।

## गलवान घाटी में शहीद हुए गणेश कुंजाम की शौर्य जागरण यात्रा भानुप्रतापपुर पहुंची, नागरिकों ने किया स्वागत



**भानुप्रतापपुर,** 11 सितंबर। गलवान घाटी में शहीद हुए गणेश कुंजाम की शोर्य जागरण यात्रा रविवार शाम 4 बजे भानुप्रतापपुर पहुंची। जिसका कांकेर रोड के फॉरेस्ट नाका में भव्य पुष्प वर्षा कर नगर के गणमान्य नागरिक द्वारा स्वागत कर बाइक रैली के साथ नगर भ्रमंड कर सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में आम सभा के रूप में परिवर्तित हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सोमदेव सोमदेव नायक उपस्थित श्री सोमदेव ने युवाओं को सैनिक बनने हेतु प्रेरणादाई विषय पर वक्तव्य दिया। आभार प्रदर्श भगत शांडिया ने किया त बलिदानी सैनिक परिवार एवं पूर्व सैनिकों को नमन कर शाल श्रीफल के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह शौर्य जागरण यात्रा भानुप्रतापपुर के पश्चात पखांजूर के लिए 11 तारीख को सुबह 9.00 बजे प्रस्थान करेगी।

## लंजोडा में आम आदमी पार्टी कोंडागांव ने बदलाव यात्रा का किया आगाज

**कोण्डागांव,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी कोंडागांव द्वारा फरसगांव ब्लॉक के ग्राम लंजोडा में बदलाव यात्रा का आगाज किया गया।

आम आदमी पार्टी कोंडागांव के कोंडागांव इकाई द्वारा 09 सितम्बर को विधान सभा क्षेत्र केशकाल के अंतर्गत ब्लॉक फरसगांव के ग्राम लंजोड़ा के साप्ताहिक बाजार में जिला सचिव जुगल किशोर बोध एवं ब्लॉक अध्यक्ष फरसगांव जैनी मंडावी के नेतृत्व में बदलाव यात्रा निकाला गया। बदलाव यात्रा में ब्लॉक अध्यक्ष धनोरा सुकूराम नाग, ब्लॉक अध्यक्ष बड़ेडोंगर जीतू साहू के द्वारा बाजार में आए ग्रामीणों को दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से अवगत कराया एवं लोगों से कहा कि यदि छत्तीसगढ़ में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनाओगे तो यहां भी दिल्ली और पंजाब की तरह बच्चों को अच्छी शिक्षा व्यवस्था, गांव-गांव में मोहल्ला क्लिनिक, अच्छे अस्पताल, बनाए जाएंगे व सभी घरों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी, 18 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को 1000 रुपए महीना स्त्री सम्मान राशि दिया जाएगा, बेरोजगार युवाओं को 3000 रुपए महीना बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। अनियमित व संविदा कर्मियों को नियमित किया जाएगा व दस लाख बेरोजगारों को सरकारी नौकरी देने का वादा किया। जिसमें उपस्थित जिला एससी-एसटी ओबीसी अध्यक्ष सोनसाय नेताम, जिला किसान विंग अध्यक्ष दानसाय मरकाम, जिला उपाध्यक्ष बिंदेश राना, जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सिताराम नेताम, जिला सोशल मीडिया प्रभारी विजय प्रधान, जिला मीडिया प्रभारी संतोष कुमार नाग, फरसगांव ब्लॉक सोशल मीडिया प्रभारी दीपेश कोर्राम, केशकाल ब्लॉक सोशल मीडिया प्रभारी बलदेव नेताम, सरबत मरकाम, अनिल मंडावी, शंभू कोर्राम, सेक्टर अध्यक्ष रैनुराम सलाम, संजय नेताम, सुनिल नेताम, श्यामलाल नाग, असाडू राम पोटाई, जागेश्वर मरापी, अमरसिंह मरकाम, बुधू शोरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बदलाव यात्रा में हिस्सा लिया एवं किए गए वादों को पूरा करने की जनता को गारंटी दी और एक मौका केजरीवाल का नारा लगाया।




आम आदमी पार्टी की व्यवस्था परिवर्तन से प्रभावित होकर फरसगांव ब्लॉक के लंजोडा में सैकड़ों लोग आम आदमी पार्टी का समर्थन करते हुए आम आदमी पार्टी का दामन थामा।

## बीईओ स्कूल मरम्मत कार्य को देखने पहुंचे



**भानुप्रतापपुर,** 11 सितंबर। खंड शिक्षा अधिकारी सदे सिंह कोमरे रविवार को विकासखंड के विभिन्न गांवों के दौरे पर रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत किए जा रहे स्कूल मरम्मत कार्यों को देखा एवं कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि बच्चों को बेहतर स्कूल एवं वातावरण मिल सके। कोरर, डूमरकोट, कुल्हाड़कट्टा, भोड़िया, कनेचुर, उचपानी, व्यापारी पारा स्कूल में चल रहे कार्यों को देखा। इस दौरान सब इंजीनियर जितेंद्र गजबीए भी मौजूद रहे रहे उनसे बीईओ ने स्कूल मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्यो की प्रगति की जानकारी ली। स्कूल मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्यो में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्यो में प्रगति लाकर समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

**बैंक मैनेजर**- कैश खत्म हो गया है कल आना।
**रामू**- लेकिन मुझे मेरे पैसे अभी चाहिए।
**मैनेजर**- देखिए आप गुस्सा मत करिए, शांति से बात कीजिए।
**रामू**- ठीक है बुलाओ शांति को, आज तो मैं उसी से बात करूंगा।

## संपादकीय

### केन्द्र से धान-चावल सम्बन्धी सालाना विवाद

*छत्तीसगढ़ सरकार का केन्द्र से धान या चावल उपार्जन के मामले में मानों हर वर्ष का तयशुदा विवाद हो। कभी पूल में चावल की मात्रा को लेकर हो या कभी बोरों की आवश्यकता से कम की सप्लाई तो कभी केन्द्र की ओर से राज्य को राशि का भुगतान वक्त पर न होना या बिलकुल ही न होना। केन्द्र व राज्य सरकारें जब अलग-अलग सियासी पार्टियों की हों तो ऐसा अक्सर होता देखा गया है। धान छग का प्रमुख कृषि उत्पाद है। यहां की अर्थव्यवस्था और विकास में चावल उत्पादन की बड़ी भूमिका होती है। इतना ही नहीं, बड़ी संख्या में लोग कृषि कर्म में लगे हुए हैं। उनकी भी आमदनी का सीधा सम्बन्ध धान उत्पादन से है।*

*चूंकि छग सरकार की एक प्रमुख गतिविधि धान की खरीदी है, इस नाते यह भी कहा जा सकता है कि धान खरीदी का मामला छत्तीसगढ़ की ऐसी कमजोर रग होती है जिसे दबाकर उसे परेशान किया जा सकता है। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी सरकार इस काम में विशेष रूप से माहिर है। उसे पता है कि कौन से विषय पर किस राज्य को किस तरह से परेशान किया जा सकता है- अगर वह विरोधी दलों की हो। अलग-अलग राज्यों के मामलों में वह भिन्न-भिन्न तौर-तरीके अपनाती है। छग के मामले में भी ऐसा है। ज़रूरी नहीं कि सारे मुद्दों पर राज्य सरकार गलत हो लेकिन केन्द्र के पास उपलब्ध ताकत का फायदा मोदी सरकार अक्सर उठाती दिखाई देती है। जब से राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी है, शायद ही कोई साल ऐसा गया हो, जब धान उपार्जन या फिर चावल के मामले में दोनों सरकारों के बीच टकराव न हुआ हो।*

*इस साल राज्य सरकार ने 1 नवम्बर से धान खरीदी प्रारम्भ करने का ऐलान कर दिया है जो 28 फरवरी, 224 तक जारी रहेगी। इस बार खरीदी बायोमेट्रिक सिस्टम से होगी। लक्ष्य 125 लाख टन धान क्रय करने का है। शनिवार को हुई कैबिनेट बैठक में जानकारी दी गयी कि पांच लाख किसानों ने अपना पंजीयन भी करा लिया है। पिछले वर्ष 24 लाख से ज्यादा पंजीकृत किसान थे, जिनमें से करीब ढाई लाख नये थे। यह इस बात का प्रतीक है कि राज्य में लोगों की कृषि मे रुचि बढ़ रही है। किसानों की मांग पर नये खरीद केन्द्र खोलने का फैसला भी छग सरकार ने लिया है।*

*कैबिनेट ने यह भी ध्यान में लाया है कि राज्य को भारतीय खाद्य निगम से 225.3 करोड़ रुपये तथा नागरिक आपूर्ति निगम से 3.43 लाख रुपए चावल उपार्जन के लेने हैं। केन्द्र सरकार को चाहिये कि यह राशि तत्काल जारी करे। साथ ही एक ऐसी व्यवस्था बानाने की ज़रूरत है जिससे हर साल जो विवाद होते हैं, वे न उठें।*

# प्रदेश के निजी स्कूल 14 को रहेंगे बंद, 21 को प्रदर्शन

## शिक्षा विभाग ने स्कूलों का 250 करोड़ रोका

**रायपुर**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में 14 सितंबर को प्राइवेट स्कूल बंद रहेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के निजी स्कूलों का 250 करोड़ रुपए रोक दिया है, जिससे नाराज प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन आंदोलन की तैयारी में है। 14 सितंबर को प्रदेशभर के निजी स्कूल बंद रहेंगे। रायपुर में 21 सितंबर को जंगी प्रदर्शन की तैयारी है। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन पैसा बढ़ाने, समय पर पैसा जारी करने समेत आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सड़क पर उतरेगा।

यह राशि शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत पात्र बच्चों को पढ़ाने के बदले स्कूलों को विभाग को जारी करनी थी। प्रदेश के निजी स्कूल संचालकों का प्रतिनिधित्व करने वाले छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि विभाग ने वर्ष 2020-2021 और 2021-22 की राशि अब तक जारी नहीं की है। राशि नहीं मिलने से छोटे स्कूलों के संचालन में परेशानी हो रही है।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि आंदोलन के पहले चरण में 14 सितंबर को प्रदेश के सभी निजी स्कूलों को बंद रखा जाएगा। पहले चरण के प्रदर्शन के बाद ही स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी मांग को पूरी नहीं करेंगे, तो फिर सड़क की लड़ाई लड़ी जाएगी। आंदोलन के दूसरे चरण में 21 सितंबर को रायपुर में प्रदेश के सभी निजी स्कूल संचालक एकजुट होंगे और विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

**प्रदेश में 9 हजार से ज्यादा निजी स्कूल**

प्रदेश में 9 हजार से ज्यादा निजी स्कूल हैं। इन स्कूलों में निम्न तबके के लाखों बच्चे आरटीई के तहत पढ़ते हैं। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का वेरिफिकेशन करने के बाद पैसा जारी किया जाता है। कुछ स्कूलों ने पोर्टल में आवेदन नहीं किया, इसलिए पैसा नहीं दिया गया है। स्कूलों की मांग के बाद आवेदन पोर्टल खोलकर उनकी समस्या का समाधान किया जा रहा है।

**आरटीई की राशि के साथ इन मांगों को मनवाने भी आंदोलन**

पिछले 12 वर्षों से आरटीई की राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है। इसी वर्ष से वृद्धि की जाए।

स्कूल बसों की पात्रता अवधि छत्तीसगढ़ में 12 वर्ष है। पात्रता अवधि 15 वर्ष किया जाना चाहिए।

निजी स्कूलों में पढ़ने वाली बालिकाओं को भी सरस्वती साइकिल योजना का लाभ दिया जाए।

आरटीई की क्षतिपूर्ति राशि को स्कूलों को जल्द दिया जाए।

निजी स्कूलों के सभी खातों को पीएफएमएस के अंतर्गत पंजीकृत किया जाए।

गणवेश की राशि 540 रुपए से बढ़कर 2000 की जाए।

निजी स्कूल में अध्ययनरत एसी, एसटी, ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को मिलने वाले प्री मैट्रिक और पोस्ट मीट्रिक छात्रवृत्ति की राशि बढ़ाई जाए।

निजी स्कूलों के अध्यापकों को स्कूली शिक्षा में भर्ती पर बोनस अंक प्रदान किया जाए। जैसे आत्मानंद के शिक्षकों को किया जाता है।

**छोटे स्कूलों को परेशानी हो रही: अध्यक्ष राजीव गुप्ता**

छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि निजी स्कूलों को आरटीई की 250 करोड़ राशि नहीं मिली है। विभागीय अधिकारियों को आवेदन दिया, लेकिन वो निराकरण नहीं कर रहे हैं। पैसा समय पर नहीं मिलने से छोटे स्कूलों को परेशानी हो रही है। इसके अलावा लंबे समय से आरटीई की राशि बढ़ाने, क्लेम समय पर देने, निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को शासकीय योजनाओं का फायदा मिले, इसकी मांग कर रहे है। लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिल रहा। मांग पूरी कराने और प्रदर्शन किया जाएगा।

### शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए 11 निजी स्कूलों को नही मिली मान्यता

शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए 153 निजी स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन किया था। जिसमें से 11 स्कूलों को मान्यता नहीं मिली है। जिसमें रायपुर के 4 स्कूल, बिलासपुर के 2, राजनंदगांव के 1, कोंडागांव के 2 और कोरिया से 2 स्कूलों को मान्यता नहीं मिली है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव व्ही। के। गोयल ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए 153 निजी स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन किया था। जिसमें से 142 स्कूलों को त्रुटिपूर्ण करने के बाद मान्यता दे दी गई है। वहीं 11 स्कूलों को मापदंड में नहीं होने कारण को मान्यता नहीं दी गई है। इन स्कूलों में कहीं बच्चे अध्ययनरत होंगे तो उनको दूसरे स्कूल में शिफ्ट कराया जाएगा।

जिन स्कूलों को नहीं मिली मान्यता उनमें विवेकानंद एजुकेशन एकेडमी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नकटा आरंग, नवयुवक विद्यालय महादेव घाट रायपुर, ब्लेसिंग उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सड्डू रायपुर, द सनराइज़ पब्लिक हाई स्कूल न्यू चंगोराभाठा रायपुर, आनंद मार्ग ई.मि. हाई स्कूल दधीचिपारा कोनी बिल्हा, चिल्ड्रन वैली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजकिशोर नगर बिलासपुर, राजनांदगांव, बीपीएस पैरेंट्स प्राइड स्कूल डोंगरगांव, गायत्री शक्तिपीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंजोड़ा, संस्कार पब्लिक हाई स्कूल सुल्सुली, ज्ञान गंगा हाई स्कूल शिवपुर-चरचा और ज्ञानोदय हाई स्कूल बिश्रामपुर शामिल है।

**स्कूलों ने समय पर क्लेम नहीं किया: संचालक**

लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक डॉ. सुनील कुमार जैन ने बताया कि कुछ निजी स्कूल संचालकों का वर्ष 2020-21 और 2021-22 का पैसा रुका हुआ है। ये पैसा इसलिए रुका है, क्योंकि इन स्कूलों ने समय पर क्लेम नहीं किया और हमारा पोर्टल बंद हो गया। स्कूलों की मांग को देखते हुए पोर्टल दोबारा खोला गया है और स्कूलों को इसकी जानकारी दे दी है। स्कूल प्रबंधक आवेदन ऑनलाइन जमा करके क्लेम कर सकेंगे। निजी स्कूल एसोसिएशन की जो मांगें हैं, वो शासन स्तर का मामला है। शासन से जो निर्देश आएगा, उसका पालन किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ की खुशहाली और तरक्की के लिये भाजपा की परिवर्तन यात्रा : साव



**रायपुर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने आज परिवर्तन यात्रा को लेकर रायपुर मुख्यालय से वीडियो संदेश जारी किया है। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव 2023 के अचार सहिंता लागू होने के पूर्व प्रदेश स्तर पर 2 परिवर्तन यात्रा करने जा रही है।

जारी संदेश वीडियो में परिवर्तन को लेकर अरुण साव ने कहा की राज्य में कांग्रेस सरकार के कुशासन और भ्रष्टाचार के खिलाफ छत्तीसगढ़ की तरक्की और खुशहाली के लिये भारतीय जनता पार्टी परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। उन्होंने बताया कि पहली परिवर्तन यात्रा दंतेवाड़ा से निकलेगी। देश के गृहमंत्री अमित शाह पूजा अर्चना कर यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। दूसरी यात्रा को जशपुर से रवाना किया जाएगा। अरुण साव ने आह्वान करते हुए कहा कि आइए हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिये और छत्तीसगढ़ में सुशासन लाने के लिए, प्रदेशवासियों के भविष्य को संवारने के लिए इस अत्याचारी, अन्यायी भ्रष्टाचारी भूपेश सरकार को उखाड़ फेंके।

# 3 लेयर की सुरक्षा में रहेंगे 50 देशों के प्रतिनिधि 650 जवान, ड्रोन और डॉग स्क्वायड होंगे तैनात

**रायपुर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। नया रायपुर में 18 और 19 सितंबर को आयोजित होने वाली जी 20 की बैठक को लेकर अधिकारियों ने तैयारी पूरी कर ली है। नवा रायपुर के निजी होटल में आयोजित फाइनेंस ट्रैक पर फोर्थ फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप मीटिंग में 50 देशों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। प्रतिनिधियों को आयोजन के दौरान परेशानी ना हो और उनकी सुरक्षा में चूक ना हो, इसके लिए पुलिस के 650 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी मुस्तैद रहेंगे।



नया रायपुर में 18-19 को जी-20 की बैठक

बैठक की सुरक्षा में 12 एएसपी, 25 डीएसपी, 50 इंस्पेक्टर और 600 जवानों की ड्यूटी लगाई है। अतिथियों और उनकी सुरक्षा में आए कर्मियों को संवाद करने में परेशानी ना हो, इसलिए अंग्रेजी के अच्छे जानकारों को इस दल में शामिल किया गया है। ये सुरक्षाकर्मी पहले लेयर में रहेंगे। आवश्यकता पड़ने पर यह प्रतिनिधियों और उनके सुरक्षाकर्मियों से चर्चा करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

जी 20 आयोजन के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल में ड्रोन और खोजी कुत्तों को भी लगाया जा रहा है। इनकी मदद से संवेदनशील चीजों और आसपास के इलाकों में नजर रखी जाएगी। कार्यक्रम स्थल के आस पास संदिग्ध गतिविधियां दिखने पर कंट्रोल रुम में बैठे अधिकारी तत्काल प्वांइट में तैनात पुलिसकर्मियों को इसकी सूचना देंगे और जांच करके निराकरण करेंगे।

**रूट प्लान भी तैयारी**

नवा रायपुर के निजी होटल में कार्यक्रम का आयोजन होना है। इसलिए पुराने शहर में किसी तरह की यातायात व्यवस्था में बदलाव नहीं किया जाएगा, लेकिन दूसरे देशों से आए प्रतिनिधियों के मूवमेंट होने पर ही नवा रायपुर के कुछ मार्ग प्रभावित होंगे। उसके लिए प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल और आस पास के इलाके को सील कर दिया जाएगा। वहां से गुजरने वाले हर व्यक्ति को जांच के बाद ही कार्यक्रम स्थल में एंट्री दी जाएगी।

**तीन दिन पहले जवान होंगे तैनात**

रायपुर सिटी एएसपी अभिषेक माहेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम में आने वाले प्रतिनिधियों की सुरक्षा तीन लेयर में होगी। इसके लिए तीन दिन पहले ही जवानों को नवा रायपुर में प्वाइंट बनाकर पदस्थ कर दिया जाएगा। जवानों का नेतृत्व राजपत्रित अधिकारी करेंगे। रायपुर जिले में पदस्थ पुलिस कर्मियों के अलावा लाइन और दूसरे जिलों से भी जवानों को बुलाया जाएगा।

# कांग्रेस में 14 विधायकों, 2 मंत्रियों की टिकट खतरे में

**रायपुर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस में प्रत्याशी चयन को लेकर लगातार बैठकें चल रही है। जिसमें प्रत्याशी चयन को लेकर पैनल तैयार करने के लिए पार्टी नेताओं के बीच देर रात तक चर्चा चलती रही। बैठक में तय हो गया है कि मंत्रियों की टिकट नहीं काटी जाएगी। हालांकि सूत्रों के मुताबिक दो मंत्रियों को लेकर अब भी संशय की स्थिति है, वहीं 14 विधायकों की टिकट भी खतरे में है।

इस दौरान बस्तर और बिलासपुर संभाग की सीटों को लेकर पैनल तैयार करने की प्रक्रिया देर रात तक चली। इस दौरान विशेष तौर पर कांकेर, जगदलपुर, नारायणपुर, बिल्हा, तखतपुर और सरगुजा संभाग के सामरी की सीटों में प्रत्याशी चयन को लेकर चर्चा की गई। स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन का जल्द ही फिर एक बार दौरा होने वाला है।

**पदाधिकारियों से भी की गई रायशुमारी**

■ कांग्रेस प्रत्याशियों को लेकर नए सिरे से बना पैनल

संभागों की अलग-अलग विधानसभा सीटों को लेकर वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों से भी दावेदारों को लेकर फीडबैक लिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक संभागवार चर्चा के लिए कई पदाधिकारियों को सीधे सीएम हाउस बुलाया गया था। जानकारी के मुताबिक बस्तर और बिलासपुर संभाग की सीटों पर तैयार पैनल को लेकर नए सिरे से चर्चा की गई।

स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में कई जगहों से सिंगल नामों का पैनल था, लेकिन दिल्ली की सर्वे रिपोर्ट और यहां की रिपोर्ट में काफी अंतर पाया गया। कहा जा रहा है कि 14 ऐसे विधायक जिनकी सर्वे रिपोर्ट खराब आई है, उनमें से कुछ के नामों के सिंगल पैनल ही थे। वहीं जिन दो मंत्रियों की टिकट काटने की बात सामने आ रही थी, उन्हें दूसरे सीटों में मैनेज करने की कवायद भी चल रही है।

स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन ने वरिष्ठ नेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। इसमें कहा गया है कि तैयार किए जा रहे नए पैनल के साथ किसी भी सीट में सिर्फ सत्ता-संगठन की गोपनीय रिपोर्ट और स्थानीय स्तर पर मिले फीडबैक को ही मद्देनजर रखा जाएगा।

**प्रियंका के दौरे को लेकर भी चर्चा हुई**

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी 21 सितम्बर को भिलाई में महिला सम्मेलन आयोजित महिला सम्मेलन में शामिल होने पहुंच रही है। बीती रात हुई बैठक में प्रियंका के दौरे को लेकर भी वरिष्ठ नेताओं के बीच चर्चा हुई और दौरे को लेकर मंत्रियों, विधायकों और पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की बात भी हुई।

# रायपुर रेलवे स्टेशन का कांग्रेस कल करेगी घेराव

**रायपुर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। लंबे समय से किसी न किसी बहाने बार-बार थोक में ट्रेनों को रद्द करने से परेशान यात्रियों को राहत दिलाने कांग्रेस ने रेलवे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस कमेटी ने 13 सितंबर को रायपुर रेलवे स्टेशन का घेराव करने का फैसला लिया है।




■ जनता के बीच पोस्टर-पंपलेट बांट कर मांगा समर्थन

शहर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम जनता के बीच पोस्टर, पंपलेट बांटकर रेलवे स्टेशन में होने वाले प्रदर्शन के लिए समर्थन मांगा। कांग्रेस कार्यकर्ता कोतवाली चौक, मालवीय रोड होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंचे। जहां केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आम जनों को रेलवे के खिलाफ किए जाने वाले प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया।

बिलासपुर रेलवे जोन मुख्यालय की ओर से जारी एक बयान में कांग्रेस के आरोपों को एक सिरे से खारिज करते हुए जानकारी दी गई कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ट्रेनों को लेकर एक आंकड़ा प्रसारित किया जा रहा है, जिसमें पिछले साढ़े तीन सालों में 67000 से भी अधिक ट्रेनों को रद करने की बात कही गई है। ये 67000 ट्रेनों को रद करने वाले आंकड़ो में से लगभग 95 प्रतिशत इसी कोरोनाकाल के दौरान का है, जब पूरे देश में यात्री ट्रेनों का संपूर्ण परिचालन बंद किया गया था।

रेल विकास कार्यों के दौरान रद्द ट्रेनों का प्रतिशत प्रतिदिन चलने वाली ट्रेनों का महज एक प्रतिशत से भी कम है। कोविड मामलों में आई कमी के बाद क्रमशः अब कोविड प्रोटोकाल के अनुसार सभी सावधानियां बरतते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सभी यात्री ट्रेनों का नियमित परिचालन किया जा रहा है। साथ ही कोरोनाकाल के दौरान बंद किए गए सभी ट्रेनों को शुरू कर दिया गया है। यात्री सुविधा के लिए लगातार विकास के काम कराए जा रहे है। आने वाले दिनों में यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलने लगेगी।

# धान खरीदी में अड़ंगा डाल रही केंद्र सरकार : भूपेश

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। धान खरीदी पर छत्तीसगढ़ में सियासत गरमाई हुई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर धान खरीदी में अड़ंगा लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार को छत्तीसगढ़ की भौगोलिक परिस्थितियों का ध्यान रखना चाहिए। हमने केंद्र सरकार को इस संबंध में पत्र लिखा है।

सीएम भूपेश बघेल ने कहा, केंद्र सरकार ने केंद्रीय पुल में चावल की लिमिट भी घटा दी है। पहले 86 लाख किया अब 61 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। केंद्र और भाजपा सरकार किसान विरोधी है, यह स्पष्ट दिख रहा है। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक को भारत सरकार ने अनिवार्य कर दिया है और कारण बताया गया है कि उत्तर प्रदेश में जो खरीदी की व्यवस्था है, वो सबसे बढ़िया है। सीएम ने कहा कि यूपी इलेक्शन के दौरान उन्होंने वहां की धान खरीदी व्यवस्था देखी और ठंड के दिनों में वहां किसान 1200 रु में धान बेच रहे थे। लेकिन कौन खरीदता है, कौन बेच रहा है पता नहीं चलता जबकि छत्तीसगढ़ के धान खरीदी की व्यवस्था सबसे बढ़िया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में किसानों के धान खरीदने के लिए उनको आधार कार्ड से लिंक किया गया है। पिछले साल 107 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की लेकिन ना बारदाने की कमी आई, ना ट्रांसपोर्टिंग में और ना ही धान के उठाव में कोई परेशानी आई। इसके बावजूद भी पता नहीं छत्तीसगढ़ सरकार के साथ केंद्र सरकार की कौन सी दुश्मनी



है? क्या दुर्भावना है कि चावल का कोटा 86 लाख मीट्रिक टन से 61 लाख कर दिए हैं और बायोमेट्रिक व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने कहा केन्द्र ने कहा कि अगर बायोमेट्रिक व्यवस्था नहीं होगी, तो केन्द्र छत्तीसगढ़ से चावल नहीं खरीदेगी। यह धमकी ठीक उसी तरह है, जब पहले कहा गया था कि अगर आप धान पर बोनस समर्थन मूल्य से 1 रु. भी ज्यादा दोगे तो आपका चावल नहीं खरीदेंगे। जबकि रमन सिंह के समय 2013 तक ऐसा हुआ ही नहीं, उन्होंने अच्छे से धान खरीदी की क्योंकि उस समय मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे लेकिन जब से डबल इंजन की सरकार आई तो सबसे पहले अपने बोनस बंद कर दिया। दूसरी बात ये कि धान खरीदी का जो रकबा 15 क्विंटल था, उसे रमन सरकार ने 10 क्विंटल कर दिया और हर साल आप रिकॉर्ड देख लीजिए 14-15, 16-17, 17-18। यह 55 से 59 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा धान खरीदी नहीं किए। जैसे हमारी सरकार आई अगले साल 80 लाख, 83 लाख फिर 92 लाख और 97 लाख मीट्रिक टन के बाद और पिछले साल 107 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया और अब इस साल 125 लाख टन का हमारा लक्ष्य है। तो कौन किस के साथ खड़ा है यह छत्तीसगढ़ की जनता देख रही है।

केन्द्र सरकार ने जब आदेश निकाला कि आप समर्थन मूल्य से 1 रु. से ज्यादा नहीं देंगे तभी राज्य सरकार को राजीव गांधी किस न्याय योजना लाना पड़ा और अभी फिर आदेश आ गया कि 86 लाख की जगह 61 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदेंगे और बायोमीट्रिक व्यवस्था होनी चाहिए। तो यह किसानों के साथ भेदभाव भी है और मैं सीधा कहूंगा भारतीय जनता पार्टी किसानों के साथ दुश्मनी निकाल रही है।

# हरतालिका तीज व्रत 18 को

## सुहागिने करेंगी भगवान शिव-पार्वती की आराधना

रायपुर, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतिया तिथि को हरतालिका तीज मनायी जाती है। इस दिन सभी सुहागनें 16 श्रृंगार करके भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं। हरतालिका तीज पर महिलाएं व्रत रखती हैं। पति की लंबी आयु और सौभाग्य की प्राप्ति के लिए हरतालिका तीज मनायी जाती है।

इस त्योहार के दौरान, महिलाएं एक साथ मिलकर पूजा करती हैं। कुछ जगहों पर पारंपरिक रंगमंच का आयोजन किया जाता है, जिसमें लोग पुरानी कथाओं को गाकर और अभिनय करके मनोरंजन करते हैं। मेहंदी लगाना भी इस दिन शुभ माना जाता है। तो आप भी अगर हरतालिका तीज का त्योहार मना रही हैं तो आपको बताते हैं पूजा का शुभ मुहूर्त और सही विधि

**हरतालिका तीज का शुभ मुहूर्त**

इस साल हरतालिका तीज की तिथि 17 सितंबर को सुबह 11:08 बजे से शुरु हो रही है और ये 18 सितंबर को दोपहर 12:39 बजे तक रहेगी। हिंदू धर्म में उदयातिथि के अनुसार ही व्रत और पूजा की जाती है। हरतालिका तीज का व्रत 18 सितंबर को रखा जाएगा। शुभ समय सुबह 06:07 बजे से शुरू होगा और 08:34 बजे तक रहेगा। आपको इस दौरान ही पूजा करनी है।



**हरतालिका तीज शुभ योग**

हरतालिका तीज के दिन इंद्र योग बन रहा है, जो पूरे दिन रहेगा इस विशेष दिन पर रवि योग का निर्माण हो रहा है, जो दोपहर 12 बजकर 08 मिनट से शुरू होगा और पूर्ण रात्रि तक रहेगा।

**हरतालिका तीज की पूजा विधि**

इस विशेष दिन पर सुहागिन महिलाएं सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि करें और नए या साफ वस्त्र धारण करें।

शुभ मुहूर्त में दीपक जलाकर व्रत का संकल्प लें और पूजा आरंभ करें।

पूजा से पहले भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की मिट्टी से बनी प्रतिमा स्थापित करें

विधि-विधान से पूजा करें, व्रत कथा का पाठ करें और अंत में आरती करें।

माता पार्वती की पूजा करते समय' ?उमायै नमः' मंत्र का जाप करें और भगवान शिव की पूजा करते समय' ?नमः शिवाय' मंत्र का निरंतर जाप करते रहें।

## नमनदीप का सीजी पीएससी में चयन

**खरोरा,** 11 सितंबर। महेंद्र सिंह छाबड़ा के पोते व कल्याण सिंह छाबड़ा के पुत्र नमनदीप सिंह छाबड़ा का चयन सिजी पीएससी मे हुआ और 34 वा रैंक हासिल किया और सहायक संचालक वित्त विभाग मे नौकरी पाई.नगर का नाम रौशन करने के लिए लोगो ने छाबड़ा परिवार को बधाई दी.



# स्कूली बच्चों के लिए खिलौना संग्रहालय

## पौसरी में पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने किया शुभारंभ

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में नई शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों को शिक्षा के साथ साथ उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए कई नवाचारी पहल भी किए जा रहे हैं। बलौदाबाजार जिले के ग्राम पौसरी में एक ऐसे ही नवाचारी पहल के तहत अनोखे खिलौना संग्रहालय तैयार किया गया है। पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने इस अनोखे खिलौना संग्रहालय का शुभारंभ किया। शिक्षको और बच्चों को शुभकामनाएं दी।



शासकीय प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका भारती वर्मा ने अध्यापन कार्य के साथ-साथ नवाचारी पहल करते हुए अपने स्कूल में खेल खिलौना संग्रहालय की स्थापना की है। इस खिलौना संग्रहालय ने रखे गए सभी खिलौने लकड़ी, मिट्टी, कागज़, गत्ते व घर के अनुपयोगी वस्तुओं से तैयार किए गए है। खिलौने न सिर्फ खेलने के लिए बल्कि बच्चों को उनके पुस्तक के पाठ को समझने में सहायता करते हैं। खास बात ये भी है कि सभी खिलौने शिक्षिका व बच्चों ने मिलकर अलग अलग समय पर शाला में ही खिलौना निर्माण कार्यशाला लगाकर तैयार किया है। संग्रहालय में छत्तीसगढ़ के पारम्परिक व स्थानीय खेलो व खिलौनों को संग्रहित व संरक्षित करने की पहल की गई है।

**समुदाय के सहयोग से स्थापित**

शिक्षिका भारती वर्मा ने बताया कि मन में विचार आया कि क्यों न छत्तीसगढ़ के सभी पारम्परिक व स्थानीय खेल खिलौनों को एक छत के निचे एकत्र कर बच्चों को उनसे अवगत कराया जाय ताकि बच्चें उन्हें जान सके और खेलों के महत्व को समझ सके। शाला की प्रधान पाठक पुष्पलता नायक के प्रेरणा से स्थानीय पर्व छेरछेरा के तर्ज पर मै घर-घर जाकर पुराने खिलौनों को इकठ्ठा करने का काम करने लगी। पुराने बुजुर्गो से स्थानीय व प्रचलित खेलों की जानकारी भी एकत्र की, जो आज के बच्चे नहीं खेलते है या अब मोबाइल के युग में प्रचलन में नहीं है।

**नई राष्ट्रीय शिक्षा के अनुरूप**

नई राष्ट्रीय शिक्षा 2020 में खेल आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया है ताकि बच्चे खेल खेल में आनंदमयी तरीके से पाठ की अवधारणाओं को सीख व समझ सके। खिलौने न सिर्फ बच्चों का मनोरंजन करते है बल्कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक,सामजिक व सामुदायिक भावना का भी विकास करते है। एनसीईआरटी के निर्देशों अनुरूप शाला में जादुई पिटारा का निर्माण भी किया गया है, जिसे कक्षा 1 व 2 के बच्चों को सिखाने के लिए उपयोग किया जाता है।

**खेल खिलौना संग्रहालय क्यों**

5 से 6 वर्षों के बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए नई शिक्षा नीति के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र शाला परिसर में है वहां बालवाड़ी विकसित की जा रही है। यहां 'जाबो बालवाड़ी बढ़ाबो शिक्षा के गाड़ी' थीम के साथ खेल-खेल में बच्चों के सीखने एवं समझने की क्षमता में विकास किया जाएगा। इसी उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए बच्चों के मानसिक और शैक्षणिक विकास के लिए एक संग्रहालय स्थापित किया गया है।

# मेहनत करने की आदत बनाए रखें : मुख्य सचिव

## मुख्य सचिव ने ग्रंथालय और युवोदय अकादमी की व्यवस्थाओं की सराहना

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने रविवार की शाम को लाला जगदलपुरिया ग्रन्थालय का अवलोकन कर सभी अध्ययन करने वालों के लिए जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाई व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान उन्होंने अध्ययनरत प्रतिभागियों से उनके तैयारियों के सम्बंध में चर्चाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नव चयनित अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई भी दी। मुख्य सचिव ने कहा कि युवाओं से मिलने से एक उत्साह की अनुभूति होती है। उन्होंने ई-क्लास में पढ़ाई कर रहे बच्चों से संस्थान द्वारा दी सुविधाओं और उनके भविष्य के लक्ष्यों के सम्बन्ध में चर्चा किए।



जैन ने परिसर में स्थित युवोदय अकादमी में अध्ययनरत विद्यार्थियों से मुलाकात किए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत करने की आदत बनाये रखें। साथ ही जीवन में खेलकूद की गतिविधियों को शामिल कर कोई भी आउटडोर खेल एक घंटा खेले जिससे एकाग्रता बढ़ाने और समझ विकसित करने में सहायता मिलती है। ग्रुप डिस्कशन को बढ़ावा दें। मुख्य सचिव ने युवोदय अकादमी के शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। मुख्य सचिव ने बच्चों को भौतिकी के सवाल पूछे और उसे विस्तृत रूप से वर्णन भी किए। ज्ञात हो कि इस संस्था से इस वर्ष 44 बच्चों ने एनईईटी के लिए क्वालीफाई हुए हैं। इस अवसर पर कलेक्टर विजय दयाराम के. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे सहित संस्थान के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

# बलौदा बाजार से अरुणा बघेल प्रबल दावेदार



**कोहका-नेवरा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी से अरुणा बघेल विधायक के लिए संभावित प्रबल दावेदार है श्रीमती बघेल भाजपा के पूर्व जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रह चुकी है वी क्षेत्र के 7 से जिला पंचायत के सदस्य भी रह चुकी है। श्रीमती बघेल अपने कार्य के प्रति शासकीय कार्यालय में होला मंगवाती है जिला पंचायत सदस्य हेतु पांच वर्षो तक लगातार ग्रामीणों के संपर्क में रही है महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष रहते विभिन्न धरना प्रदर्शन का कार्य किया अपने तेज तर्रार स्वभाव के चलते तिल्दा क्षेत्र में पहचानी जाती है चाहे वो उद्योग के मामले हो अवैध शराब के खिलाफहो भारष्टाचार अधिकारी के खिलाफहो श्रीमती बघेल जनहित के लिए हमेशा तत्पर रहती है अगर इसे बलौदा बाजार से भाजपा टिकट देता है तो इसका जीत निश्चित है तिल्दा क्षेत्र में विकास की गंगा बहा देगी इसमें पार्टी को श्रीमती अरुणा बघेल को टिकिट देना सर्वपरी होगा। इसके पक्ष में पिछड़ा मोर्चा शहर अध्यक्ष शिव वर्मा ए भाजपा मंडल अध्यक्ष ईश्वर यदु ए किसान मोर्चा अध्यक्ष सहदेव वर्मा ए महिला मोर्चा अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ए पूर्व महिला अध्यक्ष देवकी बाघमार आदि भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अरुणा बघेल को टिकिट देने की मांग की।

# आबकारी विभाग में बिना तालाबंदी के लौटे भाजपाई

**महासमुंद,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा महिला मोर्चा महासमुंद द्वारा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू के नेतृत्व में सोमवार को भूपेश सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में तथा छत्तीसगढ़ में शराब बंदी तत्काल लागू करने की मांग को लेकर जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय में तालाबंदी करने पहुंचे किंतु पुलिस प्रशासन द्वारा बेरिकेड्स लगाए जाने के कारण डिप्टी कलेक्टर व आबकारी अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप लौटना पड़ा। ज्ञापन सौंपते हुए महिला मोर्चा की समस्त पदाधिकारियों व जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू ने कहा कि सरकार बनते ही प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी की बात कांग्रेस ने कही थी। लेकिन आज सरकार का कार्यकाल समाप्ति की ओर है, आज तक शराब बंदी पर विचार तक नहीं किया गया। इस अवसर पर मीना वर्मा, पार्वती साहू, शुभ्रा शर्मा, सुरेखा कंवर, मधु यादव, गिरिजा दास, भगवती करकसे, हेमकांति देवांगन, सुनीता साहू, हेमलता देवांगन, निर्मला कुमार, सारिका यादव, चुनेश्वरी साहू,सविता तारक, लक्ष्मी साहू, सीता डोंडेकर, डिगेश्वरी चन्द्राकर,डॉ विमल चोपड़ा, सतपाल सिंग पाली,प्रकाश शर्मा,एतराम साहू, मनीष शर्मा,रमेश साहू,झनक लाल साहू,राजू सिन्हा, देवीचंद राठी,नंदू जलक्षत्री,आकाश पांडे,अमन वर्मा,पवन साहू, मोहन साहू,जितेन्द्र साहू,जतिन रूपरेला,राकेश पटवा,अमित साहू, मानिक राम सोनवानी,भुवनेश्वर साहू,खुशाल ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# स्वच्छता दीदियों के मानदेय में वृद्धि

## राज्य शासन द्वारा 79.76 करोड़ की स्वीकृति

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा अनुसार नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में मिशन क्लीन सिटी योजना अंतर्गत कार्यरत स्वच्छता दीदियों के माह सितम्बर 2023 से मानदेय वृद्धि अनुसार राज्य शासन ने आगामी एक वर्ष के लिए राशि की स्वीकृत जारी कर दी है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2023 को स्वच्छता दीदियों के मानदेय में वृद्धि की घोषणा की थी। राज्य शासन द्वारा स्वच्छता दीदियों के मानदेय में वृद्धि अनुसार 7200 रूपए के मान से 9232 मानव बल हेतु अगले एक वर्ष (01 अक्टूबर 2023 से 30 सितम्बर 2024 तक) के लिए मानदेय हेतु 79 करोड़ 76 लाख 44 हजार 800 रूपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा आज मंत्रालय से इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगरीय निकायों को अनिवार्य देयताओं को पूरा करने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के चुंगी क्षतिपूर्ति मद की शेष राशि के अग्रिम आहरण हेतु तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## दामिनी वर्मा ने एमबीबीएस में सफलता प्राप्त की



**बलौदाबाजार,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। सुहेला निवासी डॉ.यशवंत बघेल एवं शकुन वर्मा (व्याख्याता) की सुपुत्री कु.दामिनी वर्मा ने नीट परीक्षा में 567/720 अंक के साथ एम.बी.बी.एस.2023 में सफ्लता प्राप्त कर शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में दाखिला लिया है। उक्त छात्रा बचपन से ही मेधावी छात्रा के रूप में पहचानी जाती रही हैं। वह आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल ग्रासिम विहार अल्ट्राटेक रावन में दसवीं और बारहवीं में प्रतिभावान छात्रा रहीं हैं, तत्पश्चात शासकीय वेटरनरी कॉलेज अंजोरा दुर्ग में पढ़ाई करते हुए, नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी सफ्लता पर परिवारजन और गुरुजन तथा ईष्ट मित्रों ने हर्ष ब्यक्त करते हुए बधाई देकर ईश्वर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## रसेडा में बिक रही है खुलेआम अवैध शराब

**बलौदाबाजार,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत रसेडा में अवैध शराब खुलेआम बेची जाती है। जिससे महिलाऐं व ग्रामवासी परेशान है। किराना दुकान, पान ठेला, चखना दुकान में शराब बेची जाती है जिससे आये दिन चोरी मारपीट हुल्लड़बाजी, गाली गलोज होती रहती है। ग्रामींणों ने बताया कि पुलिस प्रशासन एसपी आफिस, आबकारी विभाग, कलेक्टर, सिटी कोतवाली थाना इन सभी विभाग को शिकायत की जा चुकी है। ग्रामींणों ने बताया कि शिकायत करने पर आज तक कार्यवाही नही हुआ सिर्फखानपूर्ति की जाती है। जिससे शराब बेचने वाले कोचिया के हौसले बड रहा है। रसेडा के महिला समूह के सदस्य झूलबाई नेताम, पोरा नेताम, दुखनी नेताम, सुजान मरकाम व अन्य महिलाओं ने बताया कि सुबह छः बजे से रात बारह बजे तक अवैध शराब बिकता है। जहां सभी प्रकार की अवैध शराब अधिक कीमत में बेची जाती है।

# कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने किया 31 शिक्षकों का सम्मान



**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती ''शिक्षक दिवस'' के अवसर पर आशीर्वाद भवन में 31 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान मुख्य अतिथि पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल एवं विशेष अतिथि डॉ. मनीषा शुक्ला सहायक संचालक उच्च शिक्षा विभाग की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष अरूण शुक्ल, उपाध्यक्ष राघवेन्द्र मिश्र, सचिव सुरेश मिश्र, श्रीमती निशा अवस्थी उपाध्यक्षा, सहसचिव रज्जन अग्निहोत्री, सहसचिव गौरव शुक्ल, कोषाध्यक्ष संतोष दुबे, संयोजक अतुल पाण्डेय एवं श्रीमती नीता अवस्थी के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों के नाम इस प्रकार है - श्रीमती प्रीति मिश्रा, श्रीमती सोनम त्रिवेदी श्रीमती रेखा शुक्ला, श्रीमती शिखा पाण्डेय, सुश्री अनुशा दुबे (प्राची), श्रीमती श्रेया दुबे, श्रीमती ज्योति मिश्रा, सुश्री जिज्ञासा त्रिवेदी, श्रीमती सविता तिवारी, श्रीमती मोनिका मिश्रा, डॉ. मनोज मिश्रा श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, अशोक कुमार मिश्र (बलौदा बाज़ार), श्रीमती रचना तिवारी, सुश्री साक्षी शुक्ला, डॉ. इला दीक्षित, श्रीमती ममता पाण्डेय(बलौदा बाज़ार), अमित कुमार अवस्थी (बलौदा बाज़ार), श्रीमती नीरजा त्रिवेदी, सुश्री श्रृष्टि दीक्षित, राम नरेश त्रिवेदी, अनिरूद्ध पाण्डेय, डॉ. राजीव तिवारी, श्रीमती रिचा पाठक, श्रीमती अमिता तिवारी, राहुल मिश्रा, श्रीमती सीमा मिश्रा, श्रीमती ममता अवस्थी, डॉ. स्नेहलता पाठक। इस अवसर पर अध्यक्ष अरुण शुक्ल, सचिव सुरेश मिश्र, कार्यकारिणी के सदस्यगण एवं समाज के महिला और पुरूष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव ने मिलेट कैफे का किया अवलोकन

## रागी से बनी डोसा, बड़ा व पिज्जा का उठाया लुत्फ की तारीफ



**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन अमिताभ जैन ने रविवार को जगदलपुर के दलपत सागर आइलैंड के समीप स्थित सेहत बाजार मिलेट कैफे का अवलोकन किया। वहीं उन्होंने बस्तर के पारंपरिक लघु धान्य फसल कोदो-कुटकी एवं रागी से बने व्यंजनों के बारे में जानकारी ली और रागी से निर्मित डोसा, बड़ा एवं पिज्जा का लुत्फ उठाया। उन्होंने इन व्यंजनों के स्वाद की बहुत तारीफ की। जैन ने मिलेट कैफे संचालन करने वाले मोम्स फूड के सदस्यों से रूबरू चर्चा करते हुए, उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर कलेक्टर विजय दयाराम के. ने जिले में मिलेट मिशन के अंतर्गत मिलेट फसलों की खेती सहित मिलेट उत्पादों के सम्बंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# एसडीएम ने अनशन में बैठे किसानों से कहा कल से किसानों के खाते में पहुंचेगा पैसा

**बागबाहरा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के रबी फसल के समय बेमौसम ओलावृष्टि और तूफान से 74 गांव के सैकड़ों एकड धान फसल बर्बाद होने से ब्यापक पैमाने पर आर्थिक नुकसान खेतिहर किसानों को हुआ था। फसलों से प्रभावित अन्नदाता किसानों को मुआवजा देने की मांग जनपद पंचायत अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर एवं किसान नेता हितेश चंद्राकर ने लंबे समय से करते रहे। बावजूद जिला प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। शासन-प्रशासन के बेरुखी के चलते जनपद अध्यक्ष स्मिता चन्द्राकर एवं जुझारु किसान नेता हितेश चंद्राकर के नेतृत्व में विगत 21 अगस्त को हजारों किसानों ने ब्लॉक मुख्यालय में आक्रोश जंगी रैली निकाल कर अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय का घेराव कर मुआवजा राशि देने की मांग किया गया था। किसानों के आन्दोलन के पश्चात राजस्व प्रशासन हरकत में आकर 15 दिवस में प्रभावित सभी किसानों को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि देने का आश्वासन देकर क्षेत्र के किसानों के आंदोलन को समाप्त कराया था। उसके बाद भी तय सीमा में किसानों को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि नहीं मिलने से जनपद अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर एंव किसान नेता हितेश चंद्राकर के नेतृत्व में क्षेत्र के हजारों किसानों ने आज 11 सितंबर सोमवार को वन विभाग कार्यालय के सामने मेन रोड में आमरण अनशन पर बैठे थे।

किसानों का अनशन सुबह दस बजे प्रारंभ हो गया था। किसानों की भीड को देखते हुए प्रशासन की ओर से राजस्व विभाग की टीम जिसमें तहसीलदार लीलाधर कंवर, बी.एस.साव एवं नायब तहसीलदार हरीशचन्द्र ध्रुव किसानों को वस्तुस्थिति की जानकारी देना चाहा।

# विधवा सास को दोनों बहुएं भरण-पोषण दें : आयोग

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य महिला आयोग में आज महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की गई।

दोनों पक्षों को सुना गया अनावेदक शासकीय सेवा ग्रेड 2 में कार्यरत है जो अवैध रूप से अन्य महिला को अपने साथ रखे हुए हैं। शासकीय सेवा में रहते हुये अपने पत्नी से बिना तलाक के अवैध रिश्ते को बढावा दे रहा है आवेदिका का कथन है कि तीनों बच्चों को पढ़ाई। -लिखाई एवं भरण-पोषण के लिए अनावेदक खर्च नहीं दे रहा है। अनावेदक ने 25 हजार रूपये अपने वेतन से आवेदिका के खाते में दिये जाने पर सहमति दी किंतु आवेदिका 30 हजार की मांग कर रही है। आयोग के द्वारा काउंसलर की नियुक्ति की गई। जो गुप्त सूचना दिये जाने पर निरीक्षण करे कि अनावेदक ने दूसरा विवाह किया है अथवा नहीं। आगामी सुनवाई में अनावेदक को अन्य महिला को भी आयोग में उपस्थित करने का आदेश दिया गया। ताकि प्रकरण का निराकरण किया जा सके।

अन्य प्रकरण में पिछली सुनवाई आयोग के द्वारा दिये गये निर्देश का पालन कर अनावेदक द्वारा आवेदिका को बेढ साल पुराना 10 माह का बकाया वेतन 85 हजार रू. का चेक प्रदान किया गया। आवेदिका की पूर्ण संतुष्टि के साथ प्रकरण नस्तीवाद किया गया। अन्य प्रकारण में दोनों पक्षों को सुना गया दोनों पक्षों ने अपने लिखित दस्तावेज आयोग में प्रस्तुत किया था। आयोग द्वारा यह समझाइश दिया गया कि दोनो पक्ष एक-दूसरे को लिखित रूप से कॉपी देंगे जिसकी सूचना देने के बाद पुनः सुनवाई किया जायेगा। अन्य प्रकरण में आवेदिका के तीन पुत्र एवं पुत्री थी। जिसमें से दो पुत्र का निधन हो गया है व आवेदिका के पति की मृत्यु भी हो चुकी है। दोनों पुत्र शासकीय नौकरी पर थे जिनके निधन के बाद उनके बहुओं को अनुकंपा नियुक्ति मिला है। जिसमे बढ़ी बहू को 25 हजार रू तथा छोटी बहू को 15 हजार रू मासिक वेतन मिलता है। आवेदिका ने बताया कि दोनों बहुओं द्वारा कोई भी भरण-पोषण नहीं दिया जाता। अनावेदक बहूओं द्वारा सम्पत्ति के मामले में हमेशा परेशान किया जाता है और झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दिया जाता है आयोग आवेदिका को घरेलू हिंसा का केस दर्ज कराने की बात कही और दोनों बहुओं से मरण-पोषण भी ले सकती है कहा। कृदजानों के लिए संरक्षण के तहत दोनों के खिलाफ न्यायालय में परिवाद भी दायर करने का सुझाव दिया गया।

- **शासकीय कर्मचारी का अवैध रिश्ता जांच का दिया आदेश**
- **आवेदिका को एक मुश्त भरण-पोषण 5 लाख नगद दिलाया गया**

अन्य प्रकारण में आयोग ने थाना धमतरी को पिछली सुनवाई में पत्र भेजा था जिसमें थाना धमतरी के सह उपनिरीक्षक द्वारा उपस्थित होकर मौखिक सूचना दिया गया कि अनावेदकगण आयोग में उपस्थिति से इंकार कर रहे है। आयोग ने थाना प्रभारी धमतरी को ए.एस.आई से पत्र भेजेगा जिसमें यह निर्देश दिया गया कि अनावेदकगणों के कब्जे से आवेदिका के समस्त जेवरातों और जेवरात से संबंधित दस्तावेजों को भी जब्त किया जायेगा और अनावेदकगणों के पास गहने गिरवी रखने के संबंध में कोई भी वैधानिक लाइसेंस होगा तो उसकी पुष्टि भी करेंगे एवं 1 माह के अंदर आयोग में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

आयोग ने टिप्पणी करते हुये कहा कि क्यों तो अनावेदकगण के विस्तद एफआईआर दर्ज किया जाये। अन्य प्रकरण में आयोग द्वारा अनावेदक एएसआई खरीरा से पूछा गया कि यदि कोई बाहरी व्यक्ति घर में घुस कर चोरी करेगा तो घर मालिक विरोध नहीं कर सकता क्या? जिसके जवाब में अनावेदक ने कहना था कि ऐसे करने वाले पर अपराधिक कार्यवाही की जा सकती है। आयोग ने आवेदिका को निर्देशित किया कि वह एएसआई के खिलाफ एफ.आई.आर दर्ज करवा सकती है और अपनी जमीन पर पहले की तरह अपनी फसल ले सकती है। इस निर्देश के साथ प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

## निधन

### श्रीमती माया सोनी



**बागबाहरा,** 11 सितम्बर। स्टेशन रोड कोमाखान निवासी अजय कुमार सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती माया सोनी का आज 11 सितम्बर सोमवार की सुबह निधन हो गया। उनकी उम्र 35 वर्ष थी। वह बागबाहरा नगर के वरिष्ठ पत्रकार ललित सोनी की भतीजा बहु एवं राजेश बल्ला सोनी, राकेश सोनी, रोशन सोनी की भाई बहु एवं नीरज सोनी, भावेश सोनी, गौरव कुमार सोनी, अनुराग सोनी की भाभी थी। उनका अंतिम संस्कार आज 12 सितम्बर मंगलवार को कोमाखान के मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# भूपेश बघेल आज करेंगे सबसे बड़े होलसेल कॉरीडोर का शिलान्यास

## कमर्शियल हब', एरोसिटी व 'शहीद स्मारक' एवं 'अमर जवान ज्योति स्मारक' की रखेंगे आधारशिला

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 12 सितम्बर दोपहर 2 बजे नवा रायपुर अटलनगर के सेक्टर-35 में आयोजित समारोह में तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं 'कमर्शियल हब', एरोसिटी और 'शहीद स्मारक' एवं 'अमर जवान ज्योति स्मारक' का शिलान्यास करेंगे।

नवा रायपुर में निवेश, बसाहट और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेक्टर-23, 24, 34, 35 और 40 में 1083 एकड़ में 'कमर्शियल हब' विकसित किया जाएगा। इसी तरह नवा रायपुर के लेयर-3 में यात्री सुविधाओं को बढ़ावा देने, एयरपोर्ट क्षेत्र के वाणिज्यिक विकास तथा रोजगार सृजन हेतु स्वामी विवेकानंद विमानतल के निकट ग्राम बरोदा एवं रमचण्डी के चिन्हांकित 216.63 एकड़ में 'एरोसिटी' विकसित की जाएगी। 'शहीद स्मारक' एवं 'अमर जवान ज्योति स्मारक' की स्थापना नवा रायपुर के ग्राम परसदा (सेक्टर-3) में व्हीआईपी बटालियन में 13 एकड़ में की जाएगी।

आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, सांसद सुनील सोनी, संसदीय सचिव चन्द्रदेव प्रसाद राय और शिशुपाल सोरी और विधायक धनेन्द्र साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

**कमर्शियल हब, प्रथम चरण में 1000 थोक व्यावसायिक दुकानों का होगा निर्माण:** कमर्शियल हब के प्रथम चरण में 20 व्यवसायों के लगभग 1,000 थोक व्यावसायिक दुकानों के विकास हेतु भू-खण्डो का प्रावधान किया गया है जिसमें थोक किराना, अगरबत्ती, होलसेल बारदाना, दाल मिल, पेपर ट्रेड आदि हेतु पृथक-पृथक प्रावधान किया गया है। कमर्शियल हब के विकास हेतु राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। 'कमर्शियल हब' के सिटी लेवल अधोसंरचना तथा प्रथम चरण के 125 एकड़ में अधोसंरचना का विकास 195.51 करोड़ रूपए की राशि से किया जाएगा।



- एरोसिटी 216.63 एकड़ में चरणबद्ध रूप से होगी विकसित
- 13 एकड़ मे 'छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति स्मारक' एवं 'शहीद स्मारक' की स्थापना

इस परियोजना के लिये चिन्हांकित भूमि राष्ट्रीय राज मार्ग नं. 30 एवं भारत माला परियोजना के अलॉइमेंट के निकट स्थित है तथा उक्त भूमि को रेलवे कनेक्टिविटी भी प्राप्त है। चिन्हांकित भू-खण्ड स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से लगभग 12 किमी. पर स्थित है। चिन्हांकित भूमि ग्राम निमोरा, उपरवारा, परसट्ठी, बेन्द्री, केन्द्री, झांकी एवं मुड़पार में स्थित है। उक्त भू-खण्ड का भू-उपयोग सार्वजनिक तथा अर्ध-सार्वजनिक से मिश्रित भू-उपयोग में किया गया है।

लगभग 7743 विभिन्न थोक व्यावसायिक संघों से परामर्श तथा सर्वे करने के पश्चात् बाजार की मांग का आंकलन किया गया है। जिसका विकास चरणबद्ध रूप से किया जाना प्रस्तावित है।

नवा रायपुर अटल नगर में निवेश, बसाहट तथा वाणिज्यिक गतिविधयों को बढ़ावा दिये जाने हेतु सेक्टर-23, 24, 34, 35 तथा 40 के 438.47 हेक्टेयर (1.083 एकड़) क्षेत्रफल पर थोक व्यवसायिक बाजार प्रस्तावित किया गया है। यह थोक व्यावसायिक बाजार न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि आस-पास के अन्य राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए भी लाभदायक होगा।

**एरोसिटी, वाणिज्यिक संस्थान, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, होटल का प्रावधान:** नया रायपुर अटल नगर के लेयर-3 में यात्री सुविधाओं को बढावा देने, एयरपोर्ट क्षेत्र के वाणिज्यिक विकास तथा रोजगार सृजन हेतु स्वामी विवेकानंद विमानतल के निकट एरोसिटी विकसित की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2023 को एरोसिटी स्थापना की घोषणा की थी। एरोसिटी के लिए नवा रायपुर के ग्राम बरोदा और रमचण्डी में लगभग 216.63 एकड़ भूमि चिन्हांकन की गई है। चिन्हांकित भू-खण्ड में निजी स्वामित्व की भूमि शामिल होने के कारण एरोसिटी परियोजना का विकास नगर विकास योजना की तर्ज पर किये जाने का निर्णय लिया गया है। बाजार मूल्यांकन एवं प्राधिकरण का वित्तीय हित देखते हुए प्रथम चरण में लगभग 24.85 एकड़, क्षेत्रफल की भूमि को विकसित किये जाने का निर्णय लिया गया।

**अमर जवान ज्योति स्मारक:** नवा रायपुर अटल नगर क्षेत्र के ग्राम परसदा (सेक्टर-3) में व्ही.आई.पी. बटालियन के लिए 42.931 एकड़ भूमि चिन्हांकित की गई है। इसमें से 13 एकड़ में छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति स्मारक एवं शहीद स्मारक की स्थापना की जाएगी।

# राज्य स्तरीय शालेय साफ्ट टेनिस प्रतियोगिता 20 से



**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। मायाराम सुरजन शासकीय कन्या शाला चौबे कालोनी में संभाग स्तरीय शालेय साफट टेनिस प्रतियोगिता हुई। जिसमें रायपुर और धमतरी की टीम ने भाग लिया और निम्न खिलाड़ी चयनित हुए। 14 वर्ष बालक विहार सिंह भाटिया अयान सारस्वत हिमांशु किलेदार रायपुर से रितिक साहू व हेमशंकर पटेल धमतरी से 14 वर्ष बालिका नंदनी साहू प्रतिभा व संजना फरिकार विघा साहू आंचल सारथी 17 वर्ष बालक सार्थक अग्रवाल आशुतोष वर्मा आहिल केडिया गुनवीर सिग रायपुर से ओमप्रकाश साहू आमदी धमतरी से 17 वर्ष बालिका रिया सोनकर यामिनी निषाद बरखारानी गोंड अंजलि सिन्हा रंजना सिंह सभी रायपुर से 19 वर्ष बालक अनसरहमान खान आदित्य अग्रवाल हेमराज साहू अभ्युदय देवता रायपुर से यश साहू आमदी धमतरी से 19 वर्ष बालिका प्रतिभा साहू चंचल सारथी पूर्णिमा फरिकार आंचल बारेकर तरुणा निषाद सभी रायपुर। चयनित खिलाड़ी 20 अक्टूबर से रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय साफटटेनिस प्रतियोगिता में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# विधायक ने ताराचन्द साहू के परिवार को 4 लाख मुआवजा राशि दिलाई

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। पश्चिम विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत कुछ माह पूर्व वर्ष 2023 में ताराचन्द साहू, निवासी- खमतराई, रायपुर का खमतराई सीएसईबी जोन अंतर्गत विद्युतीय हादसे में निधन हो गया था। इस आम नागरिक की मृत्यु की सूचना जब विधायक विकास उपाध्याय को मिली तब उन्होंने गहरा शोक जताया। शीघ्र ही मृतक के परिवार को मुआवजा दिलाने हेतु खमतराई बिजली ऑफिस के अधिकारी को निर्देशित किया। उसी मुआवजे की पूर्ण राशि चेक के माध्यम से 4 लाख रूपये मृतक की पत्नी सेवती साहू को 11 सितम्बर 2023 को संसदीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय द्वारा प्रदान किया गया। मृतक ताराचन्द साहू के परिवार ने विधायक विकास उपाध्याय एवं खमतराई विद्युत विभाग के अधिकारी का आभार व्यक्त किया है।



# समाजवादी पार्टी प्रदेश में पूरे दमखम के साथ लड़ेगी चुनाव



**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा है विधान सभा चुनाव में उनकी पार्टी छग में पूरे दमखम से चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने बताया इसके लिए पार्टी ने बूथ स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह में उन्होंने कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव में जुट जाने का आव्हान किया।

# अवैध शराब के साथ ढाबा संचालक गिरफ्तार

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत अग्रवाल द्वारा शासन के मंशानुसार समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट को अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू. सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इसी क्रम में 11 सितंबर को थाना उरला पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना उरला क्षेत्रांतर्गत "यादा द ढाबा" महतारी चौक उरला के संचालक द्वारा अवैध शराब, बिक्री हेतु रखा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी उरला के नेतृत्व में थाना उरला पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर के बताये सूचना तस्दीक के लिये यादा द ढाबा महतारी चौक उरला जाकर रेड की कार्यवाही किया गया। ढाबा में तलाशी पर अवैध रूप रखे एक काले रंग के बैग में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। ढाबा संचालक पवनदीप सिंह पिता गुरूनाम सिंह उम्र 27 साल साकिन- एलआईजी 737 वीरसावरकर नगर हीरापुर रायपुर थाना कबीरनगर से टीम के सदस्यों के द्वारा शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक काले रंग के बैग में अवैध रूप से रखें 48 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती लगभग 5760/- रूपये जस कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 358/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।



# उत्तर से सुन्दरानी को टिकट देने सिन्धी पंचायत की मांग

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सिन्धी पंचायत के चुनाव प्रभारी गोविन्द वाधवानी एवं प्रदेश महामंत्री इन्दर डोडवानी ने एक संयुक्त विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी के

**भाजपा संगठन महामंत्री से मुलाकात कर रखा पक्ष**

मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल से मिलकर सिन्धी पंचायत के लोगों ने पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक श्रीचंद सुन्दरानी को उत्तर विधानसभा से प्रत्याशी बनाये जाने मांग की है।



उन्होंने बताया कि श्रीचंद सुन्दरानी प्रदेश सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष के साथ 45 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी में कार्य कर रहे हैं उनका इतिहास सम्पूर्ण संघर्ष का रहा है। हम पार्टी को विशवास दिलाते हैं की सम्पूर्ण समाज प्रदेश में भाजपा को जिताने का कार्य करेगा। आज अजय जामवाल से समाज के 200 प्रमुख व्यक्तियों ने मुलाकात कर ज्ञापन सौपा। इनमें प्रमुख रूप से मुखी मुरली केवलानी (पूज्य पंचायत शंकर नगर) प्रहलाद शादीजा, अशोक माखीजा, मुरलीधर शादीजा, किशोर आहूजा, किशोर सेतपाल (तिल्दा) छमनलाल खुबचंदानी, प्रेम बिरनानी, मुखी मोहन तेजवानी, मुखी अप्पू वाडिया, रमेश मिरघानी, चेतन तारवानी, राजेश वासवानी, मुखी झामनदास बजाज, जीतेन्द्र बड़वानी, राजेश गुरनानी, श्रीमती भावना कुकरेजा, श्रीमती अंशिता मनुजा एवं समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति की घोषणा, 21 दिन तक होंगे कार्यक्रम

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर में अग्रवाल सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने अग्रसेन जयंती महोत्सव समितियों की घोषणा की है। अग्रसेन जयंती कार्यक्रम इस बार 21 दिवसीय होंगे। अग्रवाल सभा जयंती प्रचार प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल प्रमोद जैन ने बताया कि 15 अक्टूबर को मनाए जाने वाले भगवान अग्रसेन जयंती महोत्सव के लिए समितियां घोषित हो गई हैं।



जयंती प्रभारी: मनीष अग्रवाल, जयंती सह प्रभारी, ओमप्रकाश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, हेमंत मित्तल, कैलाश अग्रवाल, राजेश हेलीवाल, कमल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल का नाम शामिल है।

समन्वय समिति: जगदीश प्रसाद अग्रवाल, नवलकिशोर अग्रवाल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, राजेश अग्रवल, विजय कुमार अग्रवाल, कैलाश मुरारका और रतनलाल गोयल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम: योगेश अग्रवाल, प्रमोद जैन कर्तव्य अग्रवाल। मंच व्यवस्था: प्रमोद जैन, विनय बजाज, संजय अग्रवाल और आनंद गोयल।

# आवास-पर्यावरण एवं आबकारी के विशेष सचिव महादेव कावरे ने कार्यभार संभाला

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। आवास एवं पर्यावरण तथा वाणिज्य कर आबकारी विभाग के विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार) के पद पर महादेव कावरे ने आज मंत्रालय में उपस्थित होकर कार्यभार ग्रहण किया।



**डॉ. अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी ने दी बधाई**

इस अवसर पर डॉ. अम्बेडकर वेल्फेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ की ओर से महादेव कावरे को बधाई और शुभकामनाएं दी गई। साथ ही मंत्रालय में उनके विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी कावरे से सौजन्य मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट किया।

उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व कावरे दुर्ग संभाग के संभागीय आयुक्त के पद पर पदस्थ थे।

राज्य शासन द्वारा पिछले दिनों जारी आदेश के तहत उन्हें विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार) छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार), वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग, आयुक्त आबकारी और नगर एवं ग्राम निवेश तथा प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# रामरण बिजय सिंह कामधेनु विवि के कुलपति नियुक्त

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति विश्वभूषण हरिचंदन द्वारा डॉ. राम रण बिजय सिंह सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) सह डीन, आईसीएआर-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल को दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो द्वारा 8 सितम्बर 2023 को यह आदेश जारी किया गया। डॉ. सिंह का कार्यकाल, उपलब्धियां तथा सेवा शर्तें विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियम में निहित प्रावधान अनुसार होंगी। उनकी नियुक्ति दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अधिनियम 2011 (क्रमांक 21 सन् 2011) (संशोधित अधिनियम, 2020) की धारा 9(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है।

**राजभवन सचिवालय से आदेश जारी**

# गृहमंत्री से कांग्रेस के तीखे 9 सवाल

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक बार फिर से बस्तर आ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बस्तर की जनता उनसे जानना चाहती है कि 15 सालों तक छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार के दौरान बस्तर के आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों को बंधक बनाकर रखा गया था। 15 सालों तक बस्तर में शोषण का दौर चल रहा था। हम बस्तरवासी अपने ही जल, जंगल, जमीन पर अधिकार से वंचित कर दिए गये थे। जब बस्तर के साथ अत्याचार हो रहा था तब भाजपा नेतृत्व क्यों मौन था? छत्तीसगढ़ वासियों तथा बस्तर वासियों की तरफ से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से 9 सवाल पूछते हुए जवाब मांगा है।



**आरक्षण विधेयक कब तक होगा लंबित**

## आरक्षण विधेयक कब तक लंबित होगा?

छत्तीसगढ़ की जनता के हित में भूपेश सरकार ने विधानसभा से आरक्षण संशोधन विधेयक पारित करवा कर राजभवन भेजा है, इस विधेयक में सर्व समाज के लिये आरक्षण का प्रावधान है जिसमें आदिवासी समाज के लिये भी 32 प्रतिशत ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत अनुसूचित जाति के लिए, 13 प्रतिशत अनारक्षित वर्ग के गरीबो के लिये 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। अमित शाह जवाब दें आदिवासियों का 32 प्रतिशत आरक्षण कब तक राजभवन में लंबित रहेगा? संवैधानिक रूप से राजभवन केन्द्रीय गृह मंत्रालय को रिपोर्ट करता है। अमित शाह गृहमंत्री है वे बताये आरक्षण संशोधन विधेयक पर कब तक हस्ताक्षर होगा? आदिवासी समाज को उसकी आबादी के अनुपात में उसका हक मिलने आप और भाजपा क्यों बाधा बनी हुई है?

## नगरनार प्लांट क्यों बेच रहे?

बस्तर का नगरनार स्टील प्लांट जो कि बस्तर वासियों की भावनाओं से जुड़ा हुआ है, जिसे केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार अपने उद्योगपति मित्र को फायदा पहुंचाने विनिवेश करना चाहती है जिसकी प्रक्रिया में आरंभ हो चुकी है. बस्तर विशेषकर लोगों की भावना से जुड़ा नगरनार संयत्र बेचने की कार्यवाही कब बंद होगी?

**नंदराज पहाड़ की लीज केन्द्र रद्द क्यों नहीं कर रहा?**

नंदराज पहाड़ से ग्रामीणों की आस्था जुड़ी हुई है वे उस पहाड़ को देवतुल्य मानते हैं और उसकी पूजा करते हैं. बैलाडीला नन्दराज पहाड़ लौह अयस्क के दोहन हेतु रमन सरकार ने 2016-17 में अडानी को लीज पर दिया था, जिसके विरोध में क्षेत्र के ग्रामीणों ने लंबा संघर्ष किया। भूपेश बघेल सरकार बनते ही राज्य सरकार अडानी को दी गई लीज खारिज कर दिया, लेकिन आज दिनांक तक केन्द्र ने इसके लिए किसी प्रकार की नोटिफिकेशन जारी नहीं किया। अमित शाह बताएं अडानी का हित बड़ा है या आदिवासियों की आस्था?

## एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर में क्यों नहीं आ रहा?

एनएमडीसी भारत की वह नवरत्न कंपनी है जो लौह अयस्क तो बस्तर से निकालती है और उसे दुनिया भर में भेजती है, लेकिन अपना मुख्य कार्यालय बस्तर की बजाए तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में बनाए बैठी है। पूर्व में बस्तर में यातायात के अभाव से यह निर्णय ठीक लगता था. लेकिन वर्तमान में बस्तर भी अब सर्वसुविधायुक्त बन चुका है. एनएमडीसी को अपना मुख्यालय अब बस्तर में बनाना चाहिए। ताकि बस्तर के बेरोजगार युवाओं के लिए एनएमडीसी में रोजगार का द्वार खुल सके। अमित शाह बताएं एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर में क्यों नहीं आ रहा?

## दल्लीराजहरा जगदलपुर रेल लाइन क्यों शुरू नहीं हो रही?

2017-18 में दल्लीराजहरा रेलमार्ग के निर्माण का उद्घाटन स्वयं देश के प्रधानमंत्री ने भानुप्रतापपुर से किया था और मंच से आश्वस्त किया था कि, 2021 में यह बनकर तैयार हो जाएगा और इस रेलमार्ग में यात्री ट्रेनें सरपट दौड़ेगी. लेकिन आज तक यह रेल लाइन का कार्य खत्म नहीं हुआ है. जो कि, बस्तर की जनता के साथ छलावा है. अमित शाह बताएं यह कब पूरा होगी? भारत माला ओड़िशा के नवरंगपुर से होकर जा रही है। नगरनार से भारत माला की दूरी 32 किमी के आसपास है। केन्द्र सरकार जगदलपुर से भारत माला तक जोड़ने की पहल करे या एनएमडीसी नगरनार से भारत माला तक सड़क निर्माण कराए.

## वन अधिकार अधिनियम में संशोधन क्यों किया?

जल, जंगल, जमीन के अधिकारों से स्थानीय आदिवासियों को वंचित करने और खनन माफिया अपने नीति पूंजीपति मित्रों को अनुचित लाभ पहुंचाने 2006 के वन अधिकार अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों को मोदी सरकार ने शिथिल कर दिया है। क्या केंद्रीय गृह मंत्री आदिवासियों से माफी मांगेंगे?

**झीरम की फाइल एनआईए राज्य एसआईटी को वापस नहीं कर रही?**

भाजपा के शासनकाल में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हमला हुआ था, जिसमें कांग्रेस की प्रथम पंक्ति के नेताओं सहित 31 लोगो की हत्या हुई थी। इस मामले के हत्यारे अभी तक नहीं पकड़े गए हैं। एनआईए भी झीरम नरसंहार की जांच के किसी भी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। कांग्रेस की सरकार झीरम के गुनहगारों को पता लगाने एसआईटी का गठन कर चुकी है। एनआईए राज्य द्वारा गठित एसआईटी को झीरम की फाइल क्यों वापस नहीं कर रही है?

# संस्कृत के ज्ञान से निखरता है व्यक्तित्व : ज्ञानेश

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश तथा स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे के मार्गदर्शन एवं छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् के अध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार शर्मा के संयोजन में प्रदेश स्तरीय संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने किया। यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण दूधाधारी वैष्णव संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठपारा रायपुर में आयोजित किया गया है।



**संस्कृत शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ**

छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा के ज्ञान से व्यक्तित्व में निखार आता है। यह हमारी प्राचीनतम भाषा है। योग का प्रादुर्भाव भी संस्कृत से ही हुआ है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। हमारे ॠषि-मुनियों ने योग के माध्यम से चिरायु एवं शतायु जीवन को प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् के माध्यम से संस्कृत शिक्षा का विस्तार और सुदृढ़ीकरण हुआ है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अध्यक्ष छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम डॉ. सुरेश कुमार शर्मा, सदस्य डॉ. तोयनिधि वैष्णव, सचिव श्रीमती अलका दानी ने भी प्रशिक्षण सत्र को सम्बोधित किया। प्रशिक्षण संयोजिका डॉ. गरिमा ताम्रकार ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में संस्कृत साहित्य, व्याकरण, वेद एवं धर्मशास्त्रम्, पुराणेतिहास एवं दर्शन ज्योतिष सहित पौरोहित्यम्, ज्योतिष शास्त्रम्, प्रवचनम्, योग दर्शनम् तथा आयुर्वेद जैसे व्यावसायिक विषयों पर भी विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। उद्घाटन सत्र का संचालन सहायक संचालक लक्ष्मण प्रसाद साहू द्वारा किया गया।

उल्टा पुल्टा

**बैंक मैनेजर**- कैश खत्म हो गया है कल आना।
**रामू**- लेकिन मुझे मेरे पैसे अभी चाहिए।
**मैनेजर**- देखिए आप गुस्सा मत करिए, शांति से बात कीजिए।
**रामू**- ठीक है बुलाओ शांति को, आज तो मैं उसी से बात करूंगा।

## संपादकीय

### केन्द्र से धान-चावल सम्बन्धी सालाना विवाद

*छत्तीसगढ़ सरकार का केन्द्र से धान या चावल उपार्जन के मामले में मानों हर वर्ष का तयशुदा विवाद हो। कभी पूल में चावल की मात्रा को लेकर हो या कभी बोरों की आवश्यकता से कम की सप्लाई तो कभी केन्द्र की ओर से राज्य को राशि का भुगतान वक्त पर न होना या बिलकुल ही न होना। केन्द्र व राज्य सरकारें जब अलग-अलग सियासी पार्टियों की हों तो ऐसा अक्सर होता देखा गया है। धान छग का प्रमुख कृषि उत्पाद है। यहां की अर्थव्यवस्था और विकास में चावल उत्पादन की बड़ी भूमिका होती है। इतना ही नहीं, बड़ी संख्या में लोग कृषि कर्म में लगे हुए हैं। उनकी भी आमदनी का सीधा सम्बन्ध धान उत्पादन से है।*

*चूंकि छग सरकार की एक प्रमुख गतिविधि धान की खरीदी है, इस नाते यह भी कहा जा सकता है कि धान खरीदी का मामला छत्तीसगढ़ की ऐसी कमजोर रग होती है जिसे दबाकर उसे परेशान किया जा सकता है। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी सरकार इस काम में विशेष रूप से माहिर है। उसे पता है कि कौन से विषय पर किस राज्य को किस तरह से परेशान किया जा सकता है- अगर वह विरोधी दलों की हो। अलग-अलग राज्यों के मामलों में वह भिन्न-भिन्न तौर-तरीके अपनाती है। छग के मामले में भी ऐसा है। ज़रूरी नहीं कि सारे मुद्दों पर राज्य सरकार गलत हो लेकिन केन्द्र के पास उपलब्ध ताकत का फायदा मोदी सरकार अक्सर उठाती दिखाई देती है। जब से राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी है, शायद ही कोई साल ऐसा गया हो, जब धान उपार्जन या फिर चावल के मामले में दोनों सरकारों के बीच टकराव न हुआ हो।*

*इस साल राज्य सरकार ने 1 नवम्बर से धान खरीदी प्रारम्भ करने का ऐलान कर दिया है जो 28 फरवरी, 2024 तक जारी रहेगी। इस बार खरीदी बायोमेट्रिक सिस्टम से होगी। लक्ष्य 125 लाख टन धान क्रय करने का है। शनिवार को हुई कैबिनेट बैठक में जानकारी दी गयी कि पांच लाख किसानों ने अपना पंजीयन भी करा लिया है। पिछले वर्ष 24 लाख से ज्यादा पंजीकृत किसान थे, जिनमें से करीब ढाई लाख नये थे। यह इस बात का प्रतीक है कि राज्य में लोगों की कृषि मे रुचि बढ़ रही है। किसानों की मांग पर नये खरीद केन्द्र खोलने का फैसला भी छग सरकार ने लिया है।*

*कैबिनेट ने यह भी ध्यान में लाया है कि राज्य को भारतीय खाद्य निगम से 2205.30 करोड़ रुपये तथा नागरिक आपूर्ति निगम से 3.43 लाख रुपए चावल उपार्जन के लेने हैं। केन्द्र सरकार को चाहिये कि यह राशि तत्काल जारी करे। साथ ही एक ऐसी व्यवस्था बानाने की ज़रूरत है जिससे हर साल जो विवाद होते हैं, वे न उठें।*

# भारतीय सांस्कृतिक निधि की क्वीज प्रतियोगिता में डीपीएस के अक्षत गुप्ता व अभिनव सिंह रहे प्रथम

## इंटैक का एक प्रयास देश के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूकता लाना



**दुर्ग,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय सांस्कृतिक निधि दुर्ग-भिलाई अध्याय द्वारा शालेय विद्यार्थियों को भारत के समृद्ध, संस्कृति और इतिहास से अवगत कराने के लिये क्विज प्रतियोगिता का आयोजन श्री शंकराचार्य विद्यालय, हुडको भिलाई में किया गया। इस प्रतियोगिता में दुर्ग-भिलाई के शासकीय एवं निजी आठ विद्यालय से कक्षा सातवी से दसवीं के 76 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस आयोजन के उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि के रूप में नीलमजी सांखला रजिस्ट्रार जनरल उच्च न्यायालय बिलासपुर थे तथा समापन सत्र की मुख्य अतिथि डॉ. मोनिषा शर्मा मुख्य कार्यकारी अधिकारी शंकराचार्य कालेज ऑफ नर्सिंग हुडको थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में अमिताभ दास प्राचार्य शंकराचार्य विद्यालय हुडको, भिलाई एवं इंटैक दुर्ग-भिलाई अध्याय की संयोजक तथा प्राचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको भिलाई डॉ. हंसा शुक्ला उपस्थित हुये।

भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक देश की एक बगैर लाभ कमाने वाली वृहद संस्था है। यह संस्था प्राकृतिक, सांस्कृतिक, जीवित, मूर्त एवं अमूर्त विरासत के रखरखाव व संरक्षण के लिये कार्य करती है। प्रश्नोत्तरी क्विज प्रतियोगिता भारतीय इतिहास, विरासत एवं संस्कृति पर आधारित था तथा इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने देश के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूकता लाना है। कार्यक्रम के प्रारंभ में इंटैक दुर्ग-भिलाई अध्याय की संयोजक डॉ. हंसा शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन दिया।

मुख्य अतिथि नीलमजी सांखला ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत बहुमूल्य है। यहा कि खान पान एवं वेशभूषा भी विविध भिन्नता लिये हुए है। भारत की पावन भूमि में सभी धर्म और जाति के लोग पेड़ पत्थर और पानी की पूजा करते है जिससे यह स्पष्ट होती है कि भारतीय संस्कृति प्रकृति से जुड़ा हुआ है। विशेष अतिथि श्री शंकराचार्य विद्यालय के प्राचार्य अमिताभ दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी इस प्रकार के कार्यक्रमों के द्वारा अपने हेरिटेज को सम्हालेगें एवं उसके संरक्षण में अपना योगदान देगें। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रथम राउंड में आठ विद्यालय से 76 विद्यार्थियों ने भाग लिया, प्रतियोगिता में बीस बहुवैकल्पिक प्रश्न दिये गये थे जिसमें बारह प्रश्न राष्ट्रीय स्तर के, तीन प्रश्न इंटैक एवं तीन प्रश्न राज्य स्तर का था। सही उत्तर पर एक अंक एवं गलत उत्तर पर शून्य अंक प्रदान किया गया। इस राउंड के प्रश्न इस प्रकार है : इंटैक की फाउंडर मेम्बर कौन थी ? छत्तीसगढ़ में कौन से नशीलें फल से शराब बनाई जाती है ? छत्तीसगढ़ का वह नाच जिसमें पुरूष महिला की भूमिका में नाचते है आदि।

अंतिम राउंड के बाद प्रश्नोत्तरी का परिणाम इस प्रकार रहा - प्रथम अक्षत गुप्ता अभिनव सिंग कक्षा नवमीं डीपीएस भिलाई, द्वितीय स्थान पर दो टीमें रही। पहली टीम में आराध्य तिवारी एवं सुकृति प्रकाश कक्षा नवमीं डीपीएस भिलाई तथा दूसरी टीम में अपूर्व सिन्हा एवं अभिमन्यु कक्षा नवमी डीएव्ही हुडको भिलाई रहे। तृतीय स्थान अदिति तिवारी कक्षा आठवीं एवं आकृति ताम्रकार कक्षा दसवीं, श्री शंकराचार्य विद्यालय भिलाई को मिला। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. हंसा शुक्ला इंटैक दुर्ग-भिलाई अध्याय की संयोजक ने किया। इस अवसर पर डीपीएस भिलाई, श्री शंकराचार्य विद्यालय, डीएवी विद्यालय हुडको भिलाई, आमदी नगर विद्यानिकेतन हुडको डीपीएस दुर्ग, शारदा विद्यालय रिसाली, इंदू आईटी, तुलाराम आर्य कन्या विद्यालय दुर्ग के विद्यार्थी एवं प्राध्यापक उपस्थित थे। क्विज प्रतियोगिता को सफल बनाने में इंटैक दुर्ग भिलाई इकाई के सदस्य विश्वास तिवारी ने विशेष सहयोग दिया।



# जिला अस्पताल में शीघ्र मिलेगी विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं : वोरा

**दुर्ग,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय जिला अस्पताल में 23.75 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। इसी परिसर में निर्माणाधीन सीसीयू में 11 करोड़ की लागत से भवन निर्माण कराने के बाद 12.75 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक मशीनरी एवं अन्य व्यवस्थाएं की जायेगी। ये व्यवस्थाएं विश्व स्तरीय होगी। इसी परिसर में जर्जर हो चुके टीवी अस्पताल को भी डिस्मेंटल कर 25 लाख रूपये खर्च कर नये भवन का निर्माण किया गया है। विधायक अरूण वोरा ने आज स्वास्थ्य विभाग एवं सीजीएम एससी की टीम के साथ उक्त निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण किया।

■ **निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट भवन का निरीक्षण**

श्री वोरा ने कहा कि दुर्ग में जिस तेजी से स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार व आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उससे शीघ्र ही यहां विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलने लगेगी। मरीजों को कही भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सारी चिकित्सा साधन व सुविधाएं दुर्ग में ही मिलने लगेगी। श्री वोरा ने बताया कि दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में 20 हमर क्लिनिक बनने के बाद जिला अस्पताल में मरीजों का दबाव कम होगा। इस दौरान विधायक के साथ डॉ. राजेन्द्र खंडेलवाल, जिला योजना अधिकारी टार्जन आदिले, सीजीएमएमसी उपअभियंता ललित वर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# होटल की छत पर मिली, वेटर की लाश

**दुर्ग,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। दुर्ग रेल्वे स्टेशन के सामने स्थित एक होटल की छत पर होटल के एक वेटर घनश्याम पटेल की लाश पाई गई। मोहन नगर पुलिस ने आज सुबह लाश बरामद कर पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मामला हादसा का है यह हत्या का मामला है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट मिल जाने पर ही पुलिस जांच की दिशा तय कर पायेगी। फिलहाल होटल के तीन कर्मचारियों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार उक्त मृतक घनश्याम पटेल उक्त होटल में 23 अगस्त से कार्य कर रहा था। वह ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

■ **पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट होगा मौत का कारण**

# पार्षद के विरूद्ध सफाई कर्मी ने की तमाचा मारने की शिकायत

**दुर्ग,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। दुर्ग थाने में आज तीन सफाई महिला कर्मचारियोंने एक निर्दलीय महिला पार्षद के खिलाफ दुर्व्यवहार के साथ ही एक महिला सफाई कर्मी को तमाचा मारने की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में स्वयं पार्षद नीता जैन ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने काम न करने को लेकर एक महिला कर्मचारी को सिर्फ फटकार लगाई है। उन्होंने महिला पर ही उनके साथ गंदे अल्फाज इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने शिकायकर्ता महिला हूमन बाई का मेडिकल टेस्ट करा लिया है। अभी मामले की जांच की जा रही है। किसी के खिलाफ कोई अपराध दर्ज नहीं किया गया है।

■ **पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट होगा मौत का कारण**

इस बारे में अभी तक सफाई कर्मियों ने प्रेस व पब्लिक में कोई पक्ष नही रखा है। सिर्फ थाने में एक शिकायत पत्र दिया है। इसे लेकर ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# शराबबंदी की मांग को लेकर महिला मोर्चा का प्रदर्शन




**दुर्ग,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। शराब से हुई मौत के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने आज कलेक्ट्रेट में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यालय से रैली के रूप में बड़ी संख्या में भाजपा महिला कार्यकर्ता आबकारी विभाग में ताला लगाने निकली लेकिन पुलिस प्रशासन ने कलेक्ट्रेट से पहले ही बेरीगेटिंग करके उन्हें रोक दिया जिससे नाराज महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की एवं कुछ महिलाओं ने वेरीगेटिंग भी पार कर ली महिला मोर्चा और पुलिस के साथ काफी देर तक धक्का मुक्की हुई इसके बाद समझाइ से महिला मोर्चा की कार्यकर्ता शांत हुई। प्रदर्शन स्थल पर एसडीएम ने आकर उनका ज्ञापन लिया। महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या कलिहारी ने बताया कि गत दिनों जांजगीर चांपा जिले में शराब पीने के बाद दो भाइयों और तीन अन्य की मृत्यु हो गई है। । कांग्रेस ने पिछले चुनाव मे पहले गंगाजल हाथ में लेकर शराबबंदी की कसम खाई थी। इसके बावजूद शराब दुकानों में वृद्धि की गई और शराब अवैध कमाई का जरिया बनाते हुए 2 हजार करोड़ का शराब घोटाले को भी अंजाम दिया गया।

# चोरी के मामले में दो गिरफ्तार, 3 लाख का सामान बरामद

**दुर्ग,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। सांई नगर में गत दिवस स्वर्ण एवं चांदी के आभूषणों, इलेक्ट्रानिक सामानों की हुई चोरी के मामले में मोहन नगर पुलिस ने घटना के दस दिनों के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे लगभग 3 लाख रूपयों का सामान बरामद कर लिया है। आरोपी कमल ठाकुर पिता मोहन ठाकुर (19) को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ पकड़े गये अपचारी बालक को मोहन नगर पुलिस द्वारा थाने में बैठाकर पूछताछ कर रही है।



पुलिस के अनुसार गत 1 सितंबर को सांई नगर उरला निवासी टोपेश साहू के यहां अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में रखे लैपटाप, स्पीकर, फिलिप्स का ट्रिमर, आलमारी में रखे सोने का नेकलेस, चांदी की पायजेन, सोने का एक लाकेट, सोने की कार की लटकन एक जोड़ी, सोने का मंगलसूत्र कांसे की मूर्ति, स्कूल बैग, व नगद 10 हजार रूपये पार कर दिया। टोपेश साहू की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने लगातार चोरों की तलाश कर उक्त दो चोरों को अपनी गिरफ्त में लेकर उनसे लैपटाप, स्पीकर, ट्रिमर, सोने का नेकलेस व अन्य सामान बरामद कर लिया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि पकड़े गये अपचारी बालक को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया है। मुख्य आरोपी कमल ठाकुर को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर राजेश ताम्रकार हुए निर्वाचित

**दुर्ग,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। बीते शनिवार इंडियन कॉ फ़ी हाउस दुर्ग में देशभर के विख्यात सिविल इंजीनियरों एवं आर्किटेक्टो की राष्ट्रीय संस्था . इंडियन बिल्डिंग्स कांग्रेस की बैठक छत्तीसगढ़ के चेयरमैन एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलिल राय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।


बैठक में रायपुर से आये हुए संस्था के मार्गदर्शक वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन तथा वर्तमान राष्ट्रीय कार्यकारणी के उपाध्यक्ष एस के अग्रवाल, एनआईटी रायपुर के आर्किटेक्चटेर डिपार्टमेंट के डीन. डॉक्टर देवाशीष सान्याल, पूर्व स्टेट चेयरमैन आलोक महावार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य. राजेश बीठा करे, स्टेट सेक्रेटरी अनिल तिवारी,



कोषाध्यक्ष. दीपक शिर्के एवं दुर्ग भिलाई के कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में कार्यरत इंजीनियरों सहित भारी संख्या में प्रोफेशनल्स और कॉन्ट्रैक्टर्स बिल्डर्स उपस्थित रहे।

बैठक में दुर्ग भिलाई के नए चेप्टर के गठन एवं इंडियन बिल्डिंग्स कांग्रेस की क्रियाकलापों की जानकारी दी गई। इंडियन बिल्डिंग्स कांग्रेस. दुर्ग भिलाई चैप्टर गठन का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित हुआ, जिसमें दुर्ग भिलाई के सिविल इंजीनियर शंकरा इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व विभागाध्यक्ष ;सिविल डॉक्टर राजेश ताम्रकार दुर्ग भिलाई चैप्टर के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। सचिव पद पर संजीव का सलीवाल तथा कोषाध्यक्ष शुभ्रकांत ताम्रकार निर्वाचित किये गए।

# जनचौपाल में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं



**कवर्धा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के नागरिकों से उनकी मांग, शिकायतों और समस्याएं सुनी। कलेक्टर श्री महोबे ने जन चौपाल में पहुंचे आमजनों से उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए एवं नियमानुसार त्वरित निराकरण के लिए आधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को सभी शासकीय योजनाओं का उचित क्रियान्वयन करने और आम लोगों को समय पर योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# नाथा भाई के नेत्रों से अब दो लोग देख सकेंगे दुनियां



**दुर्ग,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय बजरंग निवासी सोलंकी टेलर्स के संचालक नाथा भाई सोलंकी (71) के नेत्रों से अब दो लोग दुनियां देख सकेगें। उनके परिजनों की सहमति से नवदृष्टि फाउण्डेशन की पहल पर शंकराचार्य मेडिकल कालेज के नेत्र विभाग प्रभारी डॉ. प्रज्ञा ताम्रकार के निर्देशन में विवेक कसार ने नेत्र कलेक्ट किया। दिवंगत नाथा भाई सोलंकी के सुपुत्र सोमेश ने कहा कि पिता के न रहने का दुख तो है मगर यह संतोषजनक है कि उनकी आंखों से दो लोगों की दुनिया रोशन होगी। वे हमेशा प्रेरणा स्त्रोत रहेगें।

नवदृष्टि फाउण्डेशन की पहल पर नाथा भाई सोलंकी की मां कांता बेन पत्नी जस्सू बेन, पुत्र मोहेश मुकेश सोलंका, पुत्री सुनयना चावड़ा भाई किशोर सोलंकी ने नेत्रदान के लिये ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# विश्व आत्महत्या रोकधाम दिवस पर ग्रेसियस नर्सिंग के छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का किया मंचन



**कवर्धा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में मनाया गया। युवाओं में कम समय में अधिक पाने की चाहत और ललक ही उन्हें मानसिक रूप से कमजोर कर रहे हैं जो बाद में आत्महत्या की ओर ले जाता है। जिले में कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार उत्तम स्वास्थ्य के लिए अनेकानेक जन जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। डॉ. महेश सूर्यवंशी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और डॉ.विनोद चंद्रवंशी बीएमओ, नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य के मार्गदर्शन में मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है।

डॉ विनोद चंद्रवंशी ने बताया कि जिले में मानसिक स्वास्थ्य पर सीएससी स्तर पर कैंप आयोजित कर लोगों को उचित परामर्श और सलाह दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कम उम्र में कंपटीशन की भावना और इच्छा पूरी नहीं होने पर युवाओं के मानसिकता अस्थिर हो जाता है, विद्यार्थियों में विशेष कर फेलियर होने की डर, अपने दोस्तों से कम अंक प्राप्त करना और अपने परिवार के लोगों द्वारा तिरिष्कृत करने पर आत्महत्या करने जैसे कदम उठाते हैं। इसके निदान के लिए तत्काल व्यक्ति को चिकित्सीय सलाह लेना चाहिए, मानसिक तनाव से दूर रहे और व्यायाम, योगा, मेडिटेशन जैसे ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# लायन्स क्लब ने किया शिक्षकों का सम्मान

**दुर्ग,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। मिशन हैप्पीनेस की भावना के साथ लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन अजीज पब्लिक स्कूल ग्राम जुनवानी में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न शालाओं के 11 शिक्षकों का सम्मान शाल एवं श्रीफल से किया गया।



इस अवसर पर जिन शिक्षकों का सम्मान किया गया उनमें शिल्पी वैष्णव, रेखा सिंग, तृप्ति पाण्डे, महिमा राय, स्नेहा नेबू, मोहसिन खान, मीनाक्षी सोनवाले, खिलेश्वरी देशमुख, आमना हाशमी, सुरिंदर कौर, एवं नज्मा कुरैशी थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी श्वेता उपाध्याय ने किया।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में जोन लोट्स -2 के चेयर पर्सन विजय अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। अभी तक संपन्न हुए कार्यो का विवरण हरमीत सिंह भाटिया ने दिया। जोन चेयर पर्सन ने सेवा कार्यो के लिये संस्था की प्रशंसा की। श्री अग्रवाल ने संस्था के कार्यो की सराहना करते हुए संस्था के प्रकल्प मानवता शाला की भी भूरी भूरी प्रशंसा की। जोन चेयर पर्सन ने संस्था के सदस्यों को पुरस्कृत भी किया। दुर्गसिटी द्वारा जोन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रौनक जमाल ने किया। आभार प्रदर्शन हरमीत सिंह भाटिया ने किया।

इस अवसर पर सुमन पाण्डेय, स्नेहलता साहू, श्वेता उपाध्याय, सुरिंदर पाल सिंह ढुलई, अमर सिंह गुप्ता, सुनील अग्रवाल उपस्थित थे।

# डोंगरगांव विस क्षेत्र से लोधी समाज ने भाजपा से टिकट के लिए उठाई आवाज

**डोंगरगढ़,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 महज महज कुछ ही महीने शेष हैं ऐसे में राजनीति पार्टी व सामाजिक गतिविधि भी तेज कर दी गई है जहां एक ओर बीजेपी ने जिले की 3 विधानसभा सीट खैरागढ़, मोहला मानपुर और खुज्जी में अपने प्रत्याशी की घोषणा करके पार्टी को जीताने के लिए प्रचार प्रसार तेज कर दी है तो वहीं कांग्रेस अभी भी क्षेत्र की जनता व पार्टी के कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलना में लगी हुई है। बताया जा रहा है कि लोधी समाज बाहुल क्षेत्र खैरागढ़ से विगत कई विधानसभा चुनावो में लोधी समाज के व्यक्ति को ही बीजेपी प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारती थी इस बार भाजपा ने राजघराने के विक्रांत सिंह को प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारकर समीकरण बदल दिया है जिससे लोधी समाज के लोगों में पार्टी के प्रति काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। समाज के लोगों ने इसकी भरपाई करने के लिए विगत कुछ सप्ताह पहले पार्टी के बड़े नेताओं से मिल डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र 76 से जहां लोधी समाज का अलग ही वचस्व है इस विधानसभा से समाज के व्यक्ति को ही प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक जिला लोधी समाज के अध्यक्ष उत्तम वर्मा अपनी टीम के साथ रायपुर पहुंचकर कांग्रेस व भाजपा कार्यालय पहुंचकर लोधी समाज को राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव सीट से टिकट देने की मांग की है एक ओर जहा बीजेपी के मड़ियान निवासी व प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा में अध्यक्ष भरत वर्मा जो कि पूर्व में जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुके हैं बीजेपी के जिलाअध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष की भूमिका निभा चुके हैं। इन्हे भाजपा से लोधी समाज की ओर से मजबूत दावेदारों में से एक है। वहीं समाज के दूसरे दावेदार पुरैना निवासी व प्रदेश युवा लोधी समाज के प्रदेशध्यक्ष व जिला किसान मोर्चा में उपाध्यक्ष पद पर जिम्मेदारी निभा रहें मूलचंद लोधी को भी मजबूत कहा जा रहा है। ग्राम पंचायत मक्काटोला के आश्रित ग्राम हीरापुर निवासी हेमलाल वर्मा जो कि विगत 10 वर्षों से ग्राम पंचायत प्रधान के रूप में अपनी जिम्मेदारी निर्वाह कर रहे हैं व पूर्व भाजपा जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष भाजपा पार्टी के लिए पूरी तरह समर्पित है उन्होंने विभिन्न प्रकार के आंदोलन करके किसानो को न्याय दिलाने धरातल पर काम किया हैं जिसके फलस्वरुप क्षेत्र में किसानों के बीच इनकी एक अलग ही पहचान है इन्हें किसान नेता के रूप में देख पार्टी इन पर विश्वास जता सकती है। वही राजनीति से हटकर देखा जाए तो छत्तीसगढ़ जिला शिक्षक संघ जिलाअध्यक्ष गोपी वर्मा के नाम पर भी पार्टी के आला नेताओ के बीच चर्चा हो रही है यहा बता दे कि एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा विगत 25 वर्षों से संगठन के विभिन्न पद पर सक्रिय रहकर जिले भर के शिक्षकों की समस्या को लेकर आवाज उठाते आ रहे हैं और शिक्षकों व कर्मचारियों में एक अलग पहचान बनाई है सरल स्वभाव के कारण यह जीताऊ प्रत्याशी हो सकते है चूंकी रामाटोला राजनीति का गढ़ रहा है। जहां से स्व. हीराराम वर्मा 3 बार विधायक रह चुके हैं। गोपी वर्मा ब्याख्याता के पद कार्यरत हैं। वे सरल, सहज मिलनसार व होनहार होने के कारण जिले के अन्य कर्मचारी संगठन के साथ-साथ समाज का समर्थन भी उनको है। सूत्रों के अनुसार सरकारी आंकड़े देखा जाए तो डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में लोधी समाज मतदाताओं की बड़ी जनसंख्या है ऐसे में समाज के व्यक्ति को प्रत्याशी न बनाया गया तो पार्टी को समाज की नाराजगी चुनाव होने में देखने को मिल सकती है लोधी बाहुल क्षेत्र खैरागढ़ सीट में लोधी समाज के व्यक्ति के बदले राजघराने से विक्रांत सिंह को उतारने के बाद समाज के पदाधिकारीयो ने डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा व कांग्रेस से लोधी समाज के व्यक्ति को ही टिकट देने की आवाज उठाई है।



**समाज के पदाधिकारी मिले बड़े नेताओं से**

# प्रदेश शासन हर मोर्चे पर विफल, कांग्रेस का सत्ता से जाना तय

**दल्लीराजहरा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के कुशासन, जंगलराज, भ्रष्टाचार को लेकर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। 12 सितंबर को दंतेवाड़ा से प्रारंभ होने वाली परिवर्तन यात्रा चतुर्थ दिवस 15 सितंबर को बालोद जिले की डौंडीलोहारा विधानसभा में प्रवेश करेगी। यात्रा का डौंडी भाजपा मंडल व्दार परिवर्तन यात्रा का स्वागत किया जाएगा एवं सभाओं का दौर प्रारंभ हो जाएगा। दोपहर 2:00 बजे भानुप्रतापपुर से परिवर्तन यात्रा डौंडी नगर में प्रवेश करेगी। यहां पुलिस मैदान में विशाल आमसभा का आयोजन किया जाएगा। 3:00 बजे यात्रा दल्लीराजहरा पहुंचेगी जहां पर भाजपा की ओर से ऐतिहासिक स्वागत होगा। स्वागत सभा के पश्चात यात्रा शाम 5:00 बजे बालोद प्रवेश करेगी। जहां सरदार पटेल मैदान में आयोजित विशाल आमसभा को प्रदेश के नेता संबोधित करेंगे।

परिवर्तन यात्रा फेस 1 के मीडिया प्रभारी नितेश वर्मा ने बताया कि यात्रा का रात्रि विश्राम बालोद में रहेगा एवं शनिवार 16 सितंबर प्रात: 10:00 बजे जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता कर आगे की ओर यात्रा प्रस्थान करेगी। जिला भाजपा के समस्त ब्लाक के मंडल अध्यक्षों ने परिवर्तन यात्रा का स्वागत और सभा में शामिल होने की आम नागरिकों से अपील किये है। पूर्व भाजपा प्रदेश मंत्री व यात्रा प्रभारी राकेश यादव गांव गांव पहुंचकर आम लोगों से परिवर्तन यात्रा का स्वागत करने तथा सभा में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। एवं 16 सितंबर प्रात: 10:00 बजे जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता कर गुंडरदेही की ओर यात्रा प्रस्थान करेगी। जहां मारी बंगला, देवरी में बड़ी आमसभा होगी। सत्ता परिवर्तन के लिए परिवर्तन यात्रा- राकेश यादव पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने बताया कि परिवर्तन यात्रा के माध्यम से जन-जन तक भूपेश सरकार के कुशासन के खिलाफ जन जागरण होगा। पोने पाच साल में प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस के झूठे वादे वादा खिलाफी प्रदेश में अराजकता को लेकर अपने आपको ठगा महसूस कर रही है। जनता ने 2023 में तय कर लिया कि कांग्रेस को सत्ता से जाना होगा परिवर्तन यात्रा के स्वागत एवं आमसभा की तैयारी अंतिम चरणों में चल रही है एवं इस कार्य के लिए यात्रा प्रभारी राकेश यादव के अलावा जिला समन्वयक कृष्णकांत पवार, जिला प्रभारी देवेंद्र जायसवाल, पायलट वाहन प्रभारी राजा दीवान, शाहिद खान, विशाल मोटवानी, रथ प्रभारी हरीश कट्झरे, कार्यक्रम प्रभारी सोमेश सोरी, दिनेश अग्रवाल, राकेश द्विवेदी, गोविंद वाधवानी, प्रेम साहू, सुरेश निर्मलकर, कौशल साहू, चेमन देशमुख, किशोरी साहू, वीरेंद्र साहू, रात्रि विश्राम एवं आवास प्रभारी अमित चोपड़ा, कमलेश सोनी, सोशल मीडिया प्रभारी स्वाधीन जैन, जयदीप गुप्ता, सौरभ लुनिया, प्रेस वार्ता प्रभारी राकेश यादव छोटू, भोजन व्यवस्था प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव, धर्मेंद्र अग्रवाल, श्रीकांत वर्मा, पंकज चौधरी आदि तैयारी में लगे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी की आगामी 12 सितंबर से दंतेवाड़ा से परिवर्तन यात्रा शुरू होने जा रही है। दंतेवाड़ा से प्रारंभ होने वाली पहली यात्रा को मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना के साथ केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। पहली यात्रा दंतेवाडा से प्रारंभ होकर मां दंतेश्वरी के दर्शन कर निकलेगी एवं मां महामाया देवी की भूमि में संपन्न होगी।




- कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर भाजपा परिवर्तन यात्रा 15 को पहुंचेगा डौंडी दल्ली डौण्डीलोहारा
- दंतेवाड़ा से गृहमंत्री अमित शाह परिवर्तन यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर करेंगे रवाना

## प्राचीन कालीन शिव मंदिर विस्तार के लिए बैठक



**छुईखदान,** 11 सितंबर। प्राचीन कालीन शिव मंदिर बड़े तालाब के पास स्थित शिव मंदिर के जीर्णोद्धार एवं विस्तार करने के लिए शिव समाज के लोगों एवं नगर के धर्म प्रेमियों का आवश्यक बैठक रखा गया ज्ञात हो पूर्व में करीब 50 वर्ष पहले भगवान शिव खुले आसमान के नीचे रखा हुआ था जिसे कुछ नगर के ही धर्म प्रेमियों ने छोटा सा मंदिर बना कर भगवान शिव को पधार दिए थे आज यह हर वर्ष महाशिवरात्रि के दिन मेला लगता है और दूर-दूर से लोग मेला घूमने तथा भगवान शिव के दर्शन करने आते रहे हैं तथा अपने मनोकामना मांगते हैं पूर्व में निर्मित भगवान शिव मंदिर का गर्भ गृह छोटा होने से श्रद्धालुओं को पूजा पाठ करने में काफी कठिनाई होती है इसी को देखते हुए शिव समाज के लोगों द्वारा शिव मंदिर परिसर में बैठकर इस विषय में चर्चा किया गया तथा श्रद्धालूगढ़ मंदिर निर्माण एवं विस्तार के लिए धन एवं सामग्री दान देने का संकल्प लिया गया। इस आवश्यक बैठक में पंडित अश्वनी त्रिपाठी गिरिराज वैष्णव दिलीप महोबिया आलोक बक्शी मनोज वैष्णव दीपक देशमुख प्रेम श्रीवास दिलीप वैष्णव शिवेंद्र त्रिपाठी अजय चंद्राकर योगेश चंद्राकर मनोज चंद्राकर प्रशांत चंद्राकर देवेश सोनी दिनेश महोबिया अश्वनी यादव कमलेश त्रिपाठी बलराम तिवारी राजा शर्मा संजय चंद्राकर आदि शिव भक्त उपस्थित रहे।

## छग लघु वेतन शा चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डीडी से की चर्चा

**डोंगरगढ़,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर मंत्रालय का घेराव किया। मंत्रालय में बैठक सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डीडी सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गई थी प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर अनिल साहू एवं पुलिस मौजूद रहे प्रशासन एवं शासन तथा कर्मचारी प्रतिनिधिमंडल के बीच चर्चा में सात सूत्री मांगों में आम सहमति बनी है दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित कारण करने ग्रेड वेतन में सुधार कार्यभारित कर्मचारियों को आकस्मिक निधि में सांविलिया करने समय मान वेतनमान प्रदान करने पदोन्नति का कोटा 25त्न से 50त्न करने आदि मांगों पर संघ और शासन के बीच में आम सहमति तैयार हुई सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव ने सभी मांगों को ध्यान पूर्वक सुनकर के अति शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया है जिसमें दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियुक्तिकरण की मांग शासन स्तर पर होने के कारण प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेजा जाएगा बाकी मांगे मंत्रालय स्तर की विभागीय अधिकारियों की होने के कारण सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आदेश जारी करके संबंधित विभागों को आदेश जारी करने के लिए कहा गया है आदिम जाति कल्याण विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण करने के लिए नियमितीकरण की कमेटी गठित की जाएगी और कमेटी प्रत्येक जिले में सहायक आयुक्त के निर्देशन में कार्य करेगी सहायक आयुक्त संघ प्रतिनिधिमंडल हर जिले में बैठक करके पत्र दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण करेंगे इस प्रकार शासन और संघ संगठन के बीच वार्ता सकारात्मक होने के कारण मंत्रालय के घेराव को वापस चर्चा के पश्चात निरस्त किया गया है जितने साथी घेराव में आए साभियों का धन्यवाद रायपुर जिला प्रशासन रायपुर पुलिस प्रशासन छत्तीसगढ़ शासन का आभार जताया है।



## रेडक्रासी सोसायटी ने पुत्र के ईलाज के लिए प्रदान किया सहायता राशि



**बालोद,** 11 सितंबर। मानव सेवा को चरितार्थ करते हुए रेडक्रास सोसायटी बालोद द्वारा सोमवार को परसदा डंग निवासी रजनी बाई साहू को उनके पुत्र के ईलाज हेतु आर्थिक सहायता राशि प्रदान किया गया है। उनके द्वारा अपने पुत्र के ईलाज के लिए जनदर्शन में आवेदन किया गया था। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने इनकी समस्या को देखते हुए तत्काल इन्हें 05 हजार रुपये सहायतार्थ राशि देने रेडक्रास सचिव को आदेशित किया। जिसके परिपालन में जिला संगठक रेडक्रास चन्द्रशेखर पवार ने उनके घर जाकर यह चेक प्रदान किये। इस सहयोग के लिए रजनी बाई साहू ने शासन प्रशासन का आभार व्यक्त कर धन्यवाद कहा।

## छग की खुशहाली के लिए भाजपा की परिवर्तन यात्रा : साव

**बालोद,** 11 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कुशासन और भ्रष्टाचार के खिलाफ छत्तीसगढ़ की तरक्की और खुशहाली के लिये भारतीय जनता पार्टी परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। उन्होंने कहा कि पहली परिवर्तन यात्रा आज 12 सितम्बर को दंतेवाड़ा से निकलेगी। देश के गृहमंत्री अमित शाह पूजा अर्चना कर यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। दूसरी यात्रा को 16 सितम्बर को जशपुर से रवाना किया जाएगा। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव 2023 के आचार संहिता लागू होने के पूर्व प्रदेश स्तर पर दो परिवर्तन यात्रा करने जा रही है। श्री साव ने आह्वान करते हुए कहा कि हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिये और छत्तीसगढ़ में सुशासन लाने के लिए प्रदेशवासियों के भविष्य को संवारने के लिए इस अत्याचारी, अन्यायी भ्रष्टाचारी भूपेश सरकार को उखाड़ फेंके। जनता का विश्वास व आशीर्वाद भाजपा के साथ है।

# जिले के ग्राम पंचायतों में कल से 15 तक विशेष ग्राम सभा का होगा आयोजन

**बालोद,** 11 सितंबर। जिले में जनपद पंचायत क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायतों एवं उनके आश्रित ग्रामों में कल 13 सितंबर से 15 सितबंर तक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डाण् रेणुका श्रीवास्तव ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे अपने स्तर से संबंधितों को निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करें तथा आयोजित ग्राम सभा में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि विशेष ग्राम सभा में उक्त एजेण्डा अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्थायी प्रतिक्षा सूची के शेष हितग्राहियों एवं छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण.2023 के आवासहीन परिवारो की पात्रता, अपात्रता परीक्षण के संबंध में। योजनान्तर्गत वित्तीय वर्षवार विभिन्न कारणो से ऐसे अप्रारंभ, अपूर्ण आवास जो निरस्त किये जाने योग्य है उन्हें निरस्त करने के संबंध में। योजनान्तंगत स्थायी प्रतिक्षा सूची में से ऐसे हितग्राही जिनकी मृत्यु उपरांत योजना के आवास साफ्ट सूची से संबंधित हितग्राही के उत्तराधिकारी का नाम अंकित ना होना या उत्तराधिकारी का मृत होना परंतु वास्तविक तौर पर एक से अधिक उत्तराधिकारी का होना इस संबंध में ग्राम सभा द्वारा संबंधित मृत हितग्राही के उत्तराधिकारी का चयन ग्रामसभा के द्वारा किया जाकर योजना के आवास साफ्ट सूची में उत्तराधिकारी के रूप में दर्ज करने के संबंध में चर्चा की जाएगी। योजनान्तर्गत भूमिहीन हितग्राहियों को नियमानुसार आबादी भूमि उपलब्ध कराये जाने के संबंध में चर्चा की जाएगी।

## जिला भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आबकारी विभाग का घेराव आज

**बालोद,** 11 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार महिला मोर्चा जिला बालोद द्वारा आज दोपहर 2 बजे आबकारी विभाग जिला कार्यालय का घेराव करेगी। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव में गंगाजल हाथ में रखकर शराब बंदी का झूठा वादा कर गांव गांव, गली गली अवैध शराब की बिक्री करवा रहे हैं यही नहीं जांजगीर जिले में जहरीले शराब के सेवन से आठ लोगों की मृत्यु होने की घटना सहित प्रदेश में जहरीली शराब से मृत्यु की दर्जनों घटनाएं घट रही हैं। जिसको लेकर महिला मोर्चा आबकारी विभाग का घेराव कर तालाबंदी करने मजबूर हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार के नेतृत्व एवं वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपा साहू ने इस घेराव व तालाबंदी में जिले में निवास महिला मोर्चा की प्रदेश जिला मंडल पदाधिकारी सहित समस्त महिला जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित का आह्वान किया है।

# शिक्षक सम्मान व कर्मचारी सम्मेलन का आयोजन




**गुरूर,** 11 सितंबर। जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह एवं कर्मचारी सम्मेलन का आयोजन बालोद के टाउन हॉल में दिनांक 10 सितम्बर 2023 को जिला साहू संघ बालोद के तत्वावधान में किया गया। जिसमें शा.प्रा.शाला-बोहारडीह के नवाचारी शिक्षिका पुष्पलता साहू को उल्लेखनीय लोकसेवा, अनुकरणीय अध्यापन कार्य एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने के लिए 5सितम्बर 2023 को रायपुर के राजभवन में राज्यपाल महामहिम विष्वभूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे द्वारा राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित करने पर जिला साहू संघ बालोद द्वारा शुभकामनाओं सहित सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ टहल सिंह साहू, महामंत्री प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ हलधर साहू, प्रमुख सलाहकार प्रदेश साहू संघ पवन साहू सोमनलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद, टीआर महमल्ला सेवानिवृत विकास खंड शिक्षा अधिकारी गुरुर तथा बालोद जिले के समस्त तहसील अध्यक्ष सोनवर्षा बालोद महेन्द्र साहू गुरुर, मानसिंग सार्वा गुण्डरदेही, राजेन्द्र साहू डौण्डीलोहारा, हिरवानी देवरी, उमाशंकर साहू, सोमेश साहू डौण्डी, युवराज साहू दल्ली राजहरा एवं समस्त पदाधिकारी गण जिला साहू संघ बालोद ने हार्दिक बधाई दी।

## वार्ड क्र. 2 में सीसी रोड का भूमिपूजन

**गुरुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। गुरुर नगर पंचायत में वार्ड क्रमांक 2 में सीसी रोड का भूमि पूजन पार्षदों द्वारा किया गया जिसमें पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष चिंताराम साहू, अनसूइया ध्रुव, चंद्र लता साहू, जीतेश्वरी निषाद, कुंती सिन्हा, शोभित ओझा एवं अन्य नगर के नगर वासी उपस्थित रहे। वार्ड नंबर 2 में ऋषि सिंह के घर से लेकर रामरतन साहू के घर तक लगभग 2 लाख 68 हजार का सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन किया गया।



## निधन

### श्रीमती माया सोनी

**बागबाहरा,** 11 सितम्बर। स्टेशन रोड कोमाखान निवासी अजय कुमार सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती माया सोनी का आज 11 सितम्बर सोमवार की सुबह निधन हो गया। उनकी उम्र 35 वर्ष थी। वह बागबाहरा नगर के वरिष्ठ पत्रकार ललित सोनी की भतीजा बहु एवं राजेश बल्ला सोनी, राकेश सोनी, रोशन सोनी की भाई बहु एवं नीरज सोनी, भावेश सोनी, गौरव कुमार सोनी, अनुराग सोनी की भाभी थी। उनका अंतिम संस्कार आज 12 सितम्बर मंगलवार को कोमाखान के मुक्तिधाम में किया जाएगा।



## प्रादेशिकी का शेष...

### होटल की छत पर मिली...

कुछ शौकीन तबीयत का था। गत रात्रि भी वह इसी स्थिति में होटल पहुंचा था जिस पर होटल के संचालक ने उसे फटकार भी लगाई थी। इसके बाद काम खत्म कर सोने चला गया था। रात लगभग डेढ़ बजे वह छत पर मृत पाया गया। होटल के कर्मचारियों ने घटना की सूचना मोहन नगर पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### पार्षद के विरूद्ध सफाई कर्मी ने ...

जब प्रेस ने उक्त पार्षद नीता जैनसे संपर्क कर मामला जानना चाहा तो उन्होंने बताया कि उनके वार्ड क्रमांक 38 मिलपारा के नागरिकों से उन्हे साफ सफाई न होने और सफाई कर्मियों द्वारा मनमानी करने की शिकायत लगातार मिल रही थी। इस पर आज उन्होंने एक महिला सफाई कर्मी को फटकार लगाई थी। इसके बाद उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने किसी भी सफाई कर्मचारी के साथ कोई मारपीट नहीं की है।

### जनचौपाल में कलेक्टर ने ...

पर संयुक्त कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो, शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता, डीडीए राकेश शर्मा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

आज जन चौपाल में ग्राम ढ़ोगईटोला निवासी जामबाई यादव ने आवास निर्माण संबंधित आवेदन दिया। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने जांच कर नियमानुसार आवास निर्माण को प्रारंभ कराने निर्देशित किया। कवर्धा निवासी श्रीमती प्रतिमा बारले ने पदमश्री आवार्ड 2024 के लिए आवदेन दिया। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही कर लाभन्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात कर राजस्व प्रकरणों के निराकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया तथा त्वरित निराकरण की मांग की। महोबे ने जन चौपाल में जिले के दूर-दराज से पहुंचे वनांचल, ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों को गंभीरता पूर्वक सुनी और नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

### नाथा भाई के नेत्रों से ...

अपनी सहमति दी। इस पूरे अवसर पर राज आढ़तिया, हरमन ढुलाई, कुलवंत भाटिया, यतीन्द्र चावड़ा, जितेन्द्र हासवानी, राजेश पारख एवं रितेश जैन उपस्थित रहें।

### विश्व आत्महत्या रोकधाम दिवस पर ...

विधियों को अपनाना चाहिए, ध्यान मन को एकाग्र करने के लिए मन में चल रहे विकार को दूर करता है। इस अवसर पर डॉ. विनोद चंद्रवंशी बीएमओ, बालाराम साहू जिला समन्वय रेडक्रॉस, बी.ई. टी.ओ. लक्ष्मीकांत सोनी, बीपीएम सौरभ तिवारी, पर्यवेक्षक राजेश सोनी, राघवेंद्र, नर्सिंग कॉलेज के शिक्षिका अंजना मिंस, जया सोनीऔर नुक्कड़ नाटक के प्रमुख पात्र पायल और अभिषेक सहित नर्सिंग छात्राएं स्टाफ एवं सैकड़ो लोगों ने उपस्थित होकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## भाजपा ने जुआ सट्टा के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



**गुरुर,** 11 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी मंडल गुरुर युवा मोर्चा के नेतृत्व में आज ग्राम सनौद के बाजार चौक में जुआ सट्टा को लेकर विरोध प्रदर्शन किया, यह कार्यक्रम युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह पिपरे के नेतृत्व में युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मनीष साहू के मार्गदर्शन में किया गया और शासन प्रशासन को यह चेतावनी देते हुए कहा कि 10 दिन के अंदर सनौद के आसपास के गांव में जुआ सट्टा जो अवैध रूप से चल रहा है उसे पर लगाम लगाई जाय नहीं तो भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा चक्का जाम करने पर मजबूर होगी इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी मंडल गुरुर के जस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे जो निम्न अनुसार है पूर्व विधायक प्रीतम साहू, गुरुर मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, जिला उपाध्यक्ष त्रिलोकी साहू, जिला उपाध्यक्ष सुशीला साहू, मंत्री नरेश साहू, वरिष्ठ नेता ईशा प्रकाश साहू, महामंत्री खेमलाल देवांगन, मंडल उपाध्यक्ष उज्जवल साहू, डामेश्वरी साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनीष साहू, महामंत्री अजेंद्र साहू, मितेश साहू, मंडल महामंत्री मेहत्तर नेताम, वरिष्ठ नेता याद राम साहू, मुकेश दिल्लीवार, स्वच्छता संयोजक दुर्गानंद साहू, लीला राम सोनबेर, सहकारिता संयोजक खेदूराम साहू, जिला कार्यकारिणी नीता साहू महिला मोर्चा अध्यक्ष, चंद्रिका साहू, महामंत्री पिंकी चंद्राकर, जनपद सदस्य संध्या साहू, डिकेश्वरी बंधु, सविता साहू, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष धनेंद्र साहू, तहसील अध्यक्ष साहू समाज महेंद्र साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष पन्ना साहू, जितेंद्र सहाड़ा, युवा मोर्चा मंत्री होमशंकर, मंत्री नीलांबर साहू, सुपेश साहू, कुंभज साहू, तोमनलाल करण भारतीय जनता पार्टी के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्राम सनौद के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## विधायकने छुरिया नगर को दिया दो बड़ी सौगात



**छुरिया,** 11 सितंबर। खुज्जी विधानसभा का छुरिया नगर पंचायत जो बीते 4 वर्षो मे काग्रेंस से नगर अध्यक्ष होने के बाद भी नगर विकास का मोहताज रहा वहीं नगर के आमजनों का कहना है अब तक इस विधानसभा से किसी भी दल का विधायक रहा हो कभी छुरिया नगर के विकास के लिए न कोई प्लान किया ना ही कार्य योजना बनाया जिसके चलते वर्तमान मे छुरिया नगर ग्राम पंचायत से बत्तर हाल मे गुजर रहा है, नगर के प्रबुद्धजनों का कहना है, यह पहले विधायक है, जिनके प्रयास से आज नगर के इतिहास मे विगत एक सप्ताह मे दो बड़ी सौगात नगर के लोगो को मिला पहला नवीन विश्राम गृह दूसरा समुदायिक स्वास्थ के के लिए नए भवन का स्विकृती नगर मे दो बड़े कार्य को लेकर खुशी का महौल है, नगर के जनता का स्थानीय विधायक से नगर का सबसे बड़ी गभ्भीर डोगरगाँव रोड चौड़ीकरण का है, मार्ग सकरा होने के चलते दिन मे दसो बार जाम का हालत बनता है, इसके चलते आमजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, नगर के जनता को विधायक से उम्मीद है, इस समस्या से भी वे नगर के जनता को निजाद दिलाएंगे शीध्र वे सड़क चौड़ीकरण का शासन से स्वीकृति प्रदान कराकर सड़क चौड़ीकरण का एक और बड़ा सौगत नगर को लोगों देगे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने दी प्रस्तुति



**देवकर,** 11 सितंबर। नगर देवकर के स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने दी प्रस्तुति स्वामी आत्मानंद स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर दही हांडी, मटकी फोड़ कार्यक्रम हुआ। अंग्रेजी व हिंदी माध्यम के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राइमरी कक्षा के बच्चों ने श्रीकृष्ण और राधा के परिधान में मनमोहक झांकी प्रस्तुति दी। स्वामी आत्मानंद स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार डहाले, समस्त शिक्षक एंव सभी विघार्थी उपस्थित थे। ने बताया कि भगवान कृष्ण के आदर्शों को स्मरण करना और उनको जीवन में प्रयोग में लाने से जन्माष्टमी उत्सव सार्थक होगा। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध करते हुए शिक्षकों के महत्व को उजागर किया। वहीं शिक्षकों ने भी बच्चों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जी 20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता एवं प्रभुत्वशाली भारत ने विश्व पर छोड़ी अमिट छाप : भावना बोहरा

**कवर्धा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत मंडपम में जी 20 की बैठक संपन्न हो चुकी है। भारत ने पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी 20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की इसके साथ ही कई ऐतिहासिक फैसलों एवं मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश मंत्री और कबीरधाम जिला पंचायत की सभापति भावना बोहरा ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन देश के हर उस नागरिक के लिए एक अमिट छाप छोड़ गया है जो भारत की सांस्कृतिक मूल्यों की महानता में विश्वास करता है। जी20 की हमारी अध्यक्षता की ऐतिहासिक सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूरे देशवासियों को मैं हार्दिक बधाई देती हूँ। जी-20 शिखर सम्मेलन के जरिए दुनिया ने भारत की विरासत और सांस्कृतिक छटा देखी. पहली बार इतने भव्य पैमाने पर जी-20 समिट का आयोजन हुआ. दो दिन के इस सम्मेलन के जरिए ये साबित हो गया कि आज का भारत पहले से कहीं ज्यादा मजबूत, और ताकतवर हुआ है।

एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्यज्ञ के आह्वान के साथ भारत ने त्र20 की अध्यक्षता ग्रहण की थी। यह आदर्श वाक्य हमारी सालों पुरानी सभ्यता, लोकाचार और वसुधैव कुटुंबकम यानि पूरी दुनिया एक परिवार है की संस्कृति को प्रत्यक्ष रूप से साथ संपन्न हुआ। भारत की अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन अपने मूल एजेंडा और परिणामों के मामले में इतिहास का सबसे महत्वाकांक्षी व सफल सम्मेलन साबित हुआ है। इसमें कुल 112 परिणाम दस्तावेज व अध्यक्षीय दस्तावेज तैयार किए गए। पिछले सम्मेलन से तुलना करें, तो यह दोगुने से भी ज्यादा है। इसी वजह से भारत के प्रतिनिधित्व में हुआ यह शिखर सम्मलेन अब तक का सबसे सफल सम्मेलन रहा है।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि भारत-पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारे' की शुरुआत की जिससे अरब प्रायद्वीप और यूरोप के साथ भारत के सामरिक सम्पर्क को विस्तार मिलेगा।यह पहल भारत और अरब दुनिया के साथ भारत के दीर्घकालिक सम्पर्क को स्थापित करने का अवसर प्रदान करती है. उन्होंने कहा कि अफ्रीकी संघ को समूह की स्थायी सदस्यता मिलना समावेशिता को मजबूत और अफ्रीका के साथ सहयोग को गहरा बनाने वाला कदम है। अफ्रीकी संघ का जी20 में शामिल होना प्रधानमंत्री मोदी की 'ग्लोबल साउथ' पहल की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'विश्व गुरु' और 'विश्व बंधु' दोनों रूपों में भारत के कौशल को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया है.'''ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल एशिया, अफ्रीका और लातिन अमेरिका के विकासशील देशों के लिए किया जाता है. मोदी जी की समावेशी और लोकोन्मुखी पहल भारत की जी20 अध्यक्षता को परिभाषित करती है। शिखर बैठक में घोषणापत्र को अंगीकार किया जाना खास तौर पर पथ प्रदर्शक है क्योंकि इसने भू राजनीतिक और जलवायु के महत्वपूर्ण मुद्दे पर बड़ी वैश्विक शक्तियों को साथ लाने का काम किया है। जी20 की सफलता भारतीय कूटनीति की ऐतिहासिक घटना है और इसने प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है. यह हमारे उन सांस्कृतिक मूल्यों की शाश्वत गुणवत्ता की गवाह भी है जो हमें एक पृथ्वी, एक कुटुंब और एक भविष्य होने की सीख देते हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफ्रीकन यूनियन के लिए स्थाई सदस्यता का प्रस्ताव रखा, तो वहां मौजूद दुनिया की महाशक्तियों ने मेज थप-थपाकर इस प्रस्ताव का स्वागत किया जो विश्व में भारत के प्रति उनके विश्वास को दर्शाता है। अभी तक अफ्रीका पर चीनी प्रभाव ज्यादा था, लेकिन पीएम मोदी के प्रस्ताव पर अफ्रीकन यूनियन को नए सदस्य के तौर पर चुनना भारत के लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। चीन हमेशा से गरीब देशों को कर्ज देकर अपना प्रभुत्व दिखाता आ रहा है, लेकिन अब भारत इन देशों का ऐसा दोस्त बनकर सामने आ रहा जो प्रभुत्व नहीं बल्कि दोस्ती निभाता है।

भावना बोहरा ने कहा कि जी 20 की इस अहम बैठक में भारत की आर्थिक व्यवस्था को भी तेजी मिलेगी। बैठक में अमेरिका, भारत, सऊदी अरब, अरब राज्यों और यूरोपीय संघ को जोड़ने वाले व्यापक रेल और शिपिंग कनेक्टिविटी नेटवर्क की भी घोषणा की गई है जो भारत में व्यापार की संभावनाओं को भी बढ़ाएंगे और अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्र20 समिट के बीच ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस की शुरुआत की। इस अलायंस के फाउंडिंग मेंबर्स में भारत के साथ अमेरिका और ब्राजील शामिल हैं। इस अलायंस में अब अर्जेंटीना और इटली के साथ कुल 11 देश हिस्सा बन चुके हैं। त्र20 शिखर सम्मेलन के दूसरे सेशन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ भारत-मिडिल ईस्ट-यूरोप कॉरिडोर और ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश के लिए पार्टनरशिप प्रोग्राम की अध्यक्षता की। इस दौरान नई दिल्ली से भारत-मिडिल ईस्ट-यूरोप कॉरिडोर को लॉन्च किया जो वाले समय में भारत पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक एकीकरण का प्रभावी माध्यम होगा। ये पूरे विश्व में कनेक्टिविटी और विकास को मजबूत दिशा प्रदान करेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई जी20 सम्मेलन अपने लक्षित उद्देश्यों की प्राप्ति की दिशा में मजबूती के साथ आगे बढ़ चली है। उन्होंने कहा कि यह 'एक पृथ्वी, एक कुटुम्ब, एक भविष्य' की भावना की सिद्धि में मील का पत्थर साबित होगी। भारत की अध्यक्षता में दिल्ली घोषणापत्र को जी20 समूह के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति के साथ अपनाया जाना ऐतिहासिक है।

# नवागढ़ में स्थानीय नेता बनेगा भाजपा से विधायक : गुरु खुशवंत साहेब

**बेमेतरा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। रविवार को नवागढ़ बस स्टैंड में भारतीय जनता युवा मोर्चा नवागढ़, मारो एवं खण्डसरा मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में नवागढ़ विधानसभा स्तरीय नव मतदाता सम्मलेन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अर्पिता अपराजिता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में गुरु खुशवंत साहेब धर्मगुरु व युवा भाजपा नेता उपस्थित रहे। साथ ही विकास धर दीवान जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा सहित वरिष्ठ पदाधिकारी व नेतागण शामिल हुए।



भाजयुमो के नव मतदाता सम्मेलन में पहुंचे धर्मगुरु

सबसे पहले गुरु खुशवंत साहेब का नवागढ़ रेस्ट हाउस में आगमन हुआ, जहां युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी एवं पुष्प वर्षा से उनका भव्य स्वागत किया। ततपश्चात रेस्ट हाउस नवागढ़ से मेन चौक होते हुए बस स्टैंड तक भव्य बाइक रैली निकाल गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता बाइक में सवार होकर नारे बुलंद करते नजर आए। भाजपा के इस कार्यक्रम को क्षेत्र में बीजेपी की सक्रियता एवं कांग्रेस के निष्क्रियता से जोड़ कर देखा जा रहा है।

बस स्टैंड में आयोजित आमसभा को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्पिता ने कहा कि मोदी सरकार ने 9 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई। युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया और कहा नए युवाओं को राजनीति में आने की जरूरत है।

गुरु खुशवंत साहेब ने प्रदेश सरकार पर भी कई गम्भीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार ने नौकरी और बेरोजगारी भत्ता के नाम पर युवाओं को ठगा है। राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल में कुछ नहीं किया। मंच से गुरु खुशवंत ने वक्त है बदलाव का नारा बुलंद किया।

नवागढ़ विधानसभा में कांग्रेस के बाहरी उम्मीदवारों के संबंध में गुरु खुशवंत ने कहा कि ऐसी क्या मजबूरी है की नवागढ़ के जनता को बाहरी प्रत्याशी थोपा जाता है। क्या नवागढ़ में योग्य नेताओं की कमी पड़ गई है जो कांग्रेस ढूंढ-ढूंढ कर बाहर के नेताओं को यहां लड़ा रही है। उन्होंने कहा कि नवागढ़ की जनता जागरूक हो चुकी है, इस बार नवागढ़ में आपके बीच से भाजपा का विधायक भारी बहुमत से जीत कर आएगा।

2003 में मिला था गुरु बालदास साहेब का आशीर्वाद

जिला उपाध्यक्ष विकास दीवान ने कहा कि 2003 विधानसभा चुनाव में नवागढ़ को गुरु बालदास साहेब का आशीर्वाद मिला था और भाजपा की जीत हुई थी। आज पुन: नवागढ़ को गुरु बालदास साहेब के आशीर्वाद की आवश्यकता है, जिससे नवागढ़ के विकास का रथ पुन: गति पकड़े। दीवाने ने कहा कि स्थानीय स्तर पर ना कांग्रेस के पास नेता और ना ही कार्यकर्ता, इसलिए हर बार बाहरी लोगों के भरोसे कांग्रेस चुनाव लड़ती है। इस बार नवागढ़ की जनता ने भाजपा के पक्ष में मन बना लिया है, अब किसी की दाल यहां नहीं गलने वाली।

स्वागत उद्बोधन जिला महामंत्री महिला मोर्चा मधु रॉय ने दिया। साथ ही मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू, एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री दयावंत धर बांधे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, पंचायत प्रकोष्ठ जिला संयोजक हरिकिशन कुर्रे, जिला उपाध्यक्ष डॉ जगजीवन खरे, पूर्व जनपद सदस्य निमिराज सोनवानी, पूर्व नप अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग, जिला महामंत्री एससी मोर्चा सुशील बनर्जी ने भी सम्बोधित किया।

## 70 युवा एवं 70 महिलाओं ने किया भाजपा प्रवेश

भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं गुरु खुशवंत साहेब की उपस्थिति के क्षेत्र के 70 युवाओं एवं 70 महिलाओं ने बीजेपी में प्रवेश किया। जिनका गुरु खुशवंत ने भाजपा का गमछा पहनकर स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में की जान से मेहनत करने का निर्देश दिया।

इस दौरान नरेंद्र शर्मा, छन्नू गुप्ता, मिन्टू बिसेन, सुरेश साहू, सुरेश निषाद, गजेंद्र साहू, अभिषेक राजपूत, तनु दीवान, यूपेश साहू, टीकम गोस्वामी, दुर्जन साहू, बालशंकर वर्मा, संदीप वैष्णव, मोनू गोस्वामी,गुरमुख भार्गव, नंदकुमार साहू, महेंद्र जायसवाल, जितेन्द्र मात्रे, रामसागर साहू,मनीराम साहू, फुलचंद साहू ,बिनो सोनकर, कांति सोनकर, मीना रामकिशुन साहू, केदार साहू, कपिल बंजारे, राजकुमार मिश्रा, काल्विन जोशी, तोपसिंह साहू, भुनेश्वर वर्मा, नरेश वर्मा, वेदप्रकाश वर्मा, शोभित साहू, वेदराम साहू, रामनाथ साहू, कुलेश्वर सिन्हा, महेश टण्डन, कृष्णा ठाकुर, बाबूराम रजक, संजू राजपूत, राजा खान, अवतार यादव, शेखर महिलांग, हिमांशु ठाकुर, संजू साहू, धन्नू साहु, परमेश्वर साहू, गुड्डा खान, ऋतुराज साहू, मिथलेश सोनकर, रितेश मिश्रा, वेदराम साहू, ओम राजपूत, विजय डहरिया, भागवत, जित्ते, राजा, गोपी, दिनेश सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक शाम दिनेश गौतम के नाम का आयोजन

**बेमेतरा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। 10 सितंबर की शाम रसोई रेस्टोरेंट के वातानुकूलित सभाकक्ष में ''एक शाम दिनेश गौतम के नाम'' का आयोजन वनमाली सृजन केन्द्र बेमेतरा के तत्त्वावधान में किया गया। इस कार्यक्रम में बेमेतरा के गीतकार श्री दिनेश गौतम के लिखे गीतों और ग़ज़लों की संगीतबद्ध प्रस्तुति रायपुर के संगीतज्ञ और भाषाविद डॉक्टर चित्तरंजन कर ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ संगीतज्ञ श्री विश्राम प्रसाद मिश्र थे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार श्री महेंद्र सिंह वर्मा ने की इस अवसर पर देश के जाने माने कथाकार ,पत्रकार श्री सतीश जायसवाल बिलासपुर, आकाशवाणी बिलासपुर के कार्यक्रम अधिशासी श्री महेंद्र साहू, दुर्ग के साहित्यकार श्री बलदाऊ राम साहू, कवयित्री सुश्री मंजूषा मन बलौदाबाजार, श्री के के ताम्रकार गरियाबंद सहित स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। तबले पर संगत श्री रूपेंद्र श्रीवास्तव रायपुर ने की एवं हारमोनियम पर स्थानीय ग़ज़ल गायक श्री के नूतन प्रभात ने संगीत दिया।कवि श्री दिनेश गौतम की जिन 11 साहित्यिक रचनाओं को डॉक्टर चित्तरंजन कर ने मंच पर गाया उनमें 5 गज़लें एवं 6 गीत शामिल थे। इसके पूर्व श्री दिनेश गौतम को शाल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके बाल सखा श्री मनोज बक्शी ने तथा श्री तुकाराम साहू ने संस्कृत में रचित सम्मान पत्र का वाचन कर भेंट किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह वर्मा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन ने श्री दिनेश गौतम के गीतों को सुगेय बताते हुए कहा कि श्री दिनेश गौतम यहाँ के एकमात्र साहित्यकार हैं जिनकी कविताएँ विगत चालीस वर्षों से आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित हो रही हैं और यह एक रिकार्ड है। उन्होंने संगीत और साहित्य के अन्योन्याश्रित सम्बन्धों की चर्चा की। मुख्य अतिथि श्री विश्राम प्रसाद मिश्र ने श्री गौतम की रचनात्मकता की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।



डॉ.चित्तरंजन कर ने कार्यक्रम के उद्देश्यों और परिकल्पना पर बात की और श्री गौतम को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। वनमाली सृजनपीठ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री सतीश जायसवाल ने कहा कि यहाँ आकर वे स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। यह आयोजन सचमुच एक यादगार कार्यक्रम रहेगा। कार्यक्रम उपस्थित अतिथियों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रणय गौतम ने किया। दिनेश गौतम के आभार के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# गोवर्धन कैटल फीड यूनिट पशुओं को पौष्टिक चारा उपलब्ध कराने के साथ साथ ग्रामीणों व समूह के लिए बना आय का महत्वपूर्ण जरिया

**बालोद,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के बालोद विकासखण्ड के महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क बरही में स्थापित गोवर्धन कैटल फीड यूनिट उत्पादन कार्य में निरंतर वृद्धि करते हुए सफ्लता के नए आयाम गढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि कैटल फीड यूनिट शुरुवाती दौर से ही जिला प्रशासन के सतत मानिटरिंग एवं सहयोग के फ्लस्वरूप सरकारी संस्थाओं एवं निजी डेरी पालन संस्थानों में अपने उच्च गुणवत्ता वाले पशु आहार का समुचित विक्रय करते हुए अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर है। इसके लिए यहाँ कार्यरत लोगों को उचित प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ.साथ समय.समय पर मागदर्शन भी दिया जा रहा है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डा रेणुका श्रीवास्तव ने बताया कि 08 सितंबर को पशु आहार का उत्पादन करने वाले इस कामधेनु कैटल फीड सहकारी समिति द्वारा उत्पादित किए गए 18 टन पशु आहार की बिक्री कर कुल 04 लाख 50 हजार रुपये बालोद सहित आस.पास के जिलों में बिक्री की गई। इससे स्वसहायता समूह को लगभग 35000 रुपए का लाभ अर्जित हुआ। उन्होंने बताया कि अब तक समूह को कुल 40 टन का पशु आहार को 10 लाख रुपये में बिक्री कर लगभग 75 हजार रूपये राशि लाभ अर्जित हुआ है। इस तरह बरही में स्थापित यह कैटल फीड यूनिट पशुओं को पौष्टिक चारा उपलब्ध कराने के साथ साथ ग्रामीणों एवं स्वसहायता समूह के लिए भी आय का महत्वपूर्ण जरिया बन गया है।



इस कामधेनु कैटल फीड में सहकारी समिति के 11 सक्रिय सदस्य अपनी पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। इस कामधेनु कैटल फीड में कार्यरत् सभी 11 सदस्य छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क को अपने सपनों को साकार करने के प्रति पूरी तरह से आशान्वित है। इन्हें अपने गांव में स्थापित महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क से अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए सुनहरा अवसर नजर आ रहा है। इस कामधेनु कैटल फीड के माध्यम से अपने जीवन में आए बदलाव के संबंध में जानकारी देते हुए समिति के सदस्य दिग्विजय सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की पहल एवं जिला प्रशासन के सहयोग से हमारे गाँव में स्थापित महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क हमारे लिए बहुपयोगी साबित हो रहा है। इसके माध्यम से विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों का सफ्लतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इस कामधेनु कैटल फीड में समिति के सभी सदस्य बड़े ही उत्साह एवं रूचि के साथ कार्य कर रहे हैं। दिग्विजय सिन्हा ने बताया कि साथ ही सामग्रियों की मांग की पूर्ति समय.सीमा में पूरा करने हेतु हम डबल शिफ्ट में कार्य करते हैं। वे सभी शासकीय संस्था के साथ साथ निजी संस्थाओं एवं डेयरी संचालकों से निरंतर संपर्क कर मार्केटिंग का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्य में राज्य शासन एवं जिला प्रशासन का निरंतर सहयोग मिल रहा है।

# वाहन चेकिंग के दौरान किया गया हेलमेट का वितरण

**बेमेतरा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए एवं चुनाव आयोग के द्वारा दिये गये निर्देशो के परिपालन में पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज (द्धत्क) महोदय श्री बी.एन.मीणा (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) मार्गदर्शन में जिला बेमेतरा के समस्त थाना/चौकी क्षेत्रो में संदिग्ध व्यक्तियों सहित संदिग्ध वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। इसी तारतम्य में *दिनांक 10.09.2023 को पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के नेतृत्व में* अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, थाना सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, उप निरीक्षक अशोक तिवारी, सउनि रेशम लाल भास्कर एवं थाना बेमेतरा व यातायात स्टाफ के द्वारा बैजी टोल एवं शहर के मुख्य स्थान घडी चौक में सरप्राइज चेकिंग लगाकर वाहनों की चेकिंग किया गया। इस विशेष मोटर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान आम जनों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन करने की समझाईश दिया गया। साथ ही निःशुल्क हेलमेट का वितरण किया गया एवं यातायात नियमो के उल्लंघन करते पाये जाने पर थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा एवं यातायात पुलिस द्वारा 39 लापरवाह चालको के विरूद्ध कार्यवाही कर 15,200/- रूपये समन शुल्क लिया गया।



साथ ही जिले के विभिन्न थाना/चौकी क्षेत्रों में लगातार यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर दिनांक 10.09.2023* को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत थाना नवागढ 05 चालान में 05 व्यक्ति, थाना नांदघाट 05 चालान में 05 व्यक्ति, थाना साजा 12 चालान में 12 व्यक्ति, थाना परपोडी 01 चालान में 01 व्यक्ति, चौकी देवकर 04 चालान में 04 व्यक्ति, चौकी मारो 03 चालान में 03 व्यक्ति, चौकी कंडरका 01 चालान में 01 व्यक्ति, चौकी देवरबीजा 03 चालान में 03 व्यक्ति, कुल 34 चालान में 34 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 10,600 /- रूपये समन शुल्क लिया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध कुल 73 प्रकरण में कुल 25,800 /- रूपये समन शुल्क लिया गया।

चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों, बिना नंबर गाडी, बिना हेलमेंट, बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी, बिना कागजात, नोपार्किंग, तीव्र ध्वनी वाले सालेंसर लगाकर वाहन चलाने आदि यातायात नियमों को नहीं मानने वालों की जांच कर कार्यवाही की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वालों का मौके पर ही ब्रिथएनालाइजर मशीन से चेक किया गया व शराब पीकर गाडी चलाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। वाहनों की सरप्राईज चेकिंग का उद्देश्य अपराधिक गतिविधि वाले व्यक्तियों पर अंकुश लगाना तथा शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाना है।

बेमेतरा पुलिस आम नागरिको से अपील करता है कि* यातायात नियमों का पालन करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाये, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाये, अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाये एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें। और वाहन चालको को बताया कि वाहन में नंबर नही लिखें होने पर समन शुल्क लिया जाता है। इसलिए बिना नंबर के वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोंग नहीं करने की जानकारी दी। बेमेतरा पुलिस आपकी सहायता के लिये है, वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# शिक्षक दिवस शिक्षकों का सम्मान और शिक्षा का महत्व को जानने का अवसर : मो. अकबर

**■ कैबिनेट मंत्री ने बालिका शिक्षा को बढ़ाने का आग्रह किया, कहा बेटियां जब शिक्षित होती है तो दो कुल और परिवार को शिक्षित करती है**

**कवर्धा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने कवर्धा के पीजी कालेज अडॉटेरियम में शिक्षा प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में शामिल हुए। सम्मान समारोह का शुभारंभ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण तथा राजकीय गीत अरपा, पैरी के धार की स्तुति के साथ हुआ। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्तर पर अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर शिक्षादूत पुरूस्कार और ज्ञानदीप पुरूस्कार से जिले एवं राज्यभर से आए 268 उत्कृष्ट शिक्षकों, सेवानिवृत्त शिक्षको को सम्मानित किया। जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षक 51, मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण के अंतगर्त शिक्षा दूत 12, ज्ञानदीप से 3, राज्यभर से आए उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिका 200 शामिल है। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने सभी शिक्षकों को बधाई और शुभाकामनाएं दी। इस अवसर पर एससीआरटी के सेवानिवृत्त प्रोफेसर विद्यावती चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, राधेलाल भास्कर, पार्षद मोहित महेश्वरी, राजकुमार तिवारी, विरेन्द्र जांगड़े, जिला शिक्षा अधिकारी एम के गुप्ता, सहित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

केबिनेट मंत्री अकबर ने कहा कि कहा कि भारत मे शिक्षकों, गुरुजनों का विशेष सम्मान देने के लिए सर्वपल्ली श्री राधाकृष्णन का जन्मदिन (5 सितंबर) को पूरे भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। 5 सितम्बर को भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म हुआ था। पहली बार शिक्षक दिवस 1962 में मनाया गया था। सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस महान राष्ट्रपति ने कहा कि पूरी दुनिया एक विद्यालय है जहां से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। जीवन में शिक्षक हमें केवल पढ़ाते ही नहीं है बल्कि हमें जीवन के अनुभवों से गुजरने के दौरान अच्छे-बुरे के बीच फर्क करना भी सिखाते हैं।



मंत्री श्री अकबर ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से बच्चे किसी भी कार्य को करने में सक्षम होते है। शिक्षक बच्चों के गुरू के रूप में मार्गदर्शन प्रदान करता है। शिक्षक से ही सफल होने का मार्गदर्शन मिलता है। उन्होंने शिक्षको को भविष्य में लगातर अच्छे कार्य करने प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक विकासखंड के प्राथमिक स्तर पर अध्यापन कराने वाले तीन उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को शिक्षादूत पुरूस्कार और पूर्व माध्यमिक स्तर पर अध्यापन कराने वाले तीन उत्कृष्ट शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरूस्कार के लिए चयन किया गया है। मंत्री श्री अकबर ने शिक्षादूत पुरूस्कार और ज्ञानदीप पुरूस्कार वर्ष 23 के लिए शिक्षकों को धनराशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने शिक्षक दिवस के अवसर पर समानित होने वाले सभी शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने शिक्षकों के महत्व को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की वजह से हम शिक्षक अलंकरण और छात्र अलंकरण का आयोजन किया जाता है। शिक्षा किसी भी समाज के विकास के लिए सबसे प्रमुख और महत्वपूर्ण इकाई है। शिक्षा के बिना विकास की परिकल्पना नही किया जा सकता। शिक्षक और शिक्षा समाज का दिशा निर्देशक होता है। उन्होनें कहा कि शिक्षक, शिक्षा और विद्यालय व्यतित्त्व का सार्थक विकास होता है। उन्होंने कोचिंग सेंटर और विद्यालय में बड़ा फर्क बताते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षा, व्यकितत्व और समाज का सर्वागीण विकास होता है, जबकि किसी कोचिंग संस्थान में यह नही हो सकता।

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना के तहत शिक्षा दूत पुरूस्कार 2023 के लिए विकासखंड कवर्धा के शासकीय प्राथमिक शाला मक्के के श्रीमती एलवीना विलसन, छाटाझा के अश्वनी कुमार पासवान, बिपतरा के सावन कुमार चंद्रवंशी, विकासखंड सहसपुर लोहारा के शासकीय प्राथमिक शाला धनगांव के जगदीश प्रसाद ठाकुर, बाम्हनटोला के श्रीमती श्वेता वर्मा, मोतिमपुर के नदीम खान, विकासखंड पंडरिया के प्राथमिक शाला गुंझेटा के श्रीमती शैल सोयम, जामुनपानी के भुनेश्वर राम साहू, बंशापुर के मोहन कुमार चतुर्वेदी, विकासखंड बोड़ला के शासकीय प्राथमिक शाला बहनाखोदरा के सुभाष गढ़रिया, अचानकपुर के सुरेश कुमार चंद्रवंशी और शासकीय प्राथमिक शाला अमरौडी के शिक्षिका श्रीमती दुर्गा श्रीवास को पांच-पांच हजार रूपए प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत सत्र 2023 के लिए शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। इसके तहत शाकीय पूर्व माध्यमिक शाला भेदली के शिक्षक वर्षा मानिकपुरी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोड़ला के शिक्षिक श्री पूनाराम पनागर और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पटपर के शिक्षक श्री शेख कलीम मोहम्मद को सात-सात हजार रूपए प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# फिर शुरू हुई अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम की कार्यवाही

**मोतीपुर में अवैध प्लाटिंग की तैयारी पर खरीदी बिक्री प्रतिबंधित का लगाया बोर्ड**

**राजनांदगांव,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। शासन निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर कडी कार्यवाही की जा रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक कई क्षेत्र के अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने के साथ-साथ अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस देकर लगातार कार्यवाही की जा रही है, पूर्व में कौरिनभाठा,, गोकुल नगर, चिखली ,बर्फानी आश्रम,रेवाडीह, रिद्धी-सिद्धी कालोनी, लखोली क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग कर मुरूम एवं कांक्रीटिंग रोड का निर्माण करने पर उसे जेसीबी से उखाडकर मुरूम जप्त करने की कार्यवाही की गयी। कार्यवाही की कडी में आज मोतीपुर में बरबट्टी कुँआ के पीछे रिक्त भूमि खसरा नं. 11/45 एवं 11/46 को श्री विजय कुमार लांजेवार द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही तैयारी की जानकारी होने पर नगर निगम द्वारा उक्त प्लाट में खरीदी बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगाया गया तथा संबंधितो को नोटिस भी दिया गया है।



अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा अवैध कालोन निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे, निर्देशानुसार नगर निगम की टीम निरीक्षण कर निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर कडी कार्यवाही कर रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। जिसके तहत कौरिनभाठा, गोकुल नगर, चिखली ,बर्फानी आश्रम के पास,रेवाडीह,रिद्धी-सिद्धी कालोनी, लखोली आदि क्षेत्रों में हो रहे अवैध प्लाटिंग को पूर्व में ध्वस्त करने की कार्यवाही की गयी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि कार्यवाही की कडी में आज मोतीपुर में बरबट्टी कुँआ के पीछे रिक्त भूमि खसरा नं. 11/45 एवं 11/46 श्री विजय कुमार लांजेवार द्वारा अवैध प्लाटिंग कर विक्रय की तैयारी की जा रही थी, जिसे आज नगर निगम की टीम उक्त भूमि पर अवैध प्लाटिंग क्षेत्र, टुकडो में जमीन की खरीदी बिक्री प्रतिबंधित है, संबंधी बोर्ड लगाया गया, साथ ही संबंधित श्री विजय कुमार लांजेवार को छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 के तहत अवैध प्लाटिंग बंद करने नोटिस भी जारी किया गया है। इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि उक्त क्षेत्र में बिना जानकारी के खरीदी बिक्री न करे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने तकनीकी अधिकारियों से कहा कि, नगर निगम सीमाक्षेत्र में अवैध कॉलोनी एवं अवैध प्लाटिंग की जॉचकर नोटिस जारी करें और यदि संबंधित के द्वारा अवैध प्लाटिंग कार्य बंद नही किया जाता है, तो उनके विरूद्ध निगम प्रावधानों के तहत् कडी से कडी कार्यवाही करें। उन्होने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि कही भी प्लाट खरीदने के पूर्व निगम में सम्पर्क कर वैध-अवैध प्लाटिंग की जानकारी ले लेवे, जानकारी उपरांत ही प्लाट खरीदी की कार्यवाही करे, ताकि परेशानी से बचा जा सके। कार्यवाही के दौरान प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम, उप अभियंता अनिमेष चंद्राकर, तिलक राज ध्रुव व अनुप पाण्डे, प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी व गणेश झा सहित निगम का अमला उपस्थित था।

# पदोन्नति पश्चात् डीएसपी नेहा वर्मा बनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

**राजनांदगांव,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अभिषेक मीना द्वारा उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा को अशोक स्तंभ लगाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद् पर पदोन्नत किया गया।विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत् गृह (पुलिस) विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी आदेश क्रमांक एफ 2-11/दो-गृह/रापुसे/2023 के माध्यम से कुल 19 डी.एस.पी. को पदोन्नत किया गया जिसमें जिला राजनांदगांव में डी.एस.पी. (आई.यू.सी.ए.डब्ल्यू) एवं एस.डी.ओ.पी. डोंगरगांव के पद पर पदथ श्रीमती नेहा वर्मा जो कि 2014 बैच की डी.एस.पी. है का नाम सम्मिलित है। आज दिनांक 11.09.2023 को कार्यालय पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अभिषेक मीना द्वारा उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा को उनके कंधों पर अशोक स्तंभ का बैज लगाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद् पर पदोन्नत किया गया इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आई.यू.सी.ए.डब्ल्यू) श्रीमती पद्मश्री तवर उपस्थित रही। श्रीमती नेहा वर्मा 2014 बैच की डी.एस.पी. हैं जो जिला बिलासपुर, रायगढ़, नायायणपुर के बाद जिला राजनांदगांव में पदस्थ रही उनका 09 वर्ष का कार्यकाल बहुत ही चेलेंजिंग रहा अपने कर्तव्यों के निर्वहन के साथ-साथ कोरोनाकाल में भी उनके द्वारा लोगों को राहत पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई गई। जिला राजनांदगांव में आई.यू.सी.ए.डब्ल्यू. में कार्य करते हुए उन्होंने महिला एवं बालकों के प्रकरणों में विशेष रूचि लेकर कई मामलों का निराकरण जल्द से जल्द करवाया साथ ही जिले में चलाये गये नशामुक्ति अभियान ''निजात'' और महिला सुरक्षा व घरेलू हिन्सा से बचाव हेतु ''अभिव्यक्ति एप्प'' के प्रचार प्रसार में भी उनकी अहम भूमिका रही।



# नाबालिग बालक का पच्चास हजार के लिए अपहरण, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। घटना का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 10/09/23 की रात्रि प्रार्थी द्वारा थाना लालबाग आकर लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके पूत्र उम्र 15 वर्ष को उसके दोस्त रोहन गनवीर एवं विवेक मसीह के द्वारा उसके निवास स्थान से अपने साथ मोटर सायकल पर लेकर गये जो वापस घर नही आने से प्रार्थी द्वारा अपने पुत्र के मोबाईल पर सम्पर्क करने से फोन बंद पाया गया इसकी पत्नि द्वारा लगातार फोन पर प्रयास करने के फलस्वरूप पुत्र से सम्पर्क हुआ जो फोन पर रोहन गनवीर द्वारा प्रार्थी की पत्नि को यह कहा गया कि, वे उसके पुत्र को किडनेप कर लिये है 50000/- रू0 नगदी दो नही तो तुम्हारे बेटे को जान से खतम कर देंगे तथा रूपये लेकर इंदामरा के पास बुलाया गया जिससे प्रार्थी की पत्नी भयभीत होकर रूपया देने तैयार होकर 50000/- रू0 नगद रखकर एबीस कंपनी इंदामरा के पास जाकर रोहन और विवेक को 50000/- रू0 दी तब रोहन और विवेक के द्वारा उसके नाबालिक पुत्र को इसे सौपा गया एवं दोनो आरोपी मो0सा0 से फरार हो गये तब यह अपने पुत्र को लेकर वापस घर लेकर आई। रिपोर्ट पर आरोपीगण रोहन गनवीर एवं विवेक मसीह के विरूध्द अपराध क्रमांक 370/23 धारा 363, 364-क. 386, 34 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर आरोपीगणो की पता तलाश हेतु थाने एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम गठीत कर रवाना किया गया जो 12 घंटो के भीतर ही प्रकरण के आरोपीगणों चंदन गनवीर उर्फ रोहन पिता संतोष गनवीर उम्र 22 निवासी लालबाग प्रभात नगर राजनांदगांव एवं विवेक मसीह पिता नील हार्वेट मसीह उम्र 22 वर्ष निवासी टांकापारा राजनांदगांव को दिनांक 11/09/23 को सूर्योदय के पूर्व ही उनके निवास स्थान पर दबिश देकर गिरफ्तार कर दोनो आरोपीगणो 1. चन्दन उर्फ रोहन गनवीर से 30,000/-रू0 नगद एवं विवके मसीह से 20,000 /- रू0 एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर आरोपीगणो को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। मामले मे आरोपीगणो की 12 घंटो के भीतर त्वरीत गिरफ्तारी व फिरोती राशि बरामद करने में थाना लालबाग के थाना प्रभारी निरी0 संतोष भुआर्य, सउनि राजू मेश्राम, आरक्षक राकेश ठावरे, राजेश श्रीवास्तव, भूपेन्द्र वर्मा एवं सायबर सेल टीम से प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक भरत बरेठ, सउनि द्वारिका प्रसाद लाउत्रे, प्र0आर0 अनित शुक्ला, आर0 अवध किशोर साहू, मनिष वर्मा की भूमिका सराहनीय रही है ।



# प्रवीण मेश्राम विधानसभा चुनाव कैंपेनिंग समिति के सदस्य नियुक्त

**राजनांदगांव,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में आने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अपने चुनाव अभियान के लिए महत्वपूर्ण समितियों का गठन कर रही है इसी क्रम में चुनाव प्रचार प्रचार (कैंपेन) समिति का गठन किया है जिसमें केबिनेट मंत्री मो अकबर की अनुशंसा एवं प्रस्ताव से मो अकबर के कट्टर समर्थक छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण मेश्राम को इस अति महत्वपूर्ण चुनाव समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है इस आशय का पत्र एआईसीसी के महासचिव के सी वेणुगोपाल ने 11 सितंबर को जारी किया है। श्री मेश्राम लगातार मो अकबर के विधानसभा मे कांग्रेस पार्टी के पक्ष में प्रचार प्रसार अभियान में कर्मठता एवं लगनशीलता से लगे रह कर अन्य क्षेत्रों में भी पार्टी विचारधारा का प्रचार करते है साथ ही इस युवा की नियुक्ति से यह भी जाहिर हुआ है की कांग्रेस पार्टी युवाओं को विशेष महत्व दे रही है। मेश्राम की नियुक्ति से राजनादगांव कवर्धा सहित विभिन्न जिलों से में हर्ष व्याप्त है कांग्रेसजनों ने केबिनेट मंत्री मो अकबर सहित पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार भी व्यक्त किया है



**कांग्रेसियों ने केबिनेट मंत्री मो अकबरसहित पार्टी नेतृत्व के प्रति जताया आभार**

# विशेष सचिव के पद पर महादेव कावरे ने कार्यभार किया ग्रहण

**राजनांदगांव,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। आवास एवं पर्यावरण तथा वाणिज्य कर आबकारी विभाग के विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार) के पद पर श्री महादेव कावरे ने आज मंत्रालय में उपस्थित होकर कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर डॉ. अम्बेडकर वेल्फेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ की ओर से महादेव कावरे को बधाई और शुभकामनाएं दी गई। साथ ही मंत्रालय में उनके विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी श्री कावरे से सौजन्य मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट किया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व श्री कावरे दुर्ग संभाग के संभागीय आयुक्त के पद पर पदस्थ थे। राज्य शासन द्वारा पिछले दिनों जारी आदेश के तहत उन्हें विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार) छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार), वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग, आयुक्त आबकारी और नगर एवं ग्राम निवेश तथा प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।



# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी द्वारा साक्षरता दिवस कार्यक्रम संम्पन्न

**कुम्हारी,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी द्वारा साक्षरता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।विद्यालय द्वारा इस कार्यक्रम को साक्षरता सप्ताह के रूप में दिनाँक 04-09-2023 से 09-09-2023 तक मनाया गया ।



यह कार्यक्रम महानदी सदन के सदन प्रमुख श्रीमती सुजीत सी आर शिक्षिका एवं उनके टीम के मार्गदर्शन में शाला के छात्र छात्राओं नें साक्षरता जागरूकता अभियान चलाया। छात्र , छात्राओं ने अपने आस -पास के वार्ड और गांव में जाकर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी ,और उन्हें साक्षर होने का महत्व समझाया तथा असाक्षर लोगो को स्वयं का नाम लिखना और पढ़ना सिखाया ।

इस कार्यक्रम में दीपसागर कक्षा 12 वीं , सोनल (12 वीं ),खुशबू साहू (12 वीं ), इष्मित सिंग (12 वीं ), धनंजय (11 वीं ), गौरव देवांगन (11 वीं ) संदीप कुर्रे (11 वीं ), श्रद्धा (11 वीं ),टूमेश (11 वीं ), सोम राजपूत (11 वीं ) धारणी देवांगन (9 वीं ), चेतना (9 वीं), योगिता (9 वीं) इन छात्र छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी ।

कार्यक्रम की सफलता पर प्राचार्या श्रीमती लता रघुकुमार ने छात्र ,छात्राओं के इस उत्कृष्ट कार्य की सराहना कर उनका उत्साहवर्धन किया और भविष्य में भी ऐसे सफल आयोजन कर लोगों को साक्षर बनाने के लिए अपनी शुभकामनाएँ दी।

# हनुमान चौक की 66,555 रु की मटकी गोंदिया व दुर्ग की टोली ने लुटी

**डोंगरगढ़,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। धर्मनगरी श्री हनुमान चौक गोल बाजार में भव्य दही हांडी लूट का आयोजन सम्पन्न हुआ 105 वां साल इस वर्ष धूम धाम से मना श्री हनुमान भक्त युवा समिति व गोल बाजार गोविंदा उत्सव समिति के तत्वधान में आयोजित दही लूट का आयोजन किया गया जिसमें कुल 66,555 का ईनाम गोंदिया व दुर्ग टोलियो ने लूटा जिसमे पहली मटकी जय माँ शीतला गोंदिया की टोली ने मटकी फोड़ी जिसमे इनाम श्री हनुमान भक्त युवा समिति द्वारा 35,555 रु , मोमेंटो कप व चेक दिया गया ततपश्चात पब्लिक डिमांड में दूसरी मटकी लटकाई गयी जिसे जय माँ शीतला क्रीड़ा मंडल दुर्ग ने लूटा इनाम स्वरूप 31,000 रु मोमेंटो कप भाई आलोक सोनी, सूरज साहू,विवेक शर्मा, विकाश गुप्ता व गोल बाजार गोविंदा उत्सव समिति द्वारा प्रदान किया गया। समिति के हनी गुप्ता ने बताया कि समिति द्वारा यह 7वां वर्ष दही हांडी लूट का श्री हनुमान चौक में मनाया गया सर्व प्रथम पूजा अर्चना कर क्रेन के माध्यम में मटकी को फूलो व शार्फ़ि लाइट से सजा कर 25 फिट में लटकाया गया। व चौक में चारी ओर ट्र्स में लाइटिंग व कोल्ड फायर से ठाकुर जी के डोले का स्वागत किया गया धर्मप्रेमियों व भक्तो जनों से भजनों में झूम कर आनंद लिया हज़ारो के संख्या में आये भक्त आतिशबाजी व स्वागत देख आनंदित महसूस किया डोले के जाने के बाद टोलियों ने मटकी लूट का प्रयास प्रांरभ किया देर रात्रि तक भजनों में थिरकते दिखे युवा । आयोजन में अतिथि के रुप में राजनंदगाँव से पवन डागा जी, नंदू सोनी ,शिव राठी, चन्द्रभान, मयूर, टप्पू व लाला तापड़िया, संदीप पचेरवाल,सीटे बन्नोआना, गिरिराज तापडिय, राजा गुप्ता, राजेन्द्र शर्मा, बंटू तापड़िया व अन्य गोल बाजार व्यापारी के माध्यम से ईनाम वितरण किया गया । डोंगरगढ़ के भव्य आयोजनों में आदित्य मिश्रा , स्ब्ब तौसीफ , निखिल साहू , प्रबराज भाटिया, गगन महोबिया ,अनुज शर्मा को दिया गया व आयोजन में श्री हनुमान भक्त युवा समिति ,भंडारा समिति ,शक्ति वाहिनी समिति व गोल बाजार व्यपारी गण उपस्थित थे।



# सिंचाई विभाग की लापरवाही से परेशान है सतनामी पारा के निवासी

**सहसपुर लोहारा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के वार्ड 4 और वार्ड 5 अनुसूचित जाति के बहूलता वाला वार्ड है जहाँ सतनामी समाज के लोग निवास करते है पर सिचाई विभाग की लापरवाही से ये लोग बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस वार्ड से मजार टैक की नहर निकलती है। इस नहर में स्थिति पुलिया को एक से डेढ़ माह पूर्व सिचाई विभाग के द्वारा तोड़ दिया गया ज्ञात हो की इस पुलिया से ही इस वार्ड का शमशान घाट, ग्राम बासीझोरी जाने का मार्ग, खेत जाने का मार्ग, जानवरो का चरागाह और उनका निस्तारित हेतु स्थल स्थिति है। जिससे इस पुल के टूट जाने और इस नहर में पानी चलने से दूसरे तरफ जाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर महिलाओ, बुजुर्गो और बच्चो के लिए तों यहां से दूसरे तरफ जाना काफ़ी खतरनाक हो रहा है वही कई बार यहां लोग इस नहर को पार करते हुए गिर भी गये है। वार्ड वासी बताते है की बाकि समस्या को तों अगर छोड़ भी दिया जाय अगर कही यहां किसी की मौत हो जाये तों शमशान तक मृत कर्म करने कैसे ले जाया जायेगा और कुछ दिन बाद खेती बाड़ी की फसल को किसान कैसे लाएंगे ये बड़ी समस्या है। यहां स्थिति पाईप पुलिया को भरी बरसात में तोड़कर अब सिचाई विभाग इस पर ध्यान ही नहीं दे रहा है जिससे वार्ड वासी बहुत परेशान है और अगर यही स्थिति रही तों कभी भी यहां बहुत बड़ी घटना घटित हो सकती है इस लिए यहां अति शीघ्र पुलिया का निर्माण किया जाय या कोई व्यकल्पिक व्यवस्था की जाय जिससे वार्ड वासियो को इस नरकीय स्थिति से छुटकारा दिलाया जा सके।



# जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई, छात्रों ने फोड़ी मटकियां



**कुम्हारी,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। कोसल हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्राम कपसदा में मटकी फोड़ का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई थी। विद्यालय के छात्रों ने इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। स्कूल के प्राचार्य चंद्रिका प्रसाद तिवारी ने सभी को श्री कृष्ण जनमाष्टमी की बधाई दी और इस तरह से आयोजन भविष्य में भी किये जाने की बात कही, उन्होंने यह भी कहा की आज के बदलते दौर में बच्चे हमारी संस्कृति से जुड़े रहें इसके लिए इस तरह के आयोजन बेहद आवश्यक है।

# दाऊचौरा में अवैध कबाड़ी के संचालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कबाड़ी के दुकानों में लंबे समय से अवैध खरीदी बिक्री की जा रही थी**

**खैरागढ़,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय खैरागढ़ में लंबे समय से संचालित अवैध कबाड़ी दुकान के संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को कबाड़ी दुकान से 35 हजार रूपये का कबाड़ी सामान मिला है जिसे जप्त कर लिया गया है। जानकारी अनुसार एसपी अंकिता शर्मा व एएसपी नेहा पाण्डेय के मार्गदर्शन में एसडीओपी लालचंद मोहले के निर्देशन में थाना प्रभारी खैरागढ़ राजेश देवदास के नेतृत्व में अगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुये थाना खैरागढ़ में अवैध कबाड़ी एवं संदिग्धों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 9 सितंबर को थाना खैरागढ़ पुलिस द्वारा दाऊचौरा में अवैध रूप से कबाड़ी खरीदी बिक्री की सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई। इस दौरान कबाड़ी दुकान के संचालक आरोपी मोहम्मद शबीर पिता मोहम्मद फारूख उम्र 26 वर्ष निवासी दाऊचौरा खैरागढ़ को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से 4 नग लोहे का एंगल, 10 नग बाल्टी, 2 नग सायकल, 20 नग सायकल का रिंग, टीन का चादर एवं लोहे का सरिया रिंग सहित अन्य कबाड़ी सामान कीमत 35 हजार रूपये तथा टाटा एस क्र.सीजी 08 एसी 2856 कीमत 2 लाख रूपये को जप्त किया गया। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अवैध कबाड़ खरीदना स्वीकार किया जिसके बाद आरोपी मोहम्मद शबीर के विरूद्ध धारा 41(14) जाफौ एवं आईपीसी की धारा 379 कायम कर जांच में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना खैरागढ़ पुलिस का सराहनीय योगदान रहा।



उल्टा पुल्टा

एक 88 साल के बुजुर्ग को फोन आया...
सर, हम बैंक से बोल रहे हैं, म्युचुअल फंड ले लो, सात साल में भाव डबल हो जाएंगे...!
बुजुर्ग ने जवाब दिया: बेटा, मैं उम्र के उस मोड़ पर हूं कि केले भी कच्चे नहीं खरीदता...!!!

संपादकीय

## केन्द्र से धान-चावल सम्बन्धी सालाना विवाद

छत्तीसगढ़ सरकार का केन्द्र से धान या चावल उपार्जन के मामले में मानों हर वर्ष का तयशुदा विवाद हो। कभी पूल में चावल की मात्रा को लेकर हो या कभी बोरों की आवश्यकता से कम की सप्लाई तो कभी केन्द्र की ओर से राज्य को राशि का भुगतान वक्त पर न होना या बिलकुल ही न होना। केन्द्र व राज्य सरकारें जब अलग-अलग सियासी पार्टियों की हों तो ऐसा अक्सर होता देखा गया है। धान छग का प्रमुख कृषि उत्पाद है। यहां की अर्थव्यवस्था और विकास में चावल उत्पादन की बड़ी भूमिका होती है। इतना ही नहीं, बड़ी संख्या में लोग कृषि कर्म में लगे हुए हैं। उनकी भी आमदनी का सीधा सम्बन्ध धान उत्पादन से है।

चूंकि छग सरकार की एक प्रमुख गतिविधि धान की खरीदी है, इस नाते यह भी कहा जा सकता है कि धान खरीदी का मामला छत्तीसगढ़ की ऐसी कमजोर रग होती है जिसे दबाकर उसे परेशान किया जा सकता है। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी सरकार इस काम में विशेष रूप से माहिर है। उसे पता है कि कौन से विषय पर किस राज्य को किस तरह से परेशान किया जा सकता है- अगर वह विरोधी दलों की हो। अलग-अलग राज्यों के मामलों में वह भिन्न-भिन्न तौर-तरीके अपनाती है। छग के मामले में भी ऐसा है। ज़रूरी नहीं कि सारे मुद्दों पर राज्य सरकार गलत हो लेकिन केन्द्र के पास उपलब्ध ताकत का फायदा मोदी सरकार अक्सर उठाती दिखाई देती है। जब से राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी है, शायद ही कोई साल ऐसा गया हो, जब धान उपार्जन या फिर चावल के मामले में दोनों सरकारों के बीच टकराव न हुआ हो।

इस साल राज्य सरकार ने 1 नवम्बर से धान खरीदी प्रारम्भ करने का ऐलान कर दिया है जो 28 फरवरी, 2024 तक जारी रहेगी। इस बार खरीदी बायोमेट्रिक सिस्टम से होगी। लक्ष्य 125 लाख टन धान क्रय करने का है। शनिवार को हुई कैबिनेट बैठक में जानकारी दी गयी कि पांच लाख किसानों ने अपना पंजीयन भी करा लिया है। पिछले वर्ष 24 लाख से ज्यादा पंजीकृत किसान थे, जिनमें से करीब ढाई लाख नये थे। यह इस बात का प्रतीक है कि राज्य में लोगों की कृषि मे रुचि बढ़ रही है। किसानों की मांग पर नये खरीद केन्द्र खोलने का फैसला भी छग सरकार ने लिया है।

कैबिनेट ने यह भी ध्यान में लाया है कि राज्य को भारतीय खाद्य निगम से 2205.30 करोड़ रुपये तथा नागरिक आपूर्ति निगम से 3.43 लाख रुपए चावल उपार्जन के लेने हैं। केन्द्र सरकार को चाहिये कि यह राशि तत्काल जारी करे। साथ ही एक ऐसी व्यवस्था बानाने की ज़रूरत है जिससे हर साल जो विवाद होते हैं, वे न उठें।

# स्टालिन के बयान के खिलाफ सुबह से शाम तक रहा बंद का व्यापक असर



सर्व हिन्दू समाज के बंद के दौरान न तो चाय की दुकानें खुली और न ही यात्री बसों का संचालन हुआ

**महासमुंद,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। सनातन धर्म के खिलाफ उदयनिधि स्टालिन के दिए गए बयान के विरोध में शहर बंद का व्यापक असर दिखाई दिया। सुबह से देर शाम तक चाय की दुकानें भी नही खुली। स्वस्फूर्त इस बंद के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। किसी भी मार्ग पर बसें नही चली इससे यात्री हलाकान होते रहे हालाकि बंद के आह्वान के कारण केवल वे ही लोग सड़कों पर दिखाई दिए जिन्हें आवश्यक कार्य से जाना था। ग्रामीण अंचलों में बहुत से राहगीरों से दोपहिया सवारों से लिफ्ट मांगते देखा गया। सुबह 5 बजे से ही सर्व हिन्दू समाज के लोग एकत्र होना शुरू हो गए थे और वे नगर में घूमकर बंद के आह्वान को सफल बनाते निवेदन कर रहे थे। प्रमुख रूप से देवेंद्र दुबे, अग्रज शर्मा, भरत चंद्राकर, अखिलेश लूनिया, विक्रम ठाकुर, रितेश गोलछा, सतपाल पाली, महेंद्र जैन, प्रदीप चंद्राकर, संदीप घोष, राहुल चंद्राकर आदि ने सिटी कोतवाली पर आक्रोश जाहिर करते हुए कहा है कि उन्होंने अनावश्यक ही सर्व हिन्दू समाज के लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बंद के कारण सब्जी मार्केट, पूरी तरह से बंद रही, शैक्षणिक संस्थानों से भी रौनक गायब था और बंद का व्यापक असर यहां भी देखा गया। जिसके कारण सुबह बेला में सन्नाटा पसरा हुआ था। लोग एक दूसरे से बंद की स्थिति का जायजा ले रहे थे। इस बंद को जिला चेंबर आफ कामर्स, सब्जी व्यापारी संघ, बस एसोएिशन, माहेश्वरी समाज, होटल व्यावसायी संघ, छग >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के तीखे बाण से घायल राजिम विधायक अमितेष ने भी छोड़े तीखे बाण



श्री साव पढ़े–लिखे और वकील, आरोप लगाने की पूर्व तथ्यों को जांच करें फिर बोले : अमितेश

**राजिम,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू के 9 सितंबर को भाजपा कार्यालय उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राजिम विधायक अमितेश शुक्ल के ऊपर आरोपो के तीखे बाण छोड़े थे जिसे उपस्थित जन समूह ने तालियो की गड़गड़ाहट के साथ समर्थन दिया था ।तीखे बाणो से आहत दिखे राजिम विधायक अमितेश शुक्ल ने राजिम विश्राम गृह मे एक पत्रकार वार्ता मे अपने जवाबी वाण छोड़ें और और कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव बिलासपुर सासंद, वकील है और वह गहरी जानकारी रखते हे जिन चीजों को लेकर उन्होने जिस तरीके से अपना बयान दिया कि अमितेश शुक्ला बाहरी है तो मुझे उनको बताना पड़ रहा है कि मैं बाहरी कैसे हूं,जबकि मेरा घर किरवई में श्याम कुटीर के नाम से हे जहां पर मैं बीच–बीच में रहता भी हूं, वहां का वोटर हूं,वहां पर मेरी खेती है ,जहां मैं खेती करता हूं वहा 10 एकड़ खेती योग्य भूमि हे।

दूसरा मेरा प्रश्न यह है कि प्रधानमंत्री बनारस से चुनाव लड़ते है वह बाहरी है कि नहीं इसका जवाब वे दे दे। सबसे पहले तो ,क्या उनकी खेती है , घर है ,क्या वे वहां के वोटर है ।अब बताएं कि वे बनारस के है या बाहरी है। जबकी यहां मेरी खेती, जमीन, घर हे और वोटर भी हू स्थानीय रूप से मैं वहां रहता भी हूं ।दुख अफसोस तब हुआ जब उन्होने कहा कि अमितेश के दर्शन नहीं होते।उन्हें यह नहीं पता कि मैं कोई भी घोषणा बिना गांव जाये नहीं करता और करीब करीब मैंने इस 5 साल में कोरोना कल का दो ढाई साल छोड़कर करीब मैंने 10 से 12 करोड रुपए गांव में जाकर घोषणा किया हू ।शराब के बारे में बोले तो भाई सबसे बड़ा पुण्य का काम तो भूपेश भाई ने कराया जो यहां राजीव लोचन भगवान में 15 दिन की शराबबंदी कर दिए जबकि बीजेपी शासन के समय मैंने खुद तत्कालीन मुख्य मंत्री रमन सिंह बार–बार कहा था कि आप कम से कम पूरी शराबबंदी नहीं कर रहे तो 15 दिन के लिए आप शराबबंदी कर दें क्योंकि यह पवित्र भूमि हे राजीव लोचन भगवान की इस भूमि मे पुन्नी मेला लगता है। शंकराचार्य जी ने भी बंद का समर्थन किया था उन्होंने शंकराचार्य जी की बात तक को नहीं माना उन्होने भाजपा अध्यक्ष अरुण साव से आशा करता हूं कि वह थोड़ा इसमें गहराई से चीजों को जानेंगे और मिथ्यहीन बातें ना करे।

## सुहेला की दामिनी वर्मा ने एमबीबीएस में सफलता प्राप्त की



**बलौदाबाजार,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। सुहेला निवासी डॉ.यशवंत बघेल एवं शकुन वर्मा (व्याख्याता) की सुपुत्री कु.दामिनी वर्मा ने नीट परीक्षा में 567/720 अंक के साथ एम.बी.बी.एस.2023 में सफ्लता प्राप्त कर शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में दाखिला लिया है। उक्त छात्रा बचपन से ही मेधावी छात्रा के रूप में पहचानी जाती रही हैं। वह आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल ग्रासिम विहार अल्ट्राटेक रावन में दसवीं और बारहवीं में प्रतिभावान छात्रा रहीं हैं, तत्पश्चात शासकीय वेटरनरी कॉलेज अंजोरा दुर्ग में पढ़ाई करते हुए, नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी सफ्लता पर परिवारजन और गुरुजन तथा ईष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई देकर ईश्वर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# आबकारी विभाग में बिना तालाबंदी के लौटे भाजपाई



**महासमुंद,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा महिला मोर्चा महासमुंद द्वारा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू के नेतृत्व में सोमवार को भूपेश सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में तथा छत्तीसगढ़ में शराब बंदी तत्काल लागू करने की मांग को लेकर जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय में तालाबंदी करने पहुंचे किंतु पुलिस प्रशासन द्वारा बेरिकेड्स लगाए जाने के कारण डिप्टी कलेक्टर व आबकारी अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप लौटना पड़ा। ज्ञापन सौंपते हुए महिला मोर्चा की समस्त पदाधिकारियों व जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू ने कहा कि सरकार बनते ही प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी की बात कांग्रेस ने कही थी। लेकिन आज सरकार का कार्यकाल समाप्ति की ओर है, आज तक शराब बंदी पर विचार तक नहीं किया गया। इस अवसर पर मीना वर्मा, पार्वती साहू, शुभ्रा शर्मा, सुरेखा कंवर, मधु यादव, गिरिजा दास, भगवती करकसे, हेमकांति देवांगन, सुनीता साहू, हेमलता देवांगन, निर्मला कुमार, सारिका यादव, चुनेश्वरी साहू,सविता तारक, लक्ष्मी साहू, सीता डोंडेकर, डिगेश्वरी चन्द्राकर,डॉ विमल चोपड़ा, सतपाल सिंग पाली,प्रकाश शर्मा,एतराम साहू, मनीष शर्मा,रमेश साहू,झनक लाल साहू,राजू सिन्हा, देवीचंद राठी,नंदू जलक्षत्री,आकाश पांडे,अमन वर्मा,पवन साहू, मोहन साहू,जितेन्द्र साहू,जतिन रूपरेला,राकेश पटवा,अमित साहू, मानिक राम सोनवानी,भुवनेश्वर साहू,खुशाल ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक रंजना साहू आज अपने जन्म दिवस पर मंदिर दर्शन उपरांत विभिन्न कार्यक्रम में होंगी शामिल



**धमतरी,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा में उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से सम्मानित व भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता धमतरी विधानसभा की विधायक रंजना डीपेंद्र साहू का आज मंगलवार जन्म दिवस है, जिसके उपलक्ष्य में विधायक रंजना साहू सुबह सर्वप्रथम धर्म धरा धमतरी में विराजमान विभिन्न ऐतिहासिक मंदिरों में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करेंगे एंव रुद्री में विराजमान रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर घाट प्रांगण में जन्मदिवस पर पौधारोपण करेंगे। उसके बाद घड़ी चौक में व्यापारी संघ द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में 10.30 बजे शामिल होंगी, तद्उपरांत भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की बैठक में दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक सम्मिलित होंगे। उसके बाद विधायक रंजना डीपेंद्र साहू हरदिया साहू समाज भवन में आए हुए आगंतुकों से स्नेह भेंट मुलाकात कर करेंगे।

# एक कार चालक ने नवापारा के पास अर्टिगा और बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार घायल



गुस्साए भीड़ ने कार चालक का किया पीछा, राजिम में आये पकड़ में, वहीं कर दी पिटाई,

**नवापारा-राजिम,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। नवापारा में एक कार चालक ने पहले अर्टिगा कार को टक्कर मारी इसके बाद बाइक सवार दंपत्ति को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना में अर्टिगा कार के युवाओं ने चीड कार चालक का 2 किमी तक पीछा कर राजिम मै पकड़ा और जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने युवाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर कर रही है। मामला राजिम थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार कुम्हारी से ऋत्विक धनगढ़ अपने कार रेनाल्ड चीड से निजी काम के लिए कोपरा जाने के लिए निकला था। इस बीच नवापारा के पास चीड कार का चालक ने अर्टिगा कार को टक्कर मार दी। जिसके पास दोनों कार सवार लोगों के बीच विवाद हो गया। फिर ऋत्विक अपनी कार लेकर वहां से निकल गया। इससे गुस्साए युवको न उनका पीछा किया। इस दौरान चीड की बोनट में एक युवक बैठ गया।

इधर युवाओं को पीछे आता देख ऋत्विक अपनी कार की स्पीड बढ़ा दी और रिलायंस पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार दंपत्ति को अपनी चपेट में ले लिया। दंपत्ति बाइक से गिर गए और महिला कुछ दूर फेंका गई। हालांकि हादसे में दोनों को मामूली चोट आई है। यहां पर पीछा कर रहे युवाओं ने कार को रोकना चाहा, लेकिन कार चालक ने फिर कार की स्पीड बढ़ाते हुए वहां से भाग निकला। वहीं युवाओं ने फिर से उनका पीछा किया और राजिम के महाड़िक पेट्रोल पंप के पास उसे घेर कर रोकवा लिया। यहां गुस्साए युवाओं ने कार का शीशा तोड़ दिया और चालक ऋत्विक धनगढ़ की जमकर पिटाई कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही राजिम पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस पहले युवाओं और >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## रसेडा में बिक रही है खुलेआम अवैध शराब

महिलाओं ने एसपी से की शिकायत

**बलौदाबाजार,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत रसेडा में अवैध शराब खुलेआम बेची जाती है। जिससे महिलाऐं व ग्रामवासी परेशान है। किराना दुकान, पान ठेला, चखना दुकान में शराब बेची जाती है जिससे आये दिन चोरी मारपीट हुल्लड़बाजी, गाली गलोज होती रहती है। ग्रामींणों ने बताया कि पुलिस प्रशासन एसपी आफिस, आबकारी विभाग, कलेक्टर, सिटी कोतवाली थाना इन सभी विभाग को शिकायत की जा चुकी है। ग्रामींणों ने बताया कि शिकायत करने पर आज तक कार्यवाही नही हुआ सिर्फखानपूर्ति की जाती है। जिससे शराब बेचने वाले कोचिया के हौसले बड रहा है। रसेडा के महिला समूह के सदस्य झूलबाई नेताम, पोरा नेताम, दुखनी नेताम, सुजान मरकाम व अन्य महिलाओं ने बताया कि सुबह छ: बजे से रात बारह बजे तक अवैध शराब बिकता है। जहां सभी प्रकार की अवैध शराब अधिक कीमत में बेची जाती है। यहां तक मध्यप्रदेश का गोवा शराब भी आसानी से यहां मिल जाती है। कई बार महिला समूह के कार्यकर्ताओं ने भाजपा व कांग्रेस नेताओं से भी उक्त शिकायत कर कार्यवाही की मांग की गई लेकिन नेताओं के द्वारा कोई ध्यान नही दिया गया। उक्त जानकारी महिला समूह के रसेडा अध्यक्ष नीराबाई सतनामी द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

# कांग्रेस सरकार जनता के चूल्हे का चावल तक खा गई : केदार गुप्ता



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गुप्ता ने ली पत्रकार वार्ता

**बलौदाबाजार,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफआरोप लगाते हुए कहा कि सरकार प्रदेश के लोगों को केंद्र की मोदी सरकार द्वारा दिए जाने वाले चावल का घोटाला किया है। गुप्ता ने आरोप लगाया की प्रदेशवासियों के चूल्हे का चावल प्रदेश की कांग्रेस सरकार खा गई जो कोरोनाकाल से दी जा रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार को असंवेदनशील करार देते हुए जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान विभिन्न मुद्दों पर प्रहार किया।

उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार की सीरीज चलाने का आरोप लगाते हुए खुली चेतावनी दी है कि कांग्रेस की प्रदेश सरकार का भ्रष्टाचार अभी पूरा सामने नहीं आया है, वह तो जब भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में आएगी और भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकाएगी, तब भ्रष्टाचार का पूरा आँकड़ा और सच सामने आएगा। श्री गुप्ता ने प्रदेश की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के 15 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को 9 वर्षों के सेवा–सुशासन–गरीब कल्याण कार्यक्रमों का ब्योरा देते हुए प्रदेश की भूपेश सरकार को छोटी आबादी की सबसे बड़ी भ्रष्ट सरकार बताते हुए जमकर निशाना साधा। श्री गुप्ता ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है, यह चुनाव छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य की आधारशिला रखने वाला चुनाव होगा।

उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में पाँच सालों से वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार और घपलों–घोटालों की सरकार चल रही है। भाजपा ने उस सरकार के खिलाफजनजागृति लाने के लिए एक आरोप पत्र तैयार किया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की पूर्ववर्ती राज्य सरकार के 15 वर्षों के कार्यकाल की सराहना करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि श्रद्धेय अटलजी ने जिन सपनों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया था, उन सपनों को साकार करने का वह कार्यकाल था। प्रदेश के पहले चुनाव के बाद डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व में छत्तीसगढ़ ने 15 साल तक विकास की अविरल यात्रा की। श्री गुप्ता ने कहा कि सन 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को विकसित करने के अनेक प्रयास हुए, लेकिन 2018 में छत्तीसगढ़ में बनी कांग्रेस की सरकार ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का साथ देने के बजाय छत्तीसगढ़ में लूट–खसोट, भ्रष्टाचार और घपलों–घोटालों की सरकार बनाई, जिसके कारण छत्तीसगढ़ के विकास पर सवालिया निशान लग गया है। छत्तीसगढ़ की जनता ने हमेशा भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया है। श्री गुप्ता ने विश्वास व्यक्त किया कि 2023 के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटें भाजपा जीतेगी और डबल इंजन की सरकार प्रदेश को विकास की ऊँचाई पर ले जाएगी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने घपले–घोटाले करके और छत्तीसगढ़ >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# टिकट के लिए प्रदेश कार्यालय व हाईकमान के पास दौड़ लगाने के बजाय जनसंपर्क में फोकस कर रहे नेता

**गरियाबंद,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। आसन्न चुनाव को लेकर कांग्रेस-भाजपा दोनो ही पार्टी जोरो शोरो से तैयारियो में जुट गई है। भाजपा में जहां जिले के एक विधानसभा राजिम के लिए प्रत्याशी की घोषणा हो गई है वही कांग्रेस में अभी जिले के दोनो विधानसभा के लिए प्रत्याशी के नाम घोषित होने बाकी है। जल्द ही दोनो पार्टी से प्रत्याशियो के घोषणा की संभावना है। इसे लेकर पार्टी के भीतर सरगर्मी बढ़ गई है। लोगो के बीच संभावित दावेदारो को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे है। इन सब के बीच जिले में इस बार अलग ही स्थिति देखने को मिल रही है। राजनीति के बदलते परिवेश में टिकट की उम्मीद कर रहे दावेदार टिकट के प्रदेश कार्यालय और हाईकमान के पास चक्कर काटने के बजाय जमीन में क्षेत्र में खुद को सक्रिय साबित करने में जुटे हुए है। चाहे कांग्रेस हो या भाजपा दोनो ही पार्टी से टिकट की उम्मीदवारी कर नेता इन दिनो अपने अपने क्षेत्र में जनसम्पर्क में व्यस्त नजर आ रहे हैं। रोज सोशल मीडिया में कही न कही इनके जनसम्पर्क से जुड़े खबरे और फोटो वायरल हो रहे है। कांग्रेस से जहां संजय नेताम, लोकेन्द्र कोमर्रा, जनकराम ध्रुव लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे है वही भाजपा विधायक डमरूधर पुजारी के अलावा पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी, पूर्व जिला अध्यक्ष भागीरथी मांझी, अजा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी हलमन ध्रुवा भी लगातार जनसम्पर्क करते दिख रहे है। पार्टी सुत्रो की माने तो इस बार दोनो ही पार्टी ने साफ साफ इशारा कर दिया है कि टिकट के लिए जमीनी पकड़ होना जरूरी है। जनता और कार्यकर्ता के बीच जनाधार रखने वाले और सक्रिय रहने वाले नेता को ही टिकट दी जाएगी। जिसके चलते संभावित दावेदार ने अपने अपने क्षेत्र में सक्रियता दिखा रहे है। इसके पीछे एक यह कारण भी है कि यदि टिकट की घोषणा लेट से होती है या अचानक हो जाती है तो दोनो ही स्थिति में उनकी जमीन पकड़ तो रहेगी। सम्पर्क तो बन गया रहेगा। इधर जनमानस में जो चर्चा है उसमें जिले के बिन्द्रानवागढ़ सीट से कांग्रेस से संजय नेताम और भाजपा से भागीरथी मांझी लगातार जनसम्पर्क को लेकर सुर्खियो में है। दोनो ही जनप्रतिनिधि रोजाना कही न कही क्षेत्र के दौरे में नजर आ रहे है। जनसमपर्क के दौरान जहां जिला पंचायत उपाध्यक्ष गरियाबंद संजय नेताम आमजनों, बुजुर्गों और वरिष्ठजनों से मुलाक़ात कर उनसे अभी से ही पार्टी के लिए आर्शीवाद मांग रहे है। साथ ही उन्हे सम्मानित भी कर रहे है। इसके अलावा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लगातार गांव दर गाँव पहुंचकर लोगों को दे रहे हैं। सोमवार को नेताम गरियाबंद ब्लॉक के वनाँचल रावणडिग्गी, चिपरि, नवागांव, आमामोरा, पेंड्रा, सेमरा आदि गाँवों में पहुंचकर आमजनों से मुलाक़ात की। बुजुर्गों को धोती, गमछा व श्रीफल से सम्मानित कर उनका आशीर्वाद लिया। हमारे प्रतिनिधि से चर्चा में संजय नेताम ने कहा कि टिकट का फैसला तो पार्टी संगठन करेगा। लेकिन चुनाव को नजदीक आते देख पार्टी हित और संभावित दावेदार दोनो के अनुरूप दौरा कर रहे है। वही उन्होने इस बात को भी स्वीकारा कि टिकट चाहिए तो जमीन स्तर पर सक्रिय रहना जरूरी है। पार्टी संगठन हो या आम जनता जमीन के बीच रहने वालो को ही प्राथमिकता देते है। ऐसा ही कुछ जवाब भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष भागीरथी मांझी ने भी दिया। मांझी ने कहा कि पार्टी का जनाधार बढ़ाने वे जनसमम्पर्क कर रहे है। कांग्रेस के चुनावी वादे जनता को याद दिला कर रहे कि कैसे वादे कर सरकार मुकर गई। उन्होने कहा कि वे पार्टी के लिए लगातार सक्रिय है। उन्होने भी सीधा कहा कि सक्रिय रहने से ही पार्टी में पुछपुरख बनी रहती है। जिसके चलते फिल्ड में काम कर रहे है। इसके अलावा भी दोनो ही पार्टी से संभावित दावेदार प्रदेश कार्यालय के चक्कर लगाने के बजाय ज्यादा से ज्यादा समय अपनी सक्रियता दिखाने जनसम्पर्क में बिता रहे है।





**ग्रामीण अंचल में लगातार देखने को मिल रहा संभावित प्रत्याशियों का दौरा**

# जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में रामनारायण मिश्रा सम्मानित



**राजिम,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। छग शिक्षक संघ जिला इकाई रायपुर विकासखंड इकाई तिल्दा के तत्वाधान में खरोरा में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में जिले के सेवानिवृत तथा सेवारत शिक्षकों तथा संगठन के के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डीआर वर्मा पूर्व कोषाध्यक्ष दिलीप केसरवानी प्रांत के उपाध्यक्ष हरि शर्मा प्रांत के मंत्री उमेश गिरी गोस्वामी खरोरा नगर पंचायत का अध्यक्ष अनिल सोनी रायपुर के जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती प्रांत के महामंत्री यशवंत जी वर्मा सीताराम यादव थे सर्वप्रथम शिक्षक संघ के धरसीवा विकासखंड के अध्यक्ष अवध राम वर्मा प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला को अतिथियों ने शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया । संगठन के पदाधिकारी में यशवंत सिंह वर्मा ,प्रांतीय महामंत्री सेवानिवृत्ति सहायक संचालक रायपुर जिला के जिला अध्यक्ष राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत सुनील कुमार नायक रायपुर संभाग के संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा तथा संभागीय सचिव ओंकार प्रसाद वर्मा को साल एवं श्रीफल से सम्मानित किये गये। विकासखंड अभनपुर के प्रधान पाठक मारकंडे जी परमजीत सचदेवा राजिम के सेवानिवृत प्रधान पाठक योगेश्वर पुरी गोस्वामी सेवारत आत्माराम साहू ,राजेंद्र कुमार नाग इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में सहायक होता है ,शिक्षक समाज और राष्ट का निर्माता होता है ,कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संघ के रायपुर के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार नायक ने किया आभार प्रदर्शन सीताराम यादव ने किया। इस अवसर पर दिनेश कुमार वर्मा जितेंद्र वर्मा नरेश वर्मा मां विश्राम गिलहरे सुशील वर्मा यशवंत लाल ,मनहरण वर्मा रुपेश वर्मा जगन्नाथ वर्मा चंद्र भूषण धुरंधर मोहित वर्मा सुनील कुमार नायक गजेंद्र कुमार गोविंद कुमार सोनी सहित सैकड़ो शिक्षक उपस्थित थे।

# नेत्रदान का अभूतपूर्व निर्णय



**नवापारा राजिम,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। श्वेतांबर जैन समाज के प्रतिष्ठित सदस्य फूलचंद रायसोनी का 83 वर्ष की उम्र में दुखद निधन 10 सितंबर 2023 दिन रविवार को हो गया। इस शोक की घड़ी में भी उनकी धर्मपत्नी विमला देवी रायसोनी तथा परिजनों ने सुनील पारख की प्रेरणा से नेत्रदान करने का अभूतपूर्व निर्णय लिया। इस कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा के नेत्र विभाग के प्रभारी एस पी देवांगन के सहयोग से मेकाहारा रायपुर के नेत्र चिकित्सक डॉ. वसुंधरा एवम डॉ. तुषारिणी के साथ सहायक नोडल अधिकारी राजेंद्र यादव नियत समय में दिवंगत के निवास पहुंचकर उक्त पुनीत कार्य को सम्पन्न कराया। इस दौरान स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र से नर्सिंग स्टाफ यशोदा देवांगन का सहयोग भी सराहनीय रहा। इस पुनीत सेवा कार्य हेतु सिंधु सेवा मंडल तथा नवापारा सोशल ग्रुप द्वारा निरंतर नेत्रदान करने हेतु प्रबुद्ध जनों को प्रेरित किया जा रहा है।

# आरंग नपा व रसनी हाईस्कूल में चला मतदाता जागरूकता अभियान



**आरंग,** 11 सितंबर। सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी जिला कलेक्टर रायपुर सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम आरंग अतुल विश्वकर्मा के निर्देशन में नगर पालिका आरंग एवं शासकीय हाई स्कूल रसनी में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर ने सभी कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए लोकतांत्रिक निष्पक्ष मतदान की शपथ कराई वही हाई स्कूल रसनी में विद्यार्थियों का ईवीएम के प्रति गजब का उत्साह देखने में नजर आया और छात्र-छात्राओं ने डेमो वोट करके मशीन की कार्य प्रणाली जानने की उत्सुकता भी दिखाई साथ ही उन्होंने अपने परिजनों को आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प भी लिया, इस अवसर पर स्वीप मास्टर ट्रेनर शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल एवं अरविंद कुमार वैष्णव ने लोकतंत्र के संबंध में विद्यार्थियों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान करते हुए नुक्कड़ नाटक एवं मतदाता क्विज के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रशांत मिश्रा, व्याख्याता मनीषा तिवारी, चित्रलेखा चंद्राकर ,रेखा मिश्रा, मोनिका भगत, एवं तेजस चंद्राकर तथा नगरीय कर्मचारी गण उप अभियंता पोषण साहू, अनुभव साहू, घनश्याम साहू, अजय ध्रुव, मन्नू लाल तोंद्रे, नंदकुमार पटेल, कुमार ध्रुव , मेहतरू राम साहू, तानसिंह ध्रुव, चंदूलाल देवांगन, सतीश साहू, राजा बाबू साहनी, अमित वर्मा, जितेंद्र साहू, क्षमा साहनी आदि एवं स्कूली विद्यार्थियों की अच्छी उपस्थिति रही।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण में रेडियो श्रोताओं की अहम भूमिका : बजाज



**नवापारा राजिम,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ के संयोजक अशोक बजाज ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना जागृत करने में रेडियो श्रोता महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। अखिल भारतीय स्तर पर रेडियो श्रोता सम्मेलन की सफलता इस बात का परिचायक है। पाटन विकासखंड के पारस होम में आयोजित गोष्ठी में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से रेडियो का प्रचलन पुनः बढ़ गया है। उल्लेखनीय है कि पंजाब के पटियाला में विगत दिनों आयोजित अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के अनेक श्रोताओं ने हिस्सा लिया था इस सम्मेलन में अशोक बजाज भी वरिष्ठ वक्ता के रूप में आमंत्रित थे ।इस अवसर पर आकाशवाणी रायपुर के वरिष्ठ उदघोषक श्याम वर्मा, छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ के अध्यक्ष परसराम साहू गुरुजी, क्षितिज रेडियो श्रोता संघ के अध्यक्ष रविलाल सूर्यवंशी, नरसिंह यादव, महेश शर्मा, डोमेन ठाकुर, बलराम बया, गणेश सोनी, लोकेश्वर सेन, कैलाश यादव आदि श्रोतागण प्रमुख रूप से उपस्थित थे. उपस्थित श्रोताओं ने पटियाला पंजाब में रेडियो श्रोता सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए सन्निहित रेडियो लिस्नर्स क्लब उत्तर क्षेत्र के अध्यक्ष ज्ञान भूषण शर्मा, संयोजक बिजेन्दर जयजान, हरियाणा एवं पंजाब के श्रोताओं तथा आकाशवाणी के उद्घोषकों को बधाई दी।

## विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने बंद को सफल बनाया

**सरायपाली,** 11 सितंबर (देशबंधु)। सर्व हिंदू समाज के आव्हान पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के नेतृत्व नगर बंद का आयोजन किया गया ज्ञात हो कितमिलनाडु के खेल मंत्री के द्वारा किए गए अभद्र टिप्पणी परमहासमुन्द पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न करने , बल्कि खेल मंत्री स्टालिन का विरोध प्रदर्शन करने व एफआईआर की मांग करने वाले 61 हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं के खिलाफ हुए एफआईआर के विरोध में व खेल मंत्री के द्वारा सनातन को डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारी से तुलना कर सनातन को खत्म करने की बात, के विरोध में सुबह से ही कार्यकर्ताओं ने घूम घूम कर शहर कि प्रतिष्ठानों को बंद करवाते दिखे, दोपहर12 बजे के बाद दुकानें खुल गई।

# बिलाईगढ़ क्षेत्र से टिकट को लेकर दावेदारों की अटकीं सांसें

**भटगांव/ बलौदाबाजार,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को बिगुल बज चुका है। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र से टिकट के दावेदार अपने सारे दांव खेल चुके हैं। ऐसे में सभी की सांसें अटकी हुई हैं। टिकट के दावेदार चाहे सत्ता पार्टी कांग्रेस के हों या भाजपा व अन्य पार्टी सभी अपना टिकट फाइनल मान रहे हैं। इसको लेकर वह हर स्तर का जुगाड़ लगाने में पीछे नहीं हट रहे हैं।

हर दल में उलझे पत्ते को सुलझाने में शीर्ष स्तर के नेता लग गए हैं। वहीं टिकट के अपनी अपनी दावेदारी के लिए रायपुर से लेकर दिल्ली तक अपनी पहुंच की दावा कर रहे हैं। इनमें कुछ तो टिकट की उम्मीद छोड़कर अगली रणनीति में लग गए हैं। इसके बाद भी वह इस निर्णय का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शायद उनका भाग्य खुल जाए। लगभग में हर दलों में टिकट की मांग करने वालो दावेदारों की संख्या को मिलाया जाए तो आंकड़ा लगभग सैकडा के आसपास पहुंच चुका है। हर दल लगभग पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता को ही टिकट देने के मूड में हैं। किसके भाग्य में टिकट की लाटरी खुलेगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा। इसके बाद भी अटकलों का बाजार भी गर्म है। उम्मीद जताई जा रही है टिकट फ्ला को ही मिलेगा। इस तरह के कयास कई दावेदारों द्वारा लगाई जा रही है। अब देखना है कि किसके सिर पर टिकट का सेहरा बंधता है। फिलहाल हवा में कई तरह की बातें उड़ रहीं।

क्षेत्र में विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी घमासान तेज हो गया है संभावित प्रत्याशियों सहित दावेदारों ने रात-दिन क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिए हैं। आचार संहिता लागू होते ही जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर पुलिस की मौजूदगी में मुख्य मार्गों व चौक चौराहों पर लगे बैनर पोस्टर होल्डिंग आदि को उतारना शुरू हो जाएगा। अभी तक बसपा को छोड़कर कांग्रेस भाजपा दोनों पार्टी ने बिलाईगढ विधानसभा क्षेत्र के लिए अधिकृत प्रत्याशी का नाम घोषित नहीं किया गया है जो दावेदार टिकट के लिए टकटकी लगाए हुए हैं उनकी सांसें अटकी हुई है।

## जर्वे में मनाया गया वजन त्यौहार

**संडीबंगला/बलौदाबाजार,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। 1 से 13 सितंबर तक प्रदेश में चल रहे वजन त्यौहार अंतर्गत 2 सितंबर शनिवार को ग्राम जार्वे की आंगनबाड़ी में वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। जिसमें 0-6 वर्षो के बच्चों का वजन लिया गया और वहा उपस्थिति सदस्यों द्वारा बच्चों के पालको को बच्चों की पोषण स्थिति के बारे में जानकारी दी गई एवं गभीर कुपोषण बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र ले जाने हेतु प्रेरित किया गया। सविता साहू सुपरवाइजर संडी सेक्टर, टिकेश्वरी वर्मा जनपद पंचायत सदस्य, नंदनी वर्मा, रेणुका ध्रुव, प्रभा भरद्वाज, आंगनबाडी कार्यकर्ता गोमती साहू, गीता साहू, लक्ष्मी, आंगनबाड़ी सहायक रुपेश्वरी साहू, राजकुमारी वर्मा, दुलारी साहू, अनुराधा साहू, चंद्रकली वर्मा, धनेश्वरी वर्मा, त्रिवेणी वर्मा, ज्योति वर्मा उपस्थित थे।



# आदित्येन में प्राचार्य गणों का स्वागत



**सरायपाली** 11 सितंबर (देशबंधु)आदित्येन इंग्लिश मीडियम स्कूल रोहिना (सागरपाली) में सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रविवार को शिक्षकसम्मान समारोह का आयोजन किया गया आदित्येन इंग्लिश मीडियम स्कूल रोहिना में सरायपाली एवं बसना ब्लॉक के प्राचार्यो का सम्मान बड़े धूमधाम से आदित्य परिवार की ओर से किया गया। प्राचार्यो का सम्मान आदित्येन इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा साल श्रीफल, गुलदस्ता एवं लेखनी भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर निमांकर पटेल प्रेमानंद भोई, अजय कुमार जायसवाल ,एन के पटेल श्याम कुमार भोई श्रीमती गीता तिवारी खीरसागर पटेल अशोक कुमार साहू ,भोग सिंह भोई , सीताराम कुमार, संतोष कुमार साहू, अरुण कुमार भोईजी सी पटेल राम प्रसाद यादव, उमाशंकर पटेल उस्ताद अली स्कूल की प्रधानाचार्याश्रीमती जानकी आदित्य तथा शिक्षक शिक्षिकाएं , श्रीमती श्रद्धा स्वाई, कुमारी ममता मारी कुमारी पूजा बंजारे ,कुमारी रोशनी नायक ,कुमारी दीपांजलि पांडेकुमारी ज्योतिमा बारिक सत्य भूषण मेंहेर के साथ-साथ स्कूल की कर्मचारी कुमारी गिरजा एवं स्कूल के वाहन चालक लखेश्वर एवं छबिलाल कार्यक्रम के अंत में स्कूल के एमडीआरएन आदित्य अधिवक्ता के द्वारा शिक्षकों हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा तथा आभार व्यक्त किया।

## निधन

### श्रीमती माया सोनी



**बागबाहरा,** 11 सितम्बर। स्टेशन रोड कोमाखान निवासी अजय कुमार सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती माया सोनी का आज 11 सितम्बर सोमवार की सुबह निधन हो गया। उनकी उम्र 35 वर्ष थी। वह बागबाहरा नगर के वरिष्ठ पत्रकार ललित सोनी की भतीजा बहु एवं राजेश बल्ला सोनी, राकेश सोनी, रोशन सोनी की भाई बहु एवं नीरज सोनी, भावेश सोनी, गौरव कुमार सोनी, अनुराग सोनी की भाभी थी। उनका अंतिम संस्कार आज 12 सितम्बर मंगलवार को कोमाखान के मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### स्टालिन के बयान के खिलाफ ...

चंद्रनाहू शिक्षण समिति, सेलून संघ, छग चेंबर आफ कामर्स, प्रायवेट स्कूल संघ, ज्वेलर्स संघ, साहू समाज, बंग समाज समेत राजनौतिक दलों ने भी समर्थन किया था। आंदोलनकारियों ने जनहित में आवश्यक सेवाओं को बंद से मुक्त रखा था जिसके कारण दवाई दुकानें, लैब, एक्सरे, चिकित्सालय, बैंक, पेट्रोल पंप, शासकीय दफ्तरें खुली रही। अप्रिय स्थिति को टालने पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग के साथ ही अनेक स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया था। उच्चाधिकारी लगातार स्थिति का जायजा लेते रहे।

### एक कार चालक ने नवापारा ...

मौजूद लोगों को शांत करवाया।

ऋत्विक धनगढ़ ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि नवापारा के पास उसकी कार सामने वाली गाडी का हल्का से घसीटा गया, जिससे सामने कार में बैठे 6-7 व्यक्ति लोग कार से उतर कर उससे विवाद करने लगे, जिसके बाद ऋत्विक द्वारा समझाईस करने पर युवको ने गाली गलौच मारपीट करने लगे और कार का शीशे दिया गया। फिलहाल मामले में राजिम पुलिस ने योगेश साहू और उसके दोस्तों पर एफआईआर दर्ज की आगे की कार्यवाही कर रही है। वहीं कार चालक ऋत्विक के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जबकि कार चालक दो गाड़ियों को अपनी चपेट में लिया है।

### कांग्रेस सरकार प्रदेशवासियों के ...

को एक परिवार का एटीएम बनाकर विकास के मार्ग से भटका दिया है। अब छत्तीसगढ़ की जनता को तय करना है कि हजारों करोड़ रुपए का घोटाले करने वाली भूपेश बघेल की सरकार चाहिए या विकास का रास्ता तय करने वाली भाजपा की सरकार चाहिए? श्री गुप्ता ने कहा कि मोदी जी पूरे देश के प्रति एक सामान भाव रखते है। कांग्रेसनीत यूपीए की केंद्र सरकार के 10 साल के शासनकाल में छत्तीसगढ़ को सिर्फ 77,800 करोड़ रुपए मिले, जबकि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पिछले 9 साल में 3,02,429 करोड़ रुपए छत्तीसगढ़ को दिए।

हजारों करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार में लिप्त यह सरकार, 600 करोड़ रुपए का चावल घोटाला करने वाली सरकार, 2 हजार करोड़ रुपए का शराब घोटाला करने वाली सरकार, 500 करोड़ रकुपए से ज्यादा का कोयला घोटाला करने वाली सरकार अब जुँआ और सच्चे में लिप्त होकर महादेव एप के संरक्षण देने में लगी है। ऐसी भ्रष्ट सरकार को बदलने के लिए हम सब संकल्पित होकर आरोप पत्र के सारे बिंदुओं से प्रदेश के जन-जन को अवगत कराएंगे। श्री गुप्ता ने कहा की गौठानो मे आज गाय नहीं है जहा है भी वहाँ व्यवस्था नहीं है मरने के लिए छोड़ दिया है जिस भूपेश बघेल के कहने से प्रदेश के किसान अपना सडा हुआ पैरा नहीं दे रहे उन्हे वोट क्या देंगे। आज छत्तीसगढ़ का हर वर्ग इस भूपेश सरकार से संत्रस्त है और इसीलिए अब हर कोई यह कह रहा है- अब नई सहिबो, बदल के रहिबो। उक्त प्रेसवार्ता के दौरान कृष्णा अवस्थी, डोमन वर्मा, उमेश बाजपेयी, रितेश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास, खोडसराम कश्यप, प्रणव अवस्थी आदि उपस्थित थे।

# गरियाबंद में आजिविका ऋण मेला

**गरियाबंद,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के अग्रणी बैंक के तत्वाधान में सोमवार आजीविका ऋण मेला का आयोजन जनपद पंचायत गरियाबंद के सामुदायिक भवन में किया गया। ऋण मेला में हितग्राहियों को विभिन्न ऋण योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपाय की जानकारी दी गई। ऋण मेला का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव ने किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर, जनपद सीईओ नरसिंग ध्रुव, लीड बैंक मैनेजर मोहम्मद मोफिज, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा उपस्थित थे।

लीड बैंक मैनेजर मोहम्मद मोफिज ने बताया की कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले के हितग्राहियों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए ऋण मेला आयोजित किया गया। ऋण मेला में स्वसहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज, शासकीय एवं स्वरोजगार ऋण योजनाओं के प्रति जागरूकता, मुद्रा योजना का विस्तार सहित नवीन बैंक खाते और आधार पंजीयन कराने की सुविधा मुहैया करवाई गई। रिजर्व बैंक लोकपाल रायपुर द्वारा वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपाय की जानकारी दी गई। इसके साथ ही नए व्यापारी बंधुओ को लोन की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई तथा उनके बैंक संबंधित समस्याओं का निराकरण भी किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती यादव ने कहा कि कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में एक ही छत के नीचे हितग्राहियों को विभिन्न ऋण योजनाओं से लाभान्वित करने ऋण मेला का आयोजन किया गया है। यहां राष्ट्रीयकृत बैंक, खादी ग्राम उद्योग, जिला व्यापार उद्योग केंद्र सहित अन्य विभाग के स्टॉल लगाया गया। जिससे महिला समूह और व्यापारी आसानी से ऋण योजना का लाभ ले सकते है। इस दौरान उन्होंने महिला स्व सहायता समूह को समझाईश दी कि जो भी ऋण ले रहे है, उसे निर्धारित समय पर चुकाना भी है। ऋण का उपयोग अपने व्यापार व्यवसाय को स्थापित करने और आगे बढ़ाने के लिए ही करे। महिला समूह इसका विशेष ध्यान रखे। इस दौरान चेंबर अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बहुत अच्छी पहल की है। एक ही छत के नीचे सभी राष्ट्रीयकृत बैंक उपस्थित है। जिले के युवाओं, महिला समूह एवं अन्य लोगों को बैंक से लोन लेने की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी गई। ऋण मेला में लगभग 4 करोड़ की राशि का ऋण स्वीकृत किया गया। जिसमें एनआरएलएम अंतर्गत 48 प्रकरणों में 2 करोड़ 40 लाख 62 हजार रूपये ऋण स्वीकृत की गई। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 8 प्रकरण में 39 लाख 50 हजार रूपये, मुद्रा योजना अंतर्गत 10 लाख 50 हजार, आदिवासी विभाग अंतर्गत 40 हजार, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत 3 लाख, पशुधन विकास विभाग अंतर्गत 5 लाख 40 हजार रूपये, एक हितग्राही को 9 लाख रूपये का ट्रैक्टर प्रदाय, स्वनिधि अंतर्गत 60 हजार रूपये की ऋण स्वीकृत की गई।

इसी प्रकार 9 लोगों के लिए 27 लाख 73 हजार रूपये की केसीसी ऋण स्वीकृत की गई। आटो लोन के तहत 4 लोगों को 8 लाख 83 हजार रूपये, निजी ऋण अंतर्गत 12 लाख 70 हजार रूपये, हाउसिंग अंतर्गत 19 लाख 87 हजार एवं ट्रांसपोर्ट अंतर्गत 1 लाख 75 हजार रूपये का ऋण लाभ प्रदाय किया गया। इस प्रकार कुल 87 प्रकरणों में 3 करोड़ 79 लाख 90 हजार का ऋण आजीविका ऋण मेला में स्वीकृत किया गया।



**मेले में लगभग 4 करोड़ से अधिक की ऋण राशि स्वीकृत**

## पोला पर्व के लिए सामान खरीदी शुरू



**खरोरा,** 11 सितंबर। अंचल में पोला त्योहार 14 सितम्बर को धूमधाम से मनाया जाएगा। यह त्योहार किसानों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। भाद्रपद मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला यह त्यौहार, निंदाई कोड़ाई पूरा होने के साथ फसलों के बढ़ने की खुशी में मनाया जाता है। त्योहार को लेकर जोर शोर से तैयारियां भी शुरू हो गई है। खरोरा के साप्ताहिक बाजार में दर्शनो कुम्हार विभिन्न प्रकार के खिलौन लेकर पहुंचे हैं। वहीं, पोला पर्व का सामान लेने खरोरा नगर के नागरिक सहित अंचल के ग्रामीणों की भीड़ काफी जुटी रही। रविवार को बाजार में मौसम ने भी साथ दिया। मौसम खुला होने के साथ ही दिनभर ग्राहकों का आना जाना लगा रहा।

-पोरा त्यौहार के लिए इन दिनों खरोरा के चौक चौराहों पर नंदिया बैल बिकने लगे हैं । किंतु इस महंगाई के कारण अधिकांश बिक्री नहीं हो रही है । बाजार में आए कुम्हारों ने बताया कि पहले की अपेक्षा अब नंदिया बैलों की बिक्री कम है । पोरा चुकी सहित घरेलू उपयोग के लिए खिलौनों की पर्याप्त बिक्री नहीं हो रही है । महंगाई इतनी बढ़ गई है कि लोग त्योहार से भी परहेज कर रहे हैं । महंगाई के कारण ही त्योहार फीका पड़ रहा है। । पेंट वार्निश की कीमत भी अधिक हो गई है । इसके कारण रेट को बढ़ाना पड़ रहा है। मिट्टी के बने बैल का मूल्य 50 से ?60 तक है।

# नगर में जगह-जगह पसरी गंदगी, नपा में चल रही फर्जी बिलिंग

**भाटापारा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। नगर में जगह-जगह पसरी गंदगी, नगर पालिका में चल रही फर्जी बिलिंग, कई महीनो से पालिका में सामान्य सभा की बैठक ना होना निराश्रितों की अटकी पेंशन को तुरंत बहाल करने तथा आवास हीनो को पट्टा देने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी एवं भाजपा पार्षद दल ने नगर पालिका का घेराव किया



भगत सिंह वार्ड स्थित पार्षद गोवर्धन लहरिया के निवास स्थान से रैली के रूप में भीगते पानी में भाजपा कार्यकर्ता गण जिनमें बड़ी तादाद में महिलाएं थी पालिका चुनाव के दौरान अपने आप को किंग में कर कहने वाले कांग्रेस नेताओं का मुखौटा पहने,एवंहाथों में पालिका के खिलाफ। तखातिया तथा भाजपा का झंडा लिए भाजपा कार्यकर्ता एक रैली के रूप में महासती रोड मार्ग होते हुए राम सप्ताह जय स्तंभ चौक फवारा चौक होते हुए पालिका पहुंचे जहां कि काफी देर तक पालिका के खिलाफ नारेबाजी होती रही इस दौरान विद्यार्थी परिषद केअभिषेक मिश्रा ने पाली पालिका में व्याप्त गंदगी के खिलाफ नुक्कड़ नाटक अपने कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रस्तुत किया

सभा को संबोधित करते हुए पालिका में नेता प्रतिपक्ष ब्यास यदु ने कहा कि जब से नगरपालिका परिषद में कांग्रेस सरकार बैठी है सफाई व्यवस्था शून्य हो गई है यहां तक कि राम सप्ताह जैसे भाटापारा के बड़े त्यौहार कहे जाने वाले पर्व में भी जगह-जगह कचरों का ढेर पड़ा रहा और शहर में पसरी गंदगी की वजह से पूरा शहर मलेरिया एवं डेंगू की चपेट में आ गया है इसी डेंगू बीमारी ने शहर की एक होनहार बच्ची की जान ले ली और डेंगू से रोज ही पीड़ित लोग रायपुर रिफर कियेजा रहे हैं पालिका द्वारा दूषित पेयजल की सप्लाई की जा रही है जिस शहर में महामारी फैलने की आशंका है पालिका में जब से सी एम ओ आए है तब से सामान्य सभा की बैठक नहीं हुई है फर्जी बिल। रोज निकल रहे हैं

पालिका के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर मोहन बांधे ने कहा कि हमने भी नगर पालिका 5 साल चलाई है उसे समय कैसे साफ-सफाई। नियमित हो रही थी आज क्यों नहीं हो रही है यह सब आप लोगों की सोची समझी रणनीति है कि हम अपना फर्जी बिल निकालते रहे और शहर की जनता मरती रहे लेकिन इस तरह आप लोग करते रहोगे तो हम चुप बैठने वाले नही हैवरिष्ठ पार्षद पुरुषोत्तम यदु ने कहा कि निराश्रितों। को पेंशन लंबे समय से नहीं मिल रहा है विधायक प्रतिनिधि आशीष जायसवाल ने कहा कि नगर पालिका के किस धारा में लिखा है कि सामान्य सभा की बैठक डेढ़ साल से नहीं बुलाई गई है उन्होंने सीएमओ से आगाह किया कि अगर पालिका प्रशासन ने अपनी अपना कामकाज नहीं सुधरा तो इससे भी बड़ा आंदोलन होगा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील यदु ने कहा कि नगर पालिका चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस पार्टी के लोग अपने आप को किंग मेकर कहते थे आज वे किंग मेकर कहां छुप गए हैं सामने आकर हमको जवाब देवे कि क्यों आज।शहर पूरे गंदगी की चपेट में है पार्षद आशीष पुरोहित ने ज्ञापन पढ़कर सुनाया

इस अवसर पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी मंत्री महाबल बघेल अश्वनी शर्मा मनिंदर सिंह योगेश अनंत पार्षद गोवर्धन ड हरिया दिलीप यादव अनिल चेलक श्याम ध्रुव सलीम खान सीता साहू मनीसाहू कुंज राम कोसले अशोक साहू मनोज अहिरवार हारून र जा उमाशंकर वर्मा नारायण साहू महिला मोर्चा की आयशा खान तनुजा लहरे युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष टोडर महामंत्री अभिषेक शर्मा अजीत निषाद उर्मिला टंडन विष्णु बंजारे कीर्तन जैसवाल जयसंत कौ शल अभिषेक मिश्रा शाहिद बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता थे

# आंदोलन में भाग लेने वाले दो शिक्षकों को किया गया निलंबित

**बागबाहरा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)।बागबाहरा ब्लॉक के सुखरीडबरी एवं पतेरापाली के मिडिल स्कूलों में पदस्थ शिक्षक विनोद कुमार यादव एवं विद्या प्रसाद चंद्राकर को बिना अनुमति के आंदोलन में भाग लेने के कारण आज 11 सितम्बर सोमवार को शिक्षा विभाग के संभागीय संयुक्त संचालक संभाग रायपुर के द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।इस मामले को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पिछले अगस्त माह में बागबाहरा नगर में यादव एवं चन्द्राकर कुर्मी समाज के बेटियों को अन्य समाज के लड़कों के द्वारा बहला फुसलाकर एवं प्रलोभन देकर भगाकर ले जाया गया। जिसके विरोध में भारी संख्या में सर्व हिन्दु समाज के लोग आक्रोशित होकर नगर के दुर्गा मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए थे।तथा बागबाहरा थाने में इस तरह की घटनाओं को रोकने के सम्बंध में ज्ञापन देने का कार्यक्रम बना था।साथ ही अन्य समाज के भी सामाजिक प्रतिनिधियों से चर्चा कर इस तरह के विषय पर अंकुश लगाने की चर्चा हेतु सर्व हिन्दु समाज के प्रमुखों के बीच सहमति बनी थी। किंतु अत्यधिक भीड़ एवं उनकी आक्रोश चलते शहर के भीतर कुछ समय के लिए कानून व्यवस्था बिगड़ ? ? गई थी।एवं सभी समाज प्रमुखों की सहमति से थाने का घेराव किया गया था। जिसमें समाज के प्रमुख व्यक्ति होने के नाते शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुखरीडबरी के शिक्षक विनोद यादव एवं संकुल समन्वयक शिक्षक विद्या प्रसाद चन्द्राकर भी इस आन्दोलन में शामिल हुए थे।जिसमे शिक्षक विनोद यादव जो कि सर्व यादव समाज एवं सर्व समाज समन्वय महासभा के प्रमुख है।एवं विद्या प्रसाद चन्द्राकर कुर्मी समाज के पदाधिकारी है, वो भी शामिल हुए।दोनों शिक्षकों को शासकीय सेवक होने के बावजूद भी सामाजिक दायित्वों के चलते बेटियों की रक्षा हेतु उक्त कार्यक्रम में शामिल होना पड़ा था।उक्त शिक्षकों का आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 165 के नियम 3 (1) व नियम 6(1) का उल्लंघन माना गया है।जिसके कारण दोनों शिक्षकों को ? शिक्षा विभाग के संभागीय संयुक्त संचालक संभाग रायपुर के द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## ट्रेनों के परिचालन बंद किए जाने के विरोध में आंदोलन कल

**भाटापारा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)।केंद्र की मोदी सरकार, देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सेवा रेल सुविधा को समाप्त करने का साजिश रच रही है। वर्षों से भारतीय रेल आम जनता का भरोसेमंद सस्ता और सुलभ परिवहन का पर्याय हुआ करता था,जिसे मोदी सरकार ने रेलवे की विश्वसनीयता को खत्म करते हुए निजी हाथों में बेचने का षड्यंत्र कर रही है और आये दिन ट्रेनों के परिचालन को निरस्त कर रही है वर्तमान में 24 ट्रेनों परिचालन रद्द कर दिया है जिससे छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों को सुविधा से वंचित होना पढ़ रहा है।इस प्रकरण को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी ने गंभीरता से लेते हुए राज्य के आम जनता की इस लड़ाई को आंदोलन को मध्यम से लड़ने का निर्णय लिया है।

# चुनाव देख कुंभकर्णी नींद से जागे भाजपा पार्षद : सुशील शर्मा



**भाटापारा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। नगरपालिका में भाजपा पाषर्द दल व विधायक के व्दारा घेराव किया गया जिस पर तीखी टिप्पणी करते हुये वरिष्ठ कांग्रेसी व मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि भाजपा के करनी व कथनी नजर आ रही है ,विधायक शिव रतन शर्मा अपनी संभावित करारी हार से विचलित होकर अब नगर की जनता को अपनी सक्रियता दिखाने में लगे है विगत 4 साल 9 महीने में इन्हें भाटापारा नगर पालिका में कोई खोट दिखाई नहीं दिया अपनी गिरती प्रतिष्ठा को बचाने एक बार फिर जनता जनार्दन को गुमराह करने कुंभकर्णी निद्द्द से जाग कर सड़क पर आंदोलन करने मजबूर हुये है।वर्तमान में कांग्रेस से बहुमत वाली पालिका है जहां पर पालिका प्रशासन के व्दारा सतत साफ सफाई का कार्य लगातार की जा रही है , जनता के बीच स्वचछ छबी वाली पालिका प्रशासन है जो कि जनहित में लगातार कार्य करते हुये आ रही है वर्तमान में भाजपा के पास किसी भी प्रकार से कोई मुददा जनता के बीच ले जाने को नही मिल पा रहा है जिसके कारण वे नित्य नये कोई न कोई मुददा बनाकर जनता के बीच आना चाहती है ।श्री शर्मा ने कहा कि इसके पूर्व पालिका में भाजपा की बहुमत वाली प्रशासन थी उसके कार्यकाल व वर्तमान कांग्रेस के कार्यकाल को तुलना करे जबकि भाजपा के पास भी उनके छत्तीसगढ में सरकार थी तब उस कार्यकाल में जनता पेयजल संकट व अन्य प्रकार की शासन के योजनाओ को क्रियान्वयन सही ढंग से नही हो पा रहा था ।आज प्रदेश के भूपेश सरकार के व्दारा पालिका हित में आम जनता के लिये लागू विभिन्न योजनाओ का क्रियान्वयन सही ढंग से संचालन हो रहा है,आम जनता को सभी के योजनाओं को लाभ पालिका प्रशासनके व्दारा उपलब्ध कराया जा रहा है । रही बात सफाई का वह भी लगातार किया जा रहा है किन्तु वर्तमान में भाजपा के पास कोई मुददा नही होने पर ढोल की तीन पात की कहावत को चरितार्थ करते हुये ढोल नगाडा पीट रहा है । वर्तमान में जनता जाग चुकी है व पूरी तरह समझ रही है कौन हितेषी है ।

# बच्चों को जिस क्षेत्र में रुचि हो, पालक उसे उसी क्षेत्र में आगे बढ़ाएं

**आरंग,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय गांधी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में परिचर्चा एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन के द्वारा क्षेत्र के वरिष्ठ शिक्षकों, प्राचार्यों ,संकुल समन्वयकों एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को शॉल , श्रीफल ,प्रतीक चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के प्रथम सोपान में विद्यालय के विद्यार्थीयों के द्वारा शिक्षकों के लिए कई मनोरंजक गतिविधियां रखी गई थी जिसमें म्यूजिकल चेयर, अंताक्षरी, पहेलियां एवं रस्सा कस्शी जैसे विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल आयोजित किये गये थे जिसमें बच्चों तथा शिक्षकों ने उत्साह से सहभागिता की ।शिक्षकों ने शिक्षक दिवस के बारे में अपने विचार तथा अनुभव को विद्यार्थीयों के साथ साझा किए। इस कार्यक्रम के द्वितीय सोपान में शिक्षा जगत के अनुभवी शिक्षकों, प्राचार्यों एवं प्रशासकों ने शिक्षण,अधिगम, वर्तमान शिक्षा व्यवस्था, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से जुड़ी समस्याओं पर अपना उद्बोधन दिया एवं परिचर्चा में भाग लिया।





गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षाविदों ने कहा

परिचर्चा में भाग लेते हुए संस्था के संचालक यशवंत चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों के कक्षा कार्य, गृह कार्य, पाठ्यक्रम से संबंधित समस्याओं को रेखांकित करते हुए प्रश्नों के समाधान हेतु अपने विचार व्यक्त किए।अन्य वक्ताओं ने इस दिशा में अध्यापन के साथ संस्कार मूलक शिक्षा , विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक के बीच के संबंधों में परस्पर विश्वास की आवश्यकता पर बल दिया।

नोडल प्राचार्य सरोजनी केरकेट्टा एवं प्रशांत मिश्रा, सेवानिवृत्त व्याख्याता डा एस डी महंत ,वरिष्ठ व्याख्याता दिलीप कुमार रहंगडाले, विजय चंद्राकार, मानिक मिश्रा ने शिक्षकों की समाज में भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए एवं अपने अनुभवों को साझा किया ।इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित दिनेश शर्मा सहायक संचालक लोक शिक्षण संचालनालय शिक्षा विभाग रायपुर एवं कोचिंग संस्थान थिंक आइ ए एस रायपुर के संचालक मुरली मनोहर देवांगन ने शिक्षकों एवं बच्चों का मार्गदर्शन किया ।इस कार्यक्रम में आमंत्रित संकुल समन्वयकों की ओर से संकुल समन्वयक हरिश दीवान ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर पत्रकार रोशन चंद्राकर, रामकुमार गुप्ता, विनोद गुप्ता,पवन साहू, विरेन्द्र वर्मा एवं टूकेश्वर लोधी की विशेष उपस्थिति रही। विद्यालय की फीस समिति,पालक समिति के साथ बड़ी संख्या में अभिभावकों के आतिथ्य ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन के द्वारा विद्यालय के उपप्राचार्य सत्यरंजन चक्रवर्ती एवं प्राचार्य पुष्पलता जार्ज को उनके योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# एसडीएम ने आमरण-अनशन में बैठे किसानों से कहा, कल से किसानों के खाते में पहुंचेगा पैसा

**बागबाहरा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के रबी फसल के समय बेमौसम ओलावृष्टि और तूफान से 74 गांव के सैकड़ों एकड धान फसल बर्बाद होने से ब्यापक पैमाने पर आर्थिक नुकसान खेतिहर किसानों को हुआ था। फसलों से प्रभावित अन्नदाता किसानों को मुआवजा देने की मांग जनपद पंचायत अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर एवं किसान नेता हितेश चंद्राकर ने लंबे समय से करते रहे।बावजूद जिला प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।शासन-प्रशासन के बेरुखी के चलते जनपद अध्यक्ष स्मिता चन्द्राकर एवं जुझारु किसान नेता हितेश चंद्राकर के नेतृत्व में विगत 21 अगस्त को हजारों किसानों ने ब्लॉक मुख्यालय में आक्रोश जंगी रैली निकाल कर अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय का घेराव कर मुआवजा राशि देने की मांग किया गया था। किसानों के आन्दोलन के पश्चात राजस्व प्रशासन हरकत में आकर 15 दिवस में प्रभावित सभी किसानों को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि देने का आश्वासन देकर क्षेत्र के किसानों के आंदोलन को समाप्त कराया था।उसके बाद भी तय सीमा में किसानों को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि नहीं मिलने से जनपद अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर एंव किसान नेता हितेश चंद्राकर के नेतृत्व में क्षेत्र के हजारों किसानों ने आज 11 सितंबर सोमवार को वन विभाग कार्यालय के सामने मेन रोड में आमरण अनशन पर बैठे थे।



किसानों का अनशन सुबह दस बजे प्रारंभ हो गया था। किसानों की भीड को देखते हुए प्रशासन की ओर से राजस्व विभाग की टीम जिसमें तहसीलदार लीलाधर कंवर, बी.एस.साव एवं नायब तहसीलदार हरीशचन्द्र ध्रुव किसानों को वस्तुस्थिति की जानकारी देना चाहा। लेकिन किसानों के नेता हितेश चंद्राकर एवं प्रमुख किसानों ने चर्चा करने से इंकार कर दिया।तथा उच्च अधिकारी एसडीएम सृष्टि चंद्राकर के आने पर ही चर्चा करने की बात कही। जिस पर अधिकारीगण वापस लौट आए। शाम 4 बजे बागबाहरा की अनुविभागीय दंडाधिकारी सृष्टि चंद्राकर ने आमरण अनशन स्थल पर पहुंच कर किसान नेता हितेश चंद्राकर सहित सभी किसानों से बात कर अनशन समाप्त करने की गुजारिश की। उन्होंने सभी अनशनकारियों से कहा कि क्षेत्र के सभी प्रभावित किसानों का प्रकरण बन कर तैयार हो गया है। शासन से मुआवजा देने प्रर्याप्त राशि आ चुका है।कल से किसानों के खाते में राशि जमा कर दिया जायेगा।अनुविभागीय अधिकारी ने आमरण अनशन खत्म करने का आग्रह किया। तथा किसानों के साथ अनशन पर बैठे जनपद अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर व किसान नेता हितेश चंद्राकर को जूस पिलाकर आमरण अनशन को समाप्त कराया।आमरण अनशन में लोचन पटेल, कलाराम नायक, तुलाराम पनुरिया, पुरुषोत्तम पटेल, मूलचंद साहू, प्रीतम पटेल, डेमन पनुरिया, धनंजय साहू, सत्तू तांडी, मोहन दुबे, रूपेश साहू, गोपाल ध्रुव, राजा चंद्राकर, नेतराम साहू, पंकज पटेल, करण सिंह ठाकुर, पवन निषाद, सुंदर साहू, मिलन साहू, जसराज चंद्राकर, गोविंद चंद्राकर, रमन लाल वर्मा, कुंज राम साहू, नेहरू साहू, दिनेश चंद्राकर, लोकेश पनुरिया, बलराम ध्रुव, भारत पांडे, प्रकाश सिंह आदि किसान प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# बलौदा बाजार से अरुणा बघेल प्रबल दावेदार



**कोहका-नेवरा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी से अरुणा बघेल विधायक के लिए संभावित प्रबल दावेदार है श्रीमती बघेल भाजपा के पूर्व जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रह चुकी है वी क्षेत्र के 7 से जिला पंचायत के सदस्य भी रह चुकी है।

श्रीमती बघेल अपने कार्य के प्रति शासकीय कार्यालय में होला मंगवाती है जिला पंचायत सदस्य हेतु पांच वर्षों तक लगातार ग्रामीणों के संपर्क में रही है महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष रहते विभिन्न धरना प्रदर्शन का कार्य किया अपने तेज तर्रार स्वभाव के चलते तिल्दा क्षेत्र में पहचानी जाती है चाहे वो उद्योग के मामले हो अवैध शराब के खिलाफ हो भारष्टाचार अधिकारी के खिलाफहो श्रीमती बघेल जनहित के लिए हमेशा तत्पर रहती है अगर इसे बलौदा बाजार से भाजपा टिकट देता है तो इसका जीत निश्चित है तिल्दा क्षेत्र में विकास की गंगा बहा देगी इसमें पार्टी को श्रीमती अरुणा बघेल को टिकिट देना सर्वपरी होगा।

इसके पक्ष में पिछड़ा मोर्चा शहर अध्यक्ष शिव वर्मा ए भाजपा मंडल अध्यक्ष ईश्वर यदु ए किसान मोर्चा अध्यक्ष सहदेव वर्मा ए महिला मोर्चा अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ए पूर्व महिला अध्यक्ष देवकी बाघमार आदि भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अरुणा बघेल को टिकिट देने की मांग की।

## नमनदीप का सीजी पीएससी में चयन



**खरोरा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। महेंद्र सिंह छाबड़ा के पोते व कल्याण सिंह छाबड़ा के पुत्र नमनदीप सिंह छाबड़ा का चयन सिजी पीएससी मे हुआ और 34 वा रैंक हासिल किया और सहायक संचालक वित्त विभाग मे नौकरी पाई.नगर का नाम रौशन करने के लिए लोगो ने छाबड़ा परिवार को बधाई दी.

# ग्राम पंचायत भुरकोनि में 74 लाख रु की राशि से सीसी रोड पानी टंकी और ज्योति कलश भवन निर्माण का भूमिपूजन



**पिथौरा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)।ग्राम पंचायत भुरकोनि में जनपद पंचायत पिथौरा के युवा उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने पानी टंकी निर्माण 65 लाख,सी सी रोड निर्माण के लिए 7 लाख और ज्योति कलस भवन के लिए 2 लाख की लगत से बनने वाले भवन का श्रीफल तोड़कर व विधिवत पूजा कर भूमिपूजन किया गया। मुख्यअतिथि मुकेश यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा अध्यक्षता दिनेश अग्रवाल सरपंच भुरकोनि, विशेष अतिथि जनपद सदश्य प्रतिनिधि मनोहर साहू थे । जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष मुकेस यादव ने अपने उदबोधन में ग्राम भुरकोनि में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा किसानों के हित में जो काम हो रहा है उनका बखान किया।मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया और ग्राम वासियों को बधाई दी ।ग्रामवाशियों के मांग करने पर श्री यादव जी ने सभी को आश्वस्त किया कि उनके मांग के अनुरूप ग्राम भुरकोनि में सतत विकास कार्य करते रहने की बात कही।इस अवसर पर संजय अग्रवाल व्यापारी प्रतिनिधि,कमल साहू उपाध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी पिथौरा,ओम प्रकाश चक्रधारी उप सरपंच ,रोहेन चक्रधारी एवं समस्त ग्रामीण जन प्रमुख रूप से उपस्थित थे

# सर्व सेन नाई समाज ने किया नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव का सम्मान

**पिथौरा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)।सर्व सेन नाई समाज एवं सेलून संघ द्वारा स्थानीय टाउन हॉल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि श्री आत्माराम यादव अध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा अध्यक्षता नरेंद्र सेन जिला अध्यक्ष सर्व सेन समाज महासमुंद विशिष्ट अतिथि गुरचरण सलूजा काशीराम शर्मा राजू सिन्हा रमेश श्रीवास्तव शंकर लाल सेन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों का स्वागत सेन समाज के पदाधिकारी द्वारा किया गया। सर्व सेन नाई समाज एवं सेलून द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव एवं गुरचरण सलूजा जी का सम्मान किया गया ।ज्ञात हो की सर्व सेन नाई समाज भवन निर्माण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव द्वारा नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया एवं विधायक देवेंद्र बहादुर जी से संपर्क कर 15 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कराई श्री गुरु चरण सलूजा ने राजा सेवइयां में सर्वसेन नाई के लिए जगह दान में दिया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष आत्मा राम यादव ने सम्मान करने के लिए सर्व नाई समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा की नाई समाज एक मेहनतकश समाज है समाज को आगे बढ़ाने के लिए आप सभी एकजुट होकर कार्य करे साथ यह विश्वास भी दिलाया की भविष्य में नाई समाज को और अधिक सुविधा प्रदान किया जाएगा। साथ ही अध्यक्ष आत्माराम यादव ने बताया कि हमारी सरकार द्वारा पौनी पसारी योजना जो मुख्यत नाई समाज के लिए है स्थानीय पिथौरा नगर में गार्डन के समीप सरकार की योजना अनुसार पौनी पसारी का निर्माण किया जा चुका है जिसका आवंटन अति शीघ्र नियमानुसार अनुसार किया जाएगा। जिला अध्यक्ष नरेंद्र सेन ने अपने संबोधन में नाई समाज के लिए दिए गए जगह और उपलब्ध कराएंगे राशि के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव एवम गुरचरण सलूजा जी का आभार व्यक्त किया ।सर्व सेन नाई समाज ने किया नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव का सम्मान।





पिथौरा सर्व सेन नाई समाज एवं सेलून संघ द्वारा स्थानीय टाउन हॉल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि श्री आत्माराम यादव अध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा अध्यक्षता नरेंद्र सेन जिला अध्यक्ष सर्व सेन समाज महासमुंद विशिष्ट अतिथि गुरचरण सलूजा काशीराम शर्मा राजू सिन्हा रमेश श्रीवास्तव शंकर लाल सेन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों का स्वागत सेन समाज के पदाधिकारी द्वारा किया गया। सर्व सेन नाई समाज एवं सेलून द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव एवं गुरचरण सलूजा जी का सम्मान किया गया ।ज्ञात हो की सर्व सेन नाई समाज भवन निर्माण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव द्वारा नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया एवं विधायक देवेंद्र बहादुर जी से संपर्क कर 15 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कराई श्री गुरु चरण सलूजा ने राजा सेवइयां में सर्वसेन नाई के लिए जगह दान में दिया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष आत्मा राम यादव ने सम्मान करने के लिए सर्व नाई समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा की नाई समाज एक मेहनतकश समाज है समाज को आगे बढ़ाने के लिए आप सभी एकजुट होकर कार्य करे साथ यह विश्वास भी दिलाया की भविष्य में नाई समाज को और अधिक सुविधा प्रदान किया जाएगा। साथ ही अध्यक्ष आत्माराम यादव ने बताया कि हमारी सरकार द्वारा पौनी पसारी योजना जो मुख्यत नाई समाज के लिए है स्थानीय पिथौरा नगर में गार्डन के समीप सरकार की योजना अनुसार पौनी पसारी का निर्माण किया जा चुका है जिसका आवंटन अति शीघ्र नियमानुसार अनुसार किया जाएगा।जिला अध्यक्ष नरेंद्र सेन ने अपने संबोधन में नाई समाज के लिए दिए गए जगह और उपलब्ध कराएंगे राशि के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव एवम गुरचरण सलूजा जी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सोनू सेन प्रकाश सेन टोमन सेन कमलेश सेन दिलीप सेन टीकम सेन संजू श्रीवास राजेंद्र श्रीवास साहेब लाल श्रीवास बसंत श्रीवास टोपराम सेन हीरालाल सेन लोकनाथ सेन मोहित सेन राकेश श्रीवास मुकेश श्रीवास्तव सोनी श्रीवास सेवक सेन गोकुल सेन योगेश सेन मनीष सेन महेश सेन विक्रम विकी सचिन विजय सेन अजय सेन संजय सेन ननकी राम सेन सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे।